

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, बुधवार, 18 सितंबर 2024 । वर्ष – 66 । अंक –154 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



जम्मू में आतंकवादी हमले बढ़ने के लिए भाजपा जिम्मेदार

- नाकाम प्रचार तंत्र से उपजी है ज़ुबान काटने की धमकी
- भविष्य के लिए खतरनाक है शासन का 'एनकाउंटर मॉडल'

पृष्ठ 6

- शायद भगवान चाहते हैं, मैं अमेरिका को बचाऊंः डोनाल्ड ट्रंप
- न्यूयॉर्क के स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़, भारत ने की निंदा

पृष्ठ 7

बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज जीतने पर फोकस, डब्ल्यूटीसी फाइनल अभी दूर है : रोहित

पृष्ठ 8

# केजरीवाल का इस्तीफा, आतिशी संभालेंगी कमान

## सुषमा, शीला दीक्षित के बाद आतिशी राज्य की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी

*यह केवल आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ही हो सकता है कि पहली बार की राजनेता एक राज्य की मुख्यमंत्री बनेः आतिशी*

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी घोषणा के अनुसार मंगलवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना से मुलाकात कर अपने मंत्रिमंडल का त्यागपत्र सौंप दिया। इसी के साथ सुश्री आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा भी उपराज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया है। इससे पहले आम आदमी पार्टी के विधायक दल की बैठक में आतिशी के नाम पर मुहर लगी। बैठक में सीएम केजरीवाल ने आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा थाी। केजरीवाल के प्रस्ताव को सर्व सहमति से स्वीकार कर लिया गया। आतिशी आम आदमी पार्टी की सीनियर नेताओं में शामिल हैं। उन्हें अरविंद केजरीवाल का करीबी माना जाता है। मनीष सिसोदिया के जेल जाने के बाद आतिशी को शिक्षा मंत्रालय समेत कई बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी। वो दिल्ली के कालकाजी से विधायक हैं।

- बैठक में केजरीवाल ने रखा था आतिशी के नाम का प्रस्ताव
- उपराज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया

**अक्टूबर-नवंबर में हो चुनावः गोपाल राय**

गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी चाहती है कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव अक्टूबर-नवंबर में कराए जाएं। जब तक चुनाव नहीं होता है और अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता बहुमत से मुख्यमंत्री नहीं बनाती है तब तक के लिए आतिशी को चुना गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के कामों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारियों को लेकर नई सरकार का गठन होगा।

**आतिशी ने 2012 में राजनीति में कदम रखा**

सुश्री आतिशी का जन्म आठ जून, 1981 को दिल्ली में हुआ था। वह मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं। उनके माता-पिता दोनों ही दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रहे हैं। आतिशी ने सेंट-स्टीफंस कॉलेज से इतिहास में स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड



यूनिवर्सिटी से मास्टर्स की डिग्री हासिल की है। भ्रष्टाचार विरोधी अन्ना आंदोलन के दौरान आतिशी ने 2012 में राजनीति में कदम रखा और आम आदमी पार्टी की नींव रखने वाले लोगों में शामिल रहीं। आतिशी ने जुलाई 2015 से 17 अप्रैल 2018 तक तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के सलाहकार के तौर पर काम किया है। 2013 के विधानसभा चुनाव के दौरान वह पार्टी का घोषणापत्र तैयार करने वाली मसौदा समिति की प्रमुख सदस्य रह चुकी हैं। वह पार्टी प्रवक्ता की भी जिम्मेदारी निभा चुकी हैं।वह पहली बार 2020 में कालकाजी विधानसभा से जीतकर विधायक बनीं। आप नेता मनीष सिसोदिया को कथित शराब घोटाले के आरोप में जेल जाना पड़ा तो उनकी जगह आतिशी को शिक्षा मंत्री बनाया गया और अब उनके पास शिक्षा मंत्रालय समेत कई मंत्रालय की जिम्मेदारी हैं।

**केजरीवाल ने भाजपा के षड्यंत्र के कारण इस्तीफा दिया : आतिशी**

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने विधायक दल की नेता चुने जाने पर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल का आभार जताते हुए कहा कि दिल्ली का एक ही मुख्यमंत्री है और उनका नाम अरविंद केजरीवाल है। सुश्री आतिशी ने विधायक दल की नेता चुने जाने पर पत्रकारों से कहा कि मैं दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री, आम आदमी पार्टी के नेता और मेरे गुरु अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी और इसके लिए मुझ पर भरोसा दिखाया। उन्होंने कहा कि मैं खुश हूं कि अरविंद केजरीवाल ने मुझ पर इतना भरोसा किया, लेकिन आज जितना सुख मेरे मन में है, उससे ज्यादा मन में दुख भी है। दुख इसलिए, क्योंकि दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री और मेरे बड़े भाई अरविंद केजरीवाल आज इस्तीफा दे रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनाएं

**राज्य की नई औद्योगिक नीति के तहत हरित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए निवेशकों को मिलेगी हर संभव मदद**

**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और ऊर्जा विभाग के सचिव पी. दयानंद की गरिमामय उपस्थिति में गुजरात में आयोजित ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट-2024 के दौरान आयोजित ''ग्रीन हाइड्रोजन सीईओ राऊंड टेबल'' कॉन्फ्रेंस में निवेशकों को यह जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। हरित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले निवेशकों को राज्य की नवीन औद्योगिक नीति 2024-29 के तहत हर संभव प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास



- ''ग्रीन हाइड्रोजन सीईओ राऊंड टेबल'' में निवेशकों को दी गई जानकारी
- छत्तीसगढ़ की अपरम्परागत ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश हेतु निवेशकों को किया गया आमंत्रित

प्राधिकरण (सीबीडीए) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार द्वारा किया गया।

सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा इस अंतर्राष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट में छत्तीसगढ़ राज्य में अपरम्परागत ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। निवेशकों को छत्तीसगढ़ में भविष्य की महत्वपूर्ण बायोमास आधारित योजनायें जैसे-बायो-एथेनॉल, बायोजेट एवियेशन फ्यूल, कम्प्रेस्ड बायोगैस तथा ग्रीन

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### फिरोजाबाद में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 5 की मौत

फिरोजाबाद, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में एक पटाखा गोदाम में विस्फोट होने से तीन साल की बच्ची और एक महिला समेत 5 लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि, शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के नौशेरा इलाके स्थित एक फैक्ट्री में सोमवार रात को हुए हादसे में छह लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगरा रेंज के आईजी दीपक कुमार ने बताया, शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में एक घर में पटाखे रखे हुए थे और वहां विस्फोट हो गया। विस्फोट के कारण पास के एक घर की छत ढह गई।

### मालीवाल में जरा भी शर्म है तो राज्यसभा से इस्तीफा दे : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि अगर स्वाति मालीवाल में जरा भी शर्म है तो उन्हें राज्यसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। श्री पांडे ने आज कहा कि स्वाति मालीवाल ऐसी इंसान हैं, जो राज्यसभा जाने के लिए आम आदमी पार्टी से टिकट लेती हैं, लेकिन प्रतिक्रिया देने और बोलने के लिए स्क्रिप्ट भाजपा से लेती हैं। अगर उनमें थोड़ी भी शर्म है तो उन्हें आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद का टिकट छोड़ देना चाहिए।

### युवा कांग्रेस ने मोदी का जन्मदिन 'राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस' के रूप में मनाया

नई दिल्ली। युवा कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन को 'राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस' के रूप में मनाया और कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में पिछले 10 साल के दौरान देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंची है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा कि आज श्री मोदी का जन्म दिन है और देश के बेरोजगार युवा प्रधानमंत्री के जन्म दिन को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मना रहे हैं। देश में बढ़ रही रही रिकॉर्ड बेरोजगारी के लिए उन्होंने मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि देश का हर छठा ग्रेजुएट बेरोजगार है। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी किस कदर फैली है इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले 10 साल में 22 करोड़ से अधिक लोगों ने केंद्र सरकार की नौकरी पानी के लिए आवेदन किया।

### कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम के लोग भड़के हुए हैंः मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को ओडिशा दौरे पर रहे। खास बात यह रही कि पीएम मोदी ने हाल ही में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में शामिल होने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने विपक्षी दलों को निशाने पर लेते हुए कहा कि समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है। आपने देखा होगा, कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम के लोग इसलिए भड़के हुए हैं, क्योंकि मैंने गणेश पूजन में भाग लिया था।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आवासहीन परिवारों को मकान निर्माण के लिए 2044 करोड़ का किया ऑनलाईन अंतरण

**पीएम आवास योजना में शिकायत मिली तो सीधे कलेक्टर के ऊपर होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री**

**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने जन्म दिन के मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख 11 हजार से अधिक आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त 2044 करोड़ रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रान्सफर की।



- राज्य के 5 लाख 11 हजार परिवारों के आवास का सपना हुआ पूरा
- 23 हजार से अधिक शहरी परिवारों को मिली खुशियों की चाबी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य मंत्रीगण की मौजूदगी में मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम राजधानी स्थित रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# हॉकी में एशियन चैंपियन बनी टीम इंडिया

**हुलुनबुइर,** 17 सितम्बर (एजेंसियां) हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अजेय अभियान जारी रखते हुए मंगलवार को मेजबान चीन को 1-0 से हराकर एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का पांचवी बार खिताब अपने नाम कर लिया। आज यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने मेजबान चीन को 1-0 से हराया। भारतीय टीम की ओर से जुगराज सिंह ने 51वें मिनट में मैदानी गोल दागा। यह एक मात्र गोल चौथे क्वार्टर में आया। इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली।




**5वीं बार जीता चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब मेजबान चीन को 1-0 से किया पराजित**

# बैंक घोटाले में आरोपी ने सास-ससुर को जबरन फंसाया

**बिलासपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। किसानों का पैसा गबन करने की आरोपी बैंक कर्मचारी ने अपने साथ जबरन सास और ससुर का नाम भी फंसा दिया. मामले में सिविल कोर्ट से इस प्रकरण में बुजुर्ग दंपति के खिलाफ आदेश पारित कर दिया था. जिस पर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने रोक लगा दी है. मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डीबी में हुई.



**हाईकोर्ट ने सिविल कोर्ट के आदेश पर लगाई रोक**

खुशबू शर्मा जिला सहकारी केंद्र मर्यादित बैंक, शाखा मंडी चौक, बिलासपुर में बैंक क्लर्क सह कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात थी. इससे पहले वह कैशियर के पद पर तैनात थी. उसने बैंक से 80 लाख रुपये की हेराफेरी की. बैंक के शाखा प्रबंधक हितेश सलूजा ने 09-12-2022 को लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई. मुख्य अपराधी खुशबू शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. उसने अपने बयान में कहा, कि उसके ससुर और सास ने उसे ऐसा करने के लिए मजबूर किया था. महिला बैंककर्मी ने इस घोटाले में अलग मकान में रहने वाले अपने ससुर जानकी प्रसाद शर्मा और ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# मुख्यमंत्री से मिले केंद्रीय इस्पात मंत्री कुमारस्वामी, कई विषयों पर हुई चर्चा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री निवास में आज सीएम विष्णु देव साय से केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कुमार स्वामी को सीएम साय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। सीएम साय ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी से विभिन्न विषयों पर सारगर्भित चर्चा की।

केंद्रीय इस्पात और प्रभारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी सोमवार को एकदिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर विशेष विमान से चेन्नई से जगदलपुर पहुंचे। एचडी कुमार स्वामी ने नगरनार प्लांट का निरीक्षण किया। एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनएमडीसी प्लांट से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उन्होंने बातचीत की।

# सुप्रीम कोर्ट ने 'बुलडोजर कार्रवाई' पर लगाई रोक

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 'बुलडोजर कार्रवाई' पर रोक लगा दी है। 'बुलडोजर कार्रवाई' के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सार्वजनिक सड़क या रेलवे या जल निकायों पर अतिक्रमण के मामले को छोड़कर बिना अनुमति के देश में 1 अक्टूबर तक कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल (एसजी) से बुलडोजर कार्रवाई के महिमामंडन को बंद करने को कहा है। उन्होंने कहा कि बुलडोजर का महिमामंडन करने का काम किया गया है। अगर आप सार्वजनिक सड़क या रेलवे लाइन पर स्थित मंदिर या गुरुद्वारा या मस्जिद को ध्वस्त करना चाहते हैं तो हम आपसे सहमत होंगे, लेकिन किसी अन्य मामले में इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने केंद्र से नगर निगम के कानूनों और प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल (एसजी) ने आदेश पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में विभिन्न राज्यों में नोटिस जारी की गई। मैं पूरे देश से ऐसा करने के लिए नहीं कह सकता हूं। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि मैं संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत ऐसा आदेश पारित कर रहा हूं। आप दो सप्ताह तक अपने हाथ को क्यों नहीं रोक सकते?



- कहा बिना अनुमति के देश में नहीं हो कोई तोड़फोड़
- बुलडोजर कार्रवाई का महिमामंडन बंद करने को

# विधायक देवेंद्र यादव को नहीं मिली राहत कोर्ट ने फिर बढ़ाई न्यायिक रिमांड

**बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को आज फिर राहत नहीं मिली. न्यायिक रिमांड कोर्ट ने फिर 30 सितंबर तक न्यायिक रिमांड बढ़ा दी है. बता दें कि बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने 17 अगस्त को देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया था. आज रिमांड खत्म होने पर फिर सीजेएम कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई हुई, जहां कोर्ट ने 30 सितंबर तक उनकी रिमांड बढ़ा दी है.



बता दें कि गुरु बाबा घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में सतनाम समाज के आस्था के केंद्र अमर गुफा में स्थित महकोनी मंदिर परिसर में आसामाजिक तत्वों ने जमकर तांडव मचाया था. जैतखाम में तोड़फोड़ की घटना से आक्रोशित समाज के लोगों ने सीबीआई जांच की मांग की थी. इस मामले में पुलिस ने संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है. वहीं राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ तोड़फोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए थे. इस घटना को लेकर बलौदाबाजार में हिंसक प्रदर्शन हुआ था. इस मामले में विधायक देवेंद्र यादव समेत सैकड़ों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. अब तक विधायक यादव की 5 बार न्यायिक रिमांड बढ़ाई जा चुकी है.

**खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र**

# राहुल को मारने की धमकी दे रहे आपके नेता

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लेकर आपत्तिजनक बयानबाजी की जा रही है जिस पर तत्काल रोक लगाकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। श्री खड़गे ने कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री जी, सबसे पहले मैं आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई देता हूं। इसके साथ ही ऐसे मुद्दे पर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं, जो सीधे लोकतंत्र और संविधान से जुड़ा हुआ है। आप अवगत होंगे कि लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक, हिंसक

**आपत्तिजनक बयानबाजी पर तत्काल रोक लगाकर आरोपियों के खिलाफ हो कार्रवाई**

और अशिष्ट बयानों का सिलसिला चल रहा है। मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि भारतीय जनता पार्टी और आपके सहयोगी दलों के नेताओं ने जिस हिंसक भाषा का प्रयोग किया है, वह भविष्य के लिए घातक है। विश्व हैरान है कि केंद्र सरकार में रेल राज्य मंत्री, भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के मंत्री, लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता को नंबर एक आतंकवादी कह रहे हैं। महाराष्ट्र में आपकी सरकार में सहयोगी दल का एक विधायक, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की जुबान काट कर लाने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा कर रहे हैं। दिल्ली में एक भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक, उनका हश्र दादी जैसा करने की धमकी दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भारतीय संस्कृति अहिंसा, सद्भाव और प्रेम के लिए विश्व भर में जानी जाती है। इन बिंदुओं को हमारे नायकों ने राजनीति में मानक के रूप में स्थापित किया। गांधीजी ने अंग्रेजी राज में ही इन मानकों को राजनीति का अहम हिस्सा बना दिया था। आजादी के बाद संसदीय परिधि में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सम्मानजनक अहसमतियों का एक लंबा इतिहास रहा है। इसने भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का काम किया।

# अमित शाह ने गिनाई 100 दिन की उपलब्धियां

**15 लाख करोड़ से अधिक की योजनाओं पर अमल शुरू**

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में किए गए कामों का विवरण देते हुए कहा कि सरकार ने इस दौरान 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं और कार्यक्रमों की घोषणा की है तथा उन पर अमल भी शुरू किया जा चुका है। श्री शाह ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार ने अपने काम के जरिए लोगों का विश्वास अर्जित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



भारत की विदेश नीति ने अपनी रीढ दिखाई है। यूक्रेन युद्ध के बीच में श्री मोदी की यूक्रेन और रूस की यात्रा को दुनिया आशा की नजर से देख रही है। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में विकास का जो रथ चला है वह आगे भी चलता रहेगा यह हम सभी का विश्वास है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि कोई भी सरकार अपनी भाषा के साथ ही समुचित विकास कर सकती है इसीलिए नयी शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं में पढ़ाई के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा की जो योजना शुरू की गई है उसमें आय की कोई सीमा नहीं रखी गई है। कोई करोड़पति भी चाहे तो वह उसका लाभ उठा सकता है। उन्होंने कहा कि रेलवे का जिस तरह विस्तार हो रहा है लेकिन उसमें हो रहे हादसों की तह तक जाकर जांच की जाएगी और सरकार इसके लिए कटिबद्ध है।

**मणिपुर म्यांमार सीमा पर फेंसिंग का काम शुरू**

मणिपुर में हिंसा को रोकने के लिए किए गए उपायों के संबंध में एक सवाल पर श्री शाह ने कहा, मणिपुर म्यांमार सीमा की फेंसिंग का काम शुरू कर दिया गया है।

**चुनाव** *24 विधानसभा क्षेत्रों में डाले जाएंगे वोट*

# जम्मू कश्मीर में पहले चरण का मतदान आज

**जम्मू, 17 सितम्बर(देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में दस साल में पहली बार विधानसभा चुनाव के लिए मंच तैयार है, बुधवार (18 सितंबर) को पहले चरण का मतदान होना है। पहले चरण में, चिनाब घाटी के डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां जिलों में फैली चौबीस विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे।**

इन सीटों पर चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है, राजनीतिक दल और निर्दलीय उम्मीदवार अधिक से अधिक मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए हर गली-मोहल्ले में प्रचार कर रहे हैं। सात जिलों में होने वाले मतदान के लिए कुल 3276 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 302 शहरी मतदान केंद्र और 2974 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर पीठासीन अधिकारी सहित चार चुनाव कर्मचारी तैनात रहेंगे। कुल मिलाकर, पहले चरण के चुनाव के लिए 14,000 से अधिक मतदान कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात किए जाएंगे।

**■ कश्मीर में 16 व जम्मू संभाग में आठ सीटें**

**पहले चरण में 23,27,580 मतदाता**

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में कुल 23,27,580 मतदाता मतदान के पात्र हैं, जिनमें 11,76,462 पुरुष मतदाता, 11,51,058 महिला मतदाता और 60 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 18-19 वर्ष की आयु के बीच के 1.23 लाख युवा, 28,309 दिव्यांग (पूृ) और 85 वर्ष से अधिक आयु के 15,774 बुजुर्ग मतदाता भी पहले चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा और उससे पहले मतदान केंद्रों में मतदान एजेंटों की मौजूदगी में माक पोल होगा। साथ ही, अगर मतदान केंद्र परिसर में मतदाताओं की कतार अभी भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मौजूद है, तो शाम 6 बजे के बाद भी मतदान जारी रहेगा। हर मतदान केंद्र पर पीने का पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, फर्नीचर, बरामदा/शेड जैसी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा जरूरतमंदों को व्हीलचेयर भी उपलब्ध कराई जाएंगी। बैलेट यूनिट में ब्रेल लिपि में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची भी होगी। जहां भी जरूरत होगी, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कतारें होंगी, ताकि उन्हें जल्दी मतदान करने में सुविधा हो।

# देश

**उवाच**

"केंद्र ने हमेशा आतंकवाद के लिए अनुच्छेद 370 को जिम्मेदार ठहराया। फिर आज आतंकवाद कहां से आ रहा है। बंदूक कहां से आ रही है, जो जान ले रही है, जिसमें हमारे सैनिकों की जान भी शामिल है क्या फारूक अब्दुल्ला यह बंदूक लेकर आए हैं।"

–फारूक अब्दुल्ला, नेकां प्रमुख



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 24.0 |
| मुंबई | 31.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# जल संरक्षण के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता : द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण के लिए सभी हित धारकों को मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि जल ही जीवन है इसलिए सब प्राणियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जल संरक्षण को आंदोलन बनाने की जरूरत है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में तीन दिन तक चलने वाले 8वें भारत जल सप्ताह सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि जल संरक्षण को देश ही नहीं पूरी दुनिया में आंदोलन बनाने की जरूरत है और इसके लिए सभी हितधारकों को मिलकर पानी बचाने के नए तथा सभी परंपरागत तरीकों को अपना कर पानी का संरक्षण करने की आवश्यकता है।

■ **राष्ट्रपति ने आठवें भारत जल सप्ताह सम्मेलन का किया उद्घाटन**

**मंत्रालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण के लिए मंत्रालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि जल संरक्षण प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने, इसके विकास और वितरण के लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग, समावेशिता और साझेदारी को बढ़ावा देने के जो प्रयास जल शक्ति मंत्रालय कर रहा है उसके कार्य सराहनीय हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मंत्रालय ने जल मिशन के तहत सभी नागरिकों तक स्वच्छ पानी की पहुंच सुनिश्चित की है। यह और प्रसन्नता की बात है कि देश में 78 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों को पानी के कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं और पानी की पहुंच की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सभी को भागीदारी से आगे बढ़कर जल संरक्षण, बेहतर प्रबंधन,विकास और वितरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जन आंदोलन शुरु करना चाहिए। वहीं जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा है कहा तीन दिन तक चलने वाली चर्चा में विद्वान, केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, गैर-सरकारी संगठन और समाज के अन्य प्रतिनिधि भी भाग लेंगे जिसमें विश्वभर से जल पर केंद्रित शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे जो इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बनाएंगे। जल संरक्षण हर नागरिक का दायित्व है और इस तरह से छोटी-छोटी कोशिशें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर और सुरक्षित जल भविष्य का निर्माण कर सकती हैं।



जल ही जीवन है इसलिए सब प्राणियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जल संरक्षण को आंदोलन बनाने की जरूरत : द्रौपदी मुर्मू

## पानी के संरक्षण व प्रबंधन पर होगी गहन चर्चा : पाटिल

**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा है कि जल संरक्षण दुनिया के लिए आज सबसे बड़ी जरूरत बन गई है इसलिए जल संरक्षण के उपाय और प्रबंधन जैसे विभिन्न मुद्दों पर यहां भारत जल सप्ताह के दौरान तीन दिन तक गहन चर्चा होगी जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। पाटिल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मंगलवार को यहां भारत मण्डपम में 8वें इंडिया वाटर वीक 2024 का उद्घाटन करने के बाद कहा कि तीन दिनों का यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन 17 से 20 सितम्बर तक यहां भारत मंडपम में आयोजित हो रहा है जिसमें पानी के संरक्षण और प्रबंधन पर गहन चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि आयोजन का विषय 'समावेशी जल विकास और प्रबंधन के लिए साझेदारी और सहयोग' है और इस आयोजन का उद्देश्य उपलब्ध जल संसाधनों के संरक्षण, बचाव और कुशल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाना और 21वीं सदी में जल प्रबंधन की चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श करना है। इस वैश्विक आयोजन में डेनमार्क, इजराइल, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर आदि देशों के विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं।



## परमेश्वर ने किया नागमंगला हिंसा की होगी गहन जांच : परमेश्वर

**बेंगलुरु,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृह मंत्री जी.परमेश्वर ने मंगलवार को मांड्या जिले के नागमंगला में हाल में गणेश प्रतिमा जुलूस के दौरान हुई हिंसा की गहन जांच का वादा किया। नागमंगला में गत 11 सितम्बर को गणेश प्रतिमा जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़पों में दुकानों और वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा, जिससे जिले में तनाव बढ़ गया। परमेश्वर ने आश्वासन दिया कि प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 'बाहरी लोगों' की कथित संलिप्तता की सावधानीपूर्वक जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम घटना के हर पहलू की समीक्षा करेंगे और न्याय सुनिश्चित करने के लिए निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने पुष्टि की कि दो अधिकारियों, पुलिस उपाधीक्षक और निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई जांच के नतीजे पर निर्भर करेगी। गृह मंत्री ने उत्पीड़न और रिश्वतखोरी के आरोप में भाजपा विधायक मुनिरत्न की गिरफ्तारी को आवश्यक कार्रवाई बताते हुए कहा, गिरफ्तारी प्रक्रियागत थी और शिकायत के अनुरूप थी। परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में स्मार्टफोन समेत अवैध वस्तुओं की जब्ती के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने आश्वासन दिया, मामले की जांच चल रही है और किसी भी कदाचार के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।



## जम्मू में आतंकवादी हमले बढ़ने के लिए भाजपा जिम्मेदार : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जम्मू में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिम्मेदार है। अब्दुल्ला ने यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में की, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू के गुलाबगढ़ में कहा था कि जम्मू संभाग में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए नेकां और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। नेकां उपाध्यक्ष ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह बताएं कि जम्मू में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार वहां पिछले 10 वर्षों से नहीं है।

अब्दुल्ला ने कहा कि पिछले छह वर्षों से जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार का सीधा शासन है। उन्होंने बडगाम में संवाददाताओं से कहा कि जम्मू में आप आज आतंकवादी हमलों में बढ़ोतरी देख रहे हैं, रियासी में यात्रियों पर हमले हो रहे हैं और सैनिक, अधिकारी तथा बहादुर सैनिक मुठभेड़ों में मारे जा रहे हैं तो यह सब भाजपा के शासन के कारण है। जब हमारा शासन था तब भाजपा हमें जिम्मेदार ठहरा सकती थी। लेकिन अगर आज जम्मू में आतंकवाद बढ़ रहा है तो इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है। यह पूछे जाने पर कि शाह ने कहा है कि अनुच्छेद 370 वापस लाना असंभव है, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ भी असंभव नहीं है। अगर यह असंभव होता, तो सर्वोच्च न्यायालय तीन बार अनुच्छेद 370 के पक्ष में अपना फैसला नहीं देता। उस समय यह असंभव क्यों नहीं था। उन्होंने प्रश्न किया, जब दिवंगत कांग्रेस नेता राजीव गांधी की अभूतपूर्व जीत के दौरान भाजपा के लोकसभा में केवल दो सांसद थे तो उस समय अनुच्छेद 370 असंभव क्यों नहीं था।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के खिलाफ जो फैसला आया है, वह सर्वशक्तिमान ने नहीं दिया था। यह संसद के माध्यम से लिया गया है और संसद का कोई भी निर्णय किसी भी समय बदला जा सकता है। अब्दुल्ला ने कहा कि अगर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पांच पीठ ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का फैसला किया था। क्या यह संभव नहीं है कि कल सात न्यायाधीशों की पीठ अनुच्छेद 370 को बहाल करने का फैसला करेगी, यह असंभव नहीं है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनकी पार्टी को चुनाव में स्पष्ट जनादेश मिलेगा।



■ पिछले छह वर्षों से जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार का सीधा शासन है

## सार संक्षेप

### गुजरात की यात्रा पर रहेंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को गुजरात की यात्रा पर रहेंगे और चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट, 2024 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को यहां बताया कि धनखड़ 18 सितम्बर गुजरात का दौरा करेंगे। एक दिवसीय यात्रा में धनखड़ गांधीनगर में 'चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट, 2024' के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता करेंगे।

### मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने लगाई प्रदर्शनी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश इकाई ने मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया। राजधानी भोपाल स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में लगाई गई इस प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उद्घाटन किया। प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद शर्मा ने कहा कि पार्टी ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर प्रदेश कार्यालय में और हर जिले में सेवा सप्ताह का आयोजन किया है। इसी के तहत प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया है।

### कर्ज में डूबे दंपति ने बच्चों सहित किया आत्महत्या का प्रयास

**मदुरै।** तमिलनाडु के मदुरै जिले के तिरुमंगलम के पास उरंदा उरप्पनूर गांव में मंगलवार सुबह कर्ज में डूबे एक दंपति ने पहले तीन बच्चों को कीटनाशक खिलाया और फिर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पालपंडी और उनकी पत्नी शिवजोती ने अचार का कारोबार के लिए दो निजी बैंकों से दस लाख रुपए से ज्यादा का ऋण लिया था। पिछले कुछ दिनों से दंपत्ति कारोबार में घाटे और ऋण न चुका पाने की वजह से परेशान थे। बैंक के रिकवरी एजेंट ने कथित तौर पर उन पर बकाया ऋण चुकाने का दबाव बनाया। दंपत्ति ने इस परेशान से निजात पाने के लिए पहले अपने पुत्र जनार्दन, दो पुत्रियों दर्शना और दर्शिका को कीटनाशक खिला दिया और बाद में दोनों ने खुद भी कीटनाशक खा लिया।

### बीरेन सिंह ने मणिपुर में की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने मंगलवार को यहां राज्य सचिवालय में 'स्वच्छता ही सेवा, 2024' अभियान की शुरुआत की। सिंह ने कहा कि इस अभियान का विचार लोगों की स्वच्छ और मजबूत भारत तथा मणिपुर में सम्मानजनक जीवन जीने की इच्छा से आया है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने उम्मीद जताई कि लोगों के लिए नई उम्मीद और महत्वाकांक्षा के साथ हर साल स्वच्छ भारत अभियान आयोजित करने से देश और राज्य मजबूत एवं विकसित बनेगा।

## ईडी ने सुदीप्तो रॉय की संपत्ति समेत कई स्थानों पर मारे छापे

**कोलकाता,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक सुदीप्तो रॉय की संपत्ति समेत छह स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। संघीय एजेंसी ने उत्तरी कोलकाता के सिंथी में रॉय के घर और शहर के दक्षिणी हिस्से में बालीगंज सर्कुलर रोड पर उनके नर्सिंग होम, मेडिकल उपकरण और दवा की दुकान के साथ-साथ कुछ अन्य स्थानों पर भी तलाशी अभियान शुरू किया। पड़ोसी हुगली जिले के सेरामपुर से विधायक रॉय आर जी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भंग रुगी कल्याण समिति (रोगी कल्याण समिति) के अध्यक्ष थे। सूत्रों ने बताया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई को आरजीकेएमसीएच में कथित वित्तीय घोटाले की जांच करने का आदेश दिए जाने के बाद ईडी के अधिकारियों ने समूहों में फैलकर तलाशी अभियान शुरू किया। 22 अगस्त को मामले को कोलकाता पुलिस से स्थानांतरित कर दिया गया। सीबीआई ने कथित घोटाले के सिलसिले में आरजीकेएमसीएच के पूर्व प्रिंसिपल, उनके निजी सुरक्षा कर्मियों और दो विक्रेताओं को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने गत नौ अगस्त को अस्पताल में 31 वर्षीय महिला चिकित्सक के कथित दुष्कर्म और हत्या की जांच के तहत घोष और ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अभिजीत मंडल को भी गिरफ्तार किया।





■ आर जी कर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं का मामला

## लोकतंत्र में बुलडोजर की कार्रवाई न्याय नहीं : अखिलेश

**लखनऊ,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश समेत देश के अन्य राज्यों में आपराधिक तत्वों पर बुलडोजर की कार्रवाई के मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले का समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने स्वागत किया है और कहा है कि शीर्ष अदालत का यह फैसला भाजपा सरकारों की बुलडोजर नीति को आइना दिखाने वाला है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में बुलडोजर की कार्रवाई न्याय नहीं हो सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट को बधाई देते है। आभार प्रकट करते है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उम्मीद है कि बुलडोजर कार्रवाई हमेशा के लिए बंद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि न्याय के सर्वोच्च आदेश ने बुलडोजर को ही नहीं, बल्कि बुलडोजर का दुरुपयोग करने वालों की विध्वंसक राजनीति को भी किनारे लगा दिया है। आज बुलडोजर के पहिए खुल गए है और स्टीयरिंग हत्थे से उखड़ गया हैं ये उनके लिए पहचान का संकट है जिन्होंने बुलडोजर को अपना प्रतीक बना लिया था। यादव ने कहा कि अब न बुलडोजर चल पाएगा, न उसको चलवाने वाले दोनों के लिए ही पार्किंग का समय आ गया है।

■ बुलडोजर पर शीर्ष अदालत के आदेश पर जताई खुशी



सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उम्मीद है कि बुलडोजर कार्रवाई हमेशा के लिए बंद हो जाएगी : अखिलेश यादव

**प्रदेश सरकार ने लोगों को डराने के लिए जबरदस्ती बुलडोजर चलाया**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई की कई ऐसी घटनाएं हुई हैं। जब कभी न्यायालय उन पर विचार करेगा तो उस पर सरकार के खिलाफ कार्रवाई होगी क्योंकि प्रदेश सरकार ने जानबूझकर, लोगों को डराने के लिए जबरदस्ती बुलडोजर चलाया है। इस भाजपा सरकार ने बुलडोजर को औजार के रूप में प्रयोग किया। विपक्ष और जनता की आवाज को दबाने के लिए दुरुपयोग किया गया। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कहा कि बिना उसकी अनुमति किसी भी आपराधिक मामले में राज्यों द्वारा आरोपी की संपत्ति नहीं गिराया जाएगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता जमीयत उलमा ए हिंद की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई (आपराधिक मामले के आरोपी की अचल संपत्ति गिराना) संविधान की भावना के विरुद्ध है।

### देश संविधान से चलता है व संविधान से ही चलेगा : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर पोस्ट किया। भाजपा सरकारों की अन्यायपूर्ण और अमानवीय बुलडोजर नीति को आईना दिखाने वाला सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। वे समझते हैं कि त्वरित न्याय की आड़ में जुल्म और नाइंसाफी के बुलडोजर से संविधान को कुचलकर भीड़ और भय का राज स्थापित किया जा सकता है लेकिन यह देश संविधान से चलता है और संविधान से ही चलेगा। अदालत ने साफ कर दिया है कि बुलडोजर अन्याय स्वीकार्य नहीं है। ऐसी बर्बर कार्रवाइयों के जरिए देश के कानून पर बुलडोजर चलाकर इंसानियत और इंसाफ को रौंदने वाली नीति एवं नीयत पूरे देश के सामने बेपर्दा हो चुकी है।



## राजनीतिक तौर पर बौखलाए हुए हैं नायब सिंह सैनी : रणदीप सुरजेवाला

**चंडीगढ़,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को कहा कि नायब सिंह सैनी का व्यक्तिगत तौर पर वह बहुत सम्मान करते हैं, लेकिन राजनीतिक तौर पर वह बौखलाए हुए हैं और आए दिन अनर्गल बचकानी गाली-गलौज की भाषा का इस्तेमाल करने लगे हैं। हरियाणा की राजनीति में परिवारवाद के मुद्दे पर रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि जनता भगवान है और जो भगवान का अनादर करता है, वह भगवान का अपमान कर रहा है। यह लोगों का फैसला है कि वे किसको चुनें। उल्लेखनीय है कि रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला को कांग्रेस ने कैथल से टिकट दिया है। राज्य में कांग्रेस की मुख्यमंत्री पद की दावेदारों में से एक मानी जा रही कुमारी शैलजा के बारे में सुरजेवाला ने कहा कि कुमारी शैलजा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और मेरी बहन हैं। उन्होंने कड़े तेवर में कहा कि कुमारी शैलजा के बारे में किसी को भी पूरे प्रदेश में अभद्र टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। अगर वह व्यक्ति कहीं न कहीं हमारी पार्टी से है, तो मुझे उम्मीद है कि प्रदेश अध्यक्ष उदयभान उस पर कार्रवाई करते हुए बाहर का रास्ता दिखाएंगे।

■ गाली-गलौज की भाषा का इस्तेमाल करने पर घेरा



### मोदी पर भी किया कटाक्ष

कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने कहा था कि प्रधानमंत्री जुमले गढ़ते हैं। ऐसा लगता है कि भाजपा की प्रांतीय यूनिट ने भी जुमलेबाजी की नई मिसाल पेश की और नया रास्ता अपनाने का फैसला किया। उन्हें अगर नौकरियां ही देनी थीं, तो 10 वर्ष तक किसने पाबंदी लगा रखी थी। उन्होंने आगे कहा कि मैं तो सिर्फ इतना ही कहूंगा कि जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस की सरकार बनेगी, तब कांग्रेस सीईटी (कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट) की पूरी प्रक्रिया पर पुनर्विचार किया जाएगा।

## मध्य प्रदेश में राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों को दिलाई शपथ

**भोपाल,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने आज सेवानिवृत पुलिस अधिकारी विजय यादव को राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त की शपथ ग्रहण कराई। राजधानी भोपाल स्थित राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल ने यादव को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। यादव के साथ सूचना आयुक्त के रूप में उमाशंकर पचौरी (शिक्षाविद्), वंदना गांधी (समाजसेवी) एवं ओमकार नाथ (सेवानिवृत्त न्यायाधीश) ने भी शपथ ग्रहण की। सूचना आयुक्तों के पद पर नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में पिछले दिनों चयन समिति की बैठक हुई थी, जिसमें मुख्य सूचना आयुक्त के साथ तीन अन्य सूचना आयुक्तों के नामों पर मुहर लगाई गई थी।



## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में बढ़ रही सरकार : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि विपक्ष की कोई विश्वसनीयता नहीं बची है और वह विदेशों में जाकर देश की प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश कर रहा है। सिंह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपना एक वीडियो साझा कर मोदी सरकार की पहले 100 दिनों की उपलब्धियों का जिक्र किया। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष कुछ भी कहे सरकार को काम करना है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का एक जुनून है। सरकार उस लक्ष्य को हासिल करके रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि क्रिकेट की शब्दावली में कहें तो हमारी सरकार पहली गेंद से ही तेजी से भारत का स्कोर बढ़ाने में लगी है वहीं विपक्ष वाइड और नो बॉल फेंकने में ही देश का कीमती समय और संसाधन बर्बाद कर रहा है। अब विपक्ष की विश्वसनीयता नहीं रह गयी है। दूसरे देशों में जाकर भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक विडंबना है। वह सरकार की सभी योजनाओं के बारे में यहां नहीं बता सकते लेकिन जहां तक रक्षा क्षेत्र का सवाल है सरकार भारत को रक्षा क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि रक्षा खरीद परिषद ने डेढ लाख करोड़ के रक्षा सौदों की खरीद को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि 500 से अधिक रक्षा उत्पादों और उपकरणों को सरकार ने स्वदेशी सूची में डाल दिया है।



■ सरकार की पहले सौ दिनों की उपलब्धियों का किया जिक्र

**राजनीति** | *वर्षों से कश्मीर की सियासत की धुरी रहीं पार्टियां इंजीनियर राशीद के राजनीति में प्रवेश से परेशान*

# एआईपी व जमात का गठबंधन बना पीडीपी-नेकां के लिए चुनौती

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। यह सच अब पूरी तरह से खुल कर सामने आ गया है कि इंजीनियर राशिद की कश्मीर के चुनावों में एंट्री से वर्षों से कश्मीर की सियासत की धुरी रहीं पार्टियां परेशान हो गई हैं। इसके कई कारण माने जाते हैं। सबसे अधिक चिंतित और परेशान नेकां व पीडीपी हैं। इससे कोई इनकार नहीं करता है।

पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस की परेशानी के पीछे बड़ी वजह अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) का जमात-ए-इस्लामी से गठबंधन है। बारामुल्ला के सांसद इंजीनियर राशिद एआईपी के प्रमुख हैं।

जमात प्रतिबंधित संगठन है और इसने 1987 के विधानसभा चुनाव के बाद से कोई चुनाव नहीं लड़ा है। जमात ने इस बार कश्मीर की सात विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। जब जमात और एआईपी में गठबंधन हो गया है तो मुख्य पार्टियों की टेंशन ये है कि इंजीनियर राशिद का ग्लैमर और जमात का कैडर मिलकर उनका गणित ना बिगाड़ दें। हालांकि अभी तक महबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली पीडीपी को जमात का साथ मिलता रहा है। जमात की इमेज अलगाववादी पार्टी के रूप में है और पीडीपी को लेकर भी कहा जाता है कि पार्टी की लाइन साफ्ट अलगाववाद रहा है और यही वजह है कि उसे जमात का समर्थन मिलता आया है। दूसरी प्रमुख पार्टी नेशनल कांफ्रेंस की इमेज उदारवादी दल की है और दक्षिण कश्मीर में पार्टी की कमजोर पकड़ के पीछे भी इसे एक बड़ा फैक्टर बताया जाता है। जमात और एआईपी, दोनों की ही राजनीति का आधार कश्मीर समस्या का समाधान रहा है। ऐसे में जब एक विकल्प मौजूद है, साफ्ट या हार्ड अलगाववादी महबूबा मुफ्ती और फारूक अब्दुल्ला की पार्टी पर भरोसा करेंगे, ऐसा लगता नहीं है। महबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली पीडीपी दक्षिण कश्मीर में मजबूत आधार रखती है। पार्टी के मजबूत आधार के पीछे जमात का कैडर भी माना जाता है। जमात लंबे समय से चुनावी राजनीति से दूर रही है और पार्टी पीडीपी को समर्थन देती आई है। इस बार पार्टी के उम्मीदवार उतारने से जमात के वोट माइनस हुए तो पीडीपी का आधार खिसक सकता है।

जमात-ए-इस्लामी ने सात में से पांच उम्मीदवार इसी दक्षिणी कश्मीर की सीटों पर ही उतारे हैं। यही नहीं एआईपी और जमात के गठबंधन ने उत्तरी और मध्य कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस की चुनौती भी बढ़ा दी है। इस इलाके में इंजीनियर राशिद और जमात के वोट एक-दूसरे को ट्रांसफर हुए तो नेशनल कांफ्रेंस की राह मुश्किल हो सकती है।

लोकसभा चुनाव के बाद अब अगर विधानसभा चुनाव में इंजीनियर राशिद की अगुवाई वाला गठबंधन अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहता है तो ये कश्मीर की सियासत में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार की पालिटिक्स के लिए खतरा होगा।



■ जमात ने सात विस सीटों पर उतारे हैं उम्मीदवार

# दुनिया रंग-बिरंगी



### फिल्म तिरंगा में काम करेंगे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार फिल्म तिरंगा में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि अक्षय कुमार फिल्म 'तिरंगा' में काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन संजय पूरन सिंह चौहान करेंगे। वहीं अश्विन वर्दे, सुभाष काले और नरेंद्र हीरावत इस फिल्म का निर्माण करेंगे। अक्षय कुमार और संजय पूरन सिंह पहले गोरखा नाम के एक प्रोजेक्ट पर साथ काम करने वाले थे, जिसे आनंद एक राय प्रोड्यूस करने वाले थे। हालांकि यह फिल्म बन नहीं पाई। पहले चर्चा थी कि फिल्म तिरंगा इसी नाम से वर्ष 1993 में प्रदर्शित राजकुमार और नाना पाटेकर की फिल्म तिरंगा की रीमेक है। हालांकि बाद में मेकर्स ने बताया कि यह एक अलग फिल्म है।

# दिमागी सेहत मानव जीवन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी

## खाने में इन चीजों को शामिल करने से याददाश्त रहेगी बरकरार

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। दिमागी सेहत मानव जीवन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारे दिमाग को भी काम करने के लिए एनर्जी की जरूरत होती है। ऐसे में हमें शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना होता है। मेंटल हेल्थ को मजबूत बनाने के लिए खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों की बात करें तो ड्राई फ्रूट्स हमारे दिमाग को तेज करने में मददगार साबित होते हैं। ओमेगा-3 जैसे पोषक तत्वों की प्रचुरता के चलते अखरोट मस्तिष्क के लिए काफी अच्छा होता है। अखरोट का नियमित सेवन करने से हमारी मेमोरी बेहतर तरीके से काम करती है। बादाम, मूंगफली जैसे मेवे भी मस्तिष्क के लिए अच्छे होते हैं। इनमें अच्छे फैट के साथ प्रोटीन भी पर्याप्त मात्रा में होता है। प्रोटीन एक ऐसा पोषक तत्व है जो भारतीय भोजन में अक्सर



- ओमेगा-3 जैसे पोषक तत्वों की प्रचुरता के चलते अखरोट मस्तिष्क के लिए काफी अच्छा
- कॉफी और चाय में पाया जाने वाला कैफीन करता है दिमाग को तेज

कम मात्रा में ही पाया जाता है। इसलिए प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन से अपने मस्तिष्क को पोषण देना जरूरी है। बीन्स में फाइबर, विटामिन बी और ओमेगा फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होते हैं। जिससे एकाग्रता और याददाश्त में मदद मिलती है।झ ब्लूबेरी खाने से मस्तिष्क का विकास होता है। यह मस्तिष्क में होने वाले अपक्षयी परिवर्तनों से लड़ने में भी मदद करता हैं और तंत्रिका क्रियाकलाप और संचार क्षमता को बढ़ाता है। हरी सब्जियों में विटामिन ई के साथ-साथ फोलेट भी भरपूर मात्रा में होता है। जिससे मस्तिष्क के सामान्य विकास में काफी मदद मिलती है। फूलगोभी और ब्रोकोली मस्तिष्क के लिए अच्छा भोजन माना जाता है, क्योंकि इसमें कोलीन की मात्रा अधिक होती है, जो आपकी याददाश्त को मजबूत बनाती है और आपकी सोच को तेज करती है। सेलमन फिश जैसे उच्च ओमेगा-3 वाले आहार भी दिमाग को तेज बनाते हैं और मानसिक विकास को बढ़ाते हैं।

# फैटी लिवर से हैं परेशान, तो आज ही करें यह उपाय

## मुंह से बदबू आना, आंखों के नीचे काले धब्बे पड़ना, पेट में हमेशा दर्द रहना आदि लिवर के खराबी के लक्षण

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। आज कल की भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर लोग स्वास्थ्य चेतावनियों को दरकिनार करते हुए अनियमित खान-पान करते हैं। जिससे कई बार हमारे लिवर में कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। हमारे खान-पान पर ध्यान न दे पाने की वजह से लिवर खराब होने लगता है।

इस कारण लिवर का फैटी होना, इसमें सूजन आ जाना और लिवर में इन्फेक्शन हो जाने जैसी तमाम चीजें शामिल हैं, जो हमारे लिवर को खराब कर देतीं हैं। लोगों को होने वाली लिवर से जुड़ी समस्याओं और उसके निदान जानने के लिए हमने यूपी के हरदोई में शतायु आयुर्वेदा एवं पांचजन्य केंद्र के संस्थापक डॉक्टर अमित कुमार से बातचीत की। डॉक्टर अमित का कहना है कि सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि आपका लिवर काम कैसे कर रहा है। यदि खाना पचने में समस्या आ रही है, तो समझ जाइए आपके लिवर में कहीं कुछ समस्या है। साथ ही मुंह से बदबू आना, आंखों के नीचे काले धब्बे पड़ना, पेट में हमेशा दर्द रहना, भोजन का सही ढंग से नहीं पचना, त्वचा पर सफेद धब्बे पड़ना, पेशाब या मल का गहरे रंग में बदल जाने की समस्या को भी डॉक्टर अमित लिवर की खराबी से ही जोड़



आंवला, पपीता, आम जैसे फल के सेवन से होंगे लिवर में फायदे

कर देखते हैं। डॉक्टर अमित का कहना है कि कई बार इन समस्याओं के अलावा व्यक्ति के पाचन तंत्र के खराब होने की वजह से भी लिवर में फैट इकट्ठा हो जाता है, जिससे लिवर खराब होने लगता है। कई बार लिवर में समस्या होने की वजह से त्वचा पर सफेद धब्बे पड़ने लगते हैं, जिसे 'लिवर स्पॉट' भी कहा जाता है। अगर हमारा लिवर सही से कार्य नहीं कर रहा होता है तो मुंह से बदबू भी आने लगती है। उन्होंने इससे बचाव और उपचार के बारे में बताया कि लिवर की बीमारी में सबसे ज्यादा जरूरी इसकी समय पर पहचान होती है। जब तक यह पता न लगा लिया जाए कि लिवर किस स्टेज तक खराब है, या फैटी है तब तक दवाओं का सेवन भी नहीं करने की सलाह दी जाती है। जब तक लिवर की बीमारी का पता नहीं चल जाता, तब तक इससे जुड़ी बीमारियों का इलाज करने पर कम समय के लिए भले ही आराम मिल जाए, लेकिन मरीज पूरी तरह ठीक नहीं होता है। डॉक्टर लिवर की स्थिति जान कर ही दवाएं देते हैं। इससे जुड़े इलाज पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यदि लिवर सिरोसिस तक नहीं पहुंचा है तो यह घरेलू उपायों से भी ठीक होने लगता है। इसके लिए कॉफी पाउडर बहुत अच्छा उपाय है। यदि कॉफी को बिना दूध और चीनी के लिया जाए तो यह हमारे लिवर से फैट निकालकर इसे स्वस्थ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हल्दी में भी कई ऐसे कारक होते हैं जो हमारे लिवर को ठीक करने में अहम योगदान निभा सकते हैं। हल्दी हेपेटाइटिस बी और सी के कारण होने वाले वायरस को बढ़ने से रोकती है। इसके अलावा जिन लोगों को फैटी लिवर ग्रेड दो है, वह लोग एप्पल साइडर विनेगर को शहद में मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं, इससे बड़ा आराम मिलता है।

## पितरों की मुक्ति के लिए पितृपक्ष का विशेष महत्व

# पूर्वजों की मुक्ति के लिए कौओं को खिलाते हैं भोजन



**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। हिंदू धर्म में अपने पितरों की मुक्ति के लिए पितृपक्ष का विशेष महत्व होता है। इस साल पितृ पक्ष मंगलवार (17 सितंबर) से शुरू हो गया है। इस दौरान अगले 15 दिनों तक श्राद्ध और तर्पण के जरिए पितरों को तृप्त किया जाएगा। पितृपक्ष के दौरान लोग अपने पितरों को तर्पण देने के लिए श्राद्ध के दौरान कौओं को खाना खिलाते हैं। आइए जानते हैं श्राद्ध के दौरान कौओं को भोजन कराने का पौराणिक महत्व क्या है। ऐसा माना जाता है कि पितृ पक्ष में किए गए श्राद्ध कर्म का भोजन कौओं को खिलाने से पितरों को मुक्ति और शांति मिलती है और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इससे पूर्वज प्रसन्न होते हैं और अपने वंशज को आशीर्वाद देते हैं। मान्यता है कि पितरों को मुक्ति और संतुष्टि न मिलने के चलते उनके वंशज की कुंडली में पितृ दोष होता है। ऐसे में पितृपक्ष का महत्व काफी बढ़ जाता है। लेकिन, सवाल यह है कि पितृ पक्ष में कौओं को ही भोजन क्यों खिलाया जाता है? इसका जवाब गरुड़ पुराण में मिलता है, जहां बताया गया है कि कौओं को यमराज का आशीर्वाद प्राप्त है। यमराज ने कौवे को आशीर्वाद दिया था कि उन्हें दिया गया भोजन पितरों की आत्मा को शांति प्रदान करेगा। इसलिए पितृ पक्ष के दौरान एक तरफ जहां ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है तो वहीं कौओं को भी भोजन कराने का बहुत महत्व होता है। कहा जाता है कि इस दौरान हमारे पूर्वज कौओं के रूप में हमारे पास आ सकते हैं।

कथाओं के अनुसार कौओं का संबंध भगवान राम से भी माना जाता है। बताया जाता है कि एक बार कौए ने माता सीता के पैर में चोंच मार दी थी। इससे माता सीता के पैर में घाव हो गया। माता सीता को पीड़ा में देख भगवान राम ने क्रोध में कौए पर बाण चला दिया। कौए इसके बाद अपनी जान बचाने के लिए अनेक देवी-देवताओं की शरण में पहुंचा लेकिन किसी ने उसको शरण देने से इंकार कर दिया। इसके बाद कौए ने माता सीता और भगवान श्रीराम से क्षमा याचना की।

बताया जाता है कि यह कौआ इंद्रदेव का पुत्र जयंत था और भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने आया था। कौए को अपनी गलती का एहसास हो चुका था और भगवान राम ने भी उसको क्षमा कर दिया। इतना ही नहीं, भगवान राम ने उसको आशीर्वाद दिया कि तुमको कराया गया भोजन पितरों को संतुष्ट करेगा। तभी से पितृ पक्ष में कौओं को भोजन कराने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। ज्ञात हो कि, भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या तक के सोलह दिनों को पितृ पक्ष कहा जाता है, जिसमें हम अपने पूर्वजों की शांति सेवा करते हैं। इस बार पितृ पक्ष 17 सितम्बर से शुरू होकर 2 अक्टूबर को समाप्त होगा।

# तेलंगाना में नीलाम हुआ 1.87 करोड़ रुपए का 'गणेश लड्डू'

**हैदराबाद,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के राजेंद्रनगर निर्वाचन क्षेत्र के बंदलागुडा जागीर में स्थित कीर्ति रिचमंड विला में गणेश चतुर्थी समारोह आयोजित किया गया। जिसका समापन गणेश मूर्ति विसर्जन से पहले एक शानदार गणेश लड्डू की नीलामी के साथ हुआ। इस साल, गणेश लड्डू की नीलामी 1.87 करोड़ में की गई और इस तरह पिछले साल के 1.26 करोड़ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।



नीलामी में कुल 100 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जो 25-25 सदस्यों के चार समूहों में विभाजित थे। एक समूह ने सफलतापूर्वक लड्डू को खरीद लिया। पिछले वर्ष की तरह, लड्डू जीतने वाले समूह ने घोषणा की कि धनराशि एक ट्रस्ट के तहत दान की जाएगी, ताकि छात्रावासों में गरीब छात्रों और समाज के अन्य जरूरतमंद वर्गों सहित वंचित वर्ग का विकास हो सके। दरअलस गणेशोत्सव को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में विनायक चविथि कहा जाता है। हर साल इस त्यौहार के संपन्न होने के बाद नीलामी का आयोजन किया जाता है। नीलामी में कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। कई लोगों का मानना है कि लड्डू हासिल करने से स्वास्थ्य, धन और समृद्धि आती है। पिछले कुछ सालों में लड्डू नीलामी ने न केवल तेलंगाना में बल्कि पूरे भारत में बहुत लोकप्रियता हासिल की है। भक्तों का मानना है कि लड्डू जीतने से ईश्वरीय आशीर्वाद, समृद्धि और सफलता मिलती है। लड्डू को सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है और जो लोग इसे जीतते हैं, उन्हें अक्सर पूरे साल भरपूर फसल और आर्थिक वृद्धि देखने को मिलती है। इस मान्यता ने नीलामी को एक छोटे पैमाने के आयोजन से एक भव्य परंपरा में बदल दिया है, जिसमें अब दूर-दूर से प्रतिभागी आते हैं। गणेश विसर्जन जुलूस की तैयारी के लिए हैदराबाद पुलिस ने मंगलवार को यातायात एडवाइजरी जारी की है। सुचारू और सुविधाजनक यातायात के मद्देनजर जारी की गई एडवाइजरी मंगलवार सुबह से बुधवार दोपहर तक प्रभावी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों और श्रद्धालुओं से रूट मैप का पालन करने की अपील की है।

# मोटापे से जूझ रहे लोगों के लिए इंजेक्शन वाली दवाएं हुई लोकप्रिय

## 4 में से 1 युवक बिना डॉक्टर के पर्चे के वेट लॉस ड्रग्स का उपयोग करने पर करता है विचार

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। मोटापे से जूझ रहे लोगों के लिए इंजेक्शन के जरिए वजन घटाने वाली दवाएं एक लोकप्रिय विकल्प बन गई हैं। एक नए अध्ययन में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। अध्ययन के अनुसार, चार में से एक या 25 प्रतिशत लोग डॉक्टर से परामर्श किए बिना इन दवाओं इस्तेमाल करते हैं, जिससे वे कई स्वास्थ्य जोखिमों के शिकार हो जाते हैं। अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी की टीम ने 1,006 अमेरिकी वयस्कों पर सर्वे किया। जिसमें पता चला कि लोग प्रिस्क्रिप्शन के विकल्पों की तलाश में हैं क्योंकि उनके पास पर्याप्त पैसा नहीं है और बीमा कवरेज का आभाव है। टीम ने कहा कि कुछ लोग डॉक्टर के पास जाने से बच रहे हैं और गैर-लाइसेंस प्राप्त ऑनलाइन फार्मेसियों या टेलीहेल्थ साइटों जैसे अविश्वसनीय स्रोतों का सहारा ले रहे हैं, जिससे मरीजों की जान खो खतरा हो सकता



है। सर्वे से पता चला है कि लोगों को दवाएं खरीदने में सबसे बड़ी समस्या पैसे की आती है (18 प्रतिशत), इसके बाद बीमा नहीं होना (15 प्रतिशत), डॉक्टर से प्रिस्क्रिप्शन नहीं मिलना (9 प्रतिशत) और फार्मेसी में दवा नहीं मिलना (6 प्रतिशत) है।

ओहियो स्टेट के इंटरनल मेडिसिन फिजिशियन शेंगयी माओ ने कहा कि जो लोग अपना वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए सबसे पहले अपने डॉक्टर से विकल्पों पर चर्चा करना बहुत ज़रूरी है। हर दवा हर किसी के लिए एक जैसी नहीं होती और हर दवा के अपने जोखिम और साइड इफ़ेक्ट हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर 'मरीज की मेडिकल हिस्ट्री की जांच करेंगे' और 'उनके विशेष जोखिम और लाभ' का आकलन करके दवाएं लिखेंगे। हाल ही में विकसित वजन घटाने वाली दवाएं जीएलपी1-आरए (ओजम्पिक और वेगोवी ब्रांड नाम) वजन घटाने में मदद करती हैं। यह भूख को कम करती हैं और पेट के खाली होने की गति को धीमा करती हैं। अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (यूएस डीएफ) ने सेमाग्लूटाइड नामक दवा को मान्यता दी है। यह दवा मोटापे से ग्रसित या अधिक वजन वाले वयस्कों में हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद करती है। विशेष रूप से, यह दवा उन वयस्कों के लिए फायदेमंद है जिन्हें पहले से ही हृदय रोग है। हालांकि, डीएफ ने सेमाग्लूटाइड दवा के संबंध में दो चेतावनियां जारी की हैं, जिनमें गलत खुराक लेने पर अस्पताल में भर्ती होने और अप्रभावी सामग्री की रिपोर्ट शामिल है।

# करीना कपूर फिल्म फेस्टिवल आयोजित किए जाने को लेकर खुश है करीना कपूर

**मुंबई,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, करीना कपूर के नाम फिल्म फेस्टिवल आयोजित किये जाने को लेकर बेहद खुश है। करीना कपूर ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म रिफ्यूजी से की थी। करीना कपूर को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुए करीब 25 वर्ष हो गए हैं और इस दौरान करीना ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। करीना के सम्मान में एक फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। देशभर में करीना कपूर के नाम से फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन पीवीआर-आईनॉक्स कर रहा है। करीना ने सोशल मीडिया पर एक




वीडियो शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी। वीडियो में पू से लेकर चमेली और गीत समेत बड़े पर्दे पर निभाई जाने वाली करीना के सभी किरदारों की झलक देखी जा सकती है।

वीडियो को शेयर करते हुए करीना कपूर खान ने कैप्शन में लिखा, नसों में खून, स्क्रीन पर जादू..., मेरी जॉब जिसे मैं प्यार करती हूं...मेरे अंदर की आग... अगले 25 साल के लिए शुभकामनाएं।

यह पहली बार होगा, जब बॉलीवुड की किसी अभिनेत्री के 25 साल पूरे होने पर उसके नाम फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसके पहले अभिनय सम्राट दिलीप कुमार और महानायक अमिताभ बच्चन को इस तरह का ट्रिब्यूट दिया गया है। वर्ष 2022 में दिलीप कुमार की 100वीं बर्थ एनिवर्सरी पर 'हीरो ऑफ हीरोज' नाम से फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। इसके बाद अमिताभ बच्चन के 80वें जन्मदिन पर हेरिटेज फाउंडेशन ने चार दिवसीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया था।

# अनंत चतुर्दशी पर भगवान विष्णु के अनंत रूप की होती है पूजा

**पटना,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। अनंत चतुर्दशी पर भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा की जाती है। भगवान श्रीहरि विष्णु की पूजा अर्चना का पर्व अनंत चतुर्दशी आज मनाया जा रहा है।इसे अनंत चौदस के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि अनंत चतुर्दशी का व्रत रखकर शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजा करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। इस दिन भगवान विष्णु के अनंत रूपों की पूजा की जाती है। लोग व्रत रखते हैं, व्रत कथा पढ़ते हैं और अनंत सूत्र पीला धागा बांधते हैं। जिसमें चौदह गांठे होती हैं। इस दिन व्रत रखने और श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। धन-धान्य, सुख-संपदा और संतान आदि की कामना से यह व्रत किया जाता है। मान्यता है कि अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु ने 14 लोकों की रचना के बाद इसके सरंक्षण और पालन के लिए चौदह रूप में प्रकट हुए थे और अनंत प्रतीत होने लगे थे, इसलिए अनंत चतुर्दशी को 14 लोकों और भगवान विष्णु के 14 रूपों का प्रतीक माना गया है।



- विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ करने से होती हैं सभी मनोकामनाएं पूरी

आचार्य राकेश झा ने बताया,भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी में आज चन्द्रमा कुंभ लग्न से विद्यमान रहेगा। इसी लग्न में आज अनंत चतुर्दशी का व्रत एवं पूजा तथा विश्वकर्मा भगवान की पूजा होगी। आज अनंत भगवान की कथा को सुनकर श्रद्धालु चौदह गांठो वाला अनंत डोर बांधेंगे। अनंत की चौदह गांठे चौदह लोकों का प्रतीक है। अनंत डोर के हर गांठ में भगवान विष्णु के विभिन्न नामों से पूजा की जाती है। पहले अनंत, फिर पुरुषोत्तम, ऋषिकेश, पद्मनाभ, माधव, बैकुंठ, श्रीधर, त्रिविक्रम, मधुसूदन, वामन, केशव, नारायण, दामोदर एवं गोविन्द की पूजा होगी। अनंत की पूजा करने के बाद अनंत सूत्र को पुरुष अपने दाहिने हाथ के बांह पर और स्त्री बाएं हाथ की बांह में बांधेगी। मान्यता है कि अनंत चतुर्दशी पर भगवान विष्णु को खीर का भोग लगाना चाहिए और इसमें तुलसी के पत्ते जरूर डालने चाहिए। जो व्यक्ति व्रत नहीं कर पा रहा है, सिर्फ यह अनंत चतुर्दशी उपाय करने से भी भगवान की कृपा उसे मिलती है और उसकी सारी समस्या दूर कर देते हैं।

अनंत चतुर्दशी व्रत कथा के अनुसार प्राचीन काल में सुमन्तु नाम के ऋषि थे, उनकी शीला नाम की एक बेटी थी। शीला सुशील और गुणी थी। समय आने पर सुमन्तु ऋषि ने उसका विवाह कौण्डिन्यमुनि से कर दिया। भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी को शीला ने अनंत चतुर्दशी का व्रत किया और भगवान अनंत की पूजा करने के बाद अनंतसूत्र अपने बाएं हाथ पर बांध लिया। भगवान अनंत की कृपा से शीला के घर में सुख-समृद्धि आ गई और उसका जीवन सुखमय हो गया।

कालांतर में किसी बात पर कौण्डिन्यमुनि को शीला पर क्रोध आ गया। इससे गुस्साए कौण्डिन्यमुनि ने शीला के हाथ में बंधा अनंतसूत्र तोड़कर आग में डाल दिया। इसके दुष्प्रभाव से उनका सुख-चैन, ऐश्वर्य-समृद्धि, धन-संपत्ति आदि सभी नष्ट हो गए और वे बहुत दु:खी रहने लगे। एक दिन अत्यंत दु:खी होकर कौण्डिन्यमुनि भगवान अनंत की खोज में निकल पड़े। तब भगवान ने उन्हें एक वृद्ध ब्राह्मण के रूप में दर्शन दिए और उनसे अनंत व्रत करने को कहा। कौण्डिन्यमुनि ने विधि-विधान पूर्वक अपनी पत्नी शीला के साथ श्रद्धा और विश्वास से अनंत नारायण की पूजा की और व्रत किया। अनंत व्रत के प्रभाव से उनके अच्छे दिन फिर लौट आए और उनका जीवन सुखमय हो गया। पौराणिक कथा के अनुसार महाभारत काल में जब पांडवों पर कई प्रकार के संकट आने लगे और जुए में सब कुछ हार कर उन्हे जंगल में जाना पड़ा, तब भगवान कृष्ण ने उन्हें अनंत चतुर्दशी का व्रत रखने की सलाह दी थी। भगवान कृष्ण की सलाह को मानकर पांडवों ने अनंत चतुर्दशी का व्रत किया।

# वडनगर : सिर्फ मोदी का जन्मस्थान नहीं, भारत की सांस्कृतिक विरासत के भी होते हैं दर्शन

## म्यूजियम, क्लॉक टावर व आर्ट गैलरी मिलकर दिखवाते हैं वडनगर की तरक्की की कहानी

**वडनगर,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। वडनगर गुजरात के मेहसाना जिला में एक छोटा सा शहर है। यह न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मस्थान है बल्कि यहां भारत की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के भी दर्शन होते हैं। एक ऐसी विरासत जो विविधता से परिपूर्ण है।

वडनगर एक समय व्यापार का केंद्र हुआ करता था। यहां पर सबसे प्रमुख स्थलों में से एक श्री हाटकेश्वर महादेव मंदिर है जो अपनी उत्कृष्ट नक्काशी और वास्तुकला के लिए जाना जाता है। मंदिर का शांत वातावरण और आध्यात्मिक महत्व असंख्य भक्तों को आकर्षित करता है।

हाटकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी निरंजनभाई रावल ने बताया कि यह मंदिर करीब 2200 साल पहले बनाया गया था। साल 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडनगर को पर्यटन क्षेत्र में तब्दील कर दिया था। 19 करोड़ रुपए देकर इस जगह का विकास किया गया है और अभी भी थोड़ा-थोड़ा काम चालू है। हाटकेश्वर महादेव ऐश्वर्य देने वाले हैं। शहर की भागदौड़ से दूर, एक शांत जगह है – शर्मिष्ठा झील। झील के पास ही एक खूबसूरत थीम पार्क है, जो भारतीय शास्त्रीय संगीत के रागों को समर्पित है। झील से थोड़ी ही दूर पर, कीर्ति तोरण है जो वडनगर



के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाने वाला एक अद्भुत वास्तुशिल्प है। 12वीं सदी में चालुक्य वंश के शासनकाल में बना यह तोरण, हिंदू देवी-देवताओं और पौराणिक कथाओं की नक्काशी से सजा हुआ है। गुजरात राज्य पुरातत्व विभाग ने सन् 2000 में खुदाई करके वडनगर में एक बौद्ध मठ के अवशेषों को खोज निकाला था, जो इस बात का संकेत है कि यह नगर बौद्ध धर्म का एक महत्वपूर्ण केंद्र था। 1992 में जब वडनगर में बोधिसत्व की एक मूर्ति मिली, तो इससे इस शहर की पुरातात्विक विरासत और भी उजागर हुई थी। आईआईटी खड़गपुर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, और अन्य संस्थानों के नेतृत्व में हुई खुदाई से इस बात के प्रमाण मिले हैं कि यहां 8वीं शताब्दी ईस्वी की शुरुआत से ही मानव बस्तियां थीं। अभी भी चल रही खुदाई से और भी इतिहास के पन्ने खुल रहे हैं। आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अनिंद्य सरकार बताते हैं कि यहां एक संग्रहालय बनाया जा रहा है, जो इस शहर के 2,500 साल के सांस्कृतिक इतिहास को प्रदर्शित करेगा। इसके अलावा यहां म्यूजियम, क्लॉक टावर और आर्ट गैलरी मिलकर वडनगर की तरक्की की कहानी दिखाते हैं। यहां आने वाले टूरिस्ट वडनगर के शानदार इतिहास और भारत की बड़ी कहानी के बारे में जान पाते हैं। म्यूजियम में अलग-अलग राजाओं और धर्मों के बारे में भी जानकारी मिलती है। एक खास जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन के बारे में भी बताती है। म्यूजियम की गाइड पायल प्रजापति ने बताया कि यहां आर्ट गैलरी में दिखाया गया है कि कौन-कौन से धर्म यहां पर रह चुके हैं। यहां सोलंकी वंश का शासन रह चुका है। मल्हार राग पर जानकारी दी गई है। वडनगर के इतिहास की कई चीजों के साथ पीएम मोदी के बचपन की स्मृतियां पर यहां पर कैद हैं। उन्होंने कैसे अपना बचपन बिताया था। इस तरह से वडनगर न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मस्थान है बल्कि एक ऐसा महत्वपूर्ण शहर भी है जिसकी प्राचीन मंदिर और ऐतिहासिक वास्तुकला इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले पर्यटकों पर अमिट छाप छोड़ते हैं।

रायपुर, बुधवार 18 सितम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री आतिशी

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में अब मुख्यमंत्री पद का दायित्व आतिशी संभालेंगी। 2020 में पहली बार विधायक बनीं आतिशी महज चार सालों में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगी, इसका अनुमान किसी को भी नहीं था, खुद आतिशी ने भी इस पद के बारे में कभी सोचा नहीं होगा। क्योंकि दिल्ली की सत्ता में आम आदमी पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा शुरु से अरविंद केजरीवाल ही रहे हैं, और आगे भी रहेंगे। उनके इस अघोषित दावे को चुनौती देने वाला पार्टी में कोई नहीं है और जिन लोगों को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व और पार्टी पर पकड़ से तकलीफ थी, वे पहले ही अलग हो चुके हैं।

बहरहाल, बीते वक्त में दिल्ली की सियासत में काफी उलटफेर हुई। अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति में कथित घोटाले के आरोप में मार्च 2024 में ईडी ने गिरफ्तार किया, ईडी की गिरफ्तारी में जमानत मिली तो जून में सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। इसी 13 सितंबर को श्री केजरीवाल को फिर जमानत मिली। इसके बाद सभी को अनुमान था कि वे हरियाणा चुनाव के प्रचार में जुटेंगे, लेकिन इससे पहले अपना इस्तीफा देकर उन्होंने सभी को चौंका दिया। अरविंद केजरीवाल के हटने पर मुख्यमंत्री की कुर्सी कौन संभालेगा, इसे लेकर कई नाम सामने आए। सुनीता केजरीवाल का नाम तो था ही, इसके अलावा कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, आतिशी जैसे तमाम मंत्रियों का नाम भी सामने आ रहा था। जिसमें बाजी आतिशी के हाथ लगी। हालांकि आतिशी ने विधायक दल का नेता चुने के बाद साफ कर दिया है कि वे अरविंद केजरीवाल को फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने के लिए काम करेंगी। उन्होंने खुद को बधाई दिए जाने से मना कर दिया कि यह दुख का अवसर है कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद छोड़ रहे हैं।

अब आतिशी बधाई स्वीकार करें या न करें, लेकिन आधिकारिक तौर पर अब उनका नाम देश के मुख्यमंत्रियों की सूची में शामिल हो रहा है। आतिशी देश की महिला मुख्यमंत्रियों की अनूठी सूची में अब दर्ज हो रही हैं। खास बात यह है कि दिल्ली को अब तीसरी महिला मुख्यमंत्री मिली है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री होंगी। देश के तमाम राज्यों में संभवतः दिल्ली की एक ऐसा राज्य है, जिसने तीन-तीन महिला मुख्यमंत्री दी हैं।

दरअसल आतिशी का महिला विधायक होना, उनके मुख्यमंत्री बनने के अनेक कारणों में से एक है। आम आदमी पार्टी से ही राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर मुख्यमंत्री निवास में ही मारपीट और उत्पीड़ित करने का गंभीर आरोप चुनावों के दौरान लगाया था। जिस पर बिभव कुमार गिरफ्तार हुए ही, विरोधियों को आप को महिला विरोधी दल साबित करने का मौका मिल गया। हालांकि आतिशी ने तब भी कहा था कि स्वाति मालीवाल प्रकरण भाजपा की शह पर हुआ है। अब आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर अरविंद केजरीवाल ने आप की महिला विरोधी छवि के दाग को मिटाने की कोशिश की है। इससे पहले 2020 के मंत्रिमंडल गठन में जब श्री केजरीवाल ने आठ महिला विधायकों में एक को भी मंत्री नहीं बनाया था, तब भी इस बात की आलोचना हुई थी। लेकिन अब उन तमाम शिकायतों का जवाब एक साथ दे दिया गया है।

आतिशी का राजनैतिक कद पिछले साल 2023 से एकदम से बढ़ा, जब दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में ही गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली के शिक्षा मंत्री के तौर पर मनीष सिसोदिया ने जितने नए प्रयोग किए और अनूठे फैसले लिए, उन सबमें आतिशी का भी योगदान रहा है। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद उन्हें दिल्ली सरकार में कई और महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिली और मुख्यमंत्री बनने से पहले वे 14 विभाग संभाल रही थीं।

इसके अलावा जब आम आदमी पार्टी में मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल जैसे बड़े नामों को सलाखों के पीछे जाना पड़ा, तब आतिशी पार्टी की आवाज बनकर जनता के बीच उपस्थित होती रहीं। बेशक सौरभ भारद्वाज और गोपाल राय का नाम भी इसमें लिया जा सकता है, लेकिन कई सारे मंत्रालयों को संभालना भी आतिशी के मुख्यमंत्री बनने में मददगार साबित हुआ। आतिशी अरविंद केजरीवाल की भी विश्वासपात्र हैं, यह बात तब और पुख्ता हो गई, जब स्वतंत्रता दिवस समारोह में अरविंद केजरीवाल की तरफ से झंडारोहण के लिए आतिशी का नाम भेजा गया था। हालांकि उपराज्यपाल ने इसके लिए कैलाश गहलोत को चुना। मगर संकेत तभी मिल गए थे कि जरूरत पड़ने पर अरविंद केजरीवाल का उत्तराधिकारी आतिशी ही बनेंगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय और आक्सफोर्ड से उच्च शिक्षा हासिल करने वाली आतिशी भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जुड़ी और फिर आम आदमी पार्टी के गठन के वक्त से उसके साथ हैं। पहले वे अपने नाम के आगे मार्लेना लगाती थीं, जो मार्क्स और लेनिन के नाम के शुरुआती अक्षरों से बना है। यह उपनाम उनकी वामपंथी सोच को प्रदर्शित करता था, लेकिन भाजपा को इसमें पारसी, ईसाई उपनाम की झलक शायद दिखी और इसी को आधार बनाकर भी आतिशी पर हमला किया गया। हालांकि आतिशी ने अपना उपनाम इसलिए हटा लिया कि पहचान बताने में वे वक्त बर्बाद नहीं करना चाहती। जाहिर है आतिशी उच्च शिक्षित, प्रगतिशील विचारों की नेता हैं और सुविधाभोगी जीवन जीने की अपेक्षा उन्होंने जनता के बीच उतरकर काम किया है।

अरविंद केजरीवाल के जेल जाने पर अनशन रखने से लेकर पदयात्रा तक कई काम उन्होंने ऐसे किए हैं, जो सीधे जनता से उन्हें जोड़ते हैं। ऐसे में चुनाव में आम आदमी पार्टी को फायदा हो सकता है। अरविंद केजरीवाल आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने के अपने फैसले को जनता के बीच सही ठहरा सकते हैं।

बाकी भाजपा तो आदतन आम आदमी पार्टी पर आरोप लगा ही रही है। पहले उसने अरविंद केजरीवाल से इस्तीफा मांगा, जब उन्होंने इस्तीफा दिया तो सवाल उठाए कि अभी इस्तीफा क्यों दिया, और अब आतिशी को डमी मुख्यमंत्री, रबर स्टैंप जैसे शब्दों से नवाजना शुरु हो चुका है। लेकिन जिस भाजपा ने गुजरात, उत्तराखंड, हरियाणा, कर्नाटक जैसे राज्यों में बिना किसी कारण के मुख्यमंत्री बदले हों, उसे अब आप पर ऊंगली उठाकर क्या फायदा मिलेगा, यह भाजपा नेता सोचें।

# नाकाम प्रचार तंत्र से उपजी है जुबान काटने की धमकी

अमेरिका से राहुल गांधी लौटे ही हैं कि उनके खिलाफ़ भारतीय जनता पार्टी के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ है। जिस प्रकार से राहुल भाजपा और खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कई मुद्दों को लेकर हमलावर हैं, उससे मोदी के समर्थकों का नाराज़ होना स्वाभाविक है ही, लेकिन जिस तरह की भाषावली का इस्तेमाल भाजपा के विभिन्न नेता राहुल के खिलाफ कर रहे हैं, उसे किसी भी तरह से लोकतंत्र के हित में नहीं कहा जा सकता। तथ्यों का जवाब तथ्यों से दिया जा सकता है; और भाजपा के पास तो बेहतर तथा संगठित प्रचार तंत्र है- सरकारी, भाजपा का आईटी सेल तथा विशालकाय ट्रोल आर्मी। फिर भी अगर भाजपा का कोई नेता राहुल की ज़ुबान काटने वाले को 11 लाख रुपये का ईनाम देने की घोषणा करता है तो समझ लेना चाहिये कि यह सारा ही प्रचार तंत्र ध्वस्त हो गया है। उसी बदहवासी और बौखलाहट में राहुल पर हमले तेज़ हो गये हैं।

भाजपा की परेशानियां तभी से शुरू हो गयी थीं जब सितम्बर, 2022 के पहले हफ्ते में राहुल ने कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की पैदल यात्रा निकाली थी। उसे भाजपा ने न सिर्फ हल्के में लिया था, वरन उसके हुल्लड़ी ग्रुप ने इसका मज़ाक उड़ाया था और कई तरह की बेढंगी बातें भी कही थीं। किसी ने पहले अपनी पार्टी को जोड़ने फिर देश को जोड़ने की सलाह दी थी, तो किसी ने राहुल द्वारा स्वामी विवेकानंद का अपमान करने की बात कही। इन सबसे पार पाते हुए राहुल ने न सिर्फ करीब 4 हजार किलोमीटर नाप दिये बल्कि 14 जनवरी से 16 मार्च, 2023 तक न्याय यात्रा भी सफलतापूर्वक पूरी कर ली। हालांकि पहली यात्रा के बीच ही उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ तगड़ी मोर्चेबन्दी कर ली थी। सड़क मार्ग से होते हुए जब तक वे 17वीं लोकसभा के आखिरी-आखिरी दौर के सत्र में पहुंचे तो जो भाजपा उन्हें हल्के में ले रही थी या उनकी एक खास तरह की छवि भारी-भरकम पैसा फेंककर बना चुकी थी, सतर्क हो गयी। इन यात्राओं में राहुल ने मोदी सरकार के खिलाफ तो विमर्श गढ़ा ही, भाजपा को कई मामलों में पीछे ढकेल दिया। राहुल की इस यात्रा ने कांग्रेस को पुनर्जीवित किया, साथ में विपक्षी गठबन्धन भी बनाया।

भाजपा ने संसद में राहुल और कांग्रेस को लोकतांत्रिक तरीके से नहीं वरन अनैतिक तरीके से नुकसान पहुंचाना शुरू किया। उनके भाषणों के अंश काटे जाते रहे या उनका माइक बन्द किया जाता रहा। उनके खिलाफ कभी प्रवर्तन निदेशालय के मामले में लम्बी पूछताछ कराई गई तो कभी अवमानना का मामला फिर से जिन्दा किया गया। उन सभी बाधाओं से बाहर निकलते हुए राहुल ने पिछले लोकसभा चुनावों में न केवल अपनी पार्टी की ताकत लोकसभा में दोगुनी करके दिखाई वरन एक मजबूत विपक्ष भी मोदी के सामने खड़ा कर दिया। लोकसभा में इस तरह का हश्र हो सकता है, इसका अनुमान भाजपा को पहले से होने लगा था। इसलिये मोदी समेत उनसे सारे नेताओं की ज़ुबान बेहद ज़हरीली हो चली थी। इसी नफ़रती शब्दावली के बल पर मोदी न केवल विपक्ष को अपमानित करते रहे बल्कि अपने भाषणों से ध्रुवीकरण भी करते चले गये। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले हुए छत्तीसगढ़. मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा को मिली बम्पर जीत ने भाजपा के चेहरे पर मुस्कान तो लौटा दी थी और उसे यह आशा हो चली थी कि 2019 से भी उसका बेहतर प्रदर्शन रहेगा। इसी के भरोसे मोदी ने 370 व 400 पार का नारा दिया जो कि अंततः जबरन फुलाया गया गुब्बारा साबित हुआ। भाजपा 303 से 240 पर उतर आई। चुनाव के ऐन पहले इंडिया गठबन्धन को धोखा देने वाले नीतीश कुमार की जनता दल यूनाईटेड के 16 तथा चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देसम पार्टी के 12 सदस्यों ने मोदी को तीसरी बार पीएम की कुर्सी तो दिला दी, लेकिन वह सतत डोल रही है।

ऐसे माहौल में चार राज्यों के होने जा रहे चुनाव खासा महत्व रखते हैं। इसके लिये जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के लिये तो प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है, महाराष्ट्र तथा झारखंड में भी इसी साल चुनाव होंगे। सभी में भाजपा पराजय की कगार पर खड़ी दिखलाई दे रही है। जे एंड के में कांग्रेस का नेशनल कांफ्रेंस से गठबन्धन हुआ है तो वहीं हरियाणा में भी वह आगे चल रही है।



डॉ. दीपक पाचपोर

**चार राज्यों के होने जा रहे चुनाव खासा महत्व रखते हैं। इसके लिये जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के लिये तो प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है, महाराष्ट्र तथा झारखंड में भी इसी साल चुनाव होंगे। सभी में भाजपा पराजय की कगार पर खड़ी दिखलाई दे रही है। जे एंड के में कांग्रेस का नेशनल कांफ्रेंस से गठबन्धन हुआ है तो वहीं हरियाणा में भी वह आगे चल रही है।**

भाजपा के प्रति लोगों की नाराजगी इस कदर है कि वहां 50 से ज्यादा विधायक, पूर्व विधायक, नेता आदि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। महाराष्ट्र में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे ही, वहां भाजपा ने जिस प्रकार से ऑपरेशन लोटस के जरिये उद्धव ठाकरे की सरकार गिराई और शिवसेना तथा नेशनल कांग्रेस पार्टी को तोड़ा, उसके चुनाव चिन्ह छीन लिये, उसके चलते लोगों में भाजपा के प्रति बेकदर नाराज़गी है। ऐसा समझा जाता है कि विधानसभा चुनाव को लेकर भी यहां भाजपा बड़ी परेशानी में है। वह इसलिये भी क्योंकि शिवसेना के एकनाथ शिंदे और एनसीपी के अजित पवार धड़े में कई लोग वापसी की मंशा रखते हैं। एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के भतीजे अजित तो कह चुके हैं कि उन्होंने परिवार को तोड़कर गलती की जिसका उन्हें दुख है।

ऐसे में जब राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर देश में लोकतंत्र की दुर्दशा से लोगों को अवगत करा रहे हैं तो इससे पूरी भाजपा खिसियाई हुई है। देश में धार्मिक आजादी के खतरे के रूप में राहुल ने जो एक उदाहरण के रूप में यह कहा था कि 'पता नहीं कब तक सिखों को पगड़ी पहनने की आज़ादी रहेगी या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे', उसका बतंगड़ बनाने की कोशिश भाजपा ने की। किसी ने राहुल को आतंकी कह दिया तो किसी ने उन्हें खालिस्तान समर्थक, क्योंकि एक खालिस्तानी नेता ने राहुल के बयान को पृथक देश के समर्थन के रूप में देखा। ऐसे ही जब अमेरिका में ही एक भाषण के दौरान राहुल ने कहा कि 'जब तक ज़रूरी है तब तक आरक्षण जारी रहेगा। जब उसके समाप्त करने की आवश्यकता पड़ेगी तब उसके बारे में सोचा जायेगा।' उन्होंने साफ किया कि अभी इसका समय नहीं आया है। इसका भी लाभ लेने की कोशिश भाजपा यह कहकर कर रही है कि राहुल गांधी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। इस क्रम में वह लोगों को भुलाने की भी कोशिश कर रही है कि वह स्वयं तभी से आरक्षण के खिलाफ रही है जब से संविधान लागू हुआ है और आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। दरअसल भाजपा का संविधान और आरक्षण के प्रति प्रेम तब जाग्रत हुआ जब इसी लोकसभा चुनाव में यह विमर्श इतना आगे बढ़ गया था कि लोगों में यह बात घर कर गयी कि भाजपा 400 सीटों का लक्ष्य इसलिये पाना चाहती है क्योंकि उसे संविधान बदलना है। जाहिर है कि संविधान बदलने का उद्देश्य आरक्षण खत्म करना ही माना गया था। यह बात भी भाजपा के कई नेताओं एवं उम्मीदवारों ने कही थी। कांग्रेस समेत इंडिया गठबन्धन ने इसे प्रमुख मुद्दा बनाया। इसके कारण मोदी को सरकार बनाने के लिये दो बैसाखियों का सहारा लेना पड़ गया। भाजपा के पूरे प्रचार तंत्र की नाकामी और सरकार को घुटनों के बल पर लाने वाले राहुल की ज़ुबान काटने वाले को यदि भाजपा का कोई नेता ईनाम घोषित करता है तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिये।

**( लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं )**

# भविष्य के लिए खतरनाक है शासन का 'एनकाउंटर मॉडल'

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में 28 अगस्त को दिनदहाड़े हुई डकैती में शामिल एक आरोपी मंगेश यादव का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया। डकैती के मुख्य आरोपी का नाटकीय ढंग से सरेंडर, तीन के पकड़े जाने और एक आरोपी के एनकाउंटर के बाद पूरे प्रकरण पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मंगेश के परिवार का आरोप है कि पुलिस उन्हें घर से उठा कर ले गई थी। दो दिन कस्टडी में रखा और फिर मार दिया।

प्रदेश में जबसे भाजपा सरकार आई है, गर्वनेंस में एक 'गन कल्चर' शुरू हुआ है। इसे आप भाजपा का 'ठोंक दो' मॉडल कह सकते हैं। आप आए दिन मुख्यमंत्री के मुंह से 'मिट्टी में मिला दूंगा' जैसे हिंसक और गैरकानूनी जुमले सुन सकते हैं। इसका नतीजा प्रदेश में ताबड़तोड़ एनकाउंटर के रूप में सामने है, जिसपर सवाल ही सवाल हैं।

20 मार्च, 2017 से सितंबर, 2024 के बीच एनकाउंटर में कुल 207 अपराधी मारे गए और 17 पुलिसकर्मियों की भी मौत हुई। लगभग सात सालों की इस अवधि में यूपी पुलिस ने कुल 12964 एनकाउंटर किए। यानी प्रदेश में हर दिन औसतन 5 से ज्यादा एनकाउंटर की घटनाएं हो रही हैं और औसतन हर 13 दिन में एनकाउंटर के माध्यम से एक हत्या हो रही है।

अगर इन आंकड़ों को जातीय आधार पर देखें तो इनमें 67 मुस्लिम, 20 ब्राह्मण, 18 ठाकुर, 17 जाट और गुर्जर, 16 यादव, 14 दलित, 3 ट्राइब्स, 2 सिख, 8 अन्य ओबीसी और 42 अन्य जातियों के लोग शामिल हैं। इनमें लगभग 80प्रतिशत संख्या अल्पसंख्यक, खासकर मुस्लिमों और दलित पिछड़ों की है जो इस आरोप को बल देती है कि यूपी में जाति-धर्म के आधार पर, अमानवीय ढंग से राजनीतिक मकसद से एनकाउंटर किये जा रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल लगातार हो रहे एनकाउंटर के मकसद पर है। क्या इससे कानून व्यवस्था बेहतर हुई है? एनकाउंटर का सीधा मतलब है कि अपराधी ने पुलिस पर गोली चलाई और पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। आंकड़ों से स्पष्ट है कि हर दिन कम से कम 5 मामलों में अपराधी पुलिस पर गोलियां चला रहे हैं और बदले में पुलिस गोलियां चला रही है? इसी एक तथ्य से 'यूपी में अपराधी थर-थर कांपते हैं' जैसे जुमलों और कानून-व्यवस्था की पोल खुल जाती है।

दूसरे, अगर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े देखें तो अपहरण, हत्या, रेप और महिलाओं के खिलाफ अपराध और गैंगरेप के मामलों में भी यूपी देश में सबसे ऊपर है। हिरासत में मौतें और एनकाउंटर के मामलों में भी यूपी सबसे ऊपर है।

कैसी विडंबना है कि देश के सबसे बड़े प्रदेश में बढ़ते अपराधों को नियंत्रित करने के लिए वही तरीका अपनाया जा रहा है जो अपराधी अपनाते हैं। कभी इसके तह में जाने की कोई बात नहीं होती कि आखिर युवा अपराध की तरफ क्यों मुड़ रहे हैं? क्योंकि प्रदेश में भयंकर बेरोजगारी है। यूपी का सिस्टम बंद पड़ा है। नेता-अधिकारी-ठेकेदार-दलाल गठजोड़ प्रदेश के संभावना पर ही कुंडली मारकर बैठा हुआ है। शिक्षा का स्तर बदतर है। भविष्य की कोई आशा नहीं है और किसी के हाथ में कोई काम नहीं है। एक गंभीर बीमारी, कोई दुर्घटना या शादी-विवाह का आयोजन जाने कितने परिवारों को कर्ज और गरीबी के दुश्चक्र में धकेल देता है।

अगर तमिलनाडु जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्य से यूपी की तुलना करें तो जनसंख्या की दृष्टि से यूपी तीन गुना बड़ा राज्य है। लेकिन तमिलनाडु का सकल राज्य घरेलू उत्पाद यूपी से ज्यादा है। वित्त वर्ष 2023-24 में यूपी का सकल राज्य घरेलू उत्पाद, 24.39 लाख करोड़ और तमिलनाडु का 28.3 लाख करोड़ है।

दो दशक पहले, 2004-2005 के आंकड़े देखें तो यूपी की अर्थव्यवस्था का आकार तमिलनाडु की तुलना में 19 प्रतिशत ज्यादा था। यह स्थिति 2013-2014 तक बनी हुई थी। इसके बाद यूपी की अर्थव्यवस्था गिरनी शुरू हुई और आज तमिलनाडु से पीछे है। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार, 2023 में तमिलनाडु की प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 75 हजार रही, जबकि यूपी की प्रति व्यक्ति आय मात्र 84 हजार रही।

इन तथ्यों से पता चलता है कि यूपी कहां खड़ा है। प्रदेश में जितने पारंपरिक व्यवसाय और उद्योग थे, मसलन- लकड़ी, होज़री, कपड़े, स्टील, चमड़ा, कांच, ताला, बुनकरी, हस्तशिल्प, बर्तन, आदि सब साल-दर-साल ढलान की ओर हैं। पिछले 30-40 सालों में आबादी के हिसाब से न तो उद्योग बढ़े, न नौकरियां-रोजगार बढ़े और न शिक्षा का स्तर बढ़ा। नोटबंदी और कोविड महामारी के दौरान जो नीतिनिर्मित आर्थिक तबाही आई, उससे यूपी भी अछूता नहीं रहा।

आज उत्तर प्रदेश आईटी, विनिर्माण या ऑटोमोबाइल का केंद्र होने की बजाय सस्ते श्रम का कारख़ाना है जहां के मजदूरों की मार्मिक कथाएं पूरे देश और दुनिया में बिखरी हुई हैं। भविष्य के लिए कोई तैयारी नहीं की गई। न खेती किसानी में नवोन्मेष लाया गया, न ही स्किल और गुणवत्ता बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया, न वस्तुओं के उत्पादन पर। जाति-धर्म और दिखावे की चाशनी में लिपटी उप्र की राजनीति मूर्तियों, पार्कों, मंदिरों-मस्जिदों और रिवरफ्रंटो-कॉरिडोरों की सीमित दिखावटी सोच के आगे न जा सकी। अपनी कुर्सी बचाने और येन केन प्रकारेण अगला चुनाव भर जीत लेने की सोच ने यूपी के भविष्य निर्माण की योजना पर ही ग्रहण लगा दिया। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि पिछले तीस वर्षों में प्रदेश के अंदर लगभग 30 नई राजनीतिक पार्टियों का तो गठन हुआ लेकिन वाक़ई 'बड़ी' कही जा सकने वाली एकमात्र औद्योगिक इकाई का नहीं!



संदीप सिंह

**आज उत्तर प्रदेश आईटी, विनिर्माण या ऑटोमोबाइल का केंद्र होने की बजाय सस्ते श्रम का कारख़ाना है जहां के मजदूरों की मार्मिक कथाएं पूरे देश और दुनिया में बिखरी हुई हैं। भविष्य के लिए कोई तैयारी नहीं की गई। न खेती किसानी में नवोन्मेष लाया गया, न ही स्किल और गुणवत्ता बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया, न वस्तुओं के उत्पादन पर।**

सवाल है कि यूपी के युवाओं को दृष्टिहीन, दिशाहीन राजनीति, और लगभग आपराधिक हो चुकी अराजक कानून-व्यवस्था से क्या मिल रहा है? छह साल में दस हजार से ज्यादा एनकाउंटर करने वाली सरकार प्रदेश के युवाओं को छह लाख नौकरी भी नहीं दे पाई। जिस प्रदेश में युवाओं के पास कोई काम नहीं, कोई लक्ष्य नहीं, वे किधर जाएंगे? क्या यूपी के युवाओं के लिए भाजपा सरकार के पास कोई विजन है कि वह 25 करोड़ लोगों को कैसा भविष्य देना चाहती है?

धड़ाधड़ हो रहे एनकाउंटर का लक्ष्य असल में अपराध रोकना नहीं है। इसका लक्ष्य एक खास तरह के सामाजिक, राजनीतिक और जातीय वर्चस्व को कायम करना है। लेकिन सोचने की बात ये है कि कल को कोई दूसरा सत्ता में आए और राजनीतिक रतौंधी की यह परिपाटी जारी रखते हुए बदले की कार्रवाई को ही नीति बना ले तो कितनी मांओं की गोद फिर सूनी होंगी? बीजेपी के द्वारा ख़ास समूहों पर की जा रही अति कल उनपर वापस भी हो सकती है- इसी को एक्शन का रिएक्शन कहा जाता है। वर्चस्व और अहंकार की इस लड़ाई में पूरे प्रदेश को आग में झोंका जा रहा है। आज भी गरीब जनता शिकार बन रही है, कल भी इसके शिकार गरीब ही होंगे।

प्रशासन के 'गन कल्चर' और 'ठोंक दो' नीति से किसी समस्या का समाधान संभव नहीं है। अपराध गोली चलाने से नहीं, कानून के इकबाल से रुकते हैं। यूपी में 'गन' का नहीं कानून का शासन बहाल किए जाने की जरूरत है।

**( लेखक कांग्रेस से जुड़े हैं। वे जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष रह चुके हैं।**

## आपके पत्र

### देश की प्रतिभाएं देश के ही काम आएं

शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं, इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है। इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है। इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है। भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा, तक्षशिला, शांति निकेतन और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वहीं भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल-सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें। अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है। मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से आपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी-लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है। भारत में 12 से 14 ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम ख़र्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं। भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो, पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है। यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाएं, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें।

असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी-मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं। इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को न होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती हैं। इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

# एकालाप बनाम संवाद

*'प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के विचारों को जानने की प्रारंभिक उत्सुकता जन-मन में हो सकती है। नएपन का कौतूहल उसके साथ जुड़ा होता है। किन्तु यदि संदेश में कोई नई बात न हो, उसमें अगर घिसे-पिटे वायदे ही दोहराए जाएं तो सुनने वाले जल्दी ही उकताने लगेंगे। यह एक ऐसी सच्चाई है जिस पर सत्ताधीशों के मीडिया प्रबंधकों को ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्हें इसके लिए खासे परिश्रम और कल्पनाशीलता की दरकार होगी कि हर माह वे इस एकालाप में किसी नए रस का संचार कर सकें।*

*मुझे प्रधानमंत्री जो अपने मन की बात करते हैं उसे लेकर कुछ अधिक शंका होती है। यह तो जनता पिछले कई वर्षों से देख रही है कि नरेन्द्र मोदी को भाषण देना अतिप्रिय है। वे एक सधे हुए अभिनेता की भांति स्वराघातों व भाव मुद्राओं का प्रयोग कर जब कोई बात करते हैं तो श्रोताओं से एक बड़े वर्ग को अपने साथ बहाकर ले जाते हैं। लेकिन यह आश्चर्य की बात है कि उन्हें जनता के साथ संवाद याने दोतरफा बातचीत करते हुए लगभग नहीं के बराबर देखा गया है। वे जब आमसभाएं करते हैं तब श्रोताओं से अपनी बात के समर्थन में हुंकारा भरवाते हैं, किन्तु याद नहीं आता कि उन्होंने आमने-सामने कभी लोगों से बातचीत की हो। इसका यह अर्थ होता है कि जनता क्या सोच रही है इसे वे अपने प्रत्यक्ष अनुभव से नहीं जान पाते। उनके गुप्तचर जो सूचनाएं देते हैं उनके आधार पर ही वे अपने एकालाप की तैयारी करते होंगे।'*

**( देशबन्धु में 17 सितम्बर 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/09/blog-post_16.html

## पावन प्रसंग

# पुस्तकालय भी एक देवालय

ज्ञान संवर्द्धन की उत्कट अभिलाषा ने ही मानवीय विकास का द्वार खोला है। मानव सृष्टि के प्रारंभ में ही ज्ञान प्राप्त करने की जिज्ञासा पैदा हुई। प्राचीन युग में प्राप्त ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाने तथा संरक्षण प्रदान की जिम्मेदारी गुरु संभालते थे। पीछे कुल गोत्र के आर्विभाव के साथ पाठ्य संरक्षण के रूप में पुस्तकालय का उदय हुआ। ज्ञान के संचित भंडार पुस्तकालय कहलाए। मौखिक प्राप्त ज्ञान की सुरक्षा पुस्तकों से ही संभव है? हमारी पुस्तकें महापुरुषों के चिंतन एवं मनन की उपज हैं। साहित्य की सुरक्षा पुस्तकालय द्वारा होती है।

किसी भी देश की संस्कृति एवं सभ्यता का मापदंड वहां का साहित्य है। प्राचीन भारत में तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला एवं औदंतपुरी के पुस्तकालय ज्ञान-विज्ञान के केंद्र थे, जहां विश्व के कोने कोने से लोग आकर ज्ञान प्राप्त करते थे। यही कारण था कि भारत को जगत गुरु की प्रतिष्ठा प्राप्त थी। नैतिक एवं आध्यात्मिक प्रगति का आधार हमारा पुस्तकालय है। समय के अनुरूप ज्ञान भंडार से उपयोगी सामग्रियों को लेकर आगे बढ़ सकते हैं, उसमें पुस्तकालय का महत्वपूर्ण सहयोग है। विज्ञान और टैक्नालॉजी के क्षेत्र में रूस बहुत आगे बढ़ा है। इसका सारा श्रेय वहां के पुस्तकालयों का है। संसार में सहसे अधिक लोक-पुस्तकालय रूस में हैं।

पुस्तकालयों में हम पुर्वजों एवं महामानवों के दर्शन कर सकते हैं। भौतिक शरीर के रूप में नहीं,बल्कि विचार के रूप में हजारों वर्ष बाद आज भी उसी रूप में वे हमें मिलेंगे। चार्ल्स किंगजली ने कहा है-'वे मानव जो कभी इस लोक में थे और हमसे हजारों मील दूर थे, नि छोटे-छोटे पृष्ठों में हमसे बोलते हैं। हमें जगाते हैं। हमें आश्वासन देते हैं एवं बंधु सदृश हमारे सम्मुख अपना हृदय खोल देते हैं।'

पुस्तकालय हमारे मार्गदर्शक एवं प्रेरणा का केंद्रस्थल हैं। वहां जाने से हमें प्रेरणा मिलती है तथा लगता है कि कोई हमें लक्ष्य की ओर चसने के लिए इंगित कर रहा है। लक्ष्य के अभाव में हम अपने अनमोल जीवन को खो न दें, इसका दिशाबोध पुस्तकालय कराता है। पुस्तकालय हमारा गुरु है, जो अंधकार को दूर कर प्रकाश भर देता है। ज्ञान के अभाव का नाम अज्ञान है। प्रकाश का न रहना ही अंधकार है। गुरु की कृपा की तरह पुस्तकालय भी हममें प्रकाश भरकर देता है। पुस्तकालय आध्यात्मिक एवं राष्ट्रीय एकता को कायम रखने में सहायक होते हैं। राष्ट्र प्रेम एवं विश्व प्रेम का पाठ पुस्तकालयों में पढ़ा जाता है। गेटे, शेक्सपीयर, गोर्की एवं शैली हमारे आत्मीय जैसे लगते हैं। ऋषियों की वाणी अमृत बरसाती मिलती है तथा वहां राष्ट्र प्रेम की वंशी सुनाई पड़ती है। सामाजिक चेतना एवं पुनर्जागरण में नवचेतना का समावेश पुस्तकालयों के माध्यम से हो सकता है। समय के सदुपयोग एवं मनोरंजन का माध्यम पुस्तकालय है। रंग-बिरंगी पुस्तकों के साथ हमारा मनोरंजन हो सकता है। मिलन मंदिर के रूप में आपस में मेल-मिलाप कर मन को हलका कर सकते हैं। अवकाश के क्षणों में पुस्तकालय का उपयोग लाभदायक है। सिनेमा, टीवी जैसे समय बर्बाद करने वाले माध्यम से लोगों का ध्यान पुस्तकालय ही मोड़ सकता है।

**युग निर्माण योजन**

# देश विदेश

## अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के निदेशक ने एजेंसी की थपथपाई पीठ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सर्वोच्च स्तर की सुरक्षा मिली हुई है। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कार्यवाहक निदेशक रोनाल्ड रोवे ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति पर कथित हत्या के प्रयास को विफल करने का श्रेय एजेंसी को दिया। रोवे ने कहा कि वह व्यक्ति, जो पूर्व राष्ट्रपति को देख नहीं पाया था, घटनास्थल से भाग गया। उसने हमारे एजेंटों पर कोई गोली नहीं चलाई । गोलीबारी की सूचना मिलने पर, पूर्व राष्ट्रपति के करीबी सुरक्षा दल ने राष्ट्रपति को तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। यह टिप्पणी दो महीने में ट्रंप पर दूसरी बार हुए हत्या के प्रयास के बाद आई है। आरोपी 58 वर्षीय रयान वेस्ले राउथ ने फ्लोरिडा के उस मैदान में अपनी राइफल झाड़ियों में छिपा कर रखी थी।

# शायद भगवान चाहते हैं, मैं अमेरिका को बचाऊं: डोनाल्ड ट्रंप

**न्यूयॉर्क,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जान लेने की रविवार को दूसरी कोशिश की गई। उन्होंने सोमवार को पहली बार सार्वजनिक तौर पर इस बारे में बात की। कहा, शायद भगवान चाहते हैं कि मैं इस देश को बचाऊं। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने बताया कि उन्हें गोल्फ खेलने के दौरान अचानक गोलियों की आवाज सुनाई दी लेकिन वे समझ नहीं पाए कि क्या हुआ? उन्होंने कहा कि सीक्रेट सर्विस ने उन्हें गोल्फ कार्ट में डालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।



ट्रंप ने कहा कि मैं अपने कुछ दोस्तों के साथ गोल्फ खेल रहा था, यह रविवार की सुबह थी और बहुत शांतिपूर्ण, सुंदर मौसम था, अचानक हमने हवा में गोलियां चलने की आवाज सुनी। उन्होंने बताया कि लगभग चार या पांच गोलियां चलीं लेकिन मैं कुछ समझ नहीं पाया। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि सीक्रेट सर्विस को तुरंत पता चल गया कि यह गोलियां थीं और उन्होंने मुझे पकड़ लिया। ट्रंप ने यह जानकारी सोमवार को एक्स स्पेसेस पर एक ऑनलाइन इंटरव्यू में दी।

### सत्ता में आने पर चीन के साथ 'रिश्ते अच्छे बनाएंगे : ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यदि वह दोबारा सत्ता में आते हैं तो चीन के साथ रिश्ते अच्छे होंगे, और उन्हें नहीं लगता कि रूस तथा उस जैसे कुछ अन्य देश दुश्मन हैं, जैसा कि मौजूदा राष्ट्रपति बाइडेन का प्रशासन मानता है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप ने सोमवार को एक्स पर एक ऑनलाइन साक्षात्कार के दौरान कहा कि मुझे लगता है कि चीन के साथ हमारे रिश्ते बहुत अच्छे रहेंगे।हालांकि यह भी सच्चाई है कि उन्होंने हाल ही में अपने मौजूदा अभियान के दौरान चीन से आयात पर 60 प्रतिशत या उससे अधिक का टैरिफ लगाने की धमकी दी थी।

### मुझ पर हमले की वजह बाइडेन और हैरिस की 'भड़काऊ बयानबाजी' : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन पर हुए दूसरे हमले के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की 'भड़काऊ बयानबाजी' जिम्मेदार है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने सोमवार को कहा कि संदिग्ध बंदूकधारी ने डेमोक्रेट्स की 'अत्यधिक भड़काऊ भाषा' से प्रेरित होकर 'कार्रवाई' की। राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार की यह तीखी टिप्पणी फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच स्थित इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में हुए हमले के एक दिन बाद आई। उन पर हमला तब हुआ जब वह गोल्फ खेल रहे थे। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि संदिग्ध ने बाइडेन और हैरिस की बयानबाजी पर विश्वास किया और उसके मुताबिक काम किया। यह बात उन्होंने फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान कही। ट्रंप ने कहा कि उनकी बयानबाजी के कारण मुझ पर गोली चलाई गई, जबकि मैं देश को बचाने वाला हूं और वे देश को नष्ट कर रहे हैं। फॉक्स न्यूज डिजिटल के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति का इशारा बाइडेन और हैरिस के उन बयानों की तरफ था, जिनमें ट्रंप को 'लोकतंत्र के लिए खतरा' बताया गया था। राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार ने बाइडेन और हैरिस को %असली खतरा% बताया। उन्होंने कहा कि मैं भी उनकी तरह भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल कर सकता हूं, लेकिन नहीं करता। वहीं, राष्ट्रपति पद की डेमोक्रिटक उम्मीदवार हैरिस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझे खुशी है कि वह सुरक्षित हैं। अमेरिका में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

## प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने मोदी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पीएम मोदी के 74वें जन्मदिन पर खास मैसेज लिखा। जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि इटली और भारत के बीच दोस्ती और सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे। जॉर्जिया मेलोनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए लिखा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं, मुझे यकीन है कि हम इटली और भारत के बीच अपनी दोस्ती और सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे, ताकि हमारे सामने आने वाली वैश्विक चुनौतियों का मिलकर सामना किया जा सके।



सोशल मीडिया पर जॉर्जिया मेलोनी का यह पोस्ट वायरल हो गया, जिस पर यूजर्स अपनी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। इससे पहले इटली के अपुलीया में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और जॉर्जिया मेलोनी का सेल्फी लेते हुए वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दोनों नेता हंसते हुए नजर आए थे। नरेंद्र दामोदर दास मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर में हुआ था। उन्होंने लगातार तीन कार्यकाल (2001-14) तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। अब, वह रिकॉर्ड तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई देते हुए एक्स पोस्ट पर लिखा कि आपने अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बल पर असाधारण नेतृत्व प्रदान किया है।

## सुडोकू 6680

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | 8 | | 3 | 2 | | |
| 4 | 2 | | 9 | 1 | | | 8 | |
| 7 | | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | | | | 8 | | | | 9 |
| 6 | 1 | 8 | | | | 4 | 5 | 2 |
| 3 | | | | 5 | | | | |
| | | | | 3 | 5 | 6 | | 8 |
| | 3 | | | 6 | 8 | | 2 | 1 |
| | | 1 | 2 | | 9 | 3 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 18 सितम्बर, 2024 आश्विन कृष्ण पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

वृषभ - आज कोई पुरानी चिंता दूर हो सकेगी। शारीरिक रूप से भी आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष का अनुभव होगा। व्यवसाय में आपको यश मिलेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। स्वास्थ्य में भी कुछ उतार-चढ़ाव होगा। व्यापार में पार्टनर के साथ मतभेद हो सकते हैं। धन का व्यय अधिक होगा। संतान की चिंता सताएगी।

कर्क - आज मन को शांत रखकर ईश्वर के नाम का स्मरण करें। इससे एकाग्र होने में दिक्कत नहीं आएगी। गुस्से को वश में रखें। नेगेटिव विचार आपको परेशान कर सकते हैं। धन की तंगी रहेगी। फिर भी दोपहर के बाद आप प्रसन्न रहेंगे।

सिंह - आज आपको मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध होंगे। इससे आप मित्रों और स्नेहीजनों के साथ खुशी महसूस करेंगे। पर्यटन की संभावना है। दोपहर के बाद मानसिक रूप से आप थका हुआ महसूस करेंगे।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक है। काम में सफलता मिलने से आज आप आनंदित रहेंगे। आपका यश बढ़ेगा। परिवार का वातावरण अनुकूल रहेगा।

तुला - लेखनकार्य और साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। किसी चर्चा में भाग ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपने टैलेंट की बदौलत कुछ अच्छा काम कर पाएंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें। अपने इमोशन पर नियंत्रण रखें। वित्तीय मामलों में लाभ की आशा रख सकते हैं। वस्त्र-आभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधनों के मामले में खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

धनु - आज मन की कोई चिंता दूर होने से आप काफी हलकापन महसूस करेंगे। परिजनों के साथ किसी खास पारिवारिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। मित्रों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी और विरोधी के समक्ष विजय होगी।

मकर - आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कामों पर धन खर्च होगा। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण सौहार्दपूर्ण नहीं रहेगा। ऑफिस में काम में मन नहीं लगेगा। दोपहर के बाद आप का मन चिंता से मुक्त रहेगा।

कुंभ - आज सांसारिक विषयों की बजाए आध्यात्मिक विषयों की तरफ आप का झुकाव अधिक रहेगा।किसी नेगेटिव भावनाओं को महत्व न देकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रयत्न करें।

मीन - धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय आज सावधानी रखें। किसी के भी काम में जल्दबाज़ी करने से विघ्न आ सकता है। कोर्ट कचहरी की बातों में संभलकर चलने की सलाह आपको दी जाती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अजरबैजान के राष्ट्रपति और अमेरिकी विदेश मंत्री के बीच शांति समेत कई मुद्दों पर बातचीत

**बाकू,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच शांति प्रयासों बारे में बातचीत की। दोनों नेताओं ने आगामी सीओपी29 जलवायु



सम्मेलन को लेकर भी चर्चा की। यह जानकारी अजरबैजान के राष्ट्रपति की प्रेस सर्विस ने दी। इस दौरान ब्लिंकन ने बॉर्डर डिलिमिटेशन पर 30 अगस्त के रेगुलेशन सहित हाल के घटनाक्रम की तारीफ की। उन्होंने क्षेत्र में स्थायी शांति के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धताओं को दोहराया। अलीयेव ने इस बात पर जोर दिया कि शांति पहले ही स्थापित हो चुकी है। उन्होंने इसका श्रेय अजरबैजान की कोशिशों को दिया। अजरबैजान के राष्ट्रपति ने ओएससीई मिंस्क ग्रुप को भंग करने की अपील की, जिसे वह पुराना समझते हैं। टेलीफोन वार्ता में सीओपी29 की मेजबानी में अजरबैजान की भूमिका पर भी चर्चा हुई। इस मुद्दे पर ब्लिंकन ने अमेरिका का समर्थन व्यक्त किया और द्विपक्षीय सहयोग की तारीफ की।

## पश्चिमी देशों के रवैए से मध्य पूर्व में स्थिरता पर गंभीर असर : अरब लीग प्रमुख

**काहिरा,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। अरब लीग (एएल) के महासचिव अहमद अबुल-घीत ने चेतावनी दी है कि गाजा संघर्ष के प्रति पश्चिम का 'सहनशील' रवैया मध्य पूर्व की स्थिरता पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। एएल के एक बयान के अनुसार अबुल-घीत ने यह टिप्पणी सोमवार को काहिरा में मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक टोर वेनेसलैंड के साथ बैठक के दौरान की। अधिकारियों ने गाजा और पश्चिमी तट के घटनाक्रम पर चर्चा की। उन्होंने संघर्ष के क्षेत्रीय प्रभाव और लेबनान मोर्चे पर भी ध्यान केंद्रित किया। वे फिलिस्तीनी क्षेत्रों पर इजरायली के कब्जे के समाधान के लिए राजनीतिक प्रक्रिया के साथ-साथ मानवीय प्रयासों की आवश्यकता पर सहमत हुए। बैठक में दो-राज्य समाधान के लिए भविष्य में उठाए जाने वाले कूटनीतिक कदमों पर भी चर्चा हुई। अबुल-घीत ने जोर देकर कहा कि सभी मोर्चों पर, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में राजनीतिक कार्य जारी रहना चाहिए। 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने इजरायल में बड़ा हमला किया था। इसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और करीब 250 का अपहरण किया गया था। इसके बाद इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी और गाजा पट्टी में सैन्य ऑपरेशन शुरू किया। इजरायली हमलों में गाजा में बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ है। इजरायली सेना की कार्रवाई अभी भी जारी है। इजरायल का कहना है कि हमास को खत्म करने तक ऑपरेशन जारी रहेगा।



■ बैठक में दो-राज्य समाधान के लिए भविष्य में उठाए जाने

## सिएरा लियोन: सात मंजिला इमारत ढहने से 8 लोगों की मौत

**फ्रीटाउन,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। सिएरा लियोन की राजधानी फ्रीटाउन में एक सात मंजिला इमारत के ढहने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। इसकी पुष्टि सिएरा लियोन की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (एनडीएमए) ने की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, एनडीएमए ने कहा कि मलबे से छह लोगों को बचा लिया गया। वहीं कई लोग अभी भी मलबे के नीचे फंसे हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इमारत का इस्तेमाल आवासीय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाता था। एनडीएमए और अन्य भागीदार ढही हुई इमारत के नीचे फंसे अधिक से अधिक पीड़ितों को निकालने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। एनडीएमए अधिकारियों ने आपदा के कारणों की जांच शुरू कर दी है। एनडीएमए की महानिदेशक ब्रिमा सेसे ने अयोग्य ठेकेदारों और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल से जुड़े जोखिमों के बारे में जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए एजेंसी की प्रतिबद्धता की पुन:

## वर्ग पहेली 6680

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. समय सारिणी (टाईम टेबल)
४. तकलीफदेह
६. किसी वस्तु का टूटा हुआ भाग
७. राजा, हुकूमत करने वाला
८. परखने वाला, जांचने वाला, रवैया, रीति-रिवाज
११. शाश्वत, सत्य, नित्य, अनादि, प्राचीन
१३. सुबह, भोर
१४. सशक्त, तीव्र
१५. दोष, ऐब, बुराई
१७. टिकना, ठहरना, स्थायी रूप से निवास करना
१९. समूह, संघ, दल, सभा समिति विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघहित संस्था, एकत्र होना
२१. पानी में पैदा होने वाला
२२. नकल उतारने वाला (उर्दू)
२४. नकार देने या हुंकार करने योग्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. वह स्थान जहां से यंत्रों आदि की सहायता से ग्रहों आदि का पर्यवेक्षण किया जाता है
२. अशक्त होना, विवश होना (मुहावरा)
३. कड़वी और अप्रिय बात
४. कठोरता,
५. आंखों के सामने
९. कतराना, बचकर किनारे से निकल जाना (मुहावरा)
११. प्राणवान, जानदार
१२. युवक, जवान
१३. मांग, चाह, इच्छा (उर्दू)
१४. मूर्ति
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अदद, अत्यावश्यक
१६. पूज्य, पुरुष, बड़ा, बुजुर्ग
१८. कामयाब
१९. विहान, भोर
२०. जन्मदाता
२३. चित्कार (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6679

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वी | णा | २ वा | दि | ३ नी | ■ | ४ सु | धा | ५ र | ना |
| रां | ■ | ष्पी | ■ | ६ ल | श्क | र | ■ | ई | ■ |
| ७ ग | तां | क | ■ | ग | ■ | ८ बा | ल | स | ९ खा |
| ना | ■ | र | ■ | १० ग | म | ला | ■ | ■ | द्य |
| ■ | ११ प्र | ण | १२ य | न | ■ | ■ | १३ सं | क्षे | प |
| ■ | सि | ■ | व | ■ | १४ अ | रू | चि | ■ | दा |
| १५ वृ | द्ध | १६ ज | न | ■ | पि | ■ | १७ त | १८ द | र्थ |
| त्ति | ■ | ला | ■ | १९ कौ | तु | २० क | ■ | र्श | ■ |
| २१ क | र्क | शा | ■ | र | ■ | २२ ठि | ठ | क | २३ ना |
| र | ■ | २४ य | श | व | र्द्ध | न | ■ | ■ | थ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1180-फिलिप अगुस्टस फ्रांस का राजा बना।
1615-इंग्लैंड के राजा जेम्स प्रथम के एंबेसडर थामस रॉ जहाँगीर से मिलने सूरत पहुँचा।
1803-अंग्रेजों ने ओडिशा के पुरी पर कब्ज़ा किया।
1809-लंदन में रॉयल ऑपेरा हाउस खुला।
1851-न्यूयार्क टाइम्स अख़बार ने प्रकाशन शुरू किया।
1906-भारतीय हास्य कवि काका हाथरसी का जन्म।
1922-हंगरी लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।
1926-अमेरिका के मियामी में चक्रवाती तूफान से 250 लोगों की मौत।
1950-हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री शबाना आज़मी का जन्म।
1957-लोकसभा की प्रथम महिला महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव का जन्म।
1958-भारत रत्न सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवी और शिक्षा शास्त्री भगवान दास का निधन।
1967-नागालैंड ने अंग्रेज़ी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया।
1986-मुम्बई से पहली बार महिला चालकों ने जेट विमान उड़ाया।
1987-अमेरिका और सोवियत संघ ने मध्यम दूरी के मिसाइल को हटाने के लिये हस्ताक्षर किये।
1988-बर्मा ने अपना संविधान रद्द किया।
1997-अमेरिका ने 'होलोग' नाम से भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1998-अमेरिका के ऊपर संयुक्त राष्ट्र का एक अरब डॉलर बकाये की घोषणा।
2002-मराठी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार शिवाजी सावंत का निधन।
2003-ढाका-अगरतला बस सेवा शुरू।
2006-रूसी राकेट सोयूज अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**छत्तीसगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन...**

हाइड्रोजन आदि में निवेश के लिये निवेशकों को आमंत्रित किया गया।

निवेशकों को जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ राज्य के पूरे ग्रामीण परिदृश्य में बायोमास जैसे कि कृषि अपशिष्ट, डेयरी उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट, फल एवं सब्जी बाजारों के अपशिष्ट, गोबर की बहुतायत है, जिसका उपयुक्त तकनीक से प्रसंस्करण कर वृहद पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनायें हैं। यह प्रयास सफल होने पर राज्य में संचालित वृहद स्टील उद्योगों, खादय प्रसंस्करण इकाईयों, फर्टीलाईजर इकाई में ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग इन्डस्ट्रीयल एप्लीकेशन के रूप में किया जाएगा। इस तरह राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन वर्ष 2030 के लक्ष्य 05 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन की दिशा में छत्तीसगढ़ का अहम् योगदान निश्चित होगा तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी।

सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी निवशकों को आश्वस्त किया कि राज्य की नवीन औद्योगिक नीति 2024-29 में हरित अर्थव्यवस्था के निर्माण हेतु निवेशकों को यथासंभव प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही राज्य में रोजगार के नवीन अवसर भी सृजित होंगे।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आवासहीन...**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने आवास निर्माण के लिए चयनित हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित करते हुए हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि समाज के गरीब और कमजोर तबके के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है। 10 सालों में हमने इस लक्ष्य को हासिल करने में शानदार सफलता अर्जित की हैं। इस मौके पर 23 हजार से अधिक शहरी परिवारों को उनके निर्मित आवासों की चाबी, आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र, द्वार तोरण, पूजा सामग्री प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन और दूसरी ओर प्रदेश के लाखों लोगों के आवास का सपने साकार हो रहा हैं। इसके लिए हम प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। लाभार्थियों का हमने पांव धोकर स्वागत किया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान आम आदमी की सबसे बुनियादी आवश्यकताएं हैं, लेकिन आज़ादी के कई दशक बाद भी देश के करोड़ों नागरिकों के पास स्वयं का मकान नहीं हैं। आवासहीन परिवारों के मकान के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पूरा किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पूरे देश में 32 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, उनमें से लगभग 30 फीसदी आवास छत्तीसगढ़ को मिला है। यह राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री बनने के बाद हमने सबसे पहला काम 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी थी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख 11 हज़ार हितग्राहियों के खाते में पहली किश्त का अंतरण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इसमें किसी भी तरह की कोताही और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीएम आवास योजना में एक रुपए की भी गड़बड़ी की शिकायत मिली तो सीधे कलेक्टर के ऊपर कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया गया। उन्होंने लोगों से स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखने के साथ ही अपने घर एवं आस-पास के परिवेश सहित स्कूलों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी आदत में शामिल करना होगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के इतिहास को लिखने का दिन है। छत्तीसगढ़ के आवासहीन लोगों के जीवन में एक नई रोशनी मिलेगी। हमने जो वादा किया था, उसे आज पूरा किया है। यह सामाजिक न्याय और समरसता की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने 4 करोड़ आवास बनाकर गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। इसके साथ ही मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में 3 करोड़ नए आवासों की स्वीकृति दी गई है जिससे यह योजना और अधिक प्रभावी हो रही है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। सरकार बनते ही हर महीने 25 हजार नए आवास बनकर तैयार हो रहे हैं। एक लाख 96 हजार आवास बनकर तैयार हो गए हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 24 हजार आवास भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से अब तक छत्तीसगढ़ को 8 लाख 47 हजार आवास आवंटित किए गए हैं, जबकि 47 हजार आवास मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के लिए एक बड़ा उपहार है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। गांव-गांव में जिन लोगों के नाम सर्वे सूची में नहीं आए हैं उनके नाम भी अब सूची में जोड़े जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर आधारित तकनीकी मार्गदर्शिका का विमोचन और गृह पोर्टल का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह पोर्टल आवास योजना को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगा और हितग्राही बिना किसी कठिनाई के अपने घर का निर्माण कार्य कर सकेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के साथ भोजन भी किया।

इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, पद्मश्री अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू और गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित थे।

**बैंक घोटाले में आरोपी ने सास-ससुर...**

सास को भी फंसा दिया. जबकि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं था. मामले में सिविल कोर्ट ने जानकी प्रसाद शर्मा के खिलाफ भी आदेश पारित कर दिया. जिसके खिलाफ जानकी प्रसाद ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल पिटीशन लगाई.

कोर्ट ने याचिकाकर्ता के खिलाफ जारी निचली अदालत के आदेश प रोक लगा दिया है, साथ ही बैंक मेनेजर को पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी करने कहा है.

## दुनिया को जानें

### चीनी फ्लोटिंग एयरशिप ने पहली बार उत्तरी शीत्सांग का सर्वेक्षण किया

**बीजिंग,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। हाल ही में चीन के चिमू-1 फ्लोटिंग एयरशिप ने शीत्सांग यानी तिब्बत की श्वांगहु काउंटी में 22 दिनों में 8वां वैज्ञानिक सर्वेक्षण पूरा किया। उल्लेखनीय बात है कि इस फ्लोटिंग एयरशिप का आकार एक सफद व्हेल की तरह है। यह पहली बार है कि चिमू-1 फ्लोटिंग एयरशिप ने उत्तरी शीत्सांग के मानव रहित क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। इस अगस्त से शुरू हुए दूसरे छिंगहाई-शीत्सांग वैज्ञानिक सर्वेक्षण के एक भाग के नाते यह गतिविधि चल रही है। चीन द्वारा विकसित चिमू-1 फ्लोटिंग एयरशिप वास्तव में ऊंचे आकाश पर एक वैज्ञानिक ऑब्जर्वेशन मंच है। जमीन से उसकी उड़ान की ऊंचाई 4,920 मीटर है और समुद्री सतह से 8 बार उड़ने की औसत ऊंचाई 6,300 मीटर है। उस पर विभिन्न किस्मों के वैज्ञानिक सर्वेक्षण उपकरण लदे हैं और इस बार प्रचुर सर्वेक्षण डेटा प्राप्त हुए हैं। चीनी वैज्ञानिक अकादमी के आकाश सूचना सृजन अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ अभियंता ह त्सेछिंग ने बताया कि समुद्री सतह से श्वांगहु काउंटी की औसत ऊंचाई 5,000 मीटर से अधिक है।

# खेल जगत

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में कुश्ती को शामिल करने पर हमारा फोकस : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने मंगलवार को हुई बैठक में कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन (सीजीएफ) की सीईओ केटी सैडलेयर से आधिकारिक तौर पर सीजीएफ 2026 में कुश्ती को शामिल करने का अनुरोध किया है। संजय सिंह ने आईएएनएस से कहा कि हमने सीजीएफ के सीईओ से कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में कुश्ती को शामिल करने का अनुरोध किया है। हालांकि इसकी संभावना 50-50 है। स्कॉटलैंड ने सुझाव दिया है कि वे केवल 10 खेलों की मेजबानी करेंगे। हम बस अच्छे परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के सबसे सफल खेलों में से एक कुश्ती को अगले संस्करण के खेलों की सूची से हटा दिया गया। फेडरेशन के इस फैसले ने दुनिया भर के पहलवानों को हैरान कर दिया था।



## भारत ने पांचवीं बार जीता पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 17, सितम्बर (देशबन्धु)। ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह के अपने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाएं से बेहतरीन फर्राटे लगा डी में बढ़ाई गेंद पर चौथे व आखिरी क्वॉर्टर के अधबीच दागे इकलौते मैदानी गोल की बदौलत पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत ने पहली बार फाइनल में पहुंचने वाले मेजबान चीन को पुरुष एशियन चैंपियन हॉकी टूर्नामेंट के

■ भारत ने चीन को फाइनल में 1-0 से हरा कर एशिया में अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी

फाइनल में मंगलवार को 1-0 से हरा लगातार दूसरी और कुल पांचवीं बार खिताब जीत एशिया में अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी। भारत की फाइनल की जीत नायक बड़े मैच के बड़े खिलाड़ी दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह रहे। दबाव में धैर्य दिखाकर हरमनप्रीत सिंह ने हॉकी की कलाकारी दिखा बाएं से डी में घुस कर दाएं खड़े जुगराज सिंह को दिया और उन्होंने 51वें मिनट में चीन की 'दीवार' वीहाओ वांग को छका फाइनल का इकलौता और निर्णायक गोल दागा। फाइनल में 'मैन ऑफ द' मैच भले ही चीन के स्ट्राइकर लित भारनलियांग को मिला लेकिन इसके हकदार तो भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ही थे। खेल खत्म होने से चार



मिनट पहले चीन ने अपने गोलरक्षक गोलरक्षक वीहाओ वांग को बाहर बुला सभी 11 खिलाड़ियों को हमले पर लगा लिया लेकिन भारत के गोलरक्षक सूरज करकेरा ने धैर्य दिखाकर चीन को गोल की बराबरी हासिल कर सेमीफाइनल की तरह फाइनल को भी शूटआउट में खिंचने की उम्मीद पर पानी फेर दिया। भारत ने इस टूर्नामेंट में अपना अभियान चीन को लीग मैच में 3-0 से हरा कर करने के साथ समापन फाइनल सहित सभी अजेय रह अपने सभी सात मैच जीत खिताब बरकरार रख कर किया। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम के स्ट्राइकर सुखजीत सिंह व अभिषेक नैन व अरिजित हुंदल ने शुरू खासतौर पर मध्यपंक्ति में सदाबहार मनप्रीत सिंह, नीलकांत शर्मा और उपकप्तान विवेक सागर प्रसाद द्वारा आगे बढ़ाई गेंद पर लहरों की तरह शुरू के दो क्वॉर्टर में हमले बोले लेकिन चीन के गोलरक्षक चीन के गोलरक्षक वीहाओ वांग ने रोक कर बेकार किया उसे भारत के खिलाफ टी वी अंपायर के मैदानी अंपायर के मनप्रीत सिंह को चीन के गोलरक्षक वांग द्वारा खतरनाक ढंग से गिराने पर दिए पेनल्टी स्ट्रोक पर फ्री हिट दिए जाने घटिया फैसले का भरपूर लाभ मिला। चीन को फाइनल में 'भेंट' में मिले दो पेनल्टी कॉर्नर सहित पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दोनों भारतीय गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा के साथ सभी को रोक कर बेकार किया। भारत को मिले चार पेनल्टी कॉर्नर में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह ने दो लिए लेकिन इनमें तीन को चीन के गोलरक्षक वांग ने रोका लेकिन दूसरे पर हरमनप्रीत सिंह का फ्लिक लक्ष्य चूक गया। भारत के स्ट्राइकर सुखजीत सिंह को नीलकांत शर्मा के तीन बढ़िया पासो पर डी के भीतर चीन के गोलरक्षक ने वीहाओ वांग ने रोक कर बेकार किया। साथ भारत के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के दो पेनल्टी कॉर्नर को भी चीन के गोलरक्षक वीहाओ वांग ने शुरू के दो क्वॉर्टर में रोका ही। किस्मत भी चीन के साथ रही और मनप्रीत को गोलरक्षक वांग द्वारा गिराना भारत को मैच के 28वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन तीसरे अंपायर ने मैदानी अंपायर का फैसला पलट दिया।

मनप्रीत सिंह के दाएं से बढ़िया पास पर सुखजीत सिंह ने डी में गेंद संभाली लेकिन चीन के खिलाड़ी ने गेंद को अपने गोल से बाहर कर दिया। भारत को नौवें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन पहले को रशर ने रोका लेकिन इसके तुरंत बाद मिले दूसरे पर उनका फ्लिक दाएं से गोलस्तंभ से बाहर निकल गया। नीलकांत शर्मा के 12वें मिनट में दाएं से क्रॉस पर सुखजीत सिंह के शॉट को चीन के गोलरक्षक वांग ने रोक भारत को बढ़त लेने से रोक दिया। सुखजीत अगले ही मिनट जर्मनप्रीत के पास पर डी में गेंद को गोल में डालने से चूके। जर्मनप्रीत ने अंपायर की सीटी के बाद भी गेंद को ले बढ़े और अंपायर ने चीन को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिया लेकिन भारत के गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक ने गेंद को रोक अपनी टीम पर आया खतरा टाल दिया। मोहम्मद रहील को मैच के 17वें मिनट में रफ टैकल पर ग्रीन कार्ड दिखा दो मिनट के लिए बाहर भेजा गया।

### टी-20 लीग की लाइमलाइट में कहीं खो न जाए वनडे और टेस्ट?

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। क्रिकेट का पूरी तरीके से 'नवीनीकरण' हो चुका है। टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद अब फ्रेंचाइजी लीग का बोलबाला है, लेकिन इससे कहीं न कहीं लंबे फॉर्मेट के खेल की खासियत खोती जा रही है। किसी जमाने में जो खेल जुनून, देश प्रेम और जेंटलमैन गेम के लिए मशहूर था अब वह सिर्फ 'कैश करो, ऐश करो' तक काफी हद तक सीमित हो गया है! टी20 में कैश भी खूब है और ऐश भी। भारत में अभी भी खेलों के मामले में लोकप्रियता में क्रिकेटरों की कोई टक्कर नहीं है। उन्हें मोटे पैकेज के साथ-साथ सेलिब्रिटी ट्रीटमेंट भी मिलता है। मॉडर्न युग के क्रिकेटरों को लीग क्रिकेट के जरिए बहुत जल्द लाइमलाइट भी मिल जाती है। इसके बाद रेड बॉल क्रिकेट तो बहुत दूर की बात है, खिलाड़ी घरेलू टूर्नामेंट से भी खुद को दूर रखने लगे हैं। इसका मुख्य कारण है व्यस्त शेड्यूल और चोट का हवाला देकर उपलब्ध नहीं रहना। हालांकि, लीग क्रिकेट के टाइम यह खिलाड़ी पूरी तरह फिट रहते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे बड़े टूर्नामेंट में तो अक्सर यही देखा गया है कि सभी बड़े खिलाड़ी पूरे सीजन के लिए उपलब्ध रहते हैं। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि कई देशों के क्रिकेटरों में लीग क्रिकेट के प्रति बढ़ रही प्रवृति को देखा जा सकता है। इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) समेत दुनिया के बाकी क्रिकेट बोर्ड भी सचेत हुए हैं। बीसीसीआई ने तो खिलाड़ियों के सिर्फ लीग क्रिकेट पर ध्यान देने के रवैये के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है।

## विश्व कप : आईसीसी का ऐतिहासिक फैसला, पुरुषों के बराबर मिलेगी महिलाओं को प्राइज मनी

**दुबई,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। आईसीसी ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक ऐलान किया है। इसके तहत अब पुरुष और महिला खिलाड़ियों को विश्व कप में एक समान प्राइज मनी मिलेगी। इसकी शुरुआत अगले महीने यूएई में होने वाले महिला टी20 विश्व के साथ हो जाएगी। यूएई में खेले जाने वाले टी20 महिला विश्व कप विजेता टीम को 2.34 मिलियन अमरीकी डालर मिलेंगे, जो 2023 में दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने पर ऑस्ट्रेलिया को दिए गए 1 मिलियन अमरीकी डालर से 134 प्रतिशत अधिक है। हारने वाले दो सेमीफाइनलिस्टों को 6,75,000 अमेरिकी डॉलर (2023 में 2,10,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक) मिलेंगे, कुल पुरस्कार राशि 79,58,080 अमेरिकी डॉलर होगी, जो पिछले साल की कुल राशि 2.45 मिलियन अमेरिकी डॉलर से 225 प्रतिशत अधिक है। आईसीसी के बयान के अनुसार, यह फैसला जुलाई 2023 में आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में लिया गया जब आईसीसी बोर्ड ने अपने 2030 के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से सात साल पहले पुरस्कार राशि समान करने का निर्णय किया। इस तरह से क्रिकेट पहला प्रमुख खेल बन गया है जिसमें विश्व कप में पुरुषों और महिलाओं के लिए समान प्राइज मनी है। भारतीय महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। इसके बाद 6 अक्टूबर को उनका सामना पाकिस्तान से होगा। क्रिकेट फैंस को टूर्नामेंट के आगाज का बेसब्री से इंतजार है, जबकि भारतीय महिला टीम अपना विश्व चैंपियन बनने का सपना पूरा करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। भारतीय महिला क्रिकेट ने



■ यूएई में खेले जाने वाले टी-20 महिला विश्व कप विजेता टीम को 2.34 मिलियन अमरीकी डालर मिलेंगे

पिछले कुछ सालों में बेहतरीन प्रदर्शन करके विश्व क्रिकेट में एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है, लेकिन बड़े मंच और खिताब जीतने का सपना अब भी अधूरा है। सिर्फ नॉक-आउट स्टेज तक पहुंचना काफी नहीं बल्कि इस टीम से अब ट्रॉफी जीतने की उम्मीद की जाने लगी है, इसलिए उन पर दबाव बढ़ना लाजमी है। चाहे खिलाड़ियों के प्रदर्शन की बात हो या फैंस का सपोर्ट, धीरे-धीरे महिला क्रिकेट में चीजें बदल रही हैं। इसलिए अगले महीने यूएई में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय टीम से भी ट्रॉफी जीतने की उम्मीद की जा रही है।

## चेन्नई में टेस्ट से पहले प्लेइंग-11 को लेकर गंभीर और रोहित की बढ़ी मुश्किलें



■ 19 सितम्बर से 2 टेस्ट मैच की सीरीज होगा शुरू

■ चेपॉक में लाल मिट्टी की पिच पर खेला जाएगा

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से 2 टेस्ट मैच की सीरीज शुरू होगी, जिसका पहला मैच चेपॉक स्टेडियम यानी चेन्नई में खेला जाएगा। एक छोटे ब्रेक के बाद एक बार फिर कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और कोच गौतम गंभीर जैसे दिग्गज मैदान पर नजर आएंगे। लेकिन इस बीच पिच को लेकर एक मामला सामने आया है, जो टीम इंडिया के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।

रोहित और गंभीर के सामने पहला बड़ा सवाल तो प्लेइंग-11 तय करने का ही होगा। टीम इंडिया के सामने ये चुनौती है कि वो 3 स्पिनर और 2 तेज गेंदबाज के साथ उतरे या 4 स्पिनर और 1 तेज गेंदबाज के साथ। टीम कॉम्बिनेशन कैसे मजबूत हो इसलिए यह फैसला लेना काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, यह मैच चेपॉक में लाल मिट्टी की पिच पर खेला जाएगा। इस बात की पूरी उम्मीद है कि इस पिच पर गेंदबाजों को बढ़िया उछाल मिलेगा और गेंद कीपर तक आराम से पहुंचेगी। हालांकि, चेन्नई में तेज गर्मी के कारण स्पिनर समय बीतने के साथ-साथ अपनी भूमिका जरूर अदा करेगा।

### कोहली के जुनून व आत्मविश्वास का कोई मुकाबला नहीं : सरफराज

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान इस बात से काफी उत्साहित हैं कि वह विराट कोहली जैसे दिग्गज के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने जा रहे हैं। सरफराज खान का मानना है कि विराट कोहली के जुनून और भावना की बराबरी कोई नहीं कर सकता है। सरफराज ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में विराट कोहली के साथ खेल चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में, सरफराज को कोहली से मिलने का मौका नहीं मिला क्योंकि कोहली ने व्यक्तिगत कारणों से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से नाम वापस ले लिया था। सरफराज ने भारत के पूर्व कप्तान कोहली की नेतृत्व क्षमता और टीम को एकजुट रखने की उनकी काबिलियत की जमकर तारीफ की।

## बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज जीतने पर फोकस, डब्ल्यूटीसी फाइनल अभी दूर है : रोहित

**चेन्नई,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम का ध्यान बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज जीतने पर है, न कि 2025 में लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के बारे में ज्यादा सोचने पर। भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाली यह सीरीज डब्ल्यूटीसी का हिस्सा है। अभी तक भारत ने नौ में से छह मैच जीतकर 68.52 प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में पहले स्थान पर कब्जा किया हुआ है। भारत पिछले दो डब्ल्यूटीसी के फाइनल में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हारकर उपविजेता रहा था। इस घरेलू सीरीज में जीत से भारत अपनी टॉप पोजीशन और मजबूत करेगा, इसके बाद भारत न्यूजीलैंड (घरेलू) और ऑस्ट्रेलिया (विदेश) के खिलाफ कुल आठ टेस्ट मैच खेलेगा। वहीं, बांग्लादेश की टीम 45.83 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है, उसने छह में से तीन टेस्ट जीते हैं। रोहित ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम हर मैच को महत्वपूर्ण मानते हैं। यहां कोई अभ्यास मैच जैसा माहौल नहीं है (बांग्लादेश सीरीज के संदर्भ में)। हर मैच अहम है, क्योंकि दांव पर डब्ल्यूटीसी की स्थिति है। अंक तालिका अभी भी खुली हुई है, और हर मैच महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि हम इस सीरीज और इस टेस्ट मैच को जीतने पर ध्यान देना है, बजाय इसके कि बहुत आगे की सोचे। विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल होकर बाहर हो गए थे, लेकिन अब टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। कप्तान रोहित ने राहुल के चयन का समर्थन किया। राहुल का टेस्ट औसत 34.08 है, जबकि वनडे में उनका औसत 49.15 और टी20 में 37.75 है। रोहित ने कहा कि



हर खिलाड़ी के करियर में उतार-चढ़ाव आते हैं। केएल राहुल की काबिलियत सभी जानते हैं। हमने उन्हें यही संदेश दिया है कि हम चाहते हैं कि वह सभी मैच खेलें और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बाहर लाएं। उन्होंने हाल

■ भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाली यह सीरीज डब्ल्यूटीसी का हिस्सा

■ भारत पिछले दो डब्ल्यूटीसी के फाइनल में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हारकर उपविजेता रहा

ही में अच्छा प्रदर्शन किया है, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक बनाया और हैदराबाद में भी अच्छी पारी खेली, लेकिन दुर्भाग्य से चोटिल हो गए। मुझे उम्मीद है कि वह वहीं से शुरुआत करेंगे जहां उन्होंने हैदराबाद में छोड़ा था। रोहित ने भारत के व्यस्त शेड्यूल पर बात करते हुए कहा कि जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे तेज गेंदबाजों का वर्कलोड मैनेज करना जरूरी है।

### सार संक्षेप

#### प्रियांशु पुरुष एकल स्पर्धा में कनाडा के ब्रायन यंग से हारे

**चांगझोऊ।** भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत को मंगलवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष एकल स्पर्धा के राउंड ऑफ 32 में कनाडा के ब्रायन यंग से हार का सामना करना पड़ा। आज यहां कनाडा के ब्रायन यंग ने प्रियांशु राजावत को 36 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 21-16 से हराया। मैच की शुरुआत से ही ब्रायन ने प्रियांशु पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। पहले गेम में कनाडाई खिलाड़ी ने पांच अंक हासिल किये वहीं भारतीय शटलर को महज दो अंक अर्जित कर सके। प्रियांशु को पहले गेम में 13-21 से हार मिली। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी राजावत को ब्रायन को कड़ी टक्कर दी। लेकिन कनाडाई शटलर ने शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए 42 रैली अपने नाम की तो वहीं प्रियांशु महज 29 रैली ही जीत सके। इस दौरान ब्रायन ने दो मैच अंक भी हासिल किए।

#### अर्जुन ने कर्नाटक के झटके नौ विकेट, गोवा को मिली जीत

**बेंगलुरु।** अर्जुन तेंदुलकर ने डॉ. (केप्टन) के थिमपैया मेमोरियल टूर्नामेंट में मेजबान कर्नाटक के नौ विकेट झटक कर गोवा को पारी और 189 रन से बड़ी जीत दिलाई। इस टूर्नामेंट को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के पुत्र अर्जुन तेंदुलकर ने इस मैच की दोनों पारियों में 26.3 ओवर में 87 रन देकर नौ विकेट लिये। अर्जुन ने पहली पारी में 13 ओवर में 41 रन देकर पांच विकेट झटके जिसके परिणाम स्वरूप कर्नाटक की टीम महज 103 रन पर सिमट गयी। गोवा सीए इलेवन ने अभिनव तेजराणा की 109 रन की पारी की बदौलत 413 रन बनाये। केएससीए की दूसरी पारी 30.4 ओवर में 121 रन पर सिमट गयी। इस दौरान अर्जुन ने 13.3 ओवर में 46 रन देकर चार विकेट लिये। अर्जुन ने प्रथम श्रेणी के 13 मैचों में 21 विकेट लिये हैं। चौबीस साल के अर्जुन तेंदुलकर ने घरेलू क्रिकेट में 15 लिस्ट ए मैच और 21 टी-20 खेले हैं।

## दिल्ली एनसीआर में खुलेगा सुपर किंग्स अकादमी का पहला सेंटर

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी तमिलनाडु के बाहर अपना पहला सेंटर लॉन्च करने के लिए तैयार है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की यह दिग्गज फ्रेंचाइजी गुरुग्राम में यह सेंटर खोलने




जा रही है। इसके साथ ही सुपर किंग्स अकादमी के सेंटरों की संख्या 16 हो जाएगी, जिसमें तीन सेंटर इंटरनेशनल जगहों पर शामिल हैं। गुरुग्राम में बना यह नया केंद्र, पुश स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी में तैयार किया गया है और उभरते क्रिकेटरों के लिए एक अत्याधुनिक सुविधा देने का वादा करता है। इसमें चार टर्फ, दो सीमेंट की पिचें, एक एस्ट्रो पिच, और उन्नत फ्लड लाइट्स शामिल होंगी, जो खिलाड़ियों को बेहतरीन ट्रेनिंग का माहौल प्रदान करेंगी। सीएसके ने एक बयान में कहा कि तमिलनाडु में 12 सेंटरों के बाद, चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी अब दिल्ली एनसीआर (गुरुग्राम) में अपना पहला केंद्र शुरू करने जा रही है। यह सेंटर पुश स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी में खोला जा रहा है, जो भारत की सबसे तेजी से बढ़ती स्पोर्ट्स-टेक कंपनियों में से एक है। यह कंपनी 20 से अधिक जगहों पर 7000 से ज्यादा बच्चों को खेलों में आगे बढ़ा चुकी है। यह चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी का 16वां केंद्र होगा, जिसमें तीन अंतर्राष्ट्रीय केंद्र भी शामिल हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान, रुतुराज गायकवाड़ ने भी अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि तमिलनाडु के बाहर हमारा पहला केंद्र अब दिल्ली एनसीआर में खुल रहा है।

## संतोष कश्यप को बनाया गया भारतीय महिला फुटबॉल टीम का नया सीनियर कोच

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने संतोष कश्यप को भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। कश्यप के साथ प्रिया पीवी सहायक कोच और रघुवीर प्रवीण खानोलकर गोलकीपर कोच होंगे। कश्यप ने एआईएफएफ मीडिया टीम से कहा कि राष्ट्रीय टीम का कोच बनना हमेशा एक सम्मान की बात होती है। मैं एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे, तकनीकी समिति, तकनीकी विभाग और महासंघ के अन्य वरिष्ठ सदस्यों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम का कोच बनने का मौका दिया। संतोष कश्यप पूर्व भारतीय खिलाड़ी रह चुके हैं। उनके पास लगभग एक दशक का कोचिंग अनुभव है। उन्होंने मोहन बागान एसी, आइजोल एफसी, मुंबई एफसी, सलगांवकर एफसी, रॉयल वाहिंगडोह एफसी, रंगदाजियेड यूनाइटेड एफसी, ओएनजीसी और एयर इंडिया जैसी टीमों का प्रबंधन किया है। 58 वर्षीय कश्यप



■ मैं एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे, तकनीकी समिति, तकनीकी विभाग और महासंघ के अन्य वरिष्ठ सदस्यों का धन्यवाद करता हूं : संतोष कश्यप

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और हाल ही में ओडिशा एफसी के सहायक कोच भी रह चुके हैं। कश्यप ने कहा कि फिलहाल मैं ओडिशा एफसी में यूथ डेवलपमेंट हेड और तकनीकी निदेशक के रूप में काम कर रहा हूं। मुझे हमारी सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मौजूदा खिलाड़ियों पर पूरा विश्वास है। ये सभी बेहद प्रतिभाशाली हैं, लेकिन हमें तकनीकी रूप से सुधार की जरूरत है। मुझे यकीन है कि मैं नेशनल कैंप के दौरान टीम को जरूरी सलाह दे सकूंगा। उन्होंने आगे कहा कि मुझे पता है कि पिछले एसएएफएफ चैंपियनशिप के परिणाम उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे थे, लेकिन इस बार सही रणनीति, सही सोच और निर्णय लेने की क्षमता के साथ हम खिताब वापस जीत सकते हैं। फुटबॉल अब बहुत प्रतिस्पर्धी खेल बन चुका है, खासकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर। हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

## खेल के प्रति मोहम्मद सिराज में जुनून और प्यार : लाबुशेन

नई दिल्ली, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलियाई टीम के बीच बयानबाजी का दौर जारी है। इस साल के अंत में होने वाली इस रोमांचक टक्कर से पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की सराहना की। लाबुशेन ने कहा कि सिराज में खेल के प्रति जुनून और अद्भुत प्यार है। भारत 1991-92 के बाद पहली बार पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी 2025 तक पर्थ, एडिलेड (पिंक बॉल मैच), ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में टेस्ट मैच खेलेंगे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो बार 2018/19 और 2020/21 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी



■ मैं कई कारणों से मोहम्मद सिराज के साथ मुकाबला करने का आनंद लेता हूं, हम 2015-16 में अकादमी में थे और वह एमआरएफ अकादमी के साथ जुड़े हुए थे : लाबुशेन

जीती थी और इस बार टीम जीत की हैट्रिक जमाने के इरादे से उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइन-अप में अहम भूमिका निभाने वाले लाबुशेन ने सिराज के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। उन्होंने सिराज के साथ हुई अपनी नोकझोंक के बारे में बात की। लाबुशेन ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि मैं कई कारणों से मोहम्मद सिराज के साथ मुकाबला करने का आनंद लेता हूं। हम 2015-16 में अकादमी में थे और वह एमआरएफ अकादमी के साथ जुड़े हुए थे। उस समय हम एक-दूसरे के खिलाफ खेलते थे। उनमें खेल के लिए जुनून, ऊर्जा और बहुत प्यार है। हमारे करियर को इतने अलग-अलग अनुभवों से एक साथ आगे बढ़ते देखना अच्छा लगा।

## फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने टॉम सेरमनी को महिला टीम का अंतरिम कोच किया नियुक्त

**सिडनी,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच टॉम सेरमनी को अंतरिम कोच नियुक्त किया है। एफए ने आज यहां बताया कि स्थायी कोच की तलाश जारी है। सेरमनी तीसरी बार मैटिल्डास के मुख्य कोच का पद संभाल रहे हैं। सेरमनी इतिहास में सबसे लंबे समय तक मैटिल्डास कोच रहे हैं, इससे पहले उन्होंने 1994-1997 और 2005-2012 में राष्ट्रीय टीम के कोच रहे थे। एफए के मुख्य कार्यकारी जेम्स जॉनसन ने एक बयान में कहा कि हम टॉम का मैटिल्डास कार्यक्रम में वापस स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन दशकों से अधिक के फुटबॉल अनुभव के साथ, वैश्विक महिला फुटबॉल परिदृश्य, स्थानीय ऑस्ट्रेलियाई खेल और टीम के साथ पिछली सफलता के बारे में उनका व्यापक ज्ञान उन्हें इस संक्रमण काल में मैटिल्डास का मार्गदर्शन करने के लिए आदर्श व्यक्ति है।



### सुडोकू 6680 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 3 | 7 | 5 |

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.59 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.27 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.14 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.86 प्रतिशत |
| एलटी | 0.83 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 1.33 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.93 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.92 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.91 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.91 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 75,415 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 89,500 |
| वायदा | 68,426 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 133. 31 | 133. 91 |
| पौंड स्टर्लिंग | 168. 72 | 169. 48 |
| यूरो | 144. 85 | 145. 50 |
| चीन युआन | 18.47 | 18.55 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2700-2800 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर**

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## रुपया दुनिया की सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक : शक्तिकांत

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। पूरी दुनिया में डॉलर के मुकाबले रुपया सबसे स्थिर मुद्राओं में एक उभरकर आया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास की ओर से यह जानकारी दी गई है। दास के मुताबिक, केंद्रीय बैंक की नीति रुपए में अस्थिरता को रोकना है। दास ने रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा, 'स्थिर रुपया बाजार में निवेशकों में विश्वास पैदा करता है और इससे अर्थव्यवस्था को भी बढ़ाने में मदद मिलती है।'

आरबीआई, फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपए को स्थिर रखने के लिए लगातार कार्य करता रहा है। इसके लिए जरूरत पड़ने पर सरकारी बैंकों के माध्यम से अमेरिकी डॉलर की भी बिक्री की जाती है। इससे पहले ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म जेफरीज की ओर से एक नोट जारी किया गया था, जिसमें बताया गया कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में रुपया दुनिया की सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक है। मार्केट एनालिस्ट ने कहा कि रुपए के स्थिर रहने की वजह डॉलर में कमजोरी का होना है, जिसके कारण रुपया में डॉलर के मुकाबले मामूली कमी आई है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट - कमोडिटी और करेंसी, जतिन त्रिवेदी ने कहा कि बाजार का ध्यान अब अमेरिकी फेड की आने वाली बैठक पर है। इसमें ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की जा सकती है। ब्याज दरों में कटौती होने की अधिक संभावना की वजह अमेरिका का खराब जॉब डेटा होना है, जिसमें जॉबलेस क्लेम की संख्या बढ़कर 2,30,000 हो गई है, जो कि 2,28,000 आने की उम्मीद थी। मंगलवार के शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की बढ़त के साथ 83.84 पर कारोबार कर रहा था। मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया स्थिर रहने की उम्मीद है। 83.80 से लेकर 83.70 एक अहम सपोर्ट लेवल है। वहीं, 84.05 से लेकर 84.15 एक अहम रुकावट का स्तर है।



**आरबीआई, फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपए को स्थिर रखने के लिए लगातार कार्य करता रहा है। इसके लिए जरूरत पड़ने पर सरकारी बैंकों के माध्यम से अमेरिकी डॉलर की भी बिक्री की जाती है: शक्तिकांत दास, गवर्नर आरबीआई**

## अगस्त में थोक महंगाई दर कम होकर चार महीने के निचले स्तर पर 1.31 प्रतिशत रही



**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत में थोक महंगाई दर अगस्त में घटकर 1.31 प्रतिशत रह गई है, जुलाई में यह 2.04 प्रतिशत थी। थोक महंगाई दर में कमी की वजह ईंधन की कीमतों में कमी आना और खाद्य वस्तुओं में महंगाई का कम होना है। सरकार की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। फूड इंडेक्स, जिसमें प्राइमरी और मैन्युफैक्चर उत्पादों से बनने वाले खाद्य उत्पादों को शामिल किया जाता है, यह घटकर अगस्त में 193.2 रह गया है, जो कि जुलाई में 195.4 था।

डब्ल्यूपीआई फूड इंडेक्स में वार्षिक महंगाई दर अगस्त में कम होकर 3.26 प्रतिशत रह गई है, जो जुलाई में 3.55 प्रतिशत थी। प्राथमिक उत्पादों का इंडेक्स अगस्त में 1.37 प्रतिशत गिरकर 194.9 रह गया है, जो जुलाई में 197.6 पर था। मिनरल की कीमतों में -2.66 प्रतिशत, क्रूड पेट्रोलियम और नेचुरल गैस की कीमतों में -1.84 प्रतिशत, फूड उत्पादों की कीमतों में -1.83 प्रतिशत की अगस्त में जुलाई के मुकाबले कमी आई है। हालांकि, अगस्त में गैर-खाद्य उत्पादों की कीमतें 1.65 प्रतिशत बढ़ी हैं।

ईंधन और पावर का डब्ल्यूपीआई इंडेक्स अगस्त में 0.14 प्रतिशत बढ़कर 148.1 हो गया है, जो कि जुलाई में 147.9 था। भारत में अगस्त में खुदरा महंगाई दर 3.65 प्रतिशत रही है। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के महंगाई के लक्ष्य 4 प्रतिशत से कम है। जुलाई में यह आंकड़ा 3.6 प्रतिशत था।

अगस्त में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़त की वजह खाद्य वस्तुओं में महंगाई 5.42 प्रतिशत से बढ़कर 5.66 प्रतिशत होना था। हालांकि, यह जून 2023 के बाद का दूसरा निचला स्तर है।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MURALEEDHARAN PILLAI S/O PARAMESHWARAN PILLAI resident of MIG C 145 VAISHALI NAGAR SUPELA P.O BHILAI (C.G.) 490023 have changed my old name MURALEEDHARAN PILLAI S/O PARAMESHWARAN PILLAI so in future I should be recognized by my new name that is P MURALIDHARAN PILLAI S/O PARAMESHWARAN PILLAI in all Government and other documents.

**P MURALIDHARAN PILLAI**
MIG C 145 VAISHALI NAGAR
SUPELA P.O BHILAI (C.G.)
490023

**NOTICE**
**UNDER SECTION 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932**

It is hereby notified that the Constitution of the Partnership firm M/s BUILD'S WELL, House No. 113/A, Sector 3, DDU Nagar, Raipur (C.G.) 492010, Raipur has undergone the following change: Three Partners of the firm are retiring from the firm and One Partner is being admitted in the firm

"Shri Shiv Sahay Agrawal" s/o Shri Sambhoo Dayal Agrawal resident of H.No. 190, UNI Homes Colony, Bhatagaon, Raipur (CG) 492001, "Smt Bhagyashree Agrawal" w/o Shri Pratyush Agrawal resident of H.No. 190, UNI Homes Colony, Bhatagaon, Raipur (CG) 492001 and "Shri Ravi Kumar Agrawal" s/o Shri Dhruw Kumar Agrawal resident of H.No. 217, Ward 16, Durg Road, Bemetara (C.G) 491335 are retiring from the Partnership firm and Ms. Tamanna Sahu D/o Shri Laxman Sahu resident of Junior MIG-50, Sector-3, Near Bijli Office, Deen Dayal Upadhyay Nagar, Raipur (CG) 492010 is being admitted as Incoming Partner of the firm with effect from 01-04-2024.
Place :- Raipur
Date:-24-08-2024

**Build' Well**
**Shri Laxman Kumar Sahu**
**PARTNER**


### स्विगी ने लॉन्च किया प्रोजेक्ट नेक्स्ट

**नई दिल्ली।** ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने 'प्रोजेक्ट नेक्स्ट' की शुरुआत करने का ऐलान किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह एक नई पहल है, जिसके माध्यम से रेस्टोरेंट ऑनबोर्डिंग को गति देते हुए डिलीवरी पार्टनर्स को अपने करियर को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रोजेक्ट नेक्स्ट स्विगी की व्यापक पहल स्विगी स्किल्स का हिस्सा है। स्विगी स्किल्स के तहत इसकी वैल्यू चेन में स्किलिंग, ट्रेनिंग, इंटर्नशिप एवं रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। योग्य डिलीवरी पार्टनर्स को सेल्स एक्जीक्यूटिव की भूमिका में लाते हुए प्रोजेक्ट नेक्स्ट का उद्देश्य 150 से ज्यादा उभरते बाजारों में रेस्टोरेंट एक्सपेंशन को विस्तार देना और डिलीवरी पार्टनर्स को करियर में सार्थक तरीके से आगे बढ़ने का अवसर देना है। प्रोजेक्ट नेक्स्ट के साथ डिलीवरी पार्टनर्स स्विगी में नई भूमिका संभालेंगे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए**
**ईश्तहार**

संदर्भ-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर के प.ह.नं. 00056 सरोना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440721900 061

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00056 के अंतर्गत ग्राम सरोना के वर्तमान भूमिस्वामी जमादार वगैरा पिता/पति ईश्वर उर्फ मंगल पीरमेशर, लेडगीबेरमेशर, छोटू व गोविंद पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 269/3 0.0040, 255/3 0.0080 में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता ईश्वर साहू पिता/पति छोटू साहू पता गौरा चौक संत रविदास वार्ड नंबर 70 सरोना रायपुर, सोतन साहू पिता/पति छोटू साहू पता गौरा चोक संत रविदास वार्ड नंबर 70 सरोना रायपुर, शांता बाई साहू पिता/पति छोटू साहू पता गौरा चौक संत रविदास वार्ड नंबर 70 सरोना रायपुर, भीष्म नारायण साहू पिता/पति छोटू साहू पता गौरा चौक संत रविदास वार्ड नंबर 70 सरोना रायपुर, लीला राम साहू पिता/पति छोटू साहू पता गौरा चौक संत रविदास वार्ड नंबर 70 सरोना रायपुर, धनाराम साहू पिता/पति जमादार साहू पता गौरा चौक संत रविदास वार्ड नंबर 70 सरोना रायपुर, डीकेश्वर साहू पिता/पति जमादार साहू पता गौरा चौक संत रविदास वार्ड नंबर 70 सरोना रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.09.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.08.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 12486/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 03/09/24**

प्राधिकरण की रायपुरा इन्द्रप्रस्थ आवासीय योजनांतर्गत डूप्लेक्स भवन क्रमांक डीई-60 रकबा 1452 वर्गफुट श्री किरण कुमार मानिक पिता स्व. अमृतलाल मानिक द्वारा फ्री-होल्ड पर धारित हैं। आबंटिती द्वारा संपत्ति धारण प्रमाण पत्र क्र. 3218 दिनांक 04.03.2024 को प्राप्त कर उक्त भवन को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा क्रेता श्री राजीव कुमार पाण्डेय पिता श्रीकांत पाण्डेय, निवासी हाउस नं. 78बी, एस.के. पाण्डेय बोरिंग, केनाल रोड़, पोस्ट आनंदपुरी, पटना, बिहार, पिन नं. 800001 को विक्रय कर दिया गया है, क्रेता द्वारा प्राधिकरण के अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु बैनामा सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन की नाम दर्ज अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई दावा / आपत्ति ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 03.09.2024 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्तत तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202409111500032/अ-6/2023-2024
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 12.09.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती रीना देवी लालवानी पति श्री सुदामा मल (सिंधी) लालवानी निवासी फाफाडीह रायपुर आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि, ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48, रा.नि.मं रायपुर-06, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 31 प्लाट नंबर 17 खसरा नंबर 274 का भाग, रकबा 1031 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता/अनावेदक क्र. 01. महेशचन्द्र पुरोहित पिता रामचन्द्र पुरोहित निवासी फाफाडीह गली नंबर 2, रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 27.10.1995 को क्रय किया गया है। विक्रेता/अनावेदक क्र. 01. महेशचन्द्र पुरोहित पिता रामचन्द्र पुरोहित द्वारा उक्त भूमि को पूर्व विक्रेता/अनावेदक क्र. 02. बालाजी राव पिता स्व. जागोजी राव निवासी फाफाडीह रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 29.11.1984 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि वर्तमान अभिलेख में अनावेदक क्र. 02 के नाम पर दर्ज है। अत: उक्त भूमि को श्रृंखलाबद्ध पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: आवेदिका का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/09/2024 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्तत तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन**

रा.मा.क्र. 202409113700015/अ-6/2023-24
रायपुर, दिनांक 12.09.2024
प्रति,

पवन कल्टीवेशन प्रा.लि. द्वारा गौतमचंद जैन पिता विजयराज जैन पता-92 शहीद स्मारक काम्पलेक्स रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.)
द्वारा:-माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदक हरीश शर्मा पिता धर्मचंद्र शर्मा निवासी राजीव गांधी वार्ड क्र. 33, जगदलपुर, तहसील व जिला जगदलपुर द्वारा इस न्यायालय में छ. ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम नकटी, प.ह.नं. 77, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक एफ-5ए, खसरा नंबर 451/3 का भाग, रकबा 0.0200हे. एवं खसरा नंबर 451/4 का भाग, रकबा 0.0270 हे., कुल रकबा 0.047हे. अर्थात 5035 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता पवन कल्टीवेशन प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर गौतमचन्द जैन पिता विजय लाल जी जैन पता 92, शहीद स्मारक काम्पलेक्स रजबंधा मैदान रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30.06.2003 को क्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि विक्रेता के नाम पर दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम दर्ज किये जाने न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 24/09/2024 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्तत तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202409111500049/अ-6/2023-2024
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 13.09.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री श्रीचंद लूनिया पिता स्व. नरेन्द्र लूनिया निवाली सी-93 सेक्टर-02, देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम फाफाडीह, प.ह.नं. 46 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 356/2 का भाग संविलियन उपरांत नया खसरा नंबर 15001/1 का भाग भूखण्ड क्रमांक सी-93/2, रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता रायपुर विकास प्राधिकारण रायपुर से पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 22/05/2017 को निष्पादित किया गया है। विक्रेता संस्था रायपुर विकास प्राधिकारण रायपुर द्वारा आवेदक के पक्ष में संपत्ति धारण प्रमाण पत्र दिनांक 13.06.2017 को जारी किया गया है। अत: आवेदित भूमि को पंजीकृत हस्तांतरण विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /सस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/09/2024 तका स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्तत तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन**

रा.मा.क्र. 202409113700005/अ-6/2023-24
रायपुर, दिनांक 10.09.2024
प्रति,

पवन कल्टीवेशन प्रा.लि. द्वारा गौतमचंद जैन पिता विजयराज जैन पता-92 शहीद स्मारक काम्पलेक्स रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.)
द्वारा:-माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदक नीरज शर्मा पिता घनश्याम शर्मा निवासी शांति नगर वार्ड जगदलपुर, तहसील व जिला जगदलपुर द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम नकटी, प.ह.नं. 77 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक एफ-5, खसरा नंबर 451/4 का भाग, रकबा 0.0050हे. एवं खसरा नंबर 451/15 का भाग, रकबा 0.0410हे. कुल रकबा 0.046हे. अर्थात 5005 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता पवन कल्टीवेशन प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर गौतमचन्द जैन पिता विजय लाल जी जैन पता 92, शहीद स्मारक काम्पलेक्स रजबंधा मैदान रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30.06.2003 को क्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि विक्रेता के नाम पर दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम दर्ज किये जाने न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 24/09/2024 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

I, Gitu, the D/o of Dharmnath Chaudhary and a resident of Century Colony, D.D.U. Nagar, Raipur, Chhattisgarh, wish to inform the public of my official name change to Geet Thakur w/o of Naveen Kumar Thakur, which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my previous name and, from this day forward, will be recognized by my new name: Geet Thakur w/o of Naveen Kumar Thakur. I kindly request that everyone henceforth address me by this name and recognize me Geet Thakur W/o of Naveen Kumar Thakur. I will now go by the name Geet Thakur w/o of Naveen Kumar Thakur in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.
Raipur (C.G.)
Date:

**Geet Thakur**
W/o Naveen Kumar Thakur
Century Colony, D.D.U. Nagar,
Raipur, Chhattisgarh

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2023-2024
ग्राम जोरा प.ह.नं. 66
रायपुर, दिनांक 13.09.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती संगीता साहू पति श्री धर्मेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. सियाराम साहू निवासी सिविल लाईन, कटोरा तालाब, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम जोरा प.ह.नं. 66 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर-17/23 रकबा 0.0740 हे. भूमि आवेदिका के पिता सियाराम साहू पिता जोहन राम साहू के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार आवेदिका के पिता सियाराम साहू पिता जोहन राम साहू की मृत्यु दिनांक 23.11.2023 को तथा आवेदिका की माता-श्रीमती निर्मला साहू पति सियाराम साहू की भी मृत्यु दिनांक 21.03.2023 को हो गई है, मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में श्रीमती संगीता साहू (आवेदिका/पुत्री), स्मिता साहू (पुत्री) तथा मनीष साहू (पुत्र) हैं, इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अत: प्रश्नाधीन भूमि को वारिसान हक में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30/09/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले में नोटिस**

रा.प्र.क्र. 202408110500068 ए/6 वर्ष 2023-24
ग्राम गोतियाडीह तहसील अभनपुर
प्रति,

श्रीमती संगीता पति जयराम थरानी निवासी टैगार नगर रायपुर, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग.

आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक वंदना राजपूत पति गजेन्द्र सिंह राजपूत निवासी शंकर नगर रायपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम गोतियारडीह प.ह.नं. 15 तह. अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 121/4 रकबा 0.04 हे. याने 4200 वर्गफुट भूमि को विक्रेता राजीव चौबे पिता एस एन चौबे रायपुर द्वारा पंजीकृत बैनामा द्वारा क्रय किया गया है। जिसका नामांतरण क्र. 99 आ.दि. 31.05.2010 है। लेकिन वर्तमान में उक्त भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं है। बल्कि संगीता पति जयराम थरानी के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण आपकी उपस्थिति / जवाब हेतु पेशी दिनांक 31/05/2024 को नियत है।

अत: आप नियत पेशी दिनांक 27/09/2024 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। अनुपस्थित रहने की स्थिति में प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 31/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार अभनपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202409222500045/अ-6/2023-24
ग्राम कोटा 1+2, प.ह.नं. 51
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 13.09.2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती स्मृति शुक्ला पति श्री धर्मेश शुक्ला निवासी म.नं. 09 परमानंद नगर मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि मोहबा बाजार रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 13, भूखण्ड क्रमांक 36/1 का भाग, खसरा नंबर 45 का भाग रकबा 125 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता बैंक कर्मचारी कल्याण समिति परमानंद नगर मोहबा बाजार रायपुरद्वारा उपाध्यक्ष रामेश्वर पाठक पिता रामअवतार पाठक निवासी परमानंद नगर मोहबा बाजार रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27.03.2024 को क्रय किया गया है। अत: आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिका का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/09/2024 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा**
**तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202409112600003/
ब-121/2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लाला पिता बिसेसर निवासी ग्राम भटिया तहसील आरंग जिला रायपुर के द्वारा स्वयं व अन्य के भूमिस्वामी हक में दर्ज मौजा ग्राम भटिया प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. भैंसा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर 362, 414 रकबा 0.11, 0.20 हे. भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 03.10.2024 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.09.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 17.09.2024
पेशी दिनांक 03.10.2024

मुहर — नायब तहसीलदार समोदा

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6 (अ)/वर्ष 2023-2024
सारागांव, दिनांक 09.09.2024

**बिलासपुर,** 17 सितंबर(देशबन्धु)। धान बेचने के बाद भी सहकारी समिति ने किसान को भुगतान नहीं किया था. दस साल कानूनी लड़ाई के बाद किसान को न्याय मिल सका. हाईकोर्ट के आदेश के बाद समिति ने 3 लाख 45 हजार का चेक प्रदान किया. मुंगेली जिले के सारधा निवासी तोपसिंह राठौर ने वर्ष 2014 में सेवा सहकारी समिति लिमिटेड लोरमी में उत्तम क्वालिटी का 525 बोरा धान तौल कराकर जमा कराया. इसके बाद भी कई साल तक इन्हें भुगतान के लिए भटकाया जाता रहा. 2.08.2019 को उप पंजीयक सहकारी समिति मुंगेली ने पत्र द्वारा सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोरमी के अध्यक्ष/प्रबंधक को मामले की जांच कर भुगतान करने के निर्देश दिए थे. इसके बाद भी कोई हल नहीं निकला, तो उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली. मामले की सुनवाई जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय की सिंगल बेंच में हुई.



मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने सेवा सहकारी समिति लिमिटेड लोरमी को निर्देशित किया कि, वह इस आदेश की मिलने के 15 दिनों के भीतर बोनस के साथ वर्ष 2014 में निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अनुसार अच्छी गुणवत्ता वाले धान की 525 बोरियों का भुगतान करें. निर्धारित अवधि बीतने पर भी कोई भुगतान नहीं हुआ, तो किसान ने दोबारा अपने अधिवक्ता के जरिये अवमाना याचिका लगाई. जस्टिस एन के व्यास की बेंच में सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट को बताया गया, कि याचिकाकर्ता को 3 लाख 45 हजार 500 रूपये चेक के जरिए भुगतान किया जा चुका है. कोर्ट ने आदेश दिया, कि समिति से मिले चेक से भुगतान न होने पर वह दोबारा हाईकोर्ट आ सकता है.

# हमारे समृद्ध अतीत और कला-संगीत की अद्भुत परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का माध्यम है चक्रधर समारोह: राज्यपाल

- एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधा लगाने की अपील



**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। रायगढ़ में आयोजित चक्रधर समारोह के समापन कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मंच न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, बल्कि हमारे समृद्ध अतीत और कला-संगीत की अद्भुत परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

राज्यपाल डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ और असम की संस्कृति में समानता है। ब्रिटिश काल में छत्तीसगढ़ से अनेक लोग असम आए और वहाँ रच-बस गए। राज्यपाल होने के नाते मेरी प्राथमिकता है कि यहाँ की संस्कृति को बढ़ावा मिले। यहाँ की शिक्षा व्यवस्था बहुत प्राचीन है। उन्होंने अतीत में रामायण, महाभारत से संबंधित दीये की रोशनी में खेले जाने वाले नाटकों का उल्लेख करते हुए कहा कि नैतिकता की शिक्षा के साथ नाटक भक्ति मार्ग से जोड़ते थे। भक्ति मार्ग से ही देश-प्रदेश का विकास संभव है।

राज्यपाल ने कहा कि भले ही हमारी उपासना पद्धति अलग-अलग है लेकिन हमें समाज के उत्थान के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि यहाँ आने से पूर्व हमने राजा चक्रधर सिंह के विषय में अध्ययन किया तो पाया कि वे एक महान इंसान थे। उन्होंने कथक को नई शैली के रूप में स्थापित कर पहचान दिलाई जिसे रायगढ़ घराना के नाम से जाना जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि इस मंच से प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और कला को नई ऊंचाईयां मिलेंगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा। हम सभी मिलकर इस धरोहर को आने वाले पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखेंगे। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में भी यह आयोजन जारी रहेगा। हमारी प्राथमिकता है कि रायगढ हरा-भरा रहे और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए हम सभी एक पेड़ माँ के नाम पर लगाएं।

समारोह को संबोधित वित्त मंत्री एवं स्थानीय विधायक ओ.पी.चौधरी ने भी संबोधित किया कि चक्रधर समारोह के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक वैभव को नई उंचाईयां और पहचान मिली है।

इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी, आईजी संजीव शुक्ला, संचालक संस्कृति विभाग विवेक आचार्य, जनप्रतिनिधि सहित जिलाप्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

हजारों लोगों ने ली स्वच्छता एवं सुपोषण की शपथ

इस अवसर पर राज्यपाल रमन डेका सहित सभी अतिथियों ने स्वच्छता एवं सुपोषण की शपथ ली।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनसंपर्क की प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ

- विकसित भारत-मोदी की संकल्पना पर आधारित है छाया प्रदर्शनी



**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित छाया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनकल्याण एवं भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाने के लिए बीते दस सालों में शुरू की गई अभिनव एवं क्रांतिकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री जी के जीवन के पहलुओं को छाया-चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जन्म दिन है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जी जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के 5 लाख से अधिक परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए प्रथम किस्त की राशि का अंतरण भी हितग्राहियों को डी.बी.टी. के माध्यम से खाते में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इसके तहत् राज्य में 18 लाख से अधिक परिवारों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आवास की स्वीकृति दी गई है।

छाया-चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए ''एक पेड़ मां के नाम'' वृक्षारोपण अभियान, डिजिटल इकोनॉमी-जन-जन को बैंकिंक सुविधा, नए अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरता भारत, आतंकवाद के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही, औपनिवेशिक काल के कानूनों में बदलाव एवं नवीन न्याय संहिता को लागू करना, भारतीय सैन्य शक्ति को सुदृढ़ करना, जन भागीदारी से देश को नई दिशा, भारत का गौरव बढ़ाती उपलब्धियां, जनधन योजना, देश में अधोसंरचना का तेजी से निर्माण, एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार, एक ग्रिड,एक राशन कार्ड, एक संविधान और वोकल फार लोकल आदि विषयों को छाया-चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से जुड़े प्रसंगो को भी दर्शाया गया है।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह,गृह मंत्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही उपस्थित थे।

# कृषि मंडप में राज्यस्तरीय श्रमिक सम्मेलन में शामिल हुए विष्णु देव साय



**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि मंडप में राज्यस्तरीय श्रमिक सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक खुशवंत साहेब, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा उपस्थित रहे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री साय ने 57 हजार श्रमिकों के खातों में 49.43 करोड़ रुपए की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से ट्रांसफर किया।

**श्रमवीरों के लिए अन्नपूर्णा दाल भात केन्द्र और बच्चों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा योजना होगी प्रारंभ**- इस अवसर पर सीएम ने प्रदेश के मेहनतकश श्रमिकों के हित में दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशभर में श्रमिकों को 5 रूपए में भरपेट भोजन मिल सके इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में अन्नपूर्णा दाल-भात केंद्र खोलने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट शिक्षा योजना प्रारंभ करने की घोषणा भी किया। इस योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिक के बच्चों को श्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालय में निःशुल्क अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में ये घोषणाएं की।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रम विभाग की नई वेबसाइट श्रमेव जयते किया लॉन्च

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में श्रम विभाग की वेबसाइट श्रमेव जयते को बटन दबाकर लॉंच किया। इस वेबसाइट के डिज़ाइन को बेहतर बनाने के साथ डैशबोर्ड भी बनाया गया है। यह द्वि-भाषायी रहेगा जिससे हिन्दी और इंग्लिश, दोनों भाषा में सामग्री उपलब्ध रहेगी। यह नई वेबसाइट मोबाइल फ्रेंडली भी रहेगी। वेबसाइट में ई-टिकटिंग प्रणाली श्रमिकों के शिकायत निवारण प्रणाली को सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर आसान बनाया है। इसमें आई शिकायत का समाधान भी सात दिन में किया जाएगा ऐसा न होने पर मामला ऑनलाइन उच्च अधिकारियों तकचला जाएगा। सम्मेलन में 0771 3505050 हेल्पलाइन नंबर भी उपस्थित श्रमिकों के साथ साझा किया गया।

# 23 हजार परिवारों को गृहप्रवेश पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने दे दी बधाई

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया धन्यवाद, जन्मदिन पर उन्हें बधाई देकर शुभेच्छाएं भी व्यक्त कीं

**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 23 हजार 071 लाभार्थी परिवारों को आज अपने नए आशियाने में प्रवेश पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में देश के चार लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्मित मकानों में गृहप्रवेश करा रहे हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के 68 नगरीय निकायों के 23 हजार 071 परिवार भी शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने अपने अमेरिका प्रवास के बीच वहां से भेजे संदेश में सभी लाभार्थी परिवारों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा है कि आज आप सभी को अपने सपनों का आशियाना मिल रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आप लोगों का गृहप्रवेश कराने वाले हैं। साव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी शुभेच्छाएं व्यक्त की हैं कि आप इसी तरह लोगों का जीवन आसान बनाते रहें और लगातार हमारा नेतृत्व करते रहें।

# प्रदेश में अब तक 1090 मिमी औसत वर्षा



**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1090 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 17 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2280.3 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 570.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 581.2 मिमी, सूरजपुर में 1070.5 मिमी, बलरामपुर में 1610.0 मिमी, जशपुर में 923.0 मिमी, कोरिया में 1049.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1042.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 911.7 मिमी, बलौदाबाजार में 1129.2 मिमी, गरियाबंद में 1021.4 मिमी, महासमुंद में 857.1 मिमी, धमतरी में 978.1 मिमी, बिलासपुर में 944.1मिमी, मुंगेली में 1050.3 मिमी, रायगढ़ में 975.7 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 622.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1134.8 मिमी, सक्ती 951.2 मिमी, कोरबा में 1321.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1125.8 मिमी, दुर्ग में 629.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

कबीरधाम जिले में 854.1 मिमी, राजनांदगांव में 1075.7 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1195.6 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 816.2 मिमी, बालोद में 1128.4 मिमी, बस्तर में 1220.0 मिमी, कोण्डागांव में 1115.9 मिमी, कांकेर में 1360.0 मिमी, नारायणपुर में 1337.2 मिमी, दंतेवाड़ा में 1465.9 मिमी और सुकमा जिले में 1620.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# दो बाल खिलाड़ी जाएंगे हरियाणा

**महासमुंद** 17 सितंबर (देशबंधु)। राष्ट्रीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन रोहतक हरियाणा में 26 से 30 सितंबर तक किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम शामिल होगी। छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ द्वारा 24 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक एवं बालिका का आयोजन 6 से 8 सितम्बर तक परखंदा कुरूद जिला धमतरी में किया गया। विदित हो कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए महासमुंद जिले से बालक बालिका कुल 20 खिलाड़ी शामिल हुए जिसमें बालक वर्ग में ढालेंद्र कुमार यादव पिता जोधन यादव एवं बालिका वर्ग में गीतांजलि साहू पिता भानू साहू का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। दोनों खिलाड़ी बेमचा विद्यालय में अध्ययनरत है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर मनोज धृतलहरे खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद, अंकित लूनिया प्रदेश सह सचिव व जिला बॉल बैडमिंटन सचिव महासमुंद व पदाधिकारियों शाला विकास समिति के अध्यक्ष लखनु निर्मलकर, सरपंच हरिश्चंद्र ध्रुव, विद्यालय परिवार से प्राचार्य एस एल पाटकर, शिक्षक स्टॉफपी के ध्रुव डॉ् सेवन दास मानिकपुरी व्यायाम शिक्षक, वाय एस बलिहार, तुलेन्द्र सागर, नवीन चन्द्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, वी के तिवारी, कुन्ती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चन्द्राकर, आराधना साहू, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चन्द्राकर, हेमलता साहू, सुमन भारती, कार्यालयीन स्टॉप से शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, प्रदीप यादव, जागेश्वरी गोस्वामी, योगेश्वरी चन्द्राकर, शासकीय माध्यमिक शाला बेमचा प्रधान पाठक तिलक चंद्राकर, खेमराज साहू व पंकज चंद्राकर सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।



## साउंड सिस्टम बजाने पर परेशान हार्ट पेशेंट ने लगाई फांसी

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के हथखोज इलाके में गणेश पंडाल पर तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद एक हार्ट पेशेंट ने आत्महत्या कर ली। इस घटना की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, मौके पर पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मृतक ने खुदकुशी के कारणों का जिक्र किया है और कुछ युवकों का नाम लिखा है। जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम धन्नू साहू है जो की हार्ट पेशेंट थे और उनका घर पर ही उपचार चल रहा था। कुछ दिनों पहले उनके घर के पास गणेश पंडाल में कुछ युवक तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजा रहे थे, इस दौरान धन्नू ने उन्हें साउंड कम करने या फिर बंद करने को कहा। यह बात युवकों को नागवार गुजरी और वह धन्नू से विवाद करने लगे।

NECC

| 18.09.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 520 | 90 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 115 | 195 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 72 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पत्नी- सुनो जी आपको आरती याद है न?
पति- हां... वो पतली सी, वही न?
इसके बाद भगवान की बाद में, पति की 'पूजा' पहले हुई।

संपादकीय

## डीजे का जानलेवा शोर

देश भर की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी डीजे के इस्तेमाल से होने वाली समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसके चलते समाज अशांत हो रहा है, विवाद हो रहे हैं और लोग प्राण गंवा रहे हैं। स्वीकृत व निर्धारित स्तर से कहीं अधिक जोर से बजने वाले डीजे लोगों के लिये बड़ी समस्या बन रहे हैं। विभिन्न अवसरों पर इनका इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। इसके चलते लोगों की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। फिलहाल गणेशोत्सव चल रहा है। हजारों की संख्या में सार्वजनिक तौर पर जो प्रतिमाएं बिठाई जाती हैं, उनके आगमन से लेकर विसर्जन तक डीजे का कानफोड़ू संगीत लोगों की समस्या को बेतरह बढ़ा रहा है।

बलरामपुर जिले में संजय जायसवाल नामक एक युवक की ब्रेन हेमरेज से मृत्यु हो गयी। उसे किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं थी। यहां तक कि ब्लड प्रेशर भी नहीं था। चिकित्सकों का अनुमान है कि तेज आवाज में बजा डीजे उसके लिये जानलेवा साबित हुआ है। पहले उसे उल्टियां हुईं और अस्पताल में जब उसका सीटी स्कैन कराया गया तो उसके सिर के पिछले हिस्से में खून का थक्का होना पाया गया। पहले वह पूर्णत: स्वस्थ था लेकिन वह गणेश उत्सव में गया था जहां तेज वॉल्यूम में संगीत बज रहा था। माना जा रहा है कि इसी के चलते उसे ब्रेन हेमरेज हुआ है। इसे सभी को चेतावनी की तरह लेना चाहिये। आधुनिक तकनीकों से बने नये डीजे इतनी तेज आवाज़ में बजते हैं कि उसका असर हृदय पर पड़ता हुआ महसूस किया जा सकता है। बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को तो इससे अत्यधिक दिक्कत होती ही है, जिन्हें दिल की कोई बीमारी है, रक्त चाप सम्बन्धी समस्या है, सिर दर्द होता है या कानों की कोई बीमारी है- वे इस आवाज को झेल नहीं पाते। इसके अलावा हाल ही में दुर्ग जिले के नंदिनी क्षेत्र में डीजे को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गयी। विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया जिसमें 3 लोगों की जान चली गयी। दिल की बीमारी से जूझ रहे एक बुजुर्ग ने इससे परेशान होकर आत्महत्या कर ली।

तेज आवाज़ वाले डीजे के प्रति लोगों, खासकर युवाओं का क्रेज़ बढ़ता जा रहा है। वर्ष भर में तीन-चार ऐसे मौके अवश्य आते हैं जब सार्वजनिक त्यौहारों के रूप में डीजे संगीत का आयोजन होता है। गणेशोत्सव के अलावा दुर्गा पूजा, जन्माष्टमी, नवरात्रि आदि के अलावा अन्य अनेक मौकों पर डीजे का इस्तेमाल होता है। देखा तो यह भी जाता है कि डीजे के इंतज़ार में विसर्जन तक एक-दो दिन विलम्ब से किया जाता है। न सिर्फ वॉल्यूम के तौर पर बल्कि प्रशासन द्वारा निर्धारित समय सीमा का उल्लंघन करते हुए भी ये आयोजन पाये जाते हैं। सरकार को चाहिये कि डीजे सम्बन्धी सभी नियमों का कड़ाई से पालन कराए।

# सैलानी नहीं ले पाए एनएमडीसी के डम्पर डोजर के साथ सेल्फी

## विश्वकर्मा पूजा पर जिला प्रशासन ने लगाया प्रतिबंध, सूनी रहीं खदानें, मायूस हुए पर्यटक

**किरंदुल,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। जिला दंतेवाड़ा के बैलाडीला स्थित एनएमडीसी की किरंदुल परियोजना में विश्वकर्मा पूजा के दिन छत्तीसगढ़ ,ओड़ीसा, एम पी ,तेलंगाना ,आंध्रा से लाखों पर्यटक बैलाडीला की ऊँची ऊँची पहाड़ियों में स्थित एनएमडीसी की खदानों एवं खदानों में कार्यरत विशालकाय डम्पर एवं डोज़रों को देखने एवं आकर्षक वादियों का लुत्फ उठाने के लिए विश्वकर्मा पूजा के दिन बैलाडीला पहुंचते हैं । साथ ही एनएमडीसी किरंदुल परियोजना प्रबंधन द्वारा साल में एक बार सिर्फ विश्वकर्मा पूजा के दिन आगंतुक पर्यटकों के लिए खदानों में जाने की अनुमति भी दी जाती है । परंतु इस वर्ष बैलाडीला क्षेत्र में हो रही अति वर्षा के कारण जिला प्रशासन ने विश्वकर्मा पूजा के दिन पर्यटकों के माइनिंग क्षेत्र में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था । चूंकि खनन क्षेत्र समीपवर्ती पहाड़ के ऊपर स्थिति है,जहां माइंस बाउंड्री से असमय एवं अनायास लौह युक्त जल का प्रवाह देखा गया हैं। इसके अतिरिक्त, माइंस खनन क्षेत्र के जगह-जगह पर लैंड स्लाइड होना भी पाया गया है, जिसके मद्देनजर दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 34 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 17 सितम्बर विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर बचेली परियोजना एवं किरंदुल परियोजना के माइंस बाउंड्री के भीतर लौह उत्खनन एवं अनुशांगिक गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य परिवहन / पर्यटन इत्यादि गतिविधियाँ तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित की जाती है । बता दें प्रति कि वर्ष विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर एनएमडीसी प्रबन्धन द्वारा अपना माइन्स क्षेत्र बाहरी आगन्तुकों के लिए खोला जाता हैं। जहां पर बाहरी वाहनों एवम पर्यटकों की भारी भीड़ बैलाडीला की सुंदर वादियों को देखने पहुंचते हैं। परंतु इस बार जिला प्रशासन की पाबंदी के कारण परियोजना के कर्मचारियों को भी सिर्फ खदान क्षेत्र में पूजा अर्चना करने की छूट दिये जाने एवं आस पास के आदिवासी क्षेत्रों के ग्रामीणों एवं कैम्प एरिया के निवासियों के लिए परियोजना द्वारा बस सुविधा उपलब्ध नहीं कराने के कारण कोई पर्यटक एनएमडीसी की खदानों तक नहीं पहुंच पाए । जिस कारण अन्य प्रांतों से आये पर्यटकों को सिर्फ मायूसी ही मिली । सिर्फ सिविल विभाग ,लोडिंग प्लांट ,एसपी वन ,एसपी टू के विभागों में ही पर्यटकों की भीड़ देखी जा सकी ।





## सांसद महेश ने 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का किया शुभारंभ और दिलाई स्वच्छता की शपथ

**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। सांसद महेश कश्यप ने मंगलवार को शहर के शहीद पार्क परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और शहीद पार्क परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। कार्यक्रम में महापौर सफीरा साहू, पार्षदगण, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी और गणमान्य नागरिक, अधिकारीगण, युवोदय की टीम, नगर निगम के टीम, पत्रकारगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए सांसद श्री कश्यप ने कहा कि स्वच्छता मानव जीवन का जरुरी हिस्सा है। हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। शहरों, गांवों एवं प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। उन्होंने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जगदलपुर विधायक किरणदेव को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामना दीं। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को विश्वकर्मा जयंती की भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती साहू ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में शहर के नागरिक अपने घरों के आसपास साफ- सफाई रखें। साथ ही जागरूकता के माध्यम से जगदलपुर शहर >> शेष पृष्ठ 9 पर >



सांसद, महापौर, कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने शहीद पार्क परिसर में झाड़ू लगाकर की सफाई

## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपाइयों ने रक्तदान कर मरीजों के बीच किया फल वितरण

**सुकमा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक च्स्वच्छता ही सेवाज्पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत पहले दिन भाजपाइयों ने रक्तदान और मरीजों को फल वितरण किया। इस दौरान प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य अरुण सिंह भदौरिया, जिला महामंत्री कोरसा सन्नू, जिला उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक, भुवनेश्वरी यादव, जिला मंत्री दिलीप पेद्दी, जिला कार्यालय सह प्रभारी विवेक यादव, जिला मीडिया प्रभारी रमेश यादव, मंडल अध्यक्ष डमरू राम नाग, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सोढ़ी सहित भाजपा पदाधिकारी आयता राम मंडावी, राजकुमार श्रीवाने, जोगा राम बारसे, राजकुमार कश्यप, परदेशी नाग, देवेश ध्रुव शिपला मंडावी, अजय बघेल, उपेंद्र नायक, राजेंद्र कुलदीप, इसराइल खान, मनोज मंडल, आयता बुंगरी, उर्रा कुंजाम, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे । स्वच्छता को अपनाकर प्रधानमंत्री के च्स्वच्छ भारतज्के लक्ष्य को साधने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सुकमा भाजपा युवा मोर्चा सुकमा के द्वारा रक्तदान शिवर आयोजन कर रक्तदान किया । भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को भाजपा पदाधिकारियो के द्वारा जिला चिकित्सालय सुकमा में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण किया। इस दौरान भाजपा सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य अरुण सिंह भदौरिया युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सोढ़ी सहित भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता आस्पताल में रक्तदान करके वार्ड में जा जाकर >> शेष पृष्ठ 9 पर >



## ग्राम आसना के काम्पलेक्स से 190 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जप्त

**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में बस्तर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जिस तारतम्य में बड़ी मात्रा में अवैध शराब तस्करी पर बस्तर पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता मिली है।

ज्ञात हो कि सूचना प्राप्त हुआ था कि ग्राम आसना पंचायत काम्पलेक्स नम्बर 04 में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बाहर से काफी मात्रा में लाकर बिक्री करने कि सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर, कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा आसना पंचायत काम्पलेक्स नंबर 04 में एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर पुछताछ किया गया। उक्त व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम रामसिंग बघेल पिता चक्रधर बघेल उर्फ खुजा उम्र 38 वर्ष जाति भतरा निवासी आसना नयापारा थाना कोतवाली, जिला-बस्तर (छ.ग) का रहने वाले बताये जो विगत कुछ समय से अपने साथी दिनेश चौधरी सानू नायक एवं रवि के साथ मिलकर विगत 4-5 दिन पूर्व दिगर राज्य मध्यप्रदेश से अंग्रेजी शराब गोवा व्हिस्की को आसना के काम्प्लेक्स में छिपा कर रखना और आसपास के गांवों व जिलों में सप्लाई करना बताने पर आरोपी के कब्जे से 190 पेटी गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब पौवा में प्रत्येक 50 नग कुल 9500 नग पौवा अंग्रेजी शराब जुमला शराब 1710 लीटर कीमती 1282500 रूपये एवं एक पल्सर मोटर सायकल सीजी 17 . केजे . 3915 किमती 100000 रूपये, मोबाईल को आरोपी से बरामद कर, जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली जगदलपुर में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, कार्यवाही किया गया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायालय रवाना किया जा रहा है। मामले के अन्य फरार आरोपियों का पता तलाश जारी है जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जावेगा ।



## प्रधानमंत्री के भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम को जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने वर्चुअल तौर पर देखा

**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाऊन हाल में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भुवनेश्वर में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत हितग्राहियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनप्रतिनिधियों,अधिकारी-कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों ने देखा। इस अवसर पर बस्तर जिले के नगरीय निकायों के 430 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत नवीन आवास से लाभान्वित किया गया। वहीं ग्रामीण ईलाके के 7309 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रथम किश्त की राशि अंतरित की गई। उक्त कार्यक्रम सांसद बस्तर महेश कश्यप के मुख्य आतिथ्य सहित महापौर सफीरा साहू की अध्यक्षता और जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

इस मौके पर सांसद श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत हर गरीब परिवार को पक्का आवास से लाभान्वित किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में आवासहीन निर्धन परिवारों को स्वयं का पक्का आवास बनाने के लिए सहायता दी जा रही है। वहीं ग्रामीण ईलाके के गरीब परिवारों को पक्के मकान के लिए मदद दी जा रही है। इस योजनांतर्गत पक्के मकान से लाभान्वित निर्धन परिवारों को स्वच्छ शौचालय,बिजली,पानी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिकता से पहल किया जा रहा है। जिससे अब हर गरीब परिवारों के आवास का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने प्रदेश में 18 लाख निर्धन परिवारों को योजना से नए आवास देने के प्रयास को रेखांकित करते हुए शेष गरीब परिवारों को लाभान्वित किए जाने कटिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप और अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नवीन आवास से लाभान्वित हितग्राहियों को बधाई दी। वहीं प्रतीकात्मक आवास का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही 10 हितग्राहियों को नवीन आवास की चाबी प्रतीकात्मक रूप से प्रदान किया। इस दौरान अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत नगर पालिक निगम जगदलपुर के 345 तथा नगर पंचायत बस्तर के 85 हितग्राहियों को नए आवास की सौगात मिली है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 7309 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है। इस अवसर पर पूर्व सांसद दिनेश कश्यप,पूर्व विधायक द्वय बैदूराम कश्यप एवं लछूराम कश्यप तथा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर हरिस एस.,सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे,डीएफओ उत्तम गुप्ता,नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, योजनांतर्गत लाभान्वित हितग्राही एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



- प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का वीडियो कांफ्रेंसिंग से गृह प्रवेश कार्यक्रम सम्पन्न
- हर गरीब परिवार के आवास का सपना हो रहा साकार : सांसद महेश

## मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में 15 लाख करोड़ की परियोजनाओं पर शुरू हुए काम : किरण सिंह देव

**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालते हुए सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूलमंत्र को लक्ष्य बनाकर देश के विकास का जो संकल्प व्यक्त किया था, अपने इस कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में इस पर उन्होंने तेजी से अमल किया है। इन प्रथम 100 दिनों में ही लगभग 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएँ शुरू करके भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की केंद्र सरकार 2047 तक च्विकसित भारतज्के लक्ष्य-पथ पर तेज रफ्तार से बढ़ रही है। देश की आधारभूत संरचना समेत 140 करोड़ देशवासियों के कल्याण के लिए मोदी-सरकार की प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत बजट प्रावधानों ने किया था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में 3 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसमें सड़क, रेल, बंदरगाह और हवाई मार्ग पर प्रमुख रूप से फोकस किया गया है। महाराष्ट्र के वधावन में 76,200 करोड़ रु. के वधावन मेगा पोर्ट को मंजूरी दी गई जो दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में शामिल होगा। इसी प्रकार लद्दाख को हिमाचल प्रदेश से जोड़ने वाली शिन-खुन-ला सुरंग की आधारशिला रखी गई। रेल यात्रा को तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए 8 नई रेलवे लाइन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिससे 4.42 करोड़ मैन-डेज के रोजगार उत्पन्न होंगे। वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास को मंजूरी के साथ ही पश्चिम बंगाल में बागडोगरा और बिहार में बिहटा में नए सिविल एन्क्लेवज की मंजूरी दी गई। अगत्ती और मिनिकॉय में नई हवाई पट्टी भी बनाई जाएंगी। बेंगलुरु मेट्रो के फेज-3, पुणे मेट्रो और ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के विस्तार को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 इस योजना में 49,000 करोड़ रु. की केन्द्रीय सहायता से 25 हज़ार अनकनेक्टेड गांवों में कनेक्टिविटी के लिए 62,500 किलोमीटर सड़कों और पुलों के निर्माण व अपग्रेडेशन को मंजूरी दी गई है। 50,600 करोड़ की लागत से भारत में सड़क नेटवर्क को मजबूती देने के लिए कार्य स्वीकृत हुआ। 936 किलोमीटर में फैले 08 राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी करने के साथ ही 9.3 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए गए। अभी तक कुल 12 करोड़ 33 लाख किसानों को 3 लाख करोड़ रु. वितरित किए जा चुके हैं। मक्के से भी एथेनॉल के उत्पादन के लिए सहकारी चीनी मिलों की एथेनॉल उत्पादक इकाइयों का मल्टी फीड एथेनॉल इकाइयों में रूपांतरण किया गया है। प्याज और बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाने और प्याज पर निर्यात शुल्क को 40 से घटाकर 20 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि मोदी-सरकार के तीसरे कार्यकाल में मध्यम वर्ग को राहत देते हुए 7 लाख रु. तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगाया गया। सैलराइज्ड क्लास 17,500 रु. तक टैक्स बचा सकते हैं। स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ा कर 75 हजार रु. किया गया, और पारिवारिक पेंशन में छूट का दायरा बढ़ाकर 25 हजार रुपए किया गया। इनकम टैक्स नियमों को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए 6 महीने में व्यापक समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर स्वीकृत किए गए हैं वहीं शहरी योजना के तहत 1 करोड़ घरों की मंजूरी दी गई है। ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ घरों के निर्माण स्वीकृत हुए हैं। इस प्रकार 2014 से अभी तक कुल (शहरी+ग्रामीण) 4 करोड़ 27 लाख घर बनाए और स्वीकृत >> शेष पृष्ठ 9 पर >



- सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के मूलमंत्र को लक्ष्य बनाकर पूरा हो रहा देश के विकास का संकल्प
- 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य-पथ पर तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है केन्द्र सरकार

## जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सभी बेहतर कार्य करें : कलेक्टर

**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि बस्तर जिले में काम का बहुत स्कोप है, शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सभी बेहतर कार्य करें। कलेक्टर हरिस मंगलवार की दोपहर में जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत लक्षित किसानों की सूची गिरदावरी डाटा और वन अधिकार मान्यता पत्र धारक किसानों के साथ गांव की सूची बनाने कहा जिसमें पटवारी-आरआई की संयुक्त दल को निरीक्षण कर तहसील स्तर से सत्यापन कर सूची तैयार करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण, तीन वर्षो से धान नहीं बेचने वाले कृषकों की जानकारी लैंपस से जांचकर अपडेट करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैंक सखियों से कम से कम 60 ट्रांजेक्शन किए जाने पर जोर दिया। बीमा योजना के तहत लक्षित लाभार्थियों का सही आंकड़ा की जानकारी के लिए योजना एवं सांख्यिकी विभाग के डाटा से मिलान करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस के लिए पात्र-अपात्र की सूची को जनपद स्तर से जांच कर रिपोर्ट देने और प्रगतिरत आवास का निर्माण कार्य को 31 सितंबर तक पूर्ण किए जाने कहा। मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवन, उचित मूल्य की दुकान भवन के निर्माण कार्य माह के अंत तक पूर्ण करवाएं। कलेक्टर ने बैठक में विशेष केंद्रीय सहायता योजनांतर्गत स्वीकृत कार्य, जिला खनिज न्यास संस्थान मद से स्वीकृत विकास कार्य का वित्तीय वर्षवार निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा किए। खाद्य विभाग से राशन कार्डों के नवीनीकरण, निरस्त राशन कार्ड एवं निरस्त सदस्यों की जानकारी ली और जनपद पंचायत से निरस्त राशन कार्ड एवं निरस्त सदस्यों, पलायन की जानकारी लेकर अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही पीडीएस बारदाना संकलन, चावल जमा और पीडीएस दुकान में खाद्यान्न भंडारण की भी समीक्षा किए। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम के क्रियान्वयन, बस्तर विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों की, नक्सल पीड़ित और आत्मसमर्पित नक्सलियों को योजनाओं का लाभ देने पर चर्चा किया गया। बैठक में आरसीएच पोर्टल और पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से हितग्राहियों को लाभ देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिकल सेल के लक्ष्य को दिसंबर माह तक पूर्ण करवाने निर्देशित करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सातों ब्लॉक के चार-चार गांव को चयन कर सेचुरेशन करने का प्रयास करने पर बल दिया। स्कूली बच्चों का यूएस डाइट की सूची के आधार पर बच्चों का जाति प्रमाण पत्र जारी >> शेष पृष्ठ 9 पर >



समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# दंतेवाड़ा में नियद नेल्लानार सर्वोच्च प्राथमिकता : कमिश्नर



- योजनाओं से लाभान्वित होंगे नक्सल पीड़ित और समर्पित
- 20 विभागों की अहम बैठक में समीक्षा
- राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निपटारे पर जोर

**दंतेवाड़ा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह द्वारा 20 विभागों की समीक्षा बैठक ली गई। इन विभागों में राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, कृषि, आदिवासी विकास, शिक्षा, पीएमजीएसवाय जैसे अन्य महत्वपूर्ण विभाग शामिल थे।

बैठक में संभाग आयुक्त ने राजस्व संबंधी प्रकरण जैसे विवादित एवं अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, बंटाकन, त्रुटि सुधार एवं व्यपवर्तन जैसे प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित गति लांए। इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायत की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त छूटे हुए परिवारों को 31 दिसंबर तक स्व-सहायता समूह में शामिल किया जावे। इस प्रकार नियद नेल्लनार क्षेत्र अंतर्गत छूटे हुये परिवार, नक्सल प्रभावित परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सल परिवारों को प्राथमिकता से स्व-सहायता समूह में शामिल करें। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान पंजीयन, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु कैंप लगा कर कार्यवाही करने,आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए परिवारों का कार्ड बना बनाया जाने, राशन कार्ड डाटा के आधार पर डुप्लीकेट डाटा को हटा कर लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही करने तथा ऐसे क्षेत्र जहाँ नेटवर्क की उपलब्धता नहीं है, वहां लाभार्थियों को मोबिलाइज कर कार्ड बनाया जाने को भी कहा।

श्री सिंह ने शिक्षा विभाग के तहत पीएमश्री विद्यालयों के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि पीएमश्री विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य आस-पास के अन्य विद्यालयों को मेंटरशिप प्रदान करना, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को क्रियान्वयन कर प्रदर्शित करने, 21वीं सदी के प्रमुख कौशल से लैस व्यक्तियों का निर्माण,गुणात्मक शिक्षण,सीखना और संज्ञानात्मक विकास तथा एक आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करना है। अतः इस संबंध में विभाग प्रमुख नियमित रूप से संचालित गतिविधियों का निरीक्षण करें। इसके साथ ही आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत छात्रावासों एवं आश्रमों की अद्यतन स्थिति, महिला एवं बाल विकास के तहत महतारी वंदन योजना,पोषण पुनर्वास केन्द्र, कृषि विभाग अन्तर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वाइल हेल्थ कार्ड,मत्स्य पालन विभाग की मत्स्य संपदा योजना के प्रगति, पशुधन विभाग के तहत टीकाकरण एवं एफ.एम.डी रोग नियंत्रण, खाद्य विभाग की राशन कार्ड नवीनीकरण अभियान के प्रगति, समाज कल्याण विभाग के तहत वृद्धा पेंशन योजना की भी गहन समीक्षा संभाग आयुक्त द्वारा ली गई। समीक्षा बैठक के पूर्व कलेक्ट्रोरेट परिसर में संभागायुक्त,कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

बैठक के अंत में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि आज की समीक्षा बैठक में संभाग आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों का सभी विभाग प्रमुख आपसी समन्वय स्थापित कर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा क्रियान्वयन संबंधी दिक्कतों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, डीएफओ सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम जयंत नाहटा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सीइओ ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोण्डागांव अविनाश भोई ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा करते हुए स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, वनाधिकार पट्टा, आवास निर्माण और जल जीवन मिशन सहित कई योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। सीईओ ने कार्यों की प्रगति पर संतोष जताते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंच सके। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए श्री भोई ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शिविरों का आयोजन करने और अधिक से अधिक लोगों के स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिए। आदिवासी विकास शाखा को वनाधिकार पट्टा से संबंधित समस्याओं का चिन्हांकन कर त्वरित समाधान निकालने और वनाधिकार पट्टों के फौती नामांतरण की स्थिति पर चर्चा किया। सीईओ ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए पिछले शैक्षणिक सत्र में कमजोर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को चिन्हित करके, शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।



समय-सीमा बैठक

सीईओ श्री भोई ने स्कूल मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई कार्य तय मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है, तो कार्रवाई की जाए। शौचालय निर्माण, सड़क सुरक्षा, नारी शक्ति, जल शक्ति, शहरी एवं ग्रामीण आवास निर्माण और जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की भी गहन समीक्षा करके स्वच्छता और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दिए जाने के साथ ही, ग्रामीण और शहरी इलाकों में आवास निर्माण के कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति की स्थिति का भी आंकलन किया गयाऔर सुनिश्चित किया गया कि हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो।

बैठक के दौरान सीईओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समय पर और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। हितग्राही मूलक की तैयारी करने पर जोर दिया ताकि पात्र लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाया जा सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव ने ली बैठक

## नेशनल लोक अदालत को लेकर मंथन



**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव के विश्राम कक्ष में नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक सम्पन्न होने के सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई जानकारी के अनुसार 17 सितम्बर को उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में अन्य न्यायाधीशगणों के साथ बैठक आयोजन कर आगामी 21 सितम्बर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में लोक अदालतों के कार्यप्रणाली नियम और प्रक्रियाओं पर चर्चा किया गया। जिसमें 5 से 10 वर्ष पुराने लंबित मामलों को विशेष ध्यान देते हुए नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा न्यायालयों में लंबित सिविल, दांडिक पारिवारिक, मोटर दुर्घटना चेक बाउंस, बीमा से संबंधित प्रकरणों को 21 सितम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में रखने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर कमलेश कुमार जुर्री जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी पाक्सो, विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं कु.गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उपस्थित थे।

# देश सेवा की प्रेरणा देता है मोदी का जीवन

**दंतेवाड़ा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आज जनसंपर्क विभाग द्वारा कलेक्टोरेट परिसर मे एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। फोटो प्रदर्शनी विकसित भारत, मोदी जी की संकल्पना थीम पर लगाई गई।




- मोदी के जन्मदिन पर विकसित भारत की झलक
- जनसंपर्क विभाग ने लगाई फोटो प्रदर्शनी
- विधायक चैतराम ने किया उद्घाटन

फोटो प्रदर्शनी मे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई गई। फोटो प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घण्टे भी कम है, बंदे में इतना दम है, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जल क्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी गयी है। फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी के द्वारा रिबन काटकर, फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करके किया गया। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप संचालक रंजीत पुजारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चे, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मड़ानार के विद्यार्थियों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता ही सेवा का संदेश



**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में 17 सितंबर को भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी का जन्मदिन विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा काष्ठशिल्प से तैयार पोट्रेट के समक्ष प्रधान मंत्री को शुभकामना संदेश और स्वच्छता शपथ लेते हुए मनाया गया। काष्ठशिल्पकार शिवचरण साहू और उनके प्रशिक्षु खिलेंद्र, विष्णु, मजनू ने लकड़ी में प्रधान मंत्री की तस्वीर और उनके द्वारा विकसित भारत के अमृतकाल में लिए गए अहम फैसले स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत, नोटबंदी, आयुष्मान भारत, सर्जिकल स्ट्राइक, उज्जवला योजना, सीसीए, मुद्रा, उड़ान, जनधन, जीएसटी, तीन तलाक खत्म, कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने का उल्लेख सुंदर काष्ठकारीगरी के माध्यम से किया गया है। विद्यालय के विद्यार्थियों और प्रधान अध्यापक पी.एल.नाग, शिक्षिका आरती बेर, रंजीता तिग्गा, ललिता समरथ एवं शिक्षक शिवचरण साहू द्वारा स्कूल मैदान, पंचायत भवन, उचित मूल्य की दुकान, आंगन बाड़ी केंद्रों के आसपास और अपने विद्यालय परिवेश में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत श्रमदान से साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया।

# नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम घोषित

**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों यथा नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के आम निर्वाचन 2024 एवं इन नगरीय निकायों के उप निर्वाचन 2024 कराये जाने हेतु 01 जनवरी 2024 की स्थिति में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 को करने सहित 23 अक्टूबर को समय अपरान्ह 3 बजे तक दावे-आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। इसके पश्चात 29 अक्टूबर तक दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। दावे-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध 05 दिवस के भीतर अपील करने के पश्चात 13 नवम्बर तक परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की प्रविष्टि साफ्टवेयर में कर 16 नवम्बर तक चेकलिस्ट का जांच के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय को मुद्रण के लिए प्रेषित किया जाएगा।

# गुजराती समाज के नवगठित कार्यकारिणी में दिलीप दीवान अध्यक्ष व गीतेश गांधी सचिव बने

**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। गुजराती समाज कोण्डागांव का नव गठित कार्यकारिणी में दिलीप दीवान को अध्यक्ष तथा गीतेश गांधी को सचिव बनाए जाने के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गुजराती समाज कोण्डागांव की नई कार्यकारिणी का गठन सोमवार 16 सितम्बर को किया गया और दिलीप कुमार दीवान को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। उनके अलावा संदीप शाह को उपाध्यक्ष, गीतेश गांधी को सचिव, कल्पेश दीवान को सह सचिव तथा शिवम गांधी को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। सोमवार को मरारपारा स्थित गुजराती समाज भवन में गुजराती समाज का वार्षिक आमसभा आयोजित किया गया। जहां निवर्तमान अध्यक्ष दीपक दीवान ने दिलीप दीवान को पदभार सौंपा। इसके बाद सत्र 2023-24 में की गई गतिविधियों का विवरण व निवर्तमान कोषाध्यक्ष ने आगामी सत्र के लिए लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस दौरान आगामी नवरात्र पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए रूपरेखा बनाया गया।



नव गठित कार्यकारिणी अध्यक्ष दिलीप कुमार दीवान ने बताया कि विगत कई दशकों से गुजराती समाज कोण्डागांव, धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन करके अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखते हुए विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। समाज को मजबूती से संगठित कर अन्य सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में समाज को अग्रणी स्थान पर लाने का वचन देकर सभी सामाजिकजनों का आभार प्रकट किया। इस दौरान कमलेश मोदी, नलिन पंड्या, चिनेश गांधी, भावेश शाह, रौनक दीवान, अरुण छिपानी, हिमांशु दीवान, राजेश दीवान, अलका बेन दीवान, भूमिका गांधी, निशिता गांधी, बिना शाह सहित समाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जैतपुरी के एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान




**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। हायर सेकेंडरी स्कूल जैतपुरी में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया और इस दौरान जैतपुरी के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। भारतवर्ष में शुरू हुए स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्व्यापी स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी की एन.एस.एस.इकाई के स्वयंसेवकों ने राष्ट्व्यापी स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी निभाते हुए जैतपुरी में स्वच्छता ही सेवा रैली निकाली गयी। इसके साथ ही जैतपुरी साप्ताहिक बाजार स्थल में बाजार समाप्त होने के पश्चात यत्र तत्र फेंके गए प्लास्टिक की पन्नी, अपशिष्ट कचरा को एकत्रित करके नष्टकर स्वछ भारत का संदेश दिया गया। जिला संगठक शशि भूषण कनौजे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने में स्वच्छता की शुरुआत अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ अपने घर से शुरू करने और स्वच्छता को अपने संस्कार में शामिल करने एवं स्वभाव में शामिल करने और अपने विद्यालय के साथ-साथ घर गांव मोहल्ले में भी स्वच्छता अभियान चलाने हेतु, प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता की शपथ ली।

# आंगनबाड़ी केन्द्र परवी केन्द्र क्रमांक 1 में मनाया गया वजन त्योहार

**भानुप्रतापपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत परवी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में आज दिनांक 17 सितंबर दिन मंगलवार को धूमधाम से वजन त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र ध्रुव (युवा प्रकोष्ठ ब्लाक उपाध्यक्ष भाजपा) शामिल हुए,,राजेन्द्र ध्रुवा ने कहा कि आज आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे-छोटे बच्चों को पोषक आहार मिल रहा है बच्चों का अच्छी तरह से देखभाल किया जा रहा है, सुबह नाश्ता व दोपहर को गर्म भोजन दिया जा रहा है, मौसमी बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक दवाईयां मितानिनों के माध्यम से दिया जा रहा है, बच्चों को आंगनबाड़ी मैडम के द्वारा खेल खेल में पढ़ाया लिखाया जा रहा है, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा के बारे में मैडम के द्वारा जानकारी प्रदान किया जा रहा है,पंचायत सचिव राजेन्द्र सलाम ने बताया कि प्रति माह आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार मनाया जाता है एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है,आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेन्द्र सलाम(ग्राम पंचायत परवी सचिव),अनिल भगाड़े(प्रधान पाठक परवी),दिनेश नेताम(रोजगार सहायक),राजेश चतुर्वेदी(सहायक शिक्षक),रोहिणी मंडावी(आंगनबाड़ी कार्यकर्ता),शांता दर्रो,रमशिला नेताम,तामेश्वरी गावड़े, रामबती कोमरे, हिरोतिन मंडावी, मथुरा नेताम आदि शामिल हुए।



## प्रादेशिकी का शेष...

### सांसद महेश ने 'स्वच्छता ही सेवा'...

को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने पार्क में सफाई अभियान किया। ज्ञात हो कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर आज से राज्य के सभी 184 नगरीय निकायों में विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### सेवा पखवाड़ा के तहत ...

मरीजों के बीच तरह-तरह के फल वितरित किए तथा उनका हाल-चाल लेते हुए चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। बता दें कि बीते 17 सितंबर से हीं भाजपा द्वारा पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी प्रयास कर रहे हैं जिसमें आयुष्मान कार्ड सहित कई योजनाएं शामिल है।

### मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल ...

किए गए हैं। यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू की गई। 25 साल सर्विस वाले कर्मचारियों को औसत मूल वेतन का 50 फीसदी पेंशन के रूप में मिलेगा। वन रैंक, वन पेंशन योजना में सुरक्षा बलों और उनके परिवार के लिए वन रैंक, वन पेंशन योजना का तीसरा संस्करण लागू किया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना। ईज ऑफ डूइंग बिज़नस । स्टार्टअप्स को वित्तीय राहत और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स पर 31 प्रतिशत का बोझ डालने वाले 2012 से चल रहे एंजेल टैक्स को समाप्त किया गया। 2 लाख करोड़ के पीएम पैकेज की घोषणा की गई जिससे युवाओं में रोजगार और कौशल को बढ़ावा मिलेगा। इसमें 5 साल में 4.1 करोड़ युवाओं को लाभ पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। 1 करोड़ युवाओं को टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर, अलाउंस और एकमुश्त सहायता राशि भी दी जाएगी। केंद्र सरकार ने 15 हजार से अधिक नई नियुक्तियों की घोषणा की। 20 लाख युवाओं को कौशल युक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर छत्तीसगढ़ की समस्त जनता व प्रदेश के सभी ऊर्जावान भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई व शुभकामनायें प्रेषित की।

पत्र वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी, सांसद बस्तर महेश कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा,श्रीनिवास राव मद्दी, विद्याशरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय, अमित साहू, महापौर सफीरा साहू, रजनीश पाणिग्रही, संजय पाण्डेय, नरसिंह राव,आलोक अवस्थी, राजेन्द्र बाजपेयी, सुरेश गुप्ता, अविनाश श्रीवास्तव, आर्येन्द्र आर्य, राजपाल कसेर, शशिनाथ पाठक उपस्थित थे।

### जनकल्याणकारी योजनाओं के ...

करने की पहल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के योजनाओं की प्रगति, जल जीवन मिशन के प्रगति, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वन की प्रगति की समीक्षा किए। ध्वनि प्रदूषण के संबंध में कार्यवाही पर चर्चा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि डीजे वाले वाहनों पर कार्यवाही करें पहली बार पकड़ने पर जुर्माना लगाया जाए दुबारा पकड़ने पर गाड़ी को राजसात किया जाए। बैठक में बस्तर मड़ई के तहत अलग-अलग कार्यक्रम आयोजन के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का शुभारंभ नगर के बांधापारा स्थित स्वीमिंग पुल में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित लोगों द्वारा सफाई करके नगर को स्वच्छ रखने की शपथ के साथ 17 सितंबर को किया गया। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा और इसका मुख्य उद्देश्य 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की अवधारणा पर जोर देना है। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत पौधारोपण किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भोई और अधिकारी-कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और हरियाली को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही स्वच्छता कर्मियों और नागरिकों द्वारा सफाई कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए नगर पालिका की कचरा उठाने वाली गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए एक रैली भी निकाली गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आईटीबीपी के जवान, नगर के भूतपूर्व सैनिकों, एनएसएस के छात्र, नगर के स्वच्छता कर्मी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से नगरवासियों को अपने आस-पास की सफाई बनाए रखने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया। इस अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगर के विभिन्न हिस्सों में सफाई और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को लोगों की आदतों में शामिल करना और 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' के संदेश को व्यापक रूप से फैलाना है।



शपथ ग्रहण व श्रमदान कर अपने आस-पास स्वच्छ रखने दिया संदेश

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, वरिष्ठ नागरिक दीपेश अरोरा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जकसेतु उसेंडी, आईटीबीपी के जवान, भूतपूर्व सैनिक, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र, नगर पालिका के स्वच्छता कर्मी, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिकगण उपस्थित थे।

# योगेश तिवारी को समाज सेवा के लिए किया गया सम्मानित

■ आखिरी सांस तक बेमेतरा की सेवा का लिया संकल्प



**बेमेतरा**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के बेमेतरा जिले में गणेश पूजा का भव्य आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीटीआई ग्राउंड, बेमेतरा में जय गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित वार्षिक गणेशोत्सव का आयोजन भी समापन की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर मंगलवार को सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी को समाज सेवा में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह के दौरान समिति के अध्यक्ष गिरीश गबेल ने बताया कि योगेश तिवारी पिछले कई वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। खासतौर पर कोविड-19 महामारी के दौरान, उन्होंने बेमेतरा के लोगों के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा की और आज भी समाज सेवा के अपने संकल्प को मजबूती से निभा रहे हैं। वर्तमान में वह 250 बिस्तरों वाले मां गोदावरी आनंद आश्रम के माध्यम से बुजुर्गों की सेवा कर रहे हैं। गिरीश गबेल ने कहा कि तिवारी द्वारा किए जा रहे महान कार्य से समाज के सभी लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस सम्मान को समिति के लिए गौरव का क्षण बताया।

योगेश तिवारी ने समाज सेवा के लिए सम्मानित किए जाने पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि बेमेतरा की पवित्र धरती पर जन्म लेने वाले एक किसान नेता को आज यह सम्मान मिला है। मैंने अपनी मिट्टी से जुड़ने का जो संकल्प लिया है, वह जीवन भर जारी रहेगा। मेरा अंतिम लक्ष्य बेमेतरा की जनता की सेवा करना है, और मैं जीवन के अंतिम सांस तक यहां की सेवा करता रहूंगा। उन्होंने जय राम गणेश उत्सव समिति को धन्यवाद देते हुए कहा, यह मेरे लिए एक विशेष सम्मान है।

योगेश तिवारी ने जय गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित गणेश पूजा के भव्य आयोजन की सराहना की और भगवान गणेश की कृपा से इस आयोजन के माध्यम से समाज में शांति, एकता और समृद्धि को बढ़ावा मिलने की कामना की। उन्होंने इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों का भी धन्यवाद किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरीश गबेल, अजय शुक्ला, विकाश तिवारी, प्रांजल गौतम, दिलीप पटेल, प्रवीण नीलू राजपूत, मुकेश ठाकुर, संतोष साहू, चंदन सोनी, शेखर राजपूत, रानू वर्मा, छोटा देवांगन, सुनील सावल, गोलू कोशले, ढारेन्द्र पाल, प्रिंस वर्मा, आर्यन राजपूत, शुभम देवांगन, विवेक नामदेव, वतन राजपूत, राहुल राजपूत, हेमंत वर्मा, कृपाल सेन, घनश्याम यदु, ओम निर्मलकर, वैभव तंबोली, अजय सोनी, राहुल पटेल, रवि वर्मा, दीपक साहू, प्रदीप मानिकपुरी, चित्रेंद पटेल, कान्हा, बीरेंद्र पटेल, भानुप्रताप वर्मा, सुजल गुप्ता और विकाश शुक्ला जैसे सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जय गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश पूजा के भव्य आयोजन ने बेमेतरा के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्त्व को और अधिक उजागर किया है, साथ ही समाज सेवा के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता की भावना को भी अधिक सशक्त किया है।

# विधायक ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना



**बेमेतरा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू आज भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर मे पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।उन्होंने संसार के प्रथम वास्तुकार, निर्माण और सृजन के देवता, भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर सभी श्रमवीरों सहित क्षेत्रवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा सरपंच छोटू राम साहू परमेश्वर साहू,ओमकार साहू,टिकेंद्र साहू सहित जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासी मौजूद रहे।

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि, हमारे श्रमवीर क्षेत्र को गढ़ने में सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। श्रम से सृजन की सार्थकता को विश्वकर्मा जी ने ही समाज में स्थापित किया। विश्वकर्मा जयंती का दिन हमें श्रम के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। विश्वकर्मा जी का तकनीक कौशल और श्रमशीलता प्रेरणादायी है।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सरदा में राम मंच के उद्घाटन में शामिल हुए

बेमेतरा, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम सरदा में निर्मित राम मंच पीपल चौक सरदा के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम हम सभी के इष्ट हैं और उनके बताए रास्तों पर चलकर ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है इस आयोजन के लिए उन्होंने ग्राम वासियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाइयां प्रेषित की तथा लोगों से भगवान राम के बताएं मार्ग पर चलने का आवाहन किया साथी साथ आशीष छाबड़ा ने गणेश उत्सव पंडाल में जाकर भगवान गणेश जी का विधि विधान से पूजा अर्चन कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की राम मंच के उद्घाटन अवसर पर ग्राम शारदा में महिला खेल का आयोजन विशेष कर छत्तीसगढ़ी खेल जिसमें मटकी फोड़ बिंदी टिप कुर्सी दौड़ इत्यादि का आयोजन किया गया था जिसमें ग्राम की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही साथ मां सरस्वती महिला मानस मंडली द्वारा रामायण की प्रस्तुति भी की गई कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चिंता कोसले रामविलास साहू श्यामलाल साहू घनश्याम साहू संदीप साहू मौजी राम साहू जोगेंदर छाबड़ा सुमन गोस्वामी ललित विश्वकर्मा रवि रजक आशुतोष गर्ग मिथलेश साहू विकास साहू जागेश्वर साहू झलेश्वर साहू टिकेश साहू लालू साहू धनेश साहू नंदकुमार साहू सनत कुमार साहू ममता साहू एवं साथी स्व सहायता समूह की महिलाएं व समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे

# स्वच्छता दौड़ का आयोजन: स्वच्छता के प्रति दिया जागरूकता का संदेश

■ स्कूली बच्चों, अधिकारियों-कर्मचारियों, सहित जनप्रतिनिधियों ने लगायी दौड़
■ स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक, स्वच्छता की दिलायी शपथ



**बेमेतरा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में आज मंगलवार को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। दौड़ का शुभारंभ जय स्तंभ चौक से किया गया, जो मुख्यालय के प्रमुख चौक और बाज़ारों से होकर गुजरी। इस आयोजन में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिसमें ज़िला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल थे। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक किया और स्वच्छता की शपथ दिलायी। प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिये।

इस अवसर पर बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू और कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। स्वयं भी दौड़ में हिस्सा लिया और स्वच्छता के महत्व पर बल दिया। दौड़ में भाग लेने वाले जनप्रतिनिधियों में ओमप्रकाश जोशी और राजेंद्र शर्मा भी शामिल थे, जो पार्षदों और अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ इस आयोजन का हिस्सा बने। दौड़ के समापन पर आयोजित सभा में विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल हमारे घरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हमें अपने शहर और सार्वजनिक स्थानों को भी स्वच्छ बनाये रखे।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे समाज की समृद्धि और स्वास्थ्य का आधार है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने स्वच्छता पर प्रकाश डाला। जनप्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा ने भी इस मौके पर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया और समाज के हर वर्ग से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की। मुख्य कार्यालयन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने सभी आभार माना। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की सराहना करते हुए इस तरह के आयोजनों को आवश्यक बताया।

# धूमधाम से गणेश का विसर्जन किया गया

**थान खम्हरिया,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। मारवाड़ी गणेश उत्सव समिति और अन्य मोहल्ले के स्थापित गणेश जी का विसर्जन समारोह में ढोल-नगाड़े की धुन पर झूलते-नाचते हुए किया गया। इस वर्ष न्यायालय के कठोर प्रतिबंध के कारण डीजे साउंड का उपयोग नहीं किया गया, लेकिन इसके बावजूद समारोह में उत्साह और हर्षोल्लास की कमी नहीं रही।शांति और वातावरण के अनुकूल तरीके से गणेश विसर्जन तालाब और नदियों में किया गया। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और सुख-समृद्धि का देवता माना जाता है, और उनकी पूजा करने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है।पंडित ज्ञान प्रकाश जोशी ने बताया कि हिंदू धर्म में हर वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन लोग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणेश जी की मूर्ति की स्थापना अपने घर में लाकर करते हैं। पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ उनका पूजन करते हुए 10 दिनों तक गणेश उत्सव का पर्व चलता है, जिसके बाद अनंत चतुर्थी के दिन गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ इसी भावना के साथ गणपति मूर्ति का विसर्जन कर दिया जाता है।इस अवसर पर समिति के सदस्यों और ग्रामवासियों ने विशेष रूप से भाग लिया और गणेश जी को विदाई दी।



# मंदिर संकल्प यात्रा में जामडी पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास भनौरा पहुंचे

**थान खम्हरिया,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को संत रामबालक दास जी महाराज ग्राम भनौरा पहुंचे जिसमें ग्रामवासी तथा आसपास के ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। महाराज जी द्वारा गांव में बने धर्म सभा की पूजा अर्चना की उसके बाद मंच में ग्रामीणों को अपने तेजस्वी वाणी से संबोधन किया। संबोधन में महाराज जी ने हिंदूओं को जागृत करते हुए मंदिर निर्माण के विषय में बताया कि इसी जन्म में अपना कमाई के कुछ अंश राशि देकर पुण्य का भागीदार बन सकते हैं और अपने परिवार को भी इससे जोड़ने अपील की। महाराज जी ने आगे कहा कि जिस प्रकार अयोध्या में श्री राम जी का भव्य मूर्ति स्थापना हुई जिसमें पूरे भारत तथा विश्व के पूर्ण धर्मात्मा ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया, बताया कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण में छत्तीसगढ़ से 47 करोड़ धनराशि तथा 3000 क्विंटल चांवल श्री राम भगवान को छत्तीसगढ़ वासियों ने समर्पित किया गयाह। उसी प्रकार श्री राम भगवान के ननिहाल छत्तीसगढ़ के जमाड़ी पाटेश्वर धाम में मां कौशल्या का भाव विश्व के आदिति मंदिर निर्माण किया जा रहा है जो पूरे विश्व में विख्यात होगा दूसरा तल निर्माण हो चुका है 2025 तक तीसरा तल निर्माण होना है महाराज जी ने अपने उद्बोधन में आगे कहा की राशि एक साथ नहीं दे सकते तो अपने इच्छा अनुसार 3 वर्ष तक जमा कर सकते है। स्व सहायता महिला समूह को भी मंदिर निर्माण हेतु राशि सहयोग करने हेतु आग्रह किया गया। मंदिर निर्माण होने के बाद राशि नहीं लिया जाएगा अभी समय है समय रहते कुछ सहयोग देकर अपने नाम में तथा अपने माता-पिता के नाम में राशि जमा कर सहयोग प्रदान कर पुण्य का भागीदार बन सकते हैं। महाराज जी के उद्बोधन को सुनकर गांव वालों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया महिला समूह वालों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। महाराज जी के आमंत्रण करने में हेमलाल साहू , प्रेमलाल साहू, तुलसी वर्मा , भीषम साहू , वीरेंद्र साहू, छबिलाल साहू , राजेंद्र , संतोष साहू , अमर निर्मलकर और अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।





**थान खम्हरिया,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पतोरा गणेश उत्सव समिति मां कर्मा चौक शंकर नगर पतोरा में प्रतिदिन भजन कीर्तन चला और आज हवन पूजन संपन्न हुआ जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष भरत साहू मानस संघ ब्लॉक साजा नारायण साहू दिलीप साहू धन्नु साहू मोहित साहू बिहारी साहू सामलाल साहू मगलु साहू नीलु वैष्णो संतोष साहू छेदू बैगा भुनेश्वर वर्मा शामिल हुए।

# भाजपा कार्यालय के बाहर राहगीरों को पोहा एवं मिठाई वितरण कर मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन



**बालोद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बालोद के बाहर मंगलवार को आने जाने वाले राहगीरों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पोहा एवं मिठाई का वितरण किया गया। वहीं स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत माँ बंजारी धाम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना को लेकर मंदिर परिषर में पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णकांत पवार वरिष्ठ नेता यज्ञदत्त शर्मा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव जिला कार्यलय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव संजय साहू वीरेंद्र साहू यूसुफ खान पूर्व सरपंच दुर्जन साहू छगन साहू खिलावन सिंह देशमुख बालसिंग साहू नेतराम साहू मोहन साहू पालसिंह साहू ईश्वर सोनकर आकाश निषाद शुभम साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं जिला कार्यालय के बाहर सदस्यता अभियान चलाया गया जिसके तहत लगभग 138 लोगो को प्राथमिक सदस्य बनाया गया।




**बालोद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। एसपी बालोद एस आर भगत ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर परिसर में पेड़ रोपित किया।

# विकसित भारत, मोदी की संकल्पना थीम पर लगाए गए प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु बड़ी संख्या में पहुँचे लोग

**बालोद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित भारत मोदी की संकल्पना थीम पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बालोद में लगाए गए छायाचित्र प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में लोगों ने अवलोकन किया। छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार सुबह राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन एवं अतिथियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी जीएस सरोटे एवं अन्य अधिकारियों के अलावा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शाहिद खान, कमलेश गौतम, पूर्व पार्षद संतोष कौशिक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष रूपचंद जैन, अखिल साहू, राजेश चोपड़ा के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, गणमान्यजनों एवं आम नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर भूरी-भूरी सराहना की। इस अवसर पर छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुँचे लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।




उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शित की गई छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदानों की झलक समाहित की गई है। छायाचित्र प्रदर्शनी में संसाधन वही निर्माण की रफ्तार नई, स्पीड और स्केल का अभूतपूर्व संयोजन वोकल फॉर लोकल हमारा स्वाभिमान बुलंद हुआ आत्मनिर्भर भारत अभियान, कुशल नेतृत्व का आधार, अर्थव्यवस्था की गति का प्रसार, च्महामारी के दौरान भी न थमा, सुधारों का दौरज्, च्बच्चों के प्यारे मोदी जीज्, च्बापू का सपना किया साकार, स्वच्छ भारत ने लिया आकारज्, च्जन-धन योजना वित्तीय समावेशन का ऐतिहासिक दशक, तेज काम बड़ा परिमाण, नरेन्द्र मोदी की पहचान, मेरे देश के जवान, तुझको शत-शत् प्रणामज्ज आदि की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर एवं विभाग के अन्य कर्मचारियों के द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुँचे अतिथियों को पुष्पगुच्छ भंटकर स्वागत भी किया गया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग के कर्मचारियों के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुँचे लोगों को राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित जनसंपर्क विभाग के द्वारा प्रकाशित 'जनमन' पत्रिका का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक सोशल मीडिया तनवीर खान, कृष्णशरण साहू, सुश्री रूबीना खान, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक सहित जनसंपर्क विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## ग्राम ग्राम सरदा में मंच लोकार्पण का विवाद पहुंचा शहर

# रात भर रहा बवाल, थाने का देर रात नागरिकों व व्यापारी वर्ग ने किया घेराव

■ छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं खिलाफ मामला दर्ज
■ गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व समाज व व्यापारी आज करेंगे शहर बंद

**बेमेतरा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय व बेरला थाने में सोमवार मंगलवार की मध्य रात्रि जमकर हंगामा बरपा शहर के व्यापारियों एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित उनके समर्थक छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग को लेकर रात 2 बजे तक सैकड़ो की संख्या में लोग डटे रहे। देर रात पुलिस ने क्रांति सेना संगठन के सूर्या सिंह चौहान सहित अन्य पदाधिकारी के विरुद्ध मामला दर्ज करने के पश्चात भीड़ थाने से लौटी । इस दौरान चारों तरफ अफरातफरी का माहौल रहा हालांकि पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही ।

उल्लेखनीय है कि रविवार की शाम छत्तीसगढ़िया गैरछत्तीसगढ़िया पर ग्राम सरदा में मंच लोकार्पण को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ ।मामला इतना तूल पकड़ा की ग्राम सरदा में वाद विवाद एवं मारपीट के उपरांत मामला देर रात तक बेमेतरा में पहुंचा और बेमेतरा में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं जमकर उत्पात मचाया जिससे बात ओर बिगड़ गई । इधर शहर के युवा भी एकजूटता दिखाते हुए छत्तीसगढ़ क्रांतिसेना के विरोध में सामूहिक रूप सामने आ गए ।

मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला यह था कि ग्राम सरदा में सार्वजनिक मंच का उद्घाटन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के हाथों ग्रामीणों ने निश्चित किया था । उक्त उद्घाटन का विरोध करने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के सूर्य चौहान के नेतृत्व में ग्राम पहुंचे और वहां पर ग्रामीणों को दबाव पूर्वक इस बात के लिए दबाव डालते रहे कि वह उद्घाटन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के हाथों ना करावे. ग्रामीण पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को उद्घाटन के लिए आमंत्रित कर चुके थे इसलिए उन्होंने सूर्य चौहान उनके साथियों की बात को नजर अंदाज करते हुए उद्घाटन की औपचारिकता पूरी की बार बार विरोध दर्ज कराए जाने से कांग्रेस व ग्रामीणों ने व्यवधान पैदा करने के चलते सूर्या सिंह चौहान लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी गई कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण एएफआईआर दर्ज कराने जहा। बेरला थाने पहुंचे वही छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ता बेमेतरा जिला मुख्यालय पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल को घटना की जानकारी इस बीच रायपुर से 40, 50 की कार्यकर्ताओं दल पहुंच जय स्तंभ चौक के आसपास दो-तीन व्यापारियों के ऊपर हमला करते हुए मारपीट कर दिए ओर व्यापारी के गाड़ी के कांच में तोड़फोड़ कर दिए । मारपीट की बात धीरे-धीरे शहर में फैलने लगी लोग एकजुट होते रहे और क्रांति सेना खिलाफ मामला दर्ज करने थाने का घेराव कर दिया गया जो रातभर चलता रहा प्रशासन के मानमनव्वल ओर अपराध दर्ज करने के पश्चात भीड़ थाने से लौटी।

### सर्व समाज व व्यापारी हुवे लामबंद, आज शहर बंद

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ता ने सोमवार की रात में जय स्तंभ चौक में शहर के व्यापारियों के साथ, बदतमीजी ओर मारपीट किए जाने पर शहर के व्यापारी एवं सर्व समाज के पदाधिकारी लाम बंद होकर एक निजी होटल में बैठक किए जहां मौजूद सभी समाज व व्यापारीयों ने एक स्वर में पूरे घटनाक्रम की निंदा करते हुए बेमेतरा की शांतिपूर्ण माहौल को खराब कर एक तरह से शहर में आपसी सद्भावना बिगड़ने एवं शहर को झुलसा देने का एक कुर्त्शित प्रयास कहा है तथा इस मामले की मुख्य आरोपी और उनके सहयोगी के तत्काल गिरफ्तारी करने की मांग की ओर आज बुधवार उक्त घटना के विरोध में बेमेतरा बंद करने की बात पर अपनी सहमति बनाए हैं ।तत्पश्चात सर्व समाज के पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर तमाम हालात से अवगत भी कराया ।

### कांग्रेस ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा

बीती रात्रि में हुई घटना को शहर की शांति एवं सद्भावना से जोड़ते हुए बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल, नगर पालिका की अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, सनत धर दीवान, सुमन गोस्वामी, ललित विश्वकर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस की एक टीम पुलिस अधीक्षक से मिलकर तमाम घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में इस बात का उल्लेख किया गया है कि इस तरह के कुत्सित प्रयास से कुछ लोगों के द्वारा शहर में शांति भंग करने का प्रयास किया जा रहा है जिस शहर की जनता माफ नहीं करेगी 24 घंटे के भीतर अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग कांग्रेस नेताओं के द्वारा की गई है तथा निर्धारित समय अवधि में गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है ।

### सूर्या सिंह सहित अन्य पदाधिकारी के विरुद्ध चार अपराध किए गए हैं दर्ज

इस पूरे मामले पर बेमेतरा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि निश्चित रूप से शांतिपुरी बेमेतरा में इस तरह की घटना दुर्भाग्य जनक है तथा पुलिस इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रही है तथा इस मामले में बेमेतरा एवं बेला में पुलिस के द्वारा कल कर अपराध दर्ज कर लिए गए हैं. तथा इस तरह की हरकतें कामयाब ना हो पाए पुलिस इस मामले पर काफी संवेदनशील है तथा जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी भी कर ली जावेगी ।

उल्टा पुल्टा

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था
ग्राहक- अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
राजू- तो आपके पूरे पैसे वापिस।

संपादकीय

## डीजे का जानलेवा शोर

*देश भर की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी डीजे के इस्तेमाल से होने वाली समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसके चलते समाज अशांत हो रहा है, विवाद हो रहे हैं और लोग प्राण गंवा रहे हैं। स्वीकृत व निर्धारित स्तर से कहीं अधिक जोर से बजने वाले डीजे लोगों के लिये बड़ी समस्या बन रहे हैं। विभिन्न अवसरों पर इनका इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। इसके चलते लोगों की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। फिलहाल गणेशोत्सव चल रहा है। हजारों की संख्या में सार्वजनिक तौर पर जो प्रतिमाएं बिठाई जाती हैं, उनके आगमन से लेकर विसर्जन तक डीजे का कानफोड़ू संगीत लोगों की समस्या को बेतरह बढ़ा रहा है।*

*बलरामपुर जिले में संजय जायसवाल नामक एक युवक की ब्रेन हेमरेज से मृत्यु हो गयी। उसे किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं थी। यहां तक कि ब्लड प्रेशर भी नहीं था। चिकित्सकों का अनुमान है कि तेज आवाज में बजा डीजे उसके लिये जानलेवा साबित हुआ है। पहले उसे उल्टियां हुईं और अस्पताल में जब उसका सीटी स्कैन कराया गया तो उसके सिर के पिछले हिस्से में खून का थक्का होना पाया गया। पहले वह पूर्णत: स्वस्थ था लेकिन वह गणेश उत्सव में गया था जहां तेज वॉल्यूम में संगीत बज रहा था। माना जा रहा है कि इसी के चलते उसे ब्रेन हेमरेज हुआ है। इसे सभी को चेतावनी की तरह लेना चाहिये। आधुनिक तकनीकों से बने नये डीजे इतनी तेज आवाज़ में बजते हैं कि उसका असर हृदय पर पड़ता हुआ महसूस किया जा सकता है। बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को तो इससे अत्यधिक दिक्कत होती ही है, जिन्हें दिल की कोई बीमारी है, रक्त चाप सम्बन्धी समस्या है, सिर दर्द होता है या कानों की कोई बीमारी है- वे इस आवाज को झेल नहीं पाते। इसके अलावा हाल ही में दुर्ग जिले के नंदिनी क्षेत्र में डीजे को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गयी। विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया जिसमें 3 लोगों की जान चली गयी। दिल की बीमारी से जूझ रहे एक बुजुर्ग ने इससे परेशान होकर आत्महत्या कर ली।*

*तेज आवाज़ वाले डीजे के प्रति लोगों, खासकर युवाओं का क्रेज़ बढ़ता जा रहा है। वर्ष भर में तीन-चार ऐसे मौके अवश्य आते हैं जब सार्वजनिक त्यौहारों के रूप में डीजे संगीत का आयोजन होता है। गणेशोत्सव के अलावा दुर्गा पूजा, जन्माष्टमी, नवरात्रि आदि के अलावा अन्य अनेक मौकों पर डीजे का इस्तेमाल होता है। देखा तो यह भी जाता है कि डीजे के इंतज़ार में विसर्जन तक एक-दो दिन विलम्ब से किया जाता है। न सिर्फ वॉल्यूम के तौर पर बल्कि प्रशासन द्वारा निर्धारित समय सीमा का उल्लंघन करते हुए भी ये आयोजन पाये जाते हैं। सरकार को चाहिये कि डीजे सम्बन्धी सभी नियमों का कड़ाई से पालन कराए।*

# अनंत चतुर्दशी से विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरु



**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी शहर रायपुर में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर प्रथम पूज्य देव विघ्नहर्ता श्रीगणेश की मूर्तियों का श्रद्धापूर्वक विसर्जन करने महादेवघाट के समीप नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा दी गयी विसर्जन कुण्ड की व्यवस्था के अंतर्गत मूर्ति विसर्जन करने गणेश भक्तों का मेला आज सुबह से लग गया है. भक्तजन श्रीगणेश की घरों एवं पंडालों में बिठायी मूर्तियों को लाकर नगर निगम के विसर्जन कुण्ड में उपलब्ध क्रेन एवं रोलिंग मशीन की सहायता से पूजा - अर्चना, आरती के बाद नम आँखों से गणपति बप्पा को दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर्व पर बिदाई देने जुटे है। जानकारी दी गयी है कि नगर निगम के विसर्जन कुण्ड में महादेवघाट के समीप आज सुबह 6 बजे से लेकर संध्या 6 बजे तक 12 घंटे की अवधि में श्रद्धालुजनों द्वारा गणेश की 3900 छोटी मूर्तियों एवं 345 बड़ी मूर्तियों का विसर्जन किया जा चुका है. श्रीगणेश की मूर्तियों के श्रद्धापूर्ण विसर्जन का सिलसिला तेज गति के साथ विसर्जन कुण्ड स्थल पर श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा निरन्तर जारी है। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा रायपुर जिला प्रशासन के निर्देश पर रायपुर जिला पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर एनजीटी, छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल के दिशा - निर्देश के अनुरूप प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी परम्परागत तरीके से विसर्जन व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से विसर्जन कुण्ड में दी गयी है। इस हेतु 8 - 8 घंटे की तीन पालियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जोनवार ड्यूटी आज दिनांक 17 सितम्बर से लेकर 23 सितम्बर तक लगायी गयी है। क्रेन, गोताखोर, फायर ब्रिगेड, फर्स्ट एड मेडिकल कैंप लगाया गया है। नगर निगम सहित गृह विभाग, होम गार्ड, सीएमएचओ का सहयोग निर्देशानुसार प्रशासनिक व्यवस्था में मिल रहा है। इस हेतु नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने पूर्व में ही आवश्यक निर्देश प्रशासनिक तौर पर गणेश मूर्तियों की विसर्जन व्यवस्था देने जारी किये है एवं इस हेतु एक समिति गठित की है।

### उमड़ा श्रद्धालुओं का मेला, 23 तक होगा प्रतिमाओं का विसर्जन पहले दिन 3900 छोटी एवं 500 से अधिक बड़ी प्रतिमाएं विसर्जित

### *विसर्जन झांकी मार्गों में स्थित जर्जर भवनों के स्वामियों को नोटिस*

*नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर पालिक निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा ने पत्र भेजकर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 2, 4, 5, 6, 7 और 8 के जोन कमिश्नरों को गणेश विसर्जन झांकी के निर्धारित रूट पर स्थित जर्जर भवनों के सम्बंधित भवन स्वामियों को जर्जर भवन को हटाने, मरम्मत करवाने नोटिस देने और श्रीगणेश विसर्जन झांकी के निर्धारित रूट में स्थित जर्जर भवन के सामने पोस्टर चिपकाकर जर्जर भवनों की की जानकारी से आमजनों को अवगत करवाने और नगर पालिक निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग में इसकी जानकारी भेजने कहा है।*

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के साथ बैठकर किया भोजन



**रायपुर,** 17 सितम्बर(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श् विष्णु देव साय ने 'आज मोर आवास-मोर अधिकार' कार्यक्रम के पश्चात प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने साथ में बैठकर भोजन कर रही जशपुर जिले के कुनकुरी निवासी श्रीमती फुलजेन्सिया एक्का और फरसाबहार की श्रीमती कुसुम से चर्चा करते हुए उनका एवं उनके परिवार का कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने वालों में जशपुर के श्री राम, कबीरधाम के दौलतराम व श्री लालाराम, बस्तर के लाहेन्द्र सिंह और श्रीमती सोनामणि, मुंगेली के महेश और समारू साहू, कांकेर की श्रीमती पूर्णिमा पटेल, बलौदाबाजार की श्रीमती हेमिन ध्रुव, रायपुर की श्रीमती रामबती पुरैना और श्री जट्टासिंग शामिल थे।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक द्वय गुरु खुशवंत साहेब और अनुज शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जशपुर की श्रीमती फुलजेन्सिया एक्का और श्रीमती कुसुम का जाना कुशलक्षेम

## हितग्राहियों के पांव पखारकर जनसेवा का दिया अद्वितीय उदाहरण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में अपने प्रशासनिक और राजनीतिक जीवन का एक भावुक और अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनसेवा की नई मिसाल कायम करते हुए हितग्राहियों के पांव पखारकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके माध्यम से जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को यह संदेश भी दिया है की वे स्वयं को आम जनता से ऊपर न समझकर स्वयं को जनता का सेवक समझें और मानवीय दृष्टिकोण से आदर के साथ आमजन की समस्याओं को सहृदयतापूर्वक सुनकर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री साय के द्वारा हितग्राहियों के पांव पखार कर आशीर्वाद लेना छत्तीसगढ़ में जनप्रतिनिधियों और आम जनता के बीच विश्वास और सेवा का प्रतीक बन गया है।

## 10 वीं बोर्ड द्वितीय मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी



**रायपुर ,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। 10 वीं बोर्ड द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा का परिणाम माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने जारी कर दिया है द्वितीय अवसर के मुख्य परीक्षा में 45850 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे जिसमे से 43722 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 17.74 तो वहीं पास हुए छात्राओं का प्रतिशत 12.80 है द्वितीय मुख्य बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 में कुल 45,850 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए इनमें से 43,722 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये,जिनमें से 22,581 छात्र और 21,141 छात्राएं सम्मिलित हुई, जिनमें से 43,713 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गए हैं घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या 6,642 है इस तरह कुल 15.19 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहा उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 17.74 और बालकों का प्रतिशत 12.80 है परीक्षा परिणाम घोषित परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 820 1.87 प्रतिशतद्ध है द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 5.136 11.74 प्रतिशत है और तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 686 1.57 प्रतिशतद्ध है 04 परीक्षार्थी के परिणाम नकल प्रकरण एवं 05 परीक्षार्थी के परीक्षा परिणाम जाँच की श्रेणी में रोका गया है परीक्षा परिणाम छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट पर उपलब्ध है छात्र अपना रोल नंबर डालकर कर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं

## रविवि ने बढ़ाई प्रवेश की तिथि, अब 30 सितम्बर तक आवेदन कर सकेंगे




**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की तरफ से संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश की तिथि को बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया है. छात्र हित में फैसला लेते हुए विश्वविद्यालय ने प्रवेश के लिए तारिख को बढ़ा दिया है. जिसके बाद अब छात्र पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं. इसके लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है.

इसके पहले उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेशभर में प्रवेश के लिए 14 सितंबर तक के लिए डेट में वृद्धि किया गया था. छात्र हित में एक फिर से वृद्धि की गई है. इसके मुताबिक पीआरएसयू से संबद्ध लगभग 150 कॉलेजों में 30 सितंबर तक प्रवेश दिए जाएंगे. जिन छात्रों ने प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है, उन्हें भी ऑफलाइन प्रवेश दिया जाएगा. छात्रों को जिन कॉलेजों में प्रवेश लेना है, तो जरूरी दस्तावेज लेकर सीधे कॉलेज पहुंचकर प्रवेश ले सकते हैं.

## कांग्रेस के तीनों प्रभारी सचिवों को मिला प्रभार

**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस ने प्रभारी सचिवों को प्रभार सौंपा है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने प्रभारी सचिवों को विधानसभा क्षेत्रों में जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें प्रभारी सचिव एस. ए. संपत को 31 विधानसभा क्षेत्रों का प्रभार सौंपा गया। वहीं प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग को 28 विधानसभा और विजय जांगिड़ को 31 विधानसभा क्षेत्रों का प्रभार दिया गया है।

# एक लोटा जल पर सियासी तकरार

### ◆ अंधविश्वास फैला रही भाजपा : भूपेश, ◆ विनाश काले विपरीत बुद्धिः मुख्यमंत्री साय



**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक के ग्राम जेवरतला में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भूपेश बघेल के बयान को सनातन धर्म की आस्था का मजाक उड़ाने वाला बयान कहा। उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बघेल का बयान विनाश काले विपरीत बुद्धि का उदाहरण है। साय ने आरोप लगाया कि बघेल सरकार से पहले ही हाथ धो चुके हैं, इसलिए अब वे उटपटांग बयान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकरा दिया था और अब सनातन धर्म पर टिप्पणी कर रही है। साय ने सवाल उठाया कि ऐसे बयानों से और क्या उम्मीद की जा सकती है।

**बघेल ने जल चढ़ाने की परंपरा पर की थी टिप्पणी**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पिछले दिनों बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक के ग्राम जेवरतला में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बघेल ने अपने संबोधन में कहा था कि एक लोटा जल चढ़ा दो और जीवन में कुछ काम मत करो, बच्चों को मत पढ़ाओ, खेत में काम मत करो, बस एक लोटा जल चढ़ा दो, सब ठीक हो जाएगा। यह अंधविश्वास भाजपा फैला रही है।

# मोदी 3.0 के 100 दिन पूरे पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गिनाई उपलब्धियां

**रायपुर** ,17 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 दिन के कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस मौके पर पूर्व सांसद सुनील सोनी और बीजेपी प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को जन्मदिन की बधाई दीं और अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा जयंती की भी शुभकामनाएं प्रकट कीं। मोदी 3.0 के 100 दिन पूरे होने पर उन्होंने कहा कि इन प्रथम 100 दिनों में ही लगभग 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू करके भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की केंद्र सरकार 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य-पथ पर तेज रफ्तार से बढ़ रही है।

### केन्द्र सरकार विकसित भारत के लक्ष्य पथ पर तेजी से बढ़ रही है आगे

सांसद अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 15 लाख करोड़ की परियोजनाओं में शहरों और बंदरगाहों के लिए 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जबकि रेलवे लाइनों के लिए 4 लाख 42 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की गई है। किसानों के लिए योजनाएं पूरी की जा रही हैं, और 12 करोड़ किसानों को 2 लाख करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। मध्यम वर्ग के लिए 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगाया जा रहा है।



**2.5 लाख घरों में लगाए गए सोलर पैनल**

सांसद अग्रवाल ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने का कार्य शुरू किया गया है, जिसमें 2.5 लाख घरों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं और आने वाले दिनों में पूरे देश में 1 करोड़ सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से 3400 करोड़ रुपये की लागत से 200 ई-बसों की खरीद की गई है, जिससे आम आदमी के बिजली के बिल समाप्त होंगे।

हम विश्वकर्मा जयंती को श्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। इस देश में जहां श्रमिक 8 घंटे काम करते हैं, इस देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो अपने पूरे जीवन का पल-पल देश की सेवा में लगा रहे हैं। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में 100 दिनों के भीतर जो विकास कार्यों की शुरुआत की है, उससे महिला, गरीब, किसान और युवाओं के साथ-साथ देश के समग्र विकास में योगदान करेंगे। सांसद अग्रवाल ने उन्होंने वक्फ के कब्जे के कारण गरीब मुस्लिमों के विकास में बाधा को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक लाया जाएगा, क्योंकि लाखों हेक्टेयर जमीन वक्फ के कब्जे में है।

**बीजेपी के कामों को देख लोग ले रहे सदस्यता**

पीसीसी चीफ दीपक बैज के 'लालच देकर सदस्यता दिलाना बीजेपी का प्रोपोगैंडा है' के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए अग्रवाल ने कहा कि बीजेपी कुछ काम कर रही है और जिनको फायदा मिल रहा है वे सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने बैज के आरोपों को नकारते हुए कहा कि बीजेपी के कामों को देखकर ही लोग सदस्यता ले रहे हैं। रायपुर दक्षिण उपचुनाव के बारे में अग्रवाल ने कहा कि यह क्षेत्र अभेद्य किला है और इसी स्थिति में रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 'एक लोटा जल चढ़ाने से काम नहीं होता है, ये बीजेपी का फैलाया गया अंधविश्वास है' बयान पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भारत की आस्था, श्रद्धा और देवी- देवताओं का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान और छत्तीसगढ़ की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

# पर्युषण महापर्व का समापन



- अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस मनाया
- भव्य जुलूस निकाल किया गया नगर भ्रमण

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड में पर्युषण पर्व के दसवें दि 17 सितंबर मंगलवार को जिनालय की पार्श्वनाथ बेदी के समक्ष उत्तम ब्रम्हचर्य धर्म की आराधना कर जैन धर्म के 12 वे तीर्थंकर वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव में मनाया गया। मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया की आज जैन धर्म के सबसे बड़े पर्व दशलक्षण पर्युषण महापर्व का अंतिम 10 वा दिन है। जैन धर्म के 12 वे तीर्थंकर वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस भी है।आज के दिन जैन धर्म में पर्युषण के अंतिम दिवस उत्तम ब्रम्हचर्य धर्म के रूप में आराधना कर मोक्ष कल्याणक महोत्सव के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है। आज प्रात: मंदिर में सुबह 7 बजे से श्रद्धालु इकट्ठा होकर सर्वप्रथम 12 वे तीर्थंकर श्री वासुपुज्य भगवान को रथ में विराजमान कर बैंड बाजे के साथ नाचते गाते, जयकारा लगा कर जुलूस के साथ नगर भ्रमण करवाया। श्रीजी विराजमान रथ को जैन समाज के धर्म प्रेमी बंधुओ ने स्वयं अपने हाथो से खींचा। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष बच्चे शामिल हुए। साथ ही 10 उपवास करने वाले व्रतियो को सम्मान के शाही बग्घी में जुलूस के साथ ले जाया गया। जिनालय की पार्श्वनाथ बेदी में श्री पद्मप्रभु भगवान को पंडुक्षिला में विराजमान कर रजत कलशों के माध्यम जलअभिषेक कर रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता लघु शांतिधारा की गई। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य 10 उपवास करने वाले श्रेयश जैन बालू को प्राप्त हुआ। उपस्थित श्रावक श्राविकाओ ने अष्ट द्रव्यों से निर्मित अर्घ्य समर्पित कर पूजन किया

12 वे तीर्थंकर वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक के अवसर पर वासुपुज्य भगवान का पूजन कर निर्वाण कांड पढ़ कर निर्वाण लाडू एवं श्रीफल चढ़ाया गया। आज के कार्यक्रम में संजय नायक जैन,श्रेयश जैन बालू, राजीव जैन,राजेश रज्जन जैन,प्रवीण जैन,राजीव जैन भि,रासु जैन,प्रणीत जैन,दिनेश जैन,कुमुद जैन आदि उपस्थित थे।

# 18 लाख नए आवास देने का वादा झूठा : दीपक बैज

## भाजपा सरकार में साहस है तो उनकी सूची को सार्वजनिक करे

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भाजपा सरकार भ्रम फैला रही है। विधानसभा चुनाव में वादा किये थे 18 लाख आवासहीनों को आवास देंगे, अब दावा कर रहे है 8 लाख आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली गयी है जबकि हकीकत यह है कि सरकार के पास अभी तक पात्र हितग्राहियों की न सूची है और न संख्या, जिन लोगों के खाते में पहली किस्त डालने का दावा कर रहे है उन सभी के खाते में पहली किश्त तो कांग्रेस की सरकार ने अक्टूबर में ही जारी कर दिया है। भाजपा सरकार में साहस है तो जिन लोगों के खाते में पैसा डालने का दावा कर रहे है उनकी सूची सार्वजनिक किया जाये।



उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई तब केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार थी। 2011 के जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ के लिए कल 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था। 2015 से 18 तक रमन सरकार के दौरान मात्र 2,37,000 ग्रामीण पीएम आवास तथा 19,000 शहरी पीएम आवास बने। 2018 से 23 तक भूपेश सरकार ने 10 लाख से अधिक पीएम आवास बनाएं। शेष लगभग 7.5 लाख आवास बनाने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने विगत बजट में 3234 करोड़ का प्रावधान किया तथा 7.5 लाख आवासहीनो के लिये मकान बनाने के लिये पहली किश्त अक्टूबर में ही भूपेश सरकार ने डाल दिया था। साय सरकार बताये वह किन 18 लाख लोगों को आवास देने का दावा कर रही है।

श्री बैज ने कहा कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवास का दावा करने वाली भाजपा की साय सरकार ने अभी तक एक भी हितग्राही के लिये नया मकान नहीं बनाया है। भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री आवास केवल सरकारी विज्ञापनों और होर्डिंग में ही दिखते रहे है। हकीकत में भाजपा सरकार के आने के बाद कोई नया आवास स्वीकृत नहीं हुआ है।

# मरीन ड्राइव में महिला की हत्या के विरोध में आप का विरोध प्रदर्शन

**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के महिला विंग के तत्वाधान में कल मरीन ड्राइव में सरे राह लड़की की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री से महिलाओं के सम्मान की रक्षा की मांग की है।आम आदमी पार्टी के कर्मचारी विंग के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार झा एवं महिला विंग जिला अध्यक्ष कलावती मार्को ने बताया है कि महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा झा के नेतृत्व में आपातकालीन बैठक लेकर महिलाओं के शोषण व हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया गया। पार्टी कार्यालय में महिला विंग की आपात बैठक हुई। जिसमें सर्वप्रथम दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद पर नारी शक्ति आतिशी जी की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं बधाई दी गई ?। साथ ही मरीन ड्राइव में कल सरेराह चाकू मारकर महिला की हत्या, कवर्धा, महासमुंद,रायगढ़ कोलकाता आदि में महिलाओं के हत्या बलात्कार तथा बिलासपुर जिले में व सुकमा में टोना जादू की शंका में महिला एवं अबोध बालक की हत्या का विरोध किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष कलावती मार्को, अनुषा जोसेफ, कलावती माण्डले, स्वाति तिवारी, महेश तिवारी, परमानंद जांगड़े, शिव शर्मा, वीरेंद्र पवार,सुरेंद्र बिसेन, एम एम हैदरी, काशिफ खान,गोपाल शर्मा, गोविंद मोहन दुबे,महेश उपाध्याय आदि के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रदर्शन कारियों ने प्रदर्शन कर नारी सम्मान की रक्षा की मांग मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से करते हुए आतिशी मैडम के मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें शुभकामनाएं बधाइयां प्रेषित की है ।



# गौहत्या मुक्त भारत बनाने 22 से शुरू होगी पदयात्रा : ब्रह्मचारी मुकुंदानंद

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। सनातन धर्म में वेद, उपनिषद, पुराणों में गाय को पशु नहीं माता की प्रतिष्ठा दी गई है। यही सनातन धर्मी हिंदुओ की पवित्र भावना है। इसी धार्मिक आस्था के लिए संविधान एवं कानून में गाय को राज्य सूची से हटाकर केंद्रीय सूची में डालकर गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने तथा गौहत्या मुक्त भारत बनाने के लिए गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा की शुरुआत 22 सितंबर को अयोध्या से होने जा रही है। जिसका समापन 26 अक्टूबर को देश की राजधानी नई दिल्ली में होगा।जहां तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ में यह यात्रा 8 अक्टूबर को प्रवेश करेगी जिसमें ज्योर्तिमठ के जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज राजधानी रायपुर में गो ध्वज की स्थापना करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे।



## पदयात्रा 8 अक्टूबर को छग में करेगी प्रवेश

राजधानी रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए यात्रा के संयोजक ब्रह्मचारी मुकुंदानंद ने कहा कि गौमाता को राष्ट माता घोषित कराने के लिए सभी सनातनी प्रेमियों को आगे आना होगा। जब तक वे आगे नहीं आएंगे तब तक केंद्र में कोई भी सरकार हो वे गौ माता को राष्ट माता घोषित नहीं करेंगे। ।

जगद्गुरू शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज संपूर्ण भारत में गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के अंतर्गत गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा की शुरुआत 22 सितंबर से 26 अक्टूबर तक कर रहे है। इस दौरान वे 37 प्रदेशों की राजधानियों तक जाएगी तथा वहां एक गो ध्वज की स्थापना करेंगे। इस दौरान प्रतिष्ठा आंदोलन के संयोजक गोपाल मणि महाराज भी उनके साथ हर कदम में साथ रहेंगे। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर होते हुए यह यात्रा 8 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी और राजधानी में ध्वज स्थापना करने के बाद मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के लिए रवाना हो जाएगी। पत्रकारवार्ता के दौरान सह-संयोजक गोभक्त विकास पाटनी, प्रदेश यात्रा संयोजक ओमप्रकाश शर्मा, प्रदीप साहू उपस्थित थे।

# अमित पांडेय बने कांग्रेस विधायक दल के सचिव



**रायपुर,** 17 सितंबर। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अमित कुमार पाण्डेय को छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल का सचिव नियुक्त किया है। महंत ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, अमित पांडेय कांग्रेस विधायकों से सतत संपर्क और संवाद कायम रखेंगे, मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

# भारतीय विद्युत महासंघ ने मनाई विश्वकर्मा जयंती



**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय मज़दूर संघ एवं अखिल भारतीय विद्युत मज़दूर महासंघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ द्वारा आज 17 तारीख को प्रदेश कार्यालय गुढीयारी रायपुर में भगवान विश्वकर्मा पूजा धूम धाम से मनाया गया भारतीय मज़दूर संघ प्रतिवर्ष विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मनाता है एवं गोष्ठि आयोजन करता है । उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्युत मज़दूर महासंघ के कार्यसमिति सदस्य अरुण देवांगन , कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा , डी के यदु , कोमल देवांगन, तेज़प्रताप सिन्हा , पवन ओगले, अचिंत बरई एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हज़रत मुहम्मद की आमद की खुशी में 450 लोगों का नेत्र जांच



- 150 मोतियाबिंद के मरीजों का होगा नि:शुल्क ऑपरेशन
- थेलेसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त दान भी किया

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा अंजुमन स्कूल कंपाउंड सीड्स स्कूल शास्त्री मार्केट रायपुर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 450 लोगों का नेत्र जांच किया गया। जिसमें से 150 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया जिनका निशुल्क ऑपरेशन श्री बालाजी हॉस्पिटल मोवा में किया जाएगा। इसके साथ रक्त दान शिविर का भी आयोजन थेलेसिमिया पीड़ित बच्चों हेतु लगाया गया था जिसमें लगभग 100 यूनिट रक्त दान हुआ।

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक जनाब सैय्यद फैसल रिज़वी ने बताया कि हम हर साल हुज़ूर पाक की आमद की खुशी में रक्त दान शिविर का आयोजन करते हैं इस बार हमने नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें हमारी कोशिश थी की हम 500 मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन करवाएं। हमारा ये आयोजन हर मजहब के लोगों के लिए था केवल मानवता की सेवा के लिए था। हमारे इस आयोजन में सिख समाज से, सतनामी समाज, ईसाई समाज से तथा और भी धर्म के मानने वाले लोग शामिल हुए और हमारा हौसला अफजाई की।

प्रदेश अध्यक्ष जनाब मोहम्मद सिराज साहब ने बताया की श्री बालाजी हॉस्पिटल, आशीर्वाद ब्लड बैंक तथा तेजस्विनी फाउंडेशन का हमको विशेष सहयोग मिला और हम इतना बड़ा आयोजन करने में सफल रहे। मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना इस पंक्ति को हमने इस आयोजन के लिए अपना मूल मंत्र माना है और पूरे इंसानियत के लिए हमने ये शिविर लगाया है।

# ईद मिलादुन्नबी पर संस्था अवाम-ए-हिन्द जरूरतमंदों को मिष्ठान व फलों का किया वितरण

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। ईद मिलादुन्नबी के पावन पर्व अवसर पर तथा अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी के संस्थापक, मो. सज्जाद खान की अगुवाई में चलाए जा रहे सुपोषण अभियान के माध्यम से नि:शुल्क भोजन वितरण के 1632वें दिन रायपुर राजधानी के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक स्थलों के आसपास फुटपाथ पर एकाकी जिंदगी जीने वाले निर्धन, असहाय, गरीब जरूरतमंदों के साथ डीके एस, अंबेडकर अस्पताल में दूरदराजो से बीमार व्यक्तियों के लिए इलाज के लिए आने वाले बीमार मरीजों के परिजनों को नि:शुल्क स्वादिष्ट भोजन के साथ फलों व मिष्ठान का वितरण किया गया।



संस्थापक, मो. सज्जाद खान ने बताया कि संस्था विगत 27 वर्षों से हर समाज धर्म के पावन पर्व के मौके पर सामाजिक सद्भाव मानवता के आधार विशेष तौर पर इस तरह का कार्य करते आ रही है और संस्था में हर समुदाय के लोग जुड़कर इस मानवीय कार्य में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं तथा जरूरतमंदों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विशेष रूप से हर धार्मिक पर्वों के अवसर पर वंचितों, जरूरतमंदों, मरीज के परिजनों के लिए स्वादिष्ट पकवान के साथ मिष्ठान और फलों का वितरण करने की व्यवस्था भी संस्था करते चले आ रही है।

इस कार्य में संस्थापक, मोहम्मद सज्जाद खान के साथ सैय्यद ज़ाकिर हुसैन, जुबैर खान, राजकुमार साहू, फराज खाज, कुलविंदर सिंह, मोहिब एवं संस्था के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## निधन

### श्रीमती द्रौपदी आपले

**भिलाई नगर,** 17 सितंबर। सेक्टर-1 निवासी श्रीमती द्रोपदी बाई आपले का मंगलवार को दोपहर 1.30 बजे निधन हो गया हैं। उनका अंतिम संस्कार 18 सितंबर (बुधवार) को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जावेगा। वे राजेन्द्र कुमार अपाले की माता थी।

# डिस्ट्रिक्ट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 22 को रायपुर में

**रायपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। 22 सितंबर को वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन ऑफ छग एवम ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम के तत्वाधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन लाखे नगर चौक रायपुर में किया गया है एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि स्ट्रांग मेन को 3100 रुपए वूमेन को 2500 स्ट्रांग मेन जूनियर को 2100 सब जूनियर को 1100 रुपए के नगद पुरस्कार के साथ आकर्षक मेडल और मोमेंटो प्रदान किया जाएगा प्रतियोगिता सुबह 11 बजे सुरु होगा और शरीर का वजन सुबह 9 बजे लिया जाएगा इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी चिरमिरी में 28 एवम 29 सितंबर को आयोजित पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे चयनित खिलाड़ी को पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से एक तरफ का यात्रा दिया जाएगा अधिक जानकारी के लिए मो 9425201020 पर संपर्क कर सकते है।

# स्कूली किताब कबाड़ में मिलने की जांच रिटायर्ड जज से कराए सरकार : कांग्रेस

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। हजारों की संख्या में सरकारी स्कूली किताबें सिलयारी स्थित रियल बोर्ड पेपर मिल में मिली है।कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि किसी रिटायर्ड जज से मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।कांग्रेस नेता विकास उपाध्याय का आरोप है कि यह किताबें इसी शिक्षण-सत्र 2024-25 की है और इसे स्कूलों के वितरण किया जाना था, जो नहीं किया गया।सूरजपुर, धमतरी जैसे कई जिलों से रद्दी के भाव में बेचकर इसे पेपर मिल तक पहुंचाया गया है।इस खेल में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है।



## जांच दल में शामिल 5 सदस्यों में दो पर भ्रष्टाचार का आरोप

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने पत्रकारवार्ता में कहा कि के पेपर मिल के गोदाम में भारी मात्रा में स्कूली किताबो के मिलने पर जानकारी मिली कि यह किताबें रद्दी में बेची गयी हैं। इस पूरे मामले में बड़े भ्रष्टाचार की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।उन्होंने कहा बिना बांटे किताबों को रद्दी में किलो के भाव बेचे जाने का यह मामला बताता है कि किताबें छापने और बांटने का भ्रष्टाचार का खेल कैसा चल रहा है।

किताबें जितनी मात्रा में छपनी चाहिए थी उससे कहीं ज्यादा मात्रा में छापा गया और फिर एजेंसी द्वारा छापने की राशि सरकार से ले ली गई। फिर उन्हीं किताबों को रद्दी में बेच दिया जाता है। सीधे-सीधे करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार इस पूरे प्रकरण में देखने को मिल रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा इस प्रकरण में खानापूर्ति के लिए पाँच सदस्यीय जाँच दल का गठन किया गया है। जिसमें से दो लोग पूर्व से ही भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं।हम इस जाँचदल की बजाय सीबीआई जाँच या फिर रिटायर्ड जज की अगुवाई में जाँच की माँग करते हैं। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी। कांग्रेस पार्टी द्वारा इस प्रकरण को सदन में उठाए जाने की बात कहते हुए बच्चों के भविष्य को कबाड़ में डालने वाली सरकार से श्वेत पत्र जारी कर स्थिति स्पष्ट करने की भी मांग की है।पत्रकार प वार्ता में प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व सांसद श्रीमती छाया वर्मा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा शामिल थे।

### कांग्रेस ने भी बनाई जांच समिति

कबाड़ में स्कूली किताबें मिलने के मामले में कांग्रेस ने 6 सदस्यीय जांच समिति बनाई है। सिलयारी स्थित रियल पेपर मिल में हजारों की संख्या में किताबें मिली है।इस मामले की जांच कर समिति अपनी रिपोर्ट कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी।कांग्रेस की जांच समिति में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, अनिता शर्मा, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो वर्मा, प्रवक्ता श्रीकुमार मेनन और पूर्व पीसीसी सचिव पप्पू बंजारे शामिल हैं।

# रायपुर में पुलिस की डॉयल.112 पर हमला

## युवक को पकड़ने पहुंचे पुलिसकर्मी तो लात मारकर तोड़ा जीप का शीशा

**रायपुर,** 17 सितंबर। रायपुर में पुलिस की डायल.112 पर हमला हुआ है। पुलिसकर्मी आरोपी युवक को हिरासत में लेने पहुंचे तो उसने पुलिस टीम पर हमला कर जीप का शीशा तोड़ दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया हैए। जिसमें युवक बहस करते नजर आ रहा है। मामला विधानसभा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक विधानसभा इलाके में मुख्य सड़क पर हंगामा कर रहा है। वह वहां से गुजर रहे लोगों को मारपीट करने की धमकी दे रहा है। जिसके बाद किसी ने डायल.112 को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर युवक को गाड़ी पर बिठा लिया। जिस पर उसने अपने पैर से गाड़ी को लात मारकर शीशे तोड़ दिया। गाड़ी से उतर कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो वह झूमाझटकी करने लगा। इस घटना के बाद युवक को पुलिस ने पकड़कर थाने लाया है। युवक पर कार्रवाई की जा रही है।

## धारदार चाकू के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर।** थाना कबीर नगर पुलिस द्वारा सोनडोंगरी अवधपारा बीएसयुपी कॉलोनी जयभीम नगर में गणेश विसर्जन के सम्बन्ध में लोगों को समझाइस दिया जाकर चेकिंग किया जा रहा था की चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति जो अपने पास लोहे का धारदार चाकू रखे मिला था जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम भुवनेश्वर चक्रधारी पिता स्व राजेंद्र चक्रधारी निवासी सोनडोंगरी बीएसयुपी कॉलोनी जयभीम नगर थाना कबीर नगर रायपुर का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना कबीर नगर में धारा 25 आर्म्स एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# राजधानी में गणेशोत्सव के नजारे



गौरा-गौरी गणेशोत्सव समिति, शंकर चौक, यादव मोहल्ला



जय माता दी गणेशोत्सव समिति, रिंग रोड, मठपुरैना



मां बम्लई गणेशोत्सव समिति, मठपुरैना



महाकाल परिवार गणेशोत्सव समिति, संतोषीनगर

# गणेश झांकी को लेकर राजधानी पुलिस ने जारी किया रोड मैप

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में 19 सितंबर को गणेश झांकी का भव्य आयोजन किया जाएगा इस भव्य कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आई गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हर्षोल्लास के साथ महादेव घाट खारून नदी में किया जाएगा लाखों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक इस आयोजन को देखने के लिए जुटेंगे गणेश झांकी के लिए रायपुर पुलिस ने रोड मैप जारी किया है झांकियों के साथ गणेश प्रतिमाओं का कारवां शाम से ही राठौर चौक पर एकत्रित होना शुरू हो जाएगा जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महादेव घाट पहुंचेगा समारोह के दौरान राठौर चौक, शारदा चौक ,जयस्तंभ चौक , मालवीय रोड, कोतवाली चौक,सदर बाजार और कंकाली तालाब जैसे मुख्य मार्गों से झांकियां गुजरेंगी

### गणेश विसर्जन के बाद वापसी मार्ग

महादेव घाट विसर्जन स्थल से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पश्चात वाहनों की वापसी महादेव घाट तिराहा से एनीकट मार्ग भाठागांव. भाटागांव चौक.रिंग रोड 1 होकर होगा झांकी प्रर्दशनी के दौरान मध्यम एवं भारी मालवाहक वाहनों का शहर में प्रवेश और आवागमन प्रतिबंधित रहेगा 19 सितंबर को मुख्य गणेश विसर्जन चल समारोह के दौरान जन समुदाय की उपस्थिति की सुरक्षा और आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए चल समारोह मार्ग पर सभी प्रकार के




मालवाहक वाहनों का आवागमन और पार्किंग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा समारोह को सूचारू रूप

**शहर के कई इलाकों में वाहन रहेंगे प्रतिबंधित**

से चलाने के दृष्टिकोण से निम्नलिखित पॉइंट पर से शहर की ओर आने वाले सभी प्रकार के भारी और मध्यम माल वाहक वाहनों का 19 से 20 सितंबर तक प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा टाटीबध चौक,भनपुरी तिराहा, रायपुरा चौक,पचपेढ़ी नाका चौक,संतोषी नगर चौक,महासमुन्द बेरियर,विधानसभा रोड व्हीआईपी तिराहा,कांशीराम नगर चौक,भाठागांव चौक,रिंग रोड 01 से शहर की ओर समस्त प्रवेश माग,रिंग रोड से शहर की ओर सभी प्रवेश मार्ग,महोत्सव के दौरान डायवर्सन व्यवस्था जिन वाहनों को बलौदाबाजार मार्ग से बिलासपुर की ओर या महासमुंद की ओर आवागमन करना है वे रिंग रोड़ होकर आवागमन कर सकेंगे भिलाई की ओर से आने वाली सभी छोटी वाहन कार जीप आश्रम तिराहा तक ही आ सकेंगेए परन्तु जिन वाहन चालकों को शास्त्री चौक की ओर आना है वे रिंग रोड से होकर रायपुरा चौक पचपेढ़ी नाका होकर आना.जाना कर सकते हैं ,धमतरी मार्ग की ओर से आने वाली कार.जीप छोटी वाहन कालीबाड़ी चौकए महिला थाना चौकए शास्त्री चौक से होकर रेलवे स्टेशन या बिलासपुर मार्ग पर आवागमन कर सकेंगे ,शास्त्री चौक से जयस्तंभ चौक की ओरए तात्यापारा चौक से शारदा चौक मौदहापारा से जयस्तंभ चौक एवं मालवीय रोड तथा कालीबाड़ी चौक से कोतवाली चौक फायरबिग्रेड चौक से कोतवाली चौक तरफ सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन को रात्रि 08. 00 बजे से प्रतिबंधित किया जावेगा,सदर बाजार, सत्ती बाजार चौक से अमीन पारा चौक पुरानी बस्ती थाना, पुरानी बस्ती मार्ग, आश्रम तिराहा से लाखेनगर चौक आमापारा तिराहा से लाखेनगर चौक की ओर रात्रि 10रू00 बजे से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगाण

### पार्किंग व्यवस्था

सिविल लाइन बैरन बाजार, कटोरा तालाब, शांति नगरए शंकर नगर एवं तेलीबांधा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मल्टीलेबल पार्किंग कलेक्ट्रेट परिसरए शास्त्री बाजार पार्किंग सुभाष स्टेडियम के सामने पार्किंग स्थल एवं गॉस मेमोरियल ग्राउंड में अपने वाहन पार्क कर सकते है वही साइंस कॉलेज चौबे कॉलोनीए आमापाराए लाखेनगरए की ओर से आने वाले वाहनों के लिए आजाद चौक के पास तात्यापारा लाखेनगर चौक के पास हिन्द स्पोर्टिंग मैदान पर पार्किंग कर सकेंगे इसके अलावा टिकरापारा की ओर आने वाले वाहनों के लिए बुढेश्वर चौक के पास गांधी मैदान एवं आउटडोर स्टेडियम मैदान श्याम टॉकीज के बाजु पर अपने वाहन पार्किंग कर सकते है रेलवे स्टेशन फाफाडीह चौक देवेन्द्र नगर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए एमजी रोड की गली नंबर 01,02, 03, 04,सिन्धी बाजार के पास अपने वाहन पार्किंग कर सकेंगें पंडरी राजातालाब मोवा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मल्टी लेबल पार्किंग कलेक्ट्रेट परिसर एवं शहीद स्मारक भवन के पास वाहन पार्क कर सकते है।

# प्रदेश धुमाल बजने पर असमंजस

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में गणेश विसर्जन पर डीजे.धुमाल बजने पर असमंजस बना हुआ है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ऐसा नहीं है कि साउंड सिस्टम नहीं बजाना है। हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार नियंत्रित तरीके से साउंड सिस्टम बजा सकते हैं। वहीं डीजे बैन को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ राकेश गुप्ता को मारने की धमकी मिली है। हालांकि हाईकोर्ट का निर्देश कहता है कि किसी भी वाहन में साउंड सिस्टम बांधा नहीं जा सकता है। अगर कोई ऐसा करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। जिससे डीजे धुमाल संघ नाराज है। संघ के अध्यक्ष गौतम महानंद का कहना है कि इस साल डीजे धुमाल बजाना है या नहीं इसे लेकर बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि करीब 50 गणेश समितियों के सदस्य चर्चा करने के लिए पहुंचे थे। उनसे बातचीत हुई है। उनसे कहा गया है परंपरा अनुसार भगवान गणेश जी का विसर्जन अच्छे तरीके से हो। लेकिन हाईकोर्ट के सभी मापदंडों और दिशा निर्देशों का पालन हो। डीजे धुमाल संघ के सदस्यों से भी बातचीत हुई है। मैंने उनको कहा है कि काम नहीं करना है ऐसा नहीं है। बस हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में करना है। ध्वनि की तीव्रता का ध्यान रखते हुए करना है। किसी ने मना नहीं किया है।




- **गृहमंत्री बोले– हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुसार लिमिट में बजाए**
- **सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर गुप्ता को मारने की मिली धमकी**

### हाईकोर्ट के दिशा–निर्देश

11 सितंबर 2024 को आवास एवं पर्यावरण विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टर और एसपी को पत्र लिखा। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय और हाईकोर्ट के दिशानिर्देशों के पालन को लेकर कहा गया है। इसके मुताबिक साउंड पॉल्यूशन कंट्रोल करने के लिए आदेश दिया गया है। इस आदेश में साफहै कि गाड़ियों पर डीजे बॉक्स रखकर बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर और एसपी को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी वाहन पर साउंड बॉक्स न बजे। वाहन में साउंड बॉक्स मिलता है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा और वाहन का रिकॉर्ड रखा जाएगा। जब्त साउंड बॉक्स को मजिस्ट्रेट कलेक्टर के आदेश के बाद ही छोड़ा जाएगा। दूसरी बार अगर वही वाहन पकड़ा गया तो उसका परमिट निरस्त किया जाएगा। फिर नया परमिट हाईकोर्ट के आदेश से ही मिलेगा। इस आदेश में साफहै कि नियम का उल्लंघन करने पर संबंधित अधिकारी पर अवमानना की कार्रवाई होगी।

### शादी–बर्थडे जैसे अन्य कार्यक्रमों के लिए निर्देश

हाईकोर्ट ने कहा कि जब भी शादिया जन्मदिन धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में निर्धारित मापदण्डों से अधिक ध्वनि प्रदूषण होने पर अधिकारी जाएंगे। वे लोगों की भावना की कद्र करते हुए नम्रतापूर्वक उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने को कहें। अगर आयोजक विरोध करता है तो उसके खिलाफकोर्ट में कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त अधिकारी आयोजक के खिलाफउच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना का प्रकरण उच्च न्यायालय में दायर करें। अगर ध्वनि प्रदूषण यंत्र टेन्ट हाउस साउंड सिस्टम या डीजे वाले का होगा तो उसे सीधे जब्त किया जाएगा।

**स्कूल कॉलेज अस्पतालए कोर्टए 100 मीटर एरियर लाउड स्पीकर प्रतिबंधित:** इसके साथ ही स्कूल कॉलेज अस्पताल कोर्ट और आफिस से 100 मीटर एरियल डिस्टेंस पर लाउड स्पीकर बजने पर कलेक्टर या प्राधिकृत अधिकारी को ध्वनि प्रदूषण यंत्रों को जब्त करना होगा। बिना मजिस्ट्रेट की अनुमति से प्रदूषण यंत्रों को वापस नहीं किया जाएगा। दूसरी गलती पर जब्त किए गए प्रदूषण यंत्रों को उच्च न्यायालय के आदेश के बिना वापस नहीं किया जाएगा।

### धमकी के बाद एसपी से शिकायत

छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति के सदस्य डॉ राकेश गुप्ता को वॉट्सऐप के माध्यम से धमकी मिल रही है। इसके बाद वो रायपुर एसएसपी संतोष सिंह से मिलने कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस से एक्शन लेने की और सुरक्षा की मांग की है। डॉ गुप्ता ने बताया कि उनकी फोटो के साथ सोशल मीडिया पर पोस्टर वायरल किया जा रहा है। इस पोस्ट में लिखा है कि यही डॉक्टर राकेश गुप्ता जिनको लगता है कि डीजे धुमाल से लोग मरते हैं। डीजे धुमाल बैन कराने में मुख्य भूमिका वाला इंसान। पोस्ट में आगे लिखा है कि फिर बोलना मत राकेश गुप्ता की डीजे धुमाल वाले मारते हैं। तेरी फोटो वायरल हो गई है तू बच के रहना अब। फोटो वायरल होने पर देशबधु ने डॉ राकेश गुप्ता से फोन पर बात की तब उन्होनें कहा कि यह सच हैं कि उन्हें धमकी मिली है इस समबंध में एस पी से शिकायत कर शीघ्र कार्यवाही की मांग की हैं।

### डीजे–धुमाल के ऑपरेटरों ने किया प्रदर्शन

शासन के निर्देश से डीजे.धुमाल के ऑपरेटर नाराज हैं। उन्होंने इसके विरोध में प्रदर्शन भी किया है। उनका कहना है कि उनका परिवार इसी से चल रहा है। डीजे बंद किए जाने पर उनके परिवार का गुजर बसर कैसे चलेगा। झांकी निकालने वाले भी लगातार बैठक कर रहे हैं। उनके बीच ये चर्चा है कि डीजे की अनुमति नहीं दी तो झांकी नहीं निकाली जाएगी।

### हर साल 90 से ज्यादा झांकियां होती हैं शामिल

रायपुर में हर साल झांकी में 90 से ज्यादा छोटी–बड़ी प्रतिमाएं शामिल होती हैं। राजनांदगांव से भी झांकियां आती हैं। झांकियों के साथ डीजे भी रहते हैं। समितियां दूसरे राज्यों व शहरों से बड़े.बड़े डीजेए धुमाल और लाइट सिस्टम मंगवाती है। रातभर डीजे बजता है। जबकि कोर्ट ने रात 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम बजाने पर प्रतिबंध लगाया है। इसलिए इस बार प्रशासन.पुलिस सख्ती कर रही है।

### गाडियों में नहीं लगा सकते साउण्ड बॉक्स

कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार चारपहिया या मालवाहक गाड़ियों में डीजे के बॉक्स को नहीं लटकाया जा सकता है। यहां तक कि उसे बाहर निकालकर बांध नहीं सकते हैं। ऐसा करना गैरकानूनी है। इस पर भी लगातार कार्रवाई की जा रही है

# रायपुर में प्रॉपर्टी के नाम पर ठगी

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में अनामिका वैष्णव ने मकान दिलाने के नाम पर 48 लाख ठग लिए गए। जालसाज ने महिला को डेढ़ महीने के भीतर मकान नहीं दिलाने की स्थिति में रकम दोगुना कर लौटाने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया था। पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिला अनामिका वैष्णव ने ऐश्नी होम्स प्राईवेट लिमिटेड के संचालक राकेश मंडल उसकी पत्नी व अन्य के खिलाफअपराध दर्ज करवाया है। अनामिका ने पुलिस को बताया है कि राकेश का लालपुर स्थित ऑफिस है। वह अपने परिचित के माध्यम से पिछले वर्ष राकेश से संपर्क किया। राकेश ने अपनी कंपनी को आरडी से अधिकृत कंपनी बताकर अनामिका को कमल विहार में फ्लैट दिलाने का झांसा दिया। एग्रीमेंट के लिए पैसे भी दे दिए।

**कमल विहार में घर का सपना दिखाकर महिला को लगाया 48 लाख का चूना**

**एक और महिला से की 15 लाख की ठगी:** ठगी की आशंका होने पर अनामिका ने आरडी में संपर्क किया तो राकेश द्वारा महज एक लाख रुपये जमा करने की जानकारी मिली। अनामिका के अनुसार राकेश ने इसी तरह से अर्चना गुप्ता नाम की महिला से भी मकान दिलाने का झांसा देकर 15 लाख की ठगी की है।

**दर्ज कराई झूठी शिकायत:** अनामिका ने पुलिस को बताया है कि राकेश की पत्नी सरिता ने कोर्ट में समझौता करने उनके खिलाफ थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने ठगी करने कूटरचित दस्तावेज और मकान का फोटो दिखाकर उन्हें उन्हें अपने जाल में फंसाया।

# ट्रेन एम्बुलेंस के नाम पर मरीज के परिजनों से ठगी

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। निजी ट्रैवल कंपनियों द्वारा मजबूर लोगों के साथ कैसै धोखाधड़ी की जाती है उसका एक उदाहरण सामने आया है। ट्रैवल कंपनी ने ट्रेन एम्बुलेंस नाम से बुकिंग कर पीड़ित के परिजनों से राशि वसूल कर ली और मरीज को ट्रेन के फ्लोर पर यात्रा कराई गई। इस पूरे मामले में रेलवे ने अधिकृत बयान जारी करते हुए इस प्रकार की सुविधा से इंकार किया और लोगों को सतर्क रहने को कहा है। यह पूरा मामला हाफा एक्सप्रेस ट्रेन का है। जिसमें आज खडग़पुर से रायपुर तक जाने के लिए सृष्टि एक्का नाम से ट्रेन एम्बुलेंस नाम पर पंचमुखी एयर एंड ट्रेन एम्बुलेंस सर्विस ने बुकिंग की थी। सृष्टि को हाथ स्पाइन और पैर में कई चोटें और फैक्चर भी था। सृष्टि एक्का को ट्रेन के दरवाजे के पास फर्श पर सुलाकर यात्रा रायपुर तक लाया गया जिसके चलते ट्रेन के दरवाजे यात्रियों का आवागमन भी बाधित हो रहा था। कुछ यात्रियों के द्वारा पूछने परिजनों ने बताया कि 13 सितंबर को उन्होंने ट्रेन एम्बुलेंस नाम से बुकिंग करवाई थी। पंचमुखी एयर एंड ट्रेन एम्बुलेंस सर्विस के नाम की कंपनी से उन्होंने बुकिंग करवाई थी। इसके लिए उनसे 65 हजार रुपए मांग की गई थी जिसके ऐवज में 32,500 अग्रिम भुगतान भी ट्रैवल कंपनी को गया था। ट्रेन एंबुलेंस के नाम से पैसे वसूल कर महिला को ट्रेन के दरवाजे पर सुलाकर खडगपुर से रायपुर लाया गया। मरीज सृष्टी एक्का के साथ हर्ष एक्का नामक कर रहा था। फर्श पर लेटा कर यात्रा करवाने के सवाल पर कहां गया कि महिला के पैर में रॉड लगा था जिसके चलते बोगी में एंट्री करवाने के लिए उन्हें मोडते नही बन रहा था। उन्हें वापस उतार कर रोड एंबुलेंस से ले जाया जाता पर तब तक ट्रेन निकल गई और समय नहीं बचा इसलिए मजबूरीवश उन्हें दरवाजे पर लेटकर यात्रा करनी पड़ी। इस पूरे मामले में रेलवे बिलासपुर ने अधिकारिक रुप से बयान जारी किया है।

**रेलवे ने ट्रेन एम्बुलेंस की सुविधा से किया इंकार**

**ट्रेन एंबुलेंस जैसी सुविधा के लिए टिकट बेचने वाले ठगों से रहें सावधान:** रेलवे प्रशासन को विभिन्न समाचार.पत्रों के माध्यम से यह जानकारी मिली कि पंचमुखी एयर एंड ट्रेन एंबुलेंस सर्विस प्रा.लि नई दिल्ली द्वारा गाड़ी संख्या 12906 शालीमार.पोरबंदर एक्सप्रेस में ट्रेन एंबुलेंस सुविधा के नाम से टिकट जारी कर यात्री से ठगी की गई है। साथ ही लोगों को ठगने के लिए कुछ निजी कंपनी द्वारा तरह.तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं ।रेलवे प्रशासन स्पष्ट करता है कि रेलवे ऐसी यात्रा की अनुमति नहीं देता है। ट्रेन एंबुलेंस की सुविधा रेलवे कर्मचारियों को भी नहीं दी जाती है ।अत रेलवे प्रशासन आम यात्रियों से अपील करता है कि सावधान रहें और ऐसे सुविधा देने के नाम पर ठगी करने वालों के बहकावे न आयें ।

# सूने मकान में चोरी, क्रेता सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में सूने मकान में हुई चोरी प्रकरण को सुलझा लिया हैं इस दौरान पुलिस ने चोर व सामान खरीदने वाले खरीददार

प्रार्थी सुरेन्द्र कुमार साहू ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम तुलसी गैलेक्सी न्यू टाऊन 1एनएच.3 मेन रोड मे फ्लेट नंबर 51 में रहता है वर्तमान में कोई नही रहता है तथा मकान में ताला लगा हुआ है । प्रार्थी बीच.बीच में अपने परिवार के साथ आता जाता रहता है। प्रार्थी 11 अगस्त की सुबह 09.00 बजे उसके पड़ोसी के द्वारा फोन कर सूचना दिये कि घर के गेट एवं मेन दरवाजा का ताला टूटा हुआ है घर में चोरी हो गया है सूचना पर प्रार्थी अपने घर आया तो देखा कि घर का मेन दरवाजा का ताला टूटा हुआ था घर अंदर प्रवेश कर देखा तो पाया की घर में रखा चांदी का सिक्का एवं पीतल का बर्तन तथा नगदी रकम नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। चोरी की घटना को थाना प्रभारी मंदिर हसौद को अज्ञात अरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबधं में प्रार्थी तथा आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ.साथ उसके आस.पास लगे सी सीसीटी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए अज्ञात अरोपियों की पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त अज्ञात अरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा पण्डरी निवासी आमीर खान की पतासाजी कर पकड़ा गया। घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने 2 साथी जो विधि के साथ संघर्षरत है के साथ मिलकर घटना स्थल में दोपहिया वाहन में जाकर चोरी की घटना को अंजाम देना बताने के साथ.साथ चोरी की सामग्री को पण्डरी निवासी कबाड़ी संचालक अफजल खान के पास बिक्री करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी अफजल खान को चोरी की सामग्री क्रय करने पर उसे धारा 317;2 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी आमिर खान एवं अफजल खान को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर कब्जे से चोरी की पीतल एवं फुलकांस के बर्तन जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।



# तालाब में दो बच्चों की डूबकर मौत

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)।रायपुर के तालाबों में दो बच्चों की डूबकर मौत हो गई है। दोनों मासूम तालाब में नहाने गए हुए थे। गहरे पानी में जाते ही दोनों डूबने लगे। इसके बाद वह बाहर नहीं निकल पाए। मामला राजेंद्र नगर थाना इलाके का है। पुलिस के मुताबिक तेजस राउत और विजय दीप दोनों प्राथमिक स्कूल के पढ़ने वाले स्टूडेंट थे और स्कूल से वापसी के दौरान वे नहाने गए थे। दोनों के डूबने के दौरान आसपास कोई मौजूद नहीं था। तेजस की उम्र 10 साल और विजय दीप की 8 साल है।

**8 और 10 साल के मासूम नहाने गए थे**

कुछ देर बाद जब वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने बच्चो के कपड़े दिखे। उन्होंने पानी में देखा तो वहां एक बच्चे की लाश दिखी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। हालांकि पुलिस के आने से पहले स्थानीय लोगों ने दोनों बच्चों की लाश को पानी से बाहर निकाल लिया। इस दौरान परिजनों का रो.रोकर बरा हाल था। 2 बच्चों की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचीए तालाब के आसपास लोगों की भी भीड़ जुट गई।

**यूनिफॉर्म और जूते किनारे में दिखे:** बताया जा रहा है कि बच्चे स्कूल से वापस आ रहे थे। तभी अपने यूनिफॉर्म और जूते को तालाब के किनारे उतारकर नहाने के लिए पानी में उतर गए। इसी दौरान उनकी डूबने से मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

उल्टा पुल्टा

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था
ग्राहक- अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
राजू- तो आपके पूरे पैसे वापिस।

## संपादकीय

### डीजे का जानलेवा शोर

*देश भर की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी डीजे के इस्तेमाल से होने वाली समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसके चलते समाज अशांत हो रहा है, विवाद हो रहे हैं और लोग प्राण गंवा रहे हैं। स्वीकृत व निर्धारित स्तर से कहीं अधिक जोर से बजने वाले डीजे लोगों के लिये बड़ी समस्या बन रहे हैं। विभिन्न अवसरों पर इनका इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। इसके चलते लोगों की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। फिलहाल गणेशोत्सव चल रहा है। हजारों की संख्या में सार्वजनिक तौर पर जो प्रतिमाएं बिठाई जाती हैं, उनके आगमन से लेकर विसर्जन तक डीजे का कानफोड़ू संगीत लोगों की समस्या को बेतरह बढ़ा रहा है।*

*बलरामपुर जिले में संजय जायसवाल नामक एक युवक की ब्रेन हेमरेज से मृत्यु हो गयी। उसे किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं थी। यहां तक कि ब्लड प्रेशर भी नहीं था। चिकित्सकों का अनुमान है कि तेज आवाज में बजा डीजे उसके लिये जानलेवा साबित हुआ है। पहले उसे उल्टियां हुईं और अस्पताल में जब उसका सीटी स्कैन कराया गया तो उसके सिर के पिछले हिस्से में खून का थक्का होना पाया गया। पहले वह पूर्णत: स्वस्थ था लेकिन वह गणेश उत्सव में गया था जहां तेज वॉल्यूम में संगीत बज रहा था। माना जा रहा है कि इसी के चलते उसे ब्रेन हेमरेज हुआ है। इसे सभी को चेतावनी की तरह लेना चाहिये। आधुनिक तकनीकों से बने नये डीजे इतनी तेज आवाज़ में बजते हैं कि उसका असर हृदय पर पड़ता हुआ महसूस किया जा सकता है। बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को तो इससे अत्यधिक दिक्कत होती ही है, जिन्हें दिल की कोई बीमारी है, रक्त चाप सम्बन्धी समस्या है, सिर दर्द होता है या कानों की कोई बीमारी है- वे इस आवाज को झेल नहीं पाते। इसके अलावा हाल ही में दुर्ग जिले के नंदिनी क्षेत्र में डीजे को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गयी। विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया जिसमें 3 लोगों की जान चली गयी। दिल की बीमारी से जूझ रहे एक बुजुर्ग ने इससे परेशान होकर आत्महत्या कर ली।*

*तेज आवाज़ वाले डीजे के प्रति लोगों, खासकर युवाओं का क्रेज़ बढ़ता जा रहा है। वर्ष भर में तीन-चार ऐसे मौके अवश्य आते हैं जब सार्वजनिक त्यौहारों के रूप में डीजे संगीत का आयोजन होता है। गणेशोत्सव के अलावा दुर्गा पूजा, जन्माष्टमी, नवरात्रि आदि के अलावा अन्य अनेक मौकों पर डीजे का इस्तेमाल होता है। देखा तो यह भी जाता है कि डीजे के इंतज़ार में विसर्जन तक एक-दो दिन विलम्ब से किया जाता है। न सिर्फ वॉल्यूम के तौर पर बल्कि प्रशासन द्वारा निर्धारित समय सीमा का उल्लंघन करते हुए भी ये आयोजन पाये जाते हैं। सरकार को चाहिये कि डीजे सम्बन्धी सभी नियमों का कड़ाई से पालन कराए।*

## अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन एवं विश्वकर्मा जयंती को लेकर रही शहर में त्यौहारों की धूम

### डीजे का शोर थमने से आम लोगों को राहत

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में आज दिनभर गणेश विसर्जन की धूम रही। सुबह 11 बजे से लेकर रात्रि तक श्रद्धालुगण गणेश मूर्तियां लेकर पवित्र जलाशयों में पहुंचकर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करते रहे। इस बार जिला प्रशासन द्वारा डीजे पर सख्ती से प्रतिबंध लगा देने के कारण गणेश विसर्जन के समय वर्षो से होता आ रहा धूम धड़ाका इस बार नहीं नजर नहीं आया। इसी तरह आज विश्वकर्मा पूजा भी धूमधाम से मनाई गई।



गत रात्रि से ही शहर में यह चर्चा रही है कि गणेश विसर्जन का मुहूर्त दोपहर तक ही है। उसके बाद भद्रा लग जायेगा। इसके अलावा कतिपय पंचागों के माध्यम से यह खबर भी फैली कि हिन्दू पंचाग के अनुसार दोपहर एक बजे से पितृपक्ष शुरू हो जायेगा। इस खबर का समाज में व्यापक रूप से देखने को मिला। पोलसाय तालाब, टप्पा तालाब, लुचकी तालाब, रेवा तालाब, इत्यादि जलाशयों में सुबह 11-12 बजे से ही सैकड़ों स्त्री पुरूष गणेश प्रतिमा को हाथ में लिये जलाशयों तक पहुंचे थे। जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जाता रहा। इसके बाद भी देर शाम तक सार्वजनिक गणेश पंडालों में विसर्जन कर किये जाने वाले अनुष्ठान पूरे कराये जाते रहे।

वर्षो बाद यह पहला अवसर था तब कि गत 16 सितंबर को गणेश विसर्जन का कार्यक्रम काफी शांति व खामोशी से किया गया। इसी तरह काफी जोश खरोश होने के बाद ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शांति से निकला। आज जिन सार्वजनिक स्थलों की गणेश प्रतिमाएं नहीं विसर्जित हो रही थी वहां की प्रतिमाओं का धार्मिक रीति रिवाज के साथ उद्यापन पूजन हो गया है। अब हवन पूजन के बाद कभी भी शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन करा लिया जायेगा। इसी के साथ शहर में दुर्गा पूजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

आज गणेश विसर्जन को देखते हुए शहर के सभी तालाबों में भी सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे। शिवनाथ नदी के विभिन्न तटों पर तो सुरक्षा के इंतजाम किये ही गये थे। लुचकी तालाब, टप्पा तालाब, माता तालाब, पोलसाय तालाब सहित अन्य तालाबों के आसपास भी पुलिस बल के साथ ही गोताखोरों की उपस्थिति देखी गई। बताया गया कि डीजे व धुमान बाजा पर प्रतिबंध लग जाने से केवल शोरिया डांस करने वाले युवाओं का ग्रुप भी विसर्जन जुलूस से बहुत कम जुड़ पाया है। गणपति बप्पा मोरिय, अगले बरस फिर लौटकर आ के नारे गूंजते रहें। ( शेष पृष्ठ 9 पर )

## जेवरा सिरसा स्थित फूड प्रोडक्टस फैक्ट्री में गोदाम में लगी भीषण आग

### नुकसान का आंकलन बता पाना संभव नहीं, फैक्ट्री की ओर से अभी कोई लिखित सूचना नहीं - चौकी प्रभारी

दुर्ग, 17 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के जेवरा सिरसा थाना क्षेत्र स्थित एक फूड प्रोडक्ट्स की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। मंगलवार की सुबह अचानक लगी आग की सूचना पर जिला अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके के लिए रवाना की गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाना शुरू किया। इस दौरान दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। शाम 7 बजे तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर है और आग बुझाने का अंतिम प्रयास कर रही है। आग पर काबू कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जेवरा सिरसा स्थित फूड प्रोसेस फैक्ट्री नमन फूड प्रोडक्ट्स में मंगलवार की सुबह अचानक आग लग गई। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि उनके पास सुबह 6 बजे नमन फूड प्रोसेस के मालिक नमन जैन का फोन आया था। उन्होंने बताया कि उनकी फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से आग लग गई है। फैक्ट्री के अंदर लाखों की संख्या में बारदाना रखे हैं। सूचसू ना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां वहां पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने का काम शुरू किया। दोपहर तक आग बुझाने का काम जारी रहा।

इधर इस मामले में जेवरा सिरस चौकी पुलिपु स ने बताया कि फैक्ट्री के एक बड़े गोदाम में आग लगी है। गोदाम में भारी मात्रा में बारदाने रखे हुए हैं और आग इसमें पकड़ने के कारण भीषण हो गई। आग इतनी ज्यादा है कि फायर ब्रिगेड नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आग से किसी प्रकार की जनहानी नहीं हई है। वहीं नुकसान का आंकलन आग बुझने के बाद ही हो पाएगा। संभवत: आग लगने का कारण शार्ट सर्किट हो सकता है। शार्ट सर्किट के कारण बारदाने में आग लगने की संभावना है। चौकी प्रभारी ने बताया कि शाम 7 बजे तकफैक्ट्री मालिक की ओर से अधीकृत तौर पर कोई लिखित सूचना नहीं दी गई है। फैक्ट्री से कोई लिखित सूचना मिलने पर ही नुकसान इत्यादि का आंकलन करना, आग लगने के कारणों पर कुछ कहा जा सकेगा।

## 5 हजार की नशीली दवाओं का कारोबार करते दो युवक जेल भेजे गये

दुर्ग, 17 सितंबर (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर पुलिस ने नशे का कारोबार कर रहे लोगों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों हार्दिक भोई व दिलीप साहू को लगभग 5 हजार रूपये मूल्य की नशीली दवाइयों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन्हें न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पद्मनाभपुर पुलिस के अनुसार उक्त दोनों आरोपी हार्दिक भोई पिता अमर भोई पचरी पारा दुर्ग, (23) एवं दिलीप साहू पिता पीलू राम साहू (34) कसारीडीह को नशीली दवा बेचते हुए पकड़े जाने पर गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से कुल 129 स्ट्रीप कुल 1265 टेबलेट एवं 184 नशीली कैप्सूल तथा पूर्व में बेची गई दवाओं का एक हजार रूपये जब्त किया गया। इन्हें तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।



## आस्था ट्रेन को दुर्ग रेल्वे स्टेशन से अयोध्या के लिये किया रवाना

दुर्ग, 17 सितंबर (देशबन्धु)। अयोध्या के भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को आज आस्था स्पेशल ट्रेन दुर्ग से रवाना किया गया। श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। पंथी नृत्य के बीच जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। रेलवे स्टेशन राम मय नजर आया। रेलवे स्टेशन में राम भक्तों को तिलक माला पहनाकर स्वागत किया गया। दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर एक बजे दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, संभागायुक्त, सत्यनारायण राठौर, एडीएम अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी सहित रेलवे अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। दुर्ग ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से कुल 185 श्रद्धालु शामिल है।



इस यात्रा में बस्तर, बीजापुर, कोण्डागांव, नारायणपुर जिले के श्रद्धालुओं ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के अभिनव पहल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को कोटी.कोटी धन्यवाद दिया। तीर्थ यात्रियों को जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन की प्रतियां भेंट की गई।

## नकली पिस्तौल दिखाकर दिन दहाड़े लूट का प्रयास, दो आरोपी जेल भेजे गये

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग में दिन दहाड़े नकली पिस्टल दिखाकर लूट का प्रयास करने वाले आरोपियों को मो हन नगर पुलिस द्वारा पकड़ कर जेल भेजा गया। आरोपियों के पास से नकली पिस्तौल एवं कार भी जप्त की गई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा ने बताया कि 15 सितंबर को प्रार्थी लक्ष्मी कांतरावटे निवासी पुलिस लाईन दुर्ग ने रिपोर्ट किया कि 3 बजे किया कपंनी के कार क्रमांक सी जी 07 सी एम 8808 में सवार दो व्यक्ति के द्वारा पिस्टल दिखाकर पैसा एवं मोबाइल की मॉग करने की धमकी दिया। जिस पर थाना मोहन नगर में अपराध क 449/24 धारा 309 (5)बी एनएस 2023 पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी सहज अब्बी उर्फआशु पिता संजू अब्बी उम्र 26 साल निवासी दीपकनगर दुर्ग एवं यज्ञदत्त मंडावी पिता दिलीप कुमार उम्र 19 साल तालपुरी थाना भिलाई नगर को पकडा गया। तलाशी पर एक लाईटर पिस्टलनुमा जो पिस्टल की तरह मिला तथा उक्त कार को जप्त किया गया, विवेचना पर आरोपियों द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत् 15 सितंबर को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर केंद्रीय जेल निरूद्ध किया गया।

## निषाद समाज महिला प्रकोष्ठ ने मनाया तीज मिलन समारोह

दुर्ग, 17 सितंबर (देशबन्धु)। जिला निषाद समाज की महिला प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तीज मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव विशेष अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर थे। दोनों ही विधायकों ने अपने अपने उद्बोधन में निषाद समाज की महिलाओं में निरंतर बढ़ती जागरूकता व सक्रियता की सराहना की। आयोजकों के अनुसार इस मौके पर पूरे दुर्ग जिले से समाज की तीन हजार के आसपास महिलाएं उपस्थित थीं।



भगवान श्री राम एवं भक्त गुहा निषाद राज के तैलचित्र पर दीप प्रज्वालन एवं माल्यार्पण एवं प्रारंभ कार्यक्रम में निषाद समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला निषाद कार्यक्रम के उद्देश्यों के साथ ही समाज में निरंतर बढ़ती महिलाओं की व्यवसाय, राजनीतिक वं सामाजिक सांस्कृतिक क्षेत्रों की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष संतोषी निषाद के साथ ही पूर्व विधायक अरूण वोरा की पत्नी मंजू वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल की पत्नी श्वेता बाकलीवाल, प्रेमलता निषादस, रागिनी निषाद, रामप्यारी निषाद एवं जानकी निषाद ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद ने किया। युवा अध्यक्ष वीरेन्द्र निषाद ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टाल लगाया गया था। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व तीजा से संबंधित श्रृंगार सामग्रियां भेंट की गई।

## विद्युत उपकेंद्र भेड़सर में 24 लाख की लागत से अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर

### सात गांवों के लगभग 3700 उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

दुर्ग, 17 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं एवं किसानों को पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत सप्लाई देने के लिए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र द्वारा दुर्ग जिलेमें स्थित33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) भेड़सर में 24 लाख रुपए की लागत से3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर उर्जीकृत किया गया, इससे उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले लगभग सात गांवों के उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं ( शेष पृष्ठ 9 पर )



## विधायक यादव ने कराये दुर्ग क्षेत्र में विकास कार्यो के लिये 8.98 करोड़ स्वीकृत

दुर्ग, 17 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव ने दुर्ग शहर के विकास कार्यो के लिये 8.98 करोड़ रूपये स्वीकृत कराये है। इसके तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के 59 स्थानों पर सड़क सीमेंटीकरण एवं कच्ची सड़कों को डब्लयूबीएम सड़क बनाने तथा नाली व पुलिया निर्माण पेवर ब्लाक लगाने व डोमशेड निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराये जायेगें। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रभारी मंत्री के मद से विकास कार्यो के लिये 65 लाख रूपयों की स्वीकृति दी है।



विधायक श्री यादव ने बताया कि चुनाव से पूर्व एवं बाद में उन्होंने दुर्ग की जनता से जो वादे रिये है उन्हें पूर्ण करने कटिबद्ध है। इसके तहत साढ़े 5 करोड़ से 37 स्थान की कच्ची सड़कों का सीमेंटीकरण किया जायेगा। 10 से अधिक स्थानों से पानी निकासी व पुलिया निर्माण कार्य किये जायेगें। 7 कच्ची सड़कों पर डब्लयूबीएम कराया जायेगा।

## निगम के करदाता अब अपने करों का ऑनलाईन भुगतान कर सकेगें-महापौर

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग द्वारा करदाताओ के लिए, करो की राशि का भुगतान किये जाने हेतु ऑन लाईन पेमेंट अपने मोबाईल से सीधे भुगतान करने की सुविधा आज 17 सितंबर श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर महापौर एवं आयुक्त की उपस्थिति में प्रारंभ कर दी गयी है।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि इसके लिए कर दाताओ को अपने मोबाईल में ब्राउजर ओपन करेंगे और उसके एड्रेस बार में वेब साइट म्यूनिसीपल कार्पोरेशन करेंग उसके बाद वेब साईट खुल जायेगी जिसमें आप नगर निगम दुर्ग को सेलेक्ट करेंगे और उसके बाद करदाता अपने प्रापर्टी का रजिस्टर आईडीनंबर या मोबाईल नंबर



### विश्वकर्मा पूजा के साथ यह सुविधा शुरू

या वार्ड का नंबर के माध्यम से अपनी प्रापर्टी के टैक्स को सर्च कर लेंगे। उसके बाद उसमें करो की जानकारी आ जायेगी और सबसे नीचे पे नाऊ का बटन होगा जिसे दबाकर संबंधित टैक्स की राशि का ऑन लाईन भुगतान कर सकेंगे। यह सुविधा कैश पेमेंट में भी उपलब्ध हैं कैश पेमेन्ट में सबंधित वार्ड के एआरआई या आरएसआई से संपर्क कर भुगतान कर सकते हैं। पेमेन्ट के उपरांत उनके मोबाईल में ही रसीद जनरेट हो जायेगी जिसे वह पीडीएफबना कर सवे कर सकते हैं या प्रिंट के आप्सन में जाकर रसीद को प्रिंट कर निकाल सकते हैं। इस दौरान एमआईसी दीपक साहू, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, योगेश सूरे, विनीत वर्मा, पवन सहित राजस्व विभाग अमला मौजूद था। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि ऑन लाईन पेमेंट की प्रक्रिया विश्वकर्मा पूजा के दिन शुरू हो गयी हैं। सभी कर दाताओ से निवेदन अपील हैं कि अपनी टैक्स की राशि जमा कर नगर निगम के विकास कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करें।

## विकसित भारत मोदी की संकल्पना थीम पर राजेन्द्र पार्क चौक में फोटो प्रदर्शनी

दुर्ग, 17 सितंबर (देशबन्धु)। जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना थीम पर दुर्ग नगर के राजेन्द्र पार्क चौक में एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर फोटो प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई गई। फोटो प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घंण्टे भी कम है बंदे में इतना दम है, ( शेष पृष्ठ 9 पर )



### जनसंपर्क विभाग का आयोजन

## शास. कन्या महाविद्यालय ने जीता बैडमिंटन चैम्पियनशीप

दुर्ग, 17 सितंबर (देशबन्धु)। भिलाई महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग सेक्टर स्तरीय महाविद्यालयीन बैडमिंटन (महिला) प्रतियोगिता मेंअपने पुल की सभी टीमों को एकतरफा हराकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग फाईनल में पहुँचा एवं फाईनल में भिलाई महिला महाविद्यालय को परास्त कर विजेता बना।



इस प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों ने हिस्सा लिया था। कन्या महाविद्यालय का प्रथम मैच कल्याण महाविद्यालय सेक्टर-7 के बीच खेला गया जिसमें 2-0 से कन्या महाविद्यालय विजयी हुई। दूसरा मैच सेंट थामस महाविद्यालय रूआबांधा के बीच हुआ जिसमें कन्या महाविद्यालय 2-0 से विजेता रहा। सेमीफाईनल शास. कन्या महाविद्यालय एवं शास. महाविद्यालय बालोद के विरूद्ध खेला गया जिसमें बालोद की स्तुति ने कन्या महाविद्यालय दुर्ग की अदिति अग्रवाल को 2-0 से परास्त किया, डबल्स में कन्या महाविद्यालय की रमा एवं अदिति की जोड़ी ने बालोद की स्तुति एवं अनुष्का को 2-0 के सीधे सेटों स परास्त किया। द्वितीय सिंगल्स में रमादत्ता ने बालोद की अनुष्का को 2-0 के सीधेसेटों से परास्त कर फाईनल में प्रवेश किया। फाईनल मैच में कन्या महाविद्यालय की अदिति ने वनिशा 21-7, 21-8 को परास्त किया। डबल्स में कन्या महाविद्यालय की रमादत्ता और अदिति ने महिला महाविद्यालय की वनिशा एवं दीक्षा की जोड़ी को 21-2, 21-3 से परास्त कर फाईनल जीतकर ट्राफी अपने नाम किया।

कन्या महाविद्यालय की टीम इस प्रकार थी-रमादत्ता (कप्तान) अदिति अग्रवाल, दामु कावेरी, हेमा सिंह, टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे थी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल, क्रीड़ासमिति की संयोजक डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरूआत विधायक महापौर ने की

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शासन के आदेशानुसार नगर नगम द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा हैं। आज 17 सितंबर से इसका शुभारंभ कर स्वच्छता ही सेवा हेतु रैली, श्रमदान गतिविधि का आयोजन नगर निगम द्वारा किया गया। सुबह प्रात:7 बजे से विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर नागरिक एवं ब्रांड एम्बेसडर, अधिकारी कर्मचारियो के अलावा विज्ञान विकास छात्रावास के तीन सौ छात्राओं और नागरिक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम की शुरुवात के साथ स्वच्छता शपथ लेकर की गई। स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वच्छता ही सेवा बैंक स्पॉट का ट्रांसफ्रेर्मेशन श्रमदान के माध्यम से किया गया। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य भोला महोविया, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी, धर्मेंद्र मिश्रा, उपअभियंता मोहित मरकाम, हरिशंकर साहू, बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक सुरेश भारती ने सडक् पर झाड़ू लगाई। एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत नाना.नानी दादा दादी पार्क एवं मानस भवन में श्रमदान की गई।



स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा स्वच्छता के नारे लगाते हुए स्वच्छता हेतु जागरूकता का संदेश दिया। आम नागरिकों विज्ञान विकास केंद्र की अधिकारी के साथ केंद्र की सभी छात्राओं का सहयोग मिला। मुस्कान फाउंडेशन के द्वारा भी इस कार्यक्रम में योगदान दिया गया।

# रावघाट वनांचल के विकास में लगा हुआ है बीएसपी



**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में वनवासियों के जीवन को सुधारने एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल व बुनियादी सुविधाओं आदि के विकास हेतु संयंत्र निरंतर प्रयासरत है। सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में विकास के सपनों को आकार देते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र, रावघाट सीएसआर परियोजनाओं के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इन योजनाओं का उद्देश्य इन दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। संयंत्र के रावघाट सीएसआर परियोजना के अंतर्गतए इस सत्र अनेक नए कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। बीएसपी के सीएसआर विभाग ने अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार करते हुए बफर जोन में अन्य 38 ग्रामों को सम्मिलित कर सीएसआर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गतिविधियों और परियोजनाओं से भी जोड़ लिया है। अब रावघाट सीएसआर परियोजना के अंतर्गत आने वाले गाँवों की संख्या बढ़कर 60 हो चुकी है। रावघाट सीएसआर परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल व बुनियादी सुविधाओं आदि का निरंतर विस्तार एवं विकास किया जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीन अस्पताल खोड़गाँव स्वास्थ्य केंद्र, दण्डकवन स्वास्थ्य केंद्र और अंतागढ़ स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। इसके अलावा एक मोबाइल मेडिकल यूनिट की भी साप्ताहिक सेवा प्रदान की जा रही है। जिसमें सेनेटरी पैड का भी वितरण किया जाता है। गंभीर बिमारी से पीड़ित मरीजों को भिलाई सेक्टर.9 अस्पताल भिलाई रिफर किये जाने की सुविधा भी है। रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 22 बफर जोन गांवों में चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। समय.समय पर दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन भी बीएसपी द्वारा किया जाता है। रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिवर्ष क्षेत्र की 24 बालिकाओं को नर्सिंग कराया जाता है। अब तक कुल 248 बालिकाओं में से कई बालिकाएँ विद्या अर्जन के पश्चात सरकारी और प्राइवेट स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी रोजगार प्राप्त कर अपनी सेवाएँ दे रहीं हैं। संयंत्र प्रबंधन के अनुसार रावघाट सीएसआर गतिविधि के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रावघाट माइंस क्षेत्र के 10 वीं पास युवाओं को रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालितए औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नारायणपुर में 22 युवाओं का चयन किया गया है। इन युवाओं का चयन 2 वर्षीय नि:शुल्क आवासीय आईटीआई प्रशिक्षण हेतु किया गया है। आईटीआई प्रशिक्षण के दौरान इन युवाओं को बीएसपी द्वारा रामकृष्ण मिशन छात्रावास में छात्रावास की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। युवाओं को रोजगार के लिए योग्य बनाने हेतु आईटीआई में प्रवेश प्रारम्भ कर दिया है। जिससे उन्हें भी रोजगार के समान अवसर उपलब्ध हो सकें। संयंत्र, दल्ली.राजहरा से रावघाट रेल लाइन परियोजना के निर्माण में आर्थिक रूप से 100 प्रतिशत फंडिंग कर रहा है। जिसके लिए अब तक 1627 करोड़ में से 1400 करोड़ का आर्थिक भुगतान कर चुका है। संयंत्र ने रेल लाइन परियोजना से प्रभावित परिवारों में से 177 लोगों को आईटीआई में प्रशिक्षित कर उन्हें संयंत्र में रोजगार देने की जिम्मेदारी ली है। रावघाट रेल परियोजना प्रभावित परिवारों के 6 नए सदस्यों को फरवरी तथा मार्च 2024 को रोजगार के लिए ऑफर लेटर भी सौंपा जा चुका है। अब तक कांकेर के 113 और बालोद जिले के 37 लोगों सहित कुल 150 लोगों को आईटीआई प्रशिक्षित करने के बाद बीएसपी में नियुक्त किया गया है। इनमें 25 से अधिक महिला कर्मचारी शामिल हैं। जबकि 4 युवाओं की रोजगार प्रक्रिया जारी है।

# स्वच्छता सेवा पखवाड़े अभियान शुरु



**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूवात की गई। सांसद विजय बघेल, संभाग आयुक्त एस एन राठौर, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, महापौर नीरज पाल, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज, जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, एएमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गवई, निगम भिलाई आयुक्त अशोक द्विवेदी, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में नेहरू नगर चैंक स्थित भेलवा तालाब में किया गया। भिलाई के नेहरू नगर जोन-1 कार्यालय में सभी ने स्वच्छता ई सेवा शपथ लिया गया। सभी ने संकल्प लिया हम खुद भी श्रमदान करेंगे और दूसरे लोगों को भी प्रेरित करेंगे। फिर सब लोगों ने मिलकर तालाब में साफ सफाई कर के श्रमदान किया। सांसद विजय बघेल ने सभी से आग्रह किया की स्वच्छता सतत चलने वाली प्रक्रिया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा नागरिक बस इतना करें घर से गिला और कचरा सूखा कचरा अलग करके सफाई मित्रों को दे। यह सबसे बड़ा सहयोग होगा। सब लोगों ने मिलकर स्वच्छता संदेश पर हस्ताक्षर किए। एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई, जो नेहरू नगर जोन कार्यालय से शुरू होकर केपीएस चौक होते हुए बेलवा तालाब में समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक सामाजिक संगठन एक तरफ से उपस्थित प्रमुख संस्थाएं। आर्ट ऑफ लिविंग, भारत विकास परिषद, शपथ फाउंडेशनए स्वच्छता सेवा है संस्थान जो विगत 365 रविवार सेवा कर चुका है। आर्मी आर्मी वेलफेयर के सदस्य ऑक्सीजोन के सदस्य, हैप्पी ग्रुप, लाफिंग क्लब, पार्षद, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, स्कूल और कॉलेज के छात्राएं नगर निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### इस्पात मंत्रालय ने स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

भिलाईनगर। संयंत्र में स्वच्छता ही सेवा.2024 अभियान के तहत बीएसपी के संयंत्र परिसर, टाउनशिप एवं बीएसपी के अन्य विभागों में विभिन्न गतिविधियों और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में केन्द्रीय इस्पात मंत्री एवं सेल चेयरमेन के हाथों श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ संयंत्र से की। केन्द्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी, सेल चेयरमेन अमरेन्दु प्रकाश, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, सांसद विजय बघेल कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल में सफाई हेतु श्रमदान किया।उपस्थित अतिथियों ने इस्पात भवन में स्वच्छता शपथ ली। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के विषय पर आधारित कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु इस अभियान में नागरिकों, उद्योगों, पीएसयू, सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों, विकास संगठनों, ग्राम पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों, समस्त जिलों, सार्वजनिक स्थलों, हाट.बाजार, धार्मिक स्थल, बस स्टैंड, हाईवे, रेलवे स्टेशनए सामुदायिक स्वच्छता परिसर आदि को शामिल किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान, स्वच्छता के प्रति संशोधित दृष्टिकोण को दैनिक जीवन के मुख्य भाग के रूप में प्रोत्साहित करता है।

### मंत्री ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा

आज 17 सितम्बर 2024 को उत्साह और धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा संपन्न हुई। आज विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल मेंए केन्द्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी, सेल चेयरमेन अमरेन्दु प्रकाश, अनिर्बान दासगुप्ता, सांसद विजय बघेल तथा अंजनी कुमार, विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए।

# सीताराम येचुरी को दी गई श्रद्धांजलि

**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। आज पार्टी की जिला सांगठनिक समिति द्वारा सीताराम की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। 12 सितंबर 2024 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में उनकी मृत्यु हो गई। वे 72 वर्ष के थे। श्रद्धांजलि सभा में वामपंथी जनवादी पार्टियों एवं जन संगठन के साथी उपस्थित हुए। सीताराम के तस्वीर पर माल्यार्पण के पश्चात सभी ने पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात शोक प्रस्ताव पेश कर दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गइ। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिन वादी लिबरेशन, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता समिति, सीटू, एटक, एआईसीसीटीयू, लोईमु, इंटक, सेवानिवृत कर्मचारी संघ, एससी एसटी एसोसिएशन, स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया, जनवादी महिला समिति, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन, एमपीएमएसआरयू आदि संगठनों के साथियों ने अपनी बातों को रखकर सीताराम को श्रद्धांजलि दी 12 अगस्त 1952 में जन्मे सीताराम बचपन से ही अखिल भारतीय टॉपर रहे। वे 1974 में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्र आंदोलन में शामिल हुए और भारतीय छात्र संघ के नेता बन। वे 1984 से 1986 तक भारतीय छात्र संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष रहे और उन्होंने छात्र संगठन को अखिल भारतीय शक्ति के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीताराम येचुरी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के शीर्ष नेता, वामपंथी आंदोलन के एक उत्कृष्ट नेता और प्रसिद्ध मार्क्सवादी विचारक थे। सीताराम येचुरी 1975 में सीपीआई एम में शामिल हुए। आपातकाल के दौरान उन्हें उनकी राजनीतिक गतिविधियों के कारण गिरफ्तार किया गया। 1985 में 12वीं पार्टी कांग्रेस में उन्हें पार्टी की केंद्रीय समिति में चुना गया और वे अब तक केंद्रीय समिति में बने हुए ह।1989 में उन्हें केंद्रीय सचिव मंडल और 1992 में पार्टी की 14 वे पार्टी कांग्रेस में पोलित ब्यूरो में चुना गया । 2015 में 21वीं पार्टी कांग्रेस में सीपीआई एम के महासचिव के रूप में चुना गया था वह अब तक इस पद पर बने रहे। तीन दशकों से अधिक समय तक पार्टी केंद्र में नेतृत्व टीम के हिस्से के रूप में उन्होंने समय समय पर पार्टी की राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाइ। 14 वीं कांग्रेस में कुछ वैचारिक मुद्दों पर एक प्रस्ताव अपनाया जिसने समाजवाद को मिली असफलता के परिणाम स्वरुप पार्टी की वैचारिक स्थिति तैयार की यह प्रस्ताव सीताराम द्वारा पार्टी कांग्रेस के समक्ष प्रस्तुत किया गया था स इसके बाद वह उस प्रस्ताव के मुख्य प्रस्तावक थे। जिसने 2012 में पार्टी की पार्टी कांग्रेस में अपने गए वैचारिक पदों को आदतन किय। केंद्रीय समिति के अंतर्राष्ट्रीय विभाग के प्रमुख के रूप में उन्होंने कम्युनिस्ट और प्रगतिशील ताकतों के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों में भाग लिया और समाजवादी देशों के साथ संबंधों को मजबूत किया और साम्राज्यवाद विरोधी आंदोलन के साथ एक जुटता बनाई। सीताराम एक विपुल लेखक भी थे। सीताराम 2005 से 2017 तक दो बार राज्यसभा सदस्य रहे। उन्होंने सीपीआई एम समूह के नेता के रूप में कार्य किया और एक प्रभावी सांसद थे । उन्हें 2017 में सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार दिया गया। हाल की अवधि में कॉमरेड सीताराम ने अपना पूरा समय और ऊर्जा धर्मनिरपेक्ष विपक्षी दलों की एक व्यापक एकता बनाने में लगाई। जिसने इंडिया ब्लॉक का आकार ले लिया संयुक्त मोर्चा सरकार और बाद में यूपीए सरकार, दोनों के कार्यकाल में सीताराम सीपीआई एम के प्रमुख वार्ताकारो में से एक थ। अपने मिलनसार स्वभाव के कारण राजनीतिक क्षेत्र और जीवन के सभी क्षेत्रों में उनके मित्रों की एक विस्तृत श्रृंखला थी। उनकी राजनीतिक ईमानदारी और प्रतिबद्धता के कारण सभी उनका सम्मान करते थे। सीताराम का असामयिक निधन सीपीआइ एम के लिए एक बड़ा झटका है।



# टाउनशिप की सड़कों से हटाए गए बैनर पोस्ट



**भिलाईनगर,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र नगर सेवा के एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट द्वारा संयंत्र के भीतर सड़क दुर्घटना रोकने हेतु विभिन्न विभागों के आस पास से 15 आवारा मवेशी पकड़ कर भिलाई नगर पालिक निगम द्वारा संचालित कोसा नगर गौठान के सुपुर्द किया गया। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से उक्त अभियान चलाया गया। प्लांट के भीतर हरियाली होने के वजह से ये आवारा मवेशी घुस कर विभिन्न सड़को पर बैठ जाते है, जिनके वजह से विभिन्न शिफ्ट में ड्यूटी जाने वाले कार्मिकों का सड़क को दिक्कतों का सामना पड़ता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग द्वारा प्लांट के भीतर तथा टाउनशिप में आवारा मवेशी पकड़ने का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है । इसके अलावा स्वच्छता ही सेवा अभियान का अंतर्गत कल और आज मिलाकर सेंट्रल एवेन्यू तथा रोड नंबर पांच से करीब 400 अवैध बैनर, पोस्टर तथा होर्डिंग हटाए गया। इन पोस्टर के भी खम्बो से लटकर गिरने से दुर्घटनाएं हो सकती है। मिली जानकारी के अनुसार इसमें ज्यादातर पोस्ट राजनैतिक दल के लोगों के बताया जा रहे है।

# अखिल भारतीय संगीत नृत्य प्रतियोगिता आज से



**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। केरला समाजम दुर्ग भिलाई दुवारा 17वीं अखिल भारतीय संगीत, नृत्य एवं छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रतियोगिता का का आयोजन श्री नारायण गुरु धर्म समाजम के सभागार सेक्टर.4 में 18 से 22 सितंबर तक का किया जा रहा है। प्रथम दिन 18 सितंबर का उद्‍घाटन समारोह का मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल होगें। समाजम के अध्यक्ष वी.के. मोहम्मद ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों को जानकारी दी कि केरला समाजम दुर्ग-भिलाई द्वारा उपरोक्त संगीत, नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम पिछले 16 वर्षों से नियमित रुप से प्रति वर्ष मनाता आ रहा है। इसी श्रृंखला में यह 17वीं वर्ष होगा। इस अखिल भारतीय संगीत नृत्य के कार्यक्रम में महाराष्ट्र, आन्ध्रा, केरला, बंगलुरु, लखनऊ, भूवनेश्वर, अलाव दुबई के छत्तीसगढ़ राज्य के महासमुन्द, जामगांव, रायपुर, राजनांदगांव, जगदलपुर के जिसमें 300 पंजीयन हुए है। जिसमें विभिन्न ग्रुप के 700 कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगें। समापन समारोह 22 सितम्बर 11 बजे किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष होगें। पत्रकार वार्ता में महासचिव गिबर्गीस (एमजीएम राजन) एम.के. विजय कुमार उपाध्यक्ष, डॉ. अनीता शंकर आर्ट एण्ड कल्चरल, बिनू जॉन कोषाध्यक्ष, टी. मधु सचिव समाजम, श्रीमती शानू मोहन सचिव, आर्ट एण्ड कल्चरल, अब्दुल सत्तार संयुक्त कोषाध्यक्ष, व पी. मोहन, कार्यक्रम के अध्यक्ष वी.के. बाब, ए.जे. पायश उपाध्यक्ष. श्रीमती मीरा शर्मा कार्यक्रम संयोजिका उपस्थित थे। उन्होनें बताया कि कार्यक्रम का उद्‍देश्य कलाकारों को मंच प्रदान करना है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान जामुल में शुरु

**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल में प्रथम दिवस आम जन भागीदारी के तहत रैली निकाला गया। उसके बाद स्वच्छता के प्रति हमेशा जागरूक रहने शपथ दिलाया गया एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर नगर को हमेशा साफरखने संदेश दिया गया। नगर पालिक अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में तालाब में सफाई कार्य करके श्रम दान किया गया। शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, पार्षद खम्हन ठाकुर, राम दुलार साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पाण्डेय, सहायक अभियंता सी.बी. परगनिहा, उप अभियंता विनोद कन्नौजिया, के.एन. ताम्रकार, राजस्व निरीक्षक हरीश साहू, उप निरीक्षक हीम्मत मंडावी, पुनीत वर्मा, रामू देवांगन, आशा जंघेल, मोहन वर्मा, हर्षा मेहरा, रवि चौहान, चुम्मन यादव उपस्थित थी।



# इस्पात मंत्री से मिला सकारात्मक आश्वासन



**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। आज मंगलवार को भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सेल कर्मचारियों के लंबित मांगों के संबंध में केंद्रीय इस्पात मंत्री एच.डी कुमार स्वामी से सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में मिलकर हल करने की मांग की है। सेल कर्मचारी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मचारियों की 39 महीने का बकाया एरियर्स का जल्द भुगतान करने, 19 महीने का बकाया पर्कस का भुगतान, ग्रेच्युटी सीलिंग हटाने, दुर्गा पूजा के पूर्व कर्मचारियों को सम्मानजनक राशि दिलाने, भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों को केंद्रीय मजदूरी दिये जाने, एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को एस-1 अथवा डीपीआर में नियुक्त करने, 650 वर्ग फीट तक के आवास डीजे ऑथर लाइसेंस पद्धति में दिये जाने की मांग किये उपरोक्त मांगों सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। दुर्ग लोक सभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल के आग्रह पर केंद्रीय इस्पात मंत्री एच.डी कुमार स्वामी ने माँगो पर विचार करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष एवं एन जे सी एस सदस्य रवि शंकर सिंह, जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष शारदा गुप्ता, भिलाई इस्पात मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता आईपी मिश्रा, उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रवि चौधरी समाजसेवी व उद्योगपति अरविंदर सिंह खुराना, नवीन पवार सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मी व अन्य उपस्थित थे। भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनका प्रयास रहता है, कि वे संयंत्र कर्मियों की समस्या को समाधान कर सके।

# निगम द्वारा अवैध अतिक्रमण पर बेदखली की कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई में जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्यवाही की गई। वार्ड- 48 क्रान्ति मार्केट के पीछे केनाल रोड के पास कुलवंत द्वारा फूटपाथ पर मेन विद्युत लाईन को घेर कर अतिक्रमण कर रहा था। जिसकी सूचना प्राप्त होते ही निगम की टीम मौके पर पहुचकर स्थल का निरीक्षण किया। आयुक्त को शिकायत मिली थी कि कुलवंत द्वारा निगम की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। आयुक्त ने जोन-4 के अधिकारियो को निर्देशित किये। अतिक्रमण किये जा रहे स्थल का निरीक्षण कर वहां पर की गई कार्यवाही से अवगत कराने को कहा गया। निगम का अमला स्थल पर किये जा रहे अवैध निर्माण को जे.सी.बी के माध्यम से ध्वस्त किया। साथ ही स्थल पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के बाद मलवे को ट्रक के माध्यम से डम्प किया गया और स्थल को पूर्व की भांति रूप दिया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, दिनेश बेलचंदन, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) भिलाई के तत्त्वावधान में शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर में जनजातीय गौरव दिवस के निमित्त एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को सामने लाना है। कार्यक्रम का आयोजन रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती 5 अक्टूबर और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवंबर को ध्यान में रखते हुए किया गया। जिसके अंतर्गत पूरे राज्य में 5 अक्टूबर से 15 नवंबर तक 40 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, उनके सामाजिक मूल्यों और स्वतंत्रता आंदोलनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका को समाज के सामने लाया जाएगा। इस कार्यशाला में राज्यभर के विभिन्न इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निकल एवं आईटीआई संस्थानों के समन्वयक एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा थे। मुख्य प्रशिक्षक एवं वक्ता के रूप में बस्तर से आए रामनाथ कश्यप और सामाजिक कार्यकर्ता वैभव सुरंगे ने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक पहलुओं पर गहन प्रकाश डाला। कार्यक्रम स्थल पर जनजाति नायकों की सुंदर प्रदर्शनी भी लगाई गई जो विद्यार्थियों व प्राध्यापकों के बीच में आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर सीएसवीटीयू के कुलपति प्रो. एम. के. वर्मा, वनवासी विकास समिति के प्रांत अध्यक्ष उमेश कच्छप, रजिस्ट्रार प्रो. अंकित अरोड़ा, शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.आर. खान. डॉ अनुराग जैन प्रांत सचिव वनवासी विकास समिति, टेक्निकल एजुकेशन के उप संचालक और राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजीव शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनजाति छात्राओं द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम में सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग ,बस्तर संभाग से अध्येताओं और छात्र.छात्राओं ने हिस्सा लिया।



# अर्पिता व फैजाय का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा के लिए



**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। सेजेस भिलाई 3 के 2 खिलाडी अर्पिता वर्मा कक्षा 8 एवम मो. फैजान कक्षा 9 का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा फेंसिंग प्रतियोगिता में हुआ है। उक्त प्रतियोगिता 17 से 20 सितम्बर तक बलौदा बाजार में आयोजित हैं। खिलाड़ियों के चयन पर शाला की प्राचार्य श्रीमती मीरा अनिल कुमार, शाला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्रीमती सूर्या हनीश, श्रीमती हेमलता गजपाल, श्रीमती रश्मि गुप्ता, रविप्रकाश देवांगन, सुनिर्मल कांत बंछोर एवम समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं ने खिलाड़ियों के साथ व्यायाम शिक्षक यीतेश कुमार साहू को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। एवम खिलाड़ियों को उच्च प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं प्रेषित की है। शााला की प्राचार्य व शाला विकास समिति ने इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में जीत कर शाला व नगर का नाम गौरवांवित करेगे।

**मां चण्डी देवी मंदिर कुरूद ज्योति स्थापना**

**कुरूद,** 17 सितंबर। प्रतिवर्षानुसार माँ श्री चण्डी देवी मंदिर कुरूद में दिनांक 03.10.2024 से12,10.2024 की अवधि में चार नवरात्र पर्व मनाया जावेगा। पर्व में मनोकमना ज्योति कलश (तेल) मंदिर में प्रज्जवलित किये जाते हैं!



# मोदी की संकल्पना पर आधारित विकासशील भारत छायाचित्र प्रदर्शनी का विधायक ने किया शुभारंभ

**बेमेतरा**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। आज जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित भारत = मोदी की संकल्पना पर आधारित विकासशील भारत छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित की गयी है। प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ने किया। कलेक्टर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने प्रदर्शनी के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी राजेंद्र शर्मा, ज़िला प्रशासन के ज़िला अधिकारी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि, कलेक्टर जनदर्शन में आये लोगों सहित स्कूली बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अतिथियों का स्वागत सहायक संचालक जनसंपर्क शशिरत्न पाराशर ने किया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीते बचपन के दिनों और उनके किए गए काम। के साथ सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों के बारे में रंगीन छायाचित्र और स्लोगन के ज़रिए बखूबी दर्शाया गया है। प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया है। प्रदर्शनी को अधिकारी-कर्मचारी गणमान्य नागरिक, कामकाज के सिलसिले में कलेक्ट्रेट आने वाले व्यक्ति के साथ स्कूली बच्चों में इसे लेकर ख़ासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के बीते बचपन, साहसिक काम, कर्म के प्रति उनका समर्पण,उनकी पाठशाला और उनकी माँ की तस्वीर बच्चों को लुभा रही है ।

विधायक दीपेश साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है।आज से स्वच्छता ही सेवा अभियान की भी शुरुआत हुई है जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने लोगों से आपने आसपास,घर-द्वार के साथ सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता बनाये रखने का आह्वान किया । प्रदर्शनी स्थल पर नि्शुल्क जनसम्पर्क विभाग की मासिक पत्रिका जनमन का नि्शुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रदर्शनी नि्शुल्क है। आज प्रदर्शनी को देखने ज़िला मुख्यालय स्थित सरकारी, ग़ैर सरकारी स्कूल के कक्षा 9 वीं और 11 वीं के जवाहर नवोदय विद्यालय,एलॉन्स पब्लिक स्कूल,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मध्यम विद्यालय और एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के कक्षा 9 वी एवं 11वी के छात्र-छात्राओं भी दिलचस्पी दिखायी।

स्कूल के बच्चों कपिल, रेखा,वंदना कमल ने कहा कि प्रधानमंत्री का बचपन में मगरमच्छों से भरे तालाब को तैरकर पार किया,उसी तालाब में उन्होंने एक मगरमच्छ के बच्चे को बचाया और उसे पकड़कर घर भी ले आए, जिसे बाद में माँ के समझाने पर वापस भी छोड़ आए। यह जानकर अच्छा लगा । उनकी दयाशीलता प्रकट करती है। उनके युवा अवस्था के कामों से हम अभी तक अनजान थे ।प्रदर्शनी के माध्यम से किए कामों की जानकारी मिली ।

# स्व.बिसंभर यादव 'मरहा' स्मृति सम्मान से सम्मानित हुए डॉ.पीसी लाल यादव




**गंडई पंडरिया,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। प्रेरणा साहित्य समिति बालोद के द्वारा 15 सितम्बर को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जन कवि स्व.बिसंभर यादव च्मरहाज् की स्मृति में साहित्य अलंकरण व पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन सिवनी बालोद के निषाद भवन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.पीसी लाल यादव थे ।अध्यक्षता मानस मंथन के सम्पादक जगदीश देशमुख ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा तथा लोकगायक व साहित्यकार सीताराम साहू उपस्थित थे ।प्रेरणा के अध्यक्ष जयकांत पटेल ने अपने स्वागत भाषण में संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा कवि पुष्कर सिंह च राजज् ने समिति की साहित्यिक उपलब्धियों को रेखांकित किया। इस गरिमामय आयोजन में डॉ. पीसी लाल यादव को उनकी सुदीर्घ साहित्य साधना के लिए प्रेरणा साहित्य समिति बालोद की ओर से स्व.बिसंभर यादव मरहा स्मृति सम्मान अलंकरण प्रदान किया गया। डॉ. यादव का सम्मान पत्र, अंग वस्त्र, श्रीफल व नकद सम्मान राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार स्व.विश्राम सिंह चंद्राकर को मरणोपरांत चेतना अलंकरण सम्मान दिया गया। जिसे उनकी धर्मपत्नी पुष्पा चंद्राकर व उनके सुपुत्र राजेश चंद्राकर ने ग्रहण किया।

डॉ.पीसी लाल यादव ने सम्मान के लिए प्रेरणा साहित्य समिति बालोद का आभार व्यक्त करते हुए इसे अपना सौभाग्य माना तथा उद्बोधन में साहित्य की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए कहा कि साहित्यकार को हमेशा अपने समय और परिवेश को कलमबद्ध कर साहित्य सृजन करना चाहिए ।जिससे समाज में जागरूकता आये। इस अवसर पर गजपति राम साहू की दो काव्य कृतियों का विमोचन हुआ ।पाँच नवाचारी शिक्षकों को प्रेरणा साहित्य सम्मान दिया गया। दूसरे सत्र में कवि गोष्ठी हुई जिसमें उपस्थित कवियों ने कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। डॉ.पीसी लाल यादव को स्व.बिसंभर यादव मरहा स्मृति सम्मान मिलने पर साहित्यकारों,कलाकारों व इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं देकर हर्ष व्यक्त किया है।

## सार-संक्षेप

### आलेदण्ड बूथ में बड़ी संख्या में युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता



**डोंगरगढ़,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम के तहत जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के लालबहादुर मंडल के संयोजक गिरवर साहू आलेदण्ड बूथ में बैठक लेकर सदस्यता अभियान को गति प्रदान करते हुए बड़ी संख्या में युवाओ को सदस्यता ग्रहण कराया गया और एक बूथ में दो सौ प्लस का लक्ष्य को लेकर युवाओ में खास कर उत्साह है ।गिरवर साहू ने कहा कि खासकर इस वनांचल क्षेत्र में मोदी जी से प्रभावित होकर सशक्त भारत समृद्धि भारत बनाने के लिए नव मतदाता युवक युवती भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है।

### राष्ट्रीय पोषण माह ग्राम डुन्डेरा में मनाया



**डोंगरगढ़,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग डोंगरगढ़ राजनांदगांव छत्तीसगढ़ ग्राम डुन्डेरा में वजन तिहार मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि में नरेन्द्र वर्मा जनपद उपाध्यक्ष डोंगरगढ़ ,महिला बाल विकास विभाग से प्रवेक्षक संतोषी राजपूत ग्राम सरपंच गुलाबा बाई पटेल पंच मिलपा बाई पटेल गुडू वर्मा आंगनबाड़ी केंद्र 1 से निर्मला साहू आंगनबाड़ी केंद्र 2 ललीता पटेल ,आंगनबाड़ी केंद्र 3 प्रिया हठीले कार्यकर्ता सहायिका थे जिसमें पोषण के तहत आहार के लिए भोजन में मटर चुकंदर मशरूम कद्दू शिमला मिर्च दाल फुलगोभी पालक भिन्डी पत्ता गोभी गाजर लौकी पापड़ खाने के लिए पोषण में दिया जा रहा है वा समस्त ग्रामीण के उपस्थित थे।

### गणेश प्रतिमाओं का हुआ विधिवत विसर्जन



**डोंगरगढ़,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। धर्मनगरी में गणेश चतुर्थी के अवसर पर रखी गई गणेश प्रतिमाओं का मंगलवार को स्थानीय महावीर तालाब में विधिवत पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए इस वर्ष बिना डीजे के ही केवल धुमाल व छोटे-मोटे बॉक्स लगाकर गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन हेतु शोभायात्रा के माध्यम से निकालकर महावीर तालाब पहुंचे जहां दिनभर गणेश प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला चलता रहा ।

### रानीदहरा जलप्रपात में फिर एक युवक की मौत

**कवर्धा,** 17 सितंबर। जिले के पर्यटक स्थल रानी दहरा जलप्रपात मे युवक के डबने से मौत हो गई, इसके पूर्व मे भी बेमेतरा के युवक की मौत हुई थी। लगभग 3 बजे दोपहर के आस पास की है घटना। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची बोड़ला थाना पुलिस जांच में जुटी। मृतक अल्ताफ अंसारी उम्र 25 से 30 वर्ष का बताया जा रहा वही मृतक युवक नागपुर का था रहने वाला। मृतक युवक अपोलो प्लांट सिमगा में सिविल इंजीनियर के पद पर था कार्यरत। मृतक युवक अपने दोस्त को बचाने कूदा था।

## निधन

### श्रीमती द्रौपदी आपले

**भिलाई नगर,** 17 सितंबर। सेक्टर-1 निवासी श्रीमती द्रोपदी बाई आपले का मंगलवार को दोपहर 1.30 बजे निधन हो गया हैं। उनका अंतिम संस्कार 18 सितंबर (बुधवार) को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जावेगा। वे राजेन्द्र कुमार अपाले की माता थी।

# वनमहोत्सव पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में किया गया सघन पौधरोपण

**बालोद,** 17 सितंबर। वनमहोत्सव के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बालोद में सघन पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे सहित पत्रकारगण, अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अधिकारी-कर्मचारी एवं उपस्थित लोगों को संपूर्ण जीव-जगत एवं पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा हेतु पेड़-पौधों की महत्ता की जानकारी देते हुए सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण कर उनके सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर श्री चन्द्रवाल ने स्कूली विद्यार्थियों के साथ फोटोग्राफी कराकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान एडीशनल एसपी अशोक जोशी, संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल, एसडीएम बालोद प्रतिमा ठाकरे झा, एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल, एसडीएम गुण्डरदेही सुरेश साहू, एसडीएम डौण्डी रामकुमार सोनकर, उप वनमण्डलाधिकारी जेएल सिन्हा, जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, उपाध्यक्ष रूपचंद जैन एवं अखिल साहू, शिव जयसवाल सहित अन्य पत्रकारों, स्कूली विद्यार्थियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों तथा आम नागरिक ने वृक्षारोपण कर रोपे गए पौधों का देखभाल का संकल्प लिया।

# स्वच्छता का शपथ लिया गया




**धमधा,** 17 सितंबर। 17 सितंबर मंगलवार को नगर पंचायत धमधा अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता एवं पार्षद गण तथा नगर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत स्वच्छता का शपथ लिया गया ! तत्पश्चात स्वच्छता ही सेवा है अभियान का शुभारम्भ करते हुए नगर में भ्रमण करते हुए श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत स्थानीय मुक्तिधाम में वृक्षारोपण किया गया उक्त अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षदगणमान्य नागरिक एवं निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी व सभी कर्मचारी स्वच्छता दीदी उपस्थित थे !

# जेवरतला में विभिन्न विकास कार्यों का पूर्व सीएम भूपेश ने किया लोकार्पण

**गुरुर,** 17 सितंबर। जिले के ग्राम जेवरतला में लाखों की लागत से निर्मित साहू समाज कर्मा सामुदायिक भवन, टीन शेड, संस्कृतिक भवन, दुर्गामंच जीर्णोद्धार, वार्ड नंबर 6 में खुलामंच निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 में कलामंच निर्माण जैसे विकास कार्यों का छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकार्पण किया। जानकारी के मुताबिक उपरोक्त सभी विकास कार्य विधायक संगीता सिन्हा की निधि से हुआ है। लोकार्पण समारोह में क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, कांग्रेस के वरिष्ठ वीरेश ठाकुर, चंद्रप्रभा सुधाकर, तोषण साहू, सहित कांग्रेस कमेटी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता की मौजूद थे। सामारोह में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए हुए कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश वासियों को सुरक्षा एवं विकास कार्यों को गति देने में नाकाम साबित हो रही है, पहले कांग्रेस की सरकार में जिस तरह किसान, महिला सभी वर्ग को जिस तरह योजनाओं का लाभ मिल रहा था, लेकिन अब उसका भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान कार्यकर्ता, ग्रामीण जन एवं पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# खैरागढ़ में आज होगा नपा अध्यक्ष का चुनाव, कांग्रेस के तीन पार्षद के नदारद होने से कांग्रेसियों की बढ़ी चिंता

## चुनाव को लेकर कांग्रेस ने किया विहिप जारी




**खैरागढ़,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका खैरागढ़ में अध्यक्ष पद का चुनाव आज 18 सितंबर को होने वाला है। चुनाव से एक दिन पहले तक कांग्रेस के तीन पार्षद नदारद है जिसके चलते कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने सोमवार को व्हिप जारी किया है। व्हिप में 18 सितंबर को नगर पालिका खैरागढ़ के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के पंजा निशान चुनाव चिन्ह से खैरागढ़ के सभी निर्वाचित 10 पार्षदों के लिये मैं व्हिप जारी करता हूं। कांग्रेस के सभी निर्वाचित पार्षद मतदान कांग्रेस पार्टी के पक्ष में ही करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पार्टी इसे अनुशासनहीनता मानते हुये एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही करेगी।

# बगदई में डायरिया का प्रकोप, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने से मरीजों की संख्या में आई कमी

**गुरुर,** 17 सितंबर। बालोद जिले के ग्राम बगदई में डायरिया की चपेट में आकर बीमार हुए ग्रामीणों के स्वास्थ्य में अब सुधार होने लगा है। गांव में एक के बाद एक लगातार 80 से अधिक ग्रामीण डायरिया से प्रभावित होने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया था, लेकिन अब स्वास्थ्य में सुधार आने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।



गौरतलब है कि यहां गांव की गलियों में बिछाई गई पाइप लाइन में गंदे पानी की सप्लाई हो रही थी, जिसे पीने के बाद ग्रामीणों को उल्टी, दस्त की शिकायत पर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। विगत चार दिनों में 80 से अधिक ग्रामीण प्रभावित हुए थे।

गांव में लगाए गए शिविर में अब सामान्य मरीज ही चेकअप कराने के लिए पहुंच रहे है।

**6 मरीजों को दी गई छुट्टी**

गांव में डायरिया की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव में शिविर लगाकर प्रभावित मरीजों का उचित इलाज किया जा रहा है, वहीं गंभीर स्थिति में मरीजो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में भर्ती कराया जा रहा है जहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने के बाद अब मरीजों की स्वास्थ्य में काफी सुधार आई है।

स्वास्थ्य विभाग से जानकारी के मुताबिक मंगलवार को 6 मरीजों की स्वास्थ्य में सुधार आने के बाद उन्हें डिस्चार्ज किया गया। अब वर्तमान में एक्टिव मरीज सिर्फ 9 है, जिन्हें जल्द ही डिस्चार्ज किया जाएगा।

**सीएमएचओ पहुँचे गांव**

वही गांव में उल्टी दस्त की शिकायत के बाद मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री सूर्यवंशी भी गांव में पहुंचे थे, जहां विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से भी उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को खान-पान के अलावा रहन-सहन पर भी विशेष रूप से सावधानी बरतने के लिए अपील किया है। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी किसी प्रकार से शिकायत आने पर शीघ्र ही डॉक्टर से संपर्क करने के लिए सलाह दिया है।

# नपं गुरुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान की हुई शुरुआत

**गुरुर,** 17 सितंबर। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत कार्यालय नगर पंचायत गुरुर में मंगलवार को स्वच्छता की शपथ ली गई। आज स्वच्छता ही सेवा एवं साप्ताहिक गतिविधि के अंतर्गत नगर पंचायत गुरुर में कचरा संग्रहण कार्य मे लगे स्वच्छता दीदी एवं वाहनों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ होने के बाद अब नगर पंचायत गुरुर के जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी यहां अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं, इसमें साफ सफाई, दीवार लेखन, पोस्टर इत्यादि के जरिए स्वछता का संदेश लोगों को दिया जा रहा है।

प्रभात फेरी निकाल कर दिया गया संदेश

इसके बाद कार्यालय, गणेश विसर्जन स्थल, तालाब, बस स्टैंड, प्रमुख वार्ड में वृहद सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। उक्त कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी तथा आम नागरिको ने भी हिस्सा लिया, इस अवसर पर सभी को स्वच्छता सम्बंधी शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात गुरुर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई।

इस दौरान कार्यक्रम मे नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष महिमा साहू, सीएमओ श्रीनिवास पटेल, पार्षद चिंताराम साहू, भूपेश लोहले, शोभित ओझा, जितेश्वरी निषाद, चन्द्रलता साहू, कुंती सिन्हा, अनुसुईया ध्रुव, पूर्व पार्षद ताम्रध्वज सिन्हा, नगर पंचायत के दिलीप कुमार कंसारी लेखापाल, भूपेंद्र विश्वकर्मा योगेश्वर नेताम, योगेंद्र सहित समस्त पाषर्दगण, स्कूली बच्चे, शिक्षक उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन...

विश्वकर्मा पूजन भी मनाया गया : नगर में आज विश्वकर्मा पूजन की भी धूम रही। लोगों ने अपने अपने घरों में भी घरेलू वाहनों कार, स्कूटर, मोटर साइकिल इत्यादि को अच्छी तरह उन पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। कई लोगों ने इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रानिक्स के साथ ही आटो मोबाइल्स, इत्यादि संस्थाओं का मुहूर्त करते हुए एक नया व्यवसाय खड़ा किया। विभिन्न इंजीनिरियंग वर्कशाप में विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। इन दोनों त्यौहारों गणेश विसर्जन व गणेश चतुर्दशी पर आम लंगर खिलाया गया। इन लंगरों में हजारों युवाओं ने उपस्थित होकर पूजन प्राप्त की।

नगर निगम परिसर में कार से लेकर ट्रेक्टर, जेबीसी, दमकल विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे। सभी ने साफ सफाई कर पूजा अर्चना की। नगर निगम परिसर में जेसीबी ट्रेक्टर, कार आटो टेम्पों, सहित सभी तरह की वाहनों की पूजा अर्चना अधिकारियों द्वारा की गई। जल संसाधन विभाग के कार्यालयों, आईडीएस कार्यालय के परिसर सहित विभिन्न परिसरों में अत्यधिक मनोरंजन साइंटिंक तरीके से साज सज्जा की गई थी।

नगर निगम में विश्वकर्मा पूजा : विश्वकर्मा पूजन पर महापौर धीरज बाकलीवाल आयुक्त लोकेश चंद्राकर, एमआईसी में यांत्रिकी कार्यप्रभारी भोला महोबिया ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर एमआईसी के प्रभारी संजय कोहले, दीपक साहू, मनदीप भाटिया, विजेन्द्र भारद्वाज, महेश्वरी ठाकुर, बृजलाल पटेल, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा, दुर्गेश गुप्ता, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद भी उपस्थित थे।

### विद्युत उपकेंद्र भेड़सर में ...

गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी ।उपकेंद्र में एक नग 3.15 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर पूर्व से ही स्थापित है। एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 6.30 एम.व्ही.ए. हो गई है, जिससे ओवरलोड की समस्या के निराकरण के साथ ही उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकरने बताया कि उक्त कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गतपूर्ण किया गया है। श्री जामुलकर ने इसे दुर्ग जिले में सतत विद्युत आपूर्ति के लिए सराहनीय कार्यबताते हुए कहा कि 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र भेड़सर में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से ग्राम मालूद, बेलोदी, भेड़सर, गनियारी(डी), डाण्डेसरा, ढाबा एवं अंजोरा के लगभग 3700 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

### विकसित भारत मोदी की ...

को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की गई। फोटो प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग की पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन का भी नि:शुल्क वितरण प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोगों को किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, स्कूली बच्चों, मीडिया प्रतिनिधियों, राहगीरों एवं नगरवासियों ने किया।

# विघ्नहर्ता की मूर्ति को विसर्जित किया



**देवकर,** 17 सितंबर। विघ्नहर्ता की मूर्ति को विसर्जित कियाधूमधाम से हुआ गणेश विसर्जन, गणपति बप्पा मोरया के नारों से गूंजता रहा. भक्तों ने गजानन को शांतिपूर्णक विदाई दी नियम अनुसार. गणपति बप्पा मोरयाज. मंगलमूर्ति मोरयाज् कुछ ऐसे ही उद्घोष से सोमवार देर शाम को नगर देवकर गणेश सीमित महादेव पारा की सड़कें गूंजती रही। इसको देखो वहीं अपने आराध्य गणपति को सबसे शानदार विदाई देना चाहते थे। हर तरफ़ रंगों और की होली खेलने वालों की भीड़ लगी थी ।गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा में भक्तगण नाचते- झूमते नजर आये। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल भी लगाया ।भगवान गणेश की पूजा विसर्जन से पूर्व सुबह से शुरू हो गई। भगवान के दरबार पुजारी विधि विधान से गणपति की पूजा-अर्चना की। उसके बाद आरती कर उन्हें भोग लगाया। स्थापित गणेश जी की प्रतिमा के सामने अंतिम दिन हवन कर उन्हें विदाई दी गई। इसके बाद भगवान गणेश की जब श्रद्धालु अपने आराध्य की लेकर सुरही नदी के घाट पर पहुँचे, तो उनके साथ सेल्फ़ी लेने का दौर शुरू हो गया। अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ विघ्नहर्ता की मूर्ति को विसर्जित किया। नगर देवकर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नदी तट पहुंचे। पुलिस प्रशासन उपस्थित थे।

# विधायक का सरपंच, उप सरपंच व ग्राम पटेल ने किया आभार




**डोंगरगढ़,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। डोंगरगांव विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग ग्रामीण विकास प्राधिकरण के रहते हुए डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा की मांग पर घोटिया में सीसी रोड हेतु 10 लाख की स्वीकृति दी थी जो दो मोहल्ले पर 5 दु 5 लाख का सीसी रोड बन कर तैयार हुआ जिससे मोहल्ले के नागरिकों के आवागमन में बहुत सुविधा हो रहा है जिसके लिए डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के नेतृत्व में अलीवारा पहुंचकर विधायक दलेश्वर साहू को गुलदस्ता एवं मिठाई भेंटकर धन्यवाद देते हुए अभार जताया । इस दौरान ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सरपंच संजय उइके, ग्राम पटेल रेखराम यादव, उपसरपंच अंजोरी राम, नरोत्तम नेटी, डेरहूराम सोरी, ईश्वर उईके, पुनीत कंवर, मदन सोरी, दिनेश मंडावी ,शिव मंडावी एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# योगेश तिवारी को समाज सेवा के लिए किया गया सम्मानित

■ आखिरी सांस तक बेमेतरा की सेवा का लिया संकल्प



**बेमेतरा**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के बेमेतरा जिले में गणेश पूजा का भव्य आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीटीआई ग्राउंड, बेमेतरा में जय गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित वार्षिक गणेशोत्सव का आयोजन भी समापन की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर मंगलवार को सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी को समाज सेवा में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह के दौरान समिति के अध्यक्ष गिरीश गबेल ने बताया कि योगेश तिवारी पिछले कई वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। खासतौर पर कोविड-19 महामारी के दौरान, उन्होंने बेमेतरा के लोगों के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा की और आज भी समाज सेवा के अपने संकल्प को मजबूती से निभा रहे हैं। वर्तमान में वह 250 बिस्तरों वाले मां गोदावरी आनंद आश्रम के माध्यम से बुजुर्गों की सेवा कर रहे हैं। गिरीश गबेल ने कहा कि तिवारी द्वारा किए जा रहे महान कार्य से समाज के सभी लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस सम्मान को समिति के लिए गौरव का क्षण बताया।

योगेश तिवारी ने समाज सेवा के लिए सम्मानित किए जाने पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि बेमेतरा की पवित्र धरती पर जन्म लेने वाले एक किसान नेता को आज यह सम्मान मिला है। मैंने अपनी मिट्टी से जुड़ने का जो संकल्प लिया है, वह जीवन भर जारी रहेगा। मेरा अंतिम लक्ष्य बेमेतरा की जनता की सेवा करना है, और मैं जीवन के अंतिम सांस तक यहां की सेवा करता रहूंगा। उन्होंने जय राम गणेश उत्सव समिति को धन्यवाद देते हुए कहा, यह मेरे लिए एक विशेष सम्मान है।

योगेश तिवारी ने जय गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित गणेश पूजा के भव्य आयोजन की सराहना की और भगवान गणेश की कृपा से इस आयोजन के माध्यम से समाज में शांति, एकता और समृद्धि को बढ़ावा मिलने की कामना की। उन्होंने इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों का भी धन्यवाद किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरीश गबेल, अजय शुक्ला, विकाश तिवारी, प्रांजल गौतम, दिलीप पटेल, प्रवीण नीलू राजपूत, मुकेश ठाकुर, संतोष साहू, चंदन सोनी, शेखर राजपूत, रानू वर्मा, छोटा देवांगन, सुनील सावल, गोलू कोशले, ढारेन्द्र पाल, प्रिंस वर्मा, आर्यन राजपूत, शुभम देवांगन, विवेक नामदेव, वतन राजपूत, राहुल राजपूत, हेमंत वर्मा, कृपाल सेन, घनश्याम यदु, ओम निर्मलकर, वैभव तंबोली, अजय सोनी, राहुल पटेल, रवि वर्मा, दीपक साहू, प्रदीप मानिकपुरी, चित्रेंद पटेल, कान्हा, बीरेंद्र पटेल, भानुप्रताप वर्मा, सुजल गुप्ता और विकाश शुक्ला जैसे सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जय गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश पूजा के भव्य आयोजन ने बेमेतरा के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्त्व को और अधिक उजागर किया है, साथ ही समाज सेवा के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता की भावना को भी अधिक सशक्त किया है।

# विधायक ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना



**बेमेतरा**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू आज भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर मे पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।उन्होंने संसार के प्रथम वास्तुकार, निर्माण और सृजन के देवता, भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर सभी श्रमवीरों सहित क्षेत्रवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा सरपंच छोटू राम साहू परमेश्वर साहू,ओमकार साहू,टिकेंद्र साहू सहित जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासी मौजूद रहे।

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि, हमारे श्रमवीर क्षेत्र को गढ़ने में सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। श्रम से सृजन की सार्थकता को विश्वकर्मा जी ने ही समाज में स्थापित किया। विश्वकर्मा जयंती का दिन हमें श्रम के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। विश्वकर्मा जी का तकनीक कौशल और श्रमशीलता प्रेरणादायी है।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सरदा में राम मंच के उद्घाटन में शामिल हुए

बेमेतरा, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम सरदा में निर्मित राम मंच पीपल चौक सरदा के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम हम सभी के इष्ट हैं और उनके बताए रास्तों पर चलकर ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है इस आयोजन के लिए उन्होंने ग्राम वासियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाइयां प्रेषित की तथा लोगों से भगवान राम के बताएं मार्ग पर चलने का आवाहन किया साथी साथ आशीष छाबड़ा ने गणेश उत्सव पंडाल में जाकर भगवान गणेश जी का विधि विधान से पूजा अर्चन कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की राम मंच के उद्घाटन अवसर पर ग्राम शारदा में महिला खेल का आयोजन विशेष कर छत्तीसगढ़ी खेल जिसमें मटकी फोड़ बिंदी टिप कुर्सी दौड़ इत्यादि का आयोजन किया गया था जिसमें ग्राम की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही साथ मां सरस्वती महिला मानस मंडली द्वारा रामायण की प्रस्तुति भी की गई कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चिंता कोसले रामविलास साहू श्यामलाल साहू घनश्याम साहू संदीप साहू मौजी राम साहू जोगेंदर छाबड़ा सुमन गोस्वामी ललित विश्वकर्मा रवि रजक आशुतोष गर्ग मिथलेश साहू विकास साहू जागेश्वर साहू झलेश्वर साहू टिकेश साहू लालू साहू धनेश साहू नंदकुमार साहू सनत कुमार साहू ममता साहू एवं साथी स्व सहायता समूह की महिलाएं व समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे

# स्वच्छता दौड़ का आयोजन: स्वच्छता के प्रति दिया जागरूकता का संदेश

■ स्कूली बच्चों, अधिकारियों-कर्मचारियों, सहित जनप्रतिनिधियों ने लगायी दौड़

■ स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक, स्वच्छता की दिलायी शपथ



**बेमेतरा**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में आज मंगलवार को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। दौड़ का शुभारंभ जय स्तंभ चौक से किया गया, जो मुख्यालय के प्रमुख चौक और बाज़ारों से होकर गुजरी। इस आयोजन में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिसमें ज़िला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल थे। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक किया और स्वच्छता की शपथ दिलायी। प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिये।

इस अवसर पर बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू और कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। स्वयं भी दौड़ में हिस्सा लिया और स्वच्छता के महत्व पर बल दिया। दौड़ में भाग लेने वाले जनप्रतिनिधियों में ओमप्रकाश जोशी और राजेंद्र शर्मा भी शामिल थे, जो पार्षदों और अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ इस आयोजन का हिस्सा बने। दौड़ के समापन पर आयोजित सभा में विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल हमारे घरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हमें अपने शहर और सार्वजनिक स्थानों को भी स्वच्छ बनाये रखे।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे समाज की समृद्धि और स्वास्थ्य का आधार है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने स्वच्छता पर प्रकाश डाला। जनप्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा ने भी इस मौके पर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया और समाज के हर वर्ग से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की। मुख्य कार्यालयन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने सभी आभार माना। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की सराहना करते हुए इस तरह के आयोजनों को आवश्यक बताया।

# धूमधाम से गणेश का विसर्जन किया गया

**थान खम्हरिया**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। मारवाड़ी गणेश उत्सव समिति और अन्य मोहल्ले के स्थापित गणेश जी का विसर्जन समारोह में ढोल-नगाड़े की धुन पर झूलते-नाचते हुए किया गया। इस वर्ष न्यायालय के कठोर प्रतिबंध के कारण डीजे साउंड का उपयोग नहीं किया गया, लेकिन इसके बावजूद समारोह में उत्साह और हर्षोल्लास की कमी नहीं रही।शांति और वातावरण के अनुकूल तरीके से गणेश विसर्जन तालाब और नदियों में किया गया। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और सुख-समृद्धि का देवता माना जाता है, और उनकी पूजा करने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है।पंडित ज्ञान प्रकाश जोशी ने बताया कि हिंदू धर्म में हर वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन लोग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणेश जी की मूर्ति की स्थापना अपने घर में लाकर करते हैं। पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ उनका पूजन करते हुए 10 दिनों तक गणेश उत्सव का पर्व चलता है, जिसके बाद अनंत चतुर्थी के दिन गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ इसी भावना के साथ गणपति मूर्ति का विसर्जन कर दिया जाता है।इस अवसर पर समिति के सदस्यों और ग्रामवासियों ने विशेष रूप से भाग लिया और गणेश जी को विदाई दी।



# मंदिर संकल्प यात्रा में जामडी पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास भनौरा पहुंचे

**थान खम्हरिया**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को संत रामबालक दास जी महाराज ग्राम भनौरा पहुंचे जिसमें ग्रामवासी तथा आसपास के ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। महाराज जी द्वारा गांव में बने धर्म सभा की पूजा अर्चना की उसके बाद मंच में ग्रामीणों को अपने तेजस्वी वाणी से संबोधन किया। संबोधन में महाराज जी ने हिंदूओं को जागृत करते हुए मंदिर निर्माण के विषय में बताया कि इसी जन्म में अपना कमाई के कुछ अंश राशि देकर पुण्य का भागीदार बन सकते हैं और अपने परिवार को भी इससे जोड़ने अपील की। महाराज जी ने आगे कहा कि जिस प्रकार अयोध्या में श्री राम जी का भव्य मूर्ति स्थापना हुई जिसमें पूरे भारत तथा विश्व के पूर्ण धर्मात्मा ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया, बताया कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण में छत्तीसगढ़ से 47 करोड़ धनराशि तथा 3000 क्विंटल चांवल श्री राम भगवान को छत्तीसगढ़ वासियों ने समर्पित किया गयाह। उसी प्रकार श्री राम भगवान के ननिहाल छत्तीसगढ़ के जमाड़ी पाटेश्वर धाम में मां कौशल्या का भाव विश्व के आदिति मंदिर निर्माण किया जा रहा है जो पूरे विश्व में विख्यात होगा दूसरा तल निर्माण हो चुका है 2025 तक तीसरा तल निर्माण होना है महाराज जी ने अपने उद्बोधन में आगे कहा की राशि एक साथ नहीं दे सकते तो अपने इच्छा अनुसार 3 वर्ष तक जमा कर सकते है। स्व सहायता महिला समूह को भी मंदिर निर्माण हेतु राशि सहयोग करने हेतु आग्रह किया गया। मंदिर निर्माण होने के बाद राशि नहीं लिया जाएगा अभी समय है समय रहते कुछ सहयोग देकर अपने नाम में तथा अपने माता-पिता के नाम में राशि जमा कर सहयोग प्रदान कर पुण्य का भागीदार बन सकते हैं। महाराज जी के उद्बोधन को सुनकर गांव वालों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया महिला समूह वालों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। महाराज जी के आमंत्रण करने में हेमलाल साहू , प्रेमलाल साहू, तुलसी वर्मा , भीषम साहू , वीरेंद्र साहू, छबिलाल साहू , राजेंद्र , संतोष साहू , अमर निर्मलकर और अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।





**थान खम्हरिया**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पतोरा गणेश उत्सव समिति मां कर्मा चौक शंकर नगर पतोरा में प्रतिदिन भजन कीर्तन चला और आज हवन पूजन संपन्न हुआ जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष भरत साहू मानस संघ ब्लॉक साजा नारायण साहू दिलीप साहू धन्नु साहू मोहित साहू बिहारी साहू सामलाल साहू मगलु साहू नीलु वैष्णो संतोष साहू छेदू बैगा भुनेश्वर वर्मा शामिल हुए।

# भाजपा कार्यालय के बाहर राहगीरों को पोहा एवं मिठाई वितरण कर मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन



**बालोद**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बालोद के बाहर मंगलवार को आने जाने वाले राहगीरों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पोहा एवं मिठाई का वितरण किया गया। वहीं स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत माँ बंजारी धाम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना को लेकर मंदिर परिषर में पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णकांत पवार वरिष्ठ नेता यज्ञदत्त शर्मा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव जिला कार्यलय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव संजय साहू वीरेंद्र साहू यूसुफ खान पूर्व सरपंच दुर्जन साहू छगन साहू खिलावन सिंह देशमुख बालसिंग साहू नेतराम साहू मोहन साहू पालसिंह साहू ईश्वर सोनकर आकाश निषाद शुभम साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं जिला कार्यालय के बाहर सदस्यता अभियान चलाया गया जिसके तहत लगभग 138 लोगो को प्राथमिक सदस्य बनाया गया।




**बालोद**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। एसपी बालोद एस आर भगत ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर परिसर में पेड़ रोपित किया।

# विकसित भारत, मोदी की संकल्पना थीम पर लगाए गए प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु बड़ी संख्या में पहुँचे लोग




**बालोद**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित भारत मोदी की संकल्पना थीम पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बालोद में लगाए गए छायाचित्र प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में लोगों ने अवलोकन किया। छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार सुबह राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन एवं अतिथियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी जीएस सरोटे एवं अन्य अधिकारियों के अलावा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शाहिद खान, कमलेश गौतम, पूर्व पार्षद संतोष कौशिक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष रूपचंद जैन, अखिल साहू, राजेश चोपड़ा के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, गणमान्यजनों एवं आम नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर भूरी-भूरी सराहना की। इस अवसर पर छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुँचे लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शित की गई छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदानों की झलक समाहित की गई है। छायाचित्र प्रदर्शनी में संसाधन वही निर्माण की रफ्तार नई, स्पीड और स्केल का अभूतपूर्व संयोजन वोकल फॉर लोकल हमारा स्वाभिमान बुलंद हुआ आत्मनिर्भर भारत अभियान, कुशल नेतृत्व का आधार, अर्थव्यवस्था की गति का प्रसार, च्च्महामारी के दौरान भी न थमा, सुधारों का दौरज्ज, च्च्बच्चो के प्यारे मोदी जीज्ज, च्च्बापू का सपना किया साकार, स्वच्छ भारत ने लिया आकारज्ज, च्च्जन-धन योजना वित्तीय समावेशन का ऐतिहासिक दशक, तेज काम बड़ा परिमाण, नरेन्द्र मोदी की पहचान, मेरे देश के जवान, तुझको शत-शत् प्रणामज्ज आदि की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर एवं विभाग के अन्य कर्मचारियों के द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुँचे अतिथियों को पुष्पगुच्छ भंटकर स्वागत भी किया गया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग के कर्मचारियों के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुँचे लोगों को राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित जनसंपर्क विभाग के द्वारा प्रकाशित 'जनमन' पत्रिका का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक सोशल मीडिया तनवीर खान, कृष्णशरण साहू, सुश्री रूबीना खान, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक सहित जनसंपर्क विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## ग्राम ग्राम सरदा में मंच लोकार्पण का विवाद पहुंचा शहर

# रात भर रहा बवाल, थाने का देर रात नागरिकों व व्यापारी वर्ग ने किया घेराव

■ छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं खिलाफ मामला दर्ज

■ गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व समाज व व्यापारी आज करेंगे शहर बंद

**बेमेतरा**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय व बेरला थाने में सोमवार मंगलवार की मध्य रात्रि जमकर हंगामा बरपा शहर के व्यापारियों एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित उनके समर्थक छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग को लेकर रात 2 बजे तक सैकड़ो की संख्या में लोग डटे रहे। देर रात पुलिस ने क्रांति सेना संगठन के सूर्या सिंह चौहान सहित अन्य पदाधिकारी के विरुद्ध मामला दर्ज करने के पश्चात भीड़ थाने से लौटी । इस दौरान चारों तरफ अफरातफरी का माहौल रहा हालांकि पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही ।

उल्लेखनीय है कि रविवार की शाम छत्तीसगढ़िया गैरछत्तीसगढ़िया पर ग्राम सरदा में मंच लोकार्पण को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ ।मामला इतना तूल पकड़ा की ग्राम सरदा में वाद विवाद एवं मारपीट के उपरांत मामला देर रात तक बेमेतरा में पहुंचा और बेमेतरा में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं जमकर उत्पात मचाया जिससे बात ओर बिगड़ गई । इधर शहर के युवा भी एकजूटता दिखाते हुए छत्तीसगढ़ क्रांतिसेना के विरोध में सामूहिक रूप सामने आ गए ।

मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला यह था कि ग्राम सरदा में सार्वजनिक मंच का उद्घाटन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के हाथों ग्रामीणों ने निश्चित किया था । उक्त उद्घाटन का विरोध करने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के सूर्य चौहान के नेतृत्व में ग्राम पहुंचे और वहां पर ग्रामीणों को दबाव पूर्वक इस बात के लिए दबाव डालते रहे कि वह उद्घाटन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के हाथों ना करावे. ग्रामीण पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को उद्घाटन के लिए आमंत्रित कर चुके थे इसलिए उन्होंने सूर्य चौहान उनके साथियों की बात को नजर अंदाज करते हुए उद्घाटन की औपचारिकता पूरी की बार बार विरोध दर्ज कराए जाने से कांग्रेस व ग्रामीणों ने व्यवधान पैदा करने के चलते सूर्या सिंह चौहान लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी गई कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण एएफआईआर दर्ज कराने जहा। बेरला थाने पहुंचे वही छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ता बेमेतरा जिला मुख्यालय पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल को घटना की जानकारी इस बीच रायपुर से 40, 50 की कार्यकर्ताओं दल पहुंच जय स्तंभ चौक के आसपास दो-तीन व्यापारियों के ऊपर हमला करते हुए मारपीट कर दिए ओर व्यापारी के गाड़ी के कांच में तोड़फोड़ कर दिए । मारपीट की बात धीरे-धीरे शहर में फैलने लगी लोग एकजुट होते रहे और क्रांति सेना खिलाफ मामला दर्ज करने थाने का घेराव कर दिया गया जो रातभर चलता रहा प्रशासन के मानमनव्वल ओर अपराध दर्ज करने के पश्चात भीड़ थाने से लौटी।

### सर्व समाज व व्यापारी हुवे लामबंद, आज शहर बंद

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ता ने सोमवार की रात में जय स्तंभ चौक में शहर के व्यापारियों के साथ, बदतमीजी ओर मारपीट किए जाने पर शहर के व्यापारी एवं सर्व समाज के पदाधिकारी लाम बंद होकर एक निजी होटल में बैठक किए जहां मौजूद सभी समाज व व्यापारीयों ने एक स्वर में पूरे घटनाक्रम की निंदा करते हुए बेमेतरा की शांतिपूर्ण माहौल को खराब कर एक तरह से शहर में आपसी सद्भावना बिगड़ने एवं शहर को झुलसा देने का एक कुत्शित प्रयास कहा है तथा इस मामले की मुख्य आरोपी और उनके सहयोगी के तत्काल गिरफ्तारी करने की मांग की ओर आज बुधवार उक्त घटना के विरोध में बेमेतरा बंद करने की बात पर अपनी सहमति बनाए हैं ।तत्पश्चात सर्व समाज के पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर तमाम हालात से अवगत भी कराया ।

### कांग्रेस ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा

बीती रात्रि में हुई घटना को शहर की शांति एवं सद्भावना से जोड़ते हुए बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल, नगर पालिका की अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, सनत धर दीवान, सुमन गोस्वामी, ललित विश्वकर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस की एक टीम पुलिस अधीक्षक से मिलकर तमाम घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में इस बात का उल्लेख किया गया है कि इस तरह के कुत्सित प्रयास से कुछ लोगों के द्वारा शहर में शांति भंग करने का प्रयास किया जा रहा है जिस शहर की जनता माफ नहीं करेगी 24 घंटे के भीतर अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग कांग्रेस नेताओं के द्वारा की गई है तथा निर्धारित समय अवधि में गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है ।

### सूर्या सिंह सहित अन्य पदाधिकारी के विरुद्ध चार अपराध किए गए हैं दर्ज

इस पूरे मामले पर बेमेतरा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि निश्चित रूप से शांतिपुरी बेमेतरा में इस तरह की घटना दुर्भाग्य जनक है तथा पुलिस इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रही है तथा इस मामले में बेमेतरा एवं बेला में पुलिस के द्वारा कल कर अपराध दर्ज कर लिए गए हैं. तथा इस तरह की हरकतें कामयाब ना हो पाए पुलिस इस मामले पर काफी संवेदनशील है तथा जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी भी कर ली जावेगी ।

## खैरागढ़ में संपूर्ण रूप से देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान रहेगी बंद

**खैरागढ़,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी चन्द्रकांत वर्मा ने जिला खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई अंतर्गत गणेश विसर्जन के अवसर पर लोकहित में एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खैरागढ़ नगर पालिका सीमा क्षेत्र के भीतर स्थित देशी व विदेशी मदिरा दुकान को 18 सितंबर बुधवार को सम्पूर्ण रूप से बंद रखने का आदेश जारी

# राजनांदगांव में मनाई गई अनागारिक-पेरियार जयंती समारोह

- कार्यक्रम में जिले के नामी-गिरामी बौद्ध समाजसेवी महिलाएं शामिल हुई



**राजनांदगांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के संस्कारधानी राजनांदगांव की सशक्त महिला संगठन 'महिला सशक्तिकरण संघ' ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी संयुक्त रूप से अनागारिक धम्मपाल और ईवी रामास्वामी पेरियार की जयंती समारोह उल्लास के साथ राजनांदगांव के हृदय स्थल 'प्रज्ञा बौद्ध विहार' में मनाई है।

बताया जाता है कि 17 सितम्बर 1864 को श्रीलंका में जन्मे महान सपूत अनागारिक धम्मपाल भारत के जीर्ण शीर्ण बौद्ध तीर्थों का जीर्णोद्धार किया था। उन्होंने ही सिकागो में आयोजित विश्व धम्म सम्मेलन में भारत की ओर से विश्व के बौद्धों का प्रतिनिधित्व किया था। स्मरण रहे इसी सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद जी को अनागारिक धम्मपाल जी ने अपने मिले हुए समय में से तीन मिनट का समय देकर स्वामी जी के भाषण पूर्ण करने मदद की। आश्चर्य का विषय यह भी है कि दोनों की वेशभूषा को देखकर अमेरिकावासी दंग रह गए थे। ऐसे महापुरूष की 170वीं जयंती मनाई गई।

**ईवी रामास्वामी परियार को भी किया याद**

वहीं इस कार्यक्रम में संयुक्त रूप से ईवी रामास्वामी पेरियार की 145वीं जयंती भी मनाई गई। उन्होंने सच्ची रामायण और महिलाओं को गुलाम क्यों बनाई जैसे पुस्तकों की रचना की। जिस पर न्यायालय में मामले चलाई गए और हिन्दी अनुवाद के बाद लल्लई सिंह पर भी मामले चलाए गए। उन्होंने संविधान को जलाया बावजूद डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर उनके प्रिय मित्रों में से एक थे। महिलाओं को पुरूष गुलामी से मुक्ति का रास्ता दिखाने के लिए मंगलसूत्र का त्याग करने का अभियान चलाया। उन्होंने ताउम्र मनुवाद, बाह्मणवाद, क्रूर सनातनी जाति व्यवस्था, अंधविशवास और धार्मिक कर्मकांड के खिलाफ समता, समानता, स्त्री मुक्ति और एक तर्कशील भारत के नवनिर्माण के लिए संघर्षर करते रहे। जाति विहीन, वैज्ञानिक चेतना के लिए कार्य, शोषण के परे समाज के निर्माण के लिए इस बहुमुखी प्रतिभा के धनी योद्धा को याद किया गया।

कार्यक्रम में राजनांदगांव में अनागारिक धम्म पाल की जयंती आयोजन के संस्थापक बौद्ध समाज के वरिष्ठ और अम्बेडकर मिशन के ध्वज वाहक कन्हैयालाल खोब्रागढ़े को शाल, पौधा तथा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का सम्मान के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए 'दक्षिण कोसल' के सम्पादक सुशान्त कुमार को प्रशंसा पत्र तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन रविता लकड़ा कर रही थी। पूरे कार्यक्रम की महती जिम्मेदारी सामाजिक कार्यकर्ता और महिला सशक्तिकरण संघ के जिला अध्यक्ष बुद्धिमित्रा वासनिक ने संभाला। कार्यक्रम में पूर्व डीईओ जानकी रंगारी, बेबीनंदा मेश्राम, प्रोफेसर दिग्विजय कॉलेज, अर्जना रंगारी, डॉयरेक्टर शुक्ला मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल, सुजाता वासनिक, डायरेक्टर व गायकनोलॉजी श्रीराम हॉस्पिटल, नंदा मेश्राम, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सशक्तिकरण संघ, पूनम कोल्हाटकर, मधुकर मेश्राम, सुनीता ईलमकर, हर्षिका गजभिए, माया, खोब्रागड़े, मीना खोबरागड़ें, सरिता रामटेके, सविता जामुलकर, शिल्पा कोल्हाटकर, राहुल नगर अध्यक्ष प्रभा कुटारे, उपाध्यक्ष सुभाष गड़पायले, डॉ. संध्या दामले, मीनाक्षी मेश्राम, बिना वासनिक, वंदना बोरकर शामिल थी।

# अज्ञात 247 बल्क लीटर महुआ निर्मित कच्ची शराब एवं 100 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त



**राजनांदगांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम मरकाकसा जंगल थाना डोंगरगांव में अज्ञात 247 बल्क लीटर महुआ निर्मित कच्ची शराब एवं 100 किलोग्राम महुआ लाहन आबकारी अधिनियम के तहत जप्त किया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं स्टाफ आबकारी मुख्य आरक्षक निजाम शाह ठाकुर, आबकारी आरक्षक नागेश निषाद, अनिल सिन्हा शामिल थे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

# विश्वकर्मा जयंती: नगर निगम के तकनीकि शाखाओं में पूजा अर्चना



**राजनांदगांव** 17 सितंबर (देशबन्धु)। विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, जल विद्युत व मोटर विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम प्र. सहायक अभियंता श्री दीपक महला ने परंपरागत रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी। जयंती के अवसर पर पुष्पवाटिका, लोककर्म विभाग में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गयी।

महापौर श्रीमती देशमुख ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजिनीयर थे। उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकि शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के तकनीकि विभागों में प्रतिवर्ष तकनीकि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर लोककर्म, जल, विद्युत व मोटर विभाग के कर्मचारियों ने भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।

# चारभांठा मे विधायक निधि से बन रहे कलामंच दो साल से अधुरा



**गुण्डरदेही,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत चारभांठा मे विधायक निधि से बन रहे कलामंच निर्माण कार्य ठेकेदार की लापरवाही के कारण पिछले दो वर्षो से अधूरा पड़ा हुआ है जो अब तक पुरा नही हुआ है जिससे ग्रामीणो मे आक्रोश देखा जा रहा है बतादे कि ग्राम चारभांठा के ग्रामीणो की मांग पर गांव के बस्ती अंदर पर बने पुराने कलामंच के जीर्णोद्धार के लिए विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा दो लाख की राशि स्वीकृत कराई गई थी राशि स्वीकृत होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा काम को अब तक पूरा नहीं किया गया है सिर्फ कालम को खड़ा करके अधुरा छोड़ दिया गया है ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया की यह कलामंच गांव के बीच बस्ती मे स्थित है जहां पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है लेकिन कलामंच अधूरा होने के कारण कोई भी आयोजन यहां पर नहीं हो पा रहा है ठेकेदार को कई बार निर्माण कार्य को पूर्ण करने ग्राम विकास समिति एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा भी कहा गया था लेकिन ठेकेदार द्वारा काम हो जाएगा कहकर बार बार टालता जा रहा है

**ग्रामीणो की मांग पर कराई थी राशि स्वीकृत**

ग्रामीणो ने बताया कि पुराने जर्जर कलामंच के जीर्णोद्धार के लिए विधायक कुंवर सिंह निषाद से दो लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराई थी जिसका कार्य ऐजेंसी खुद ग्राम पंचायत है और ठेकेदार के माध्यम से यह कार्य हो रहा है जो अब तक अधुरा पड़ा है ठेकेदार द्वारा दो साल से कालम खड़ा कर छोड़ दिए है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के प्रयासों से 14 निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति



**राजनांदगांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयासों से लगातार राजनांदगांव में विकास कार्यों की एक लंबी श्रृंखला शुरू हो चुकी है, इसके पूर्व डॉ रमन सिंह द्वारा दिग्विजय स्टेडियम के नवनिर्माण में भी एक बड़ी राशि की स्वीकृत हुई थी।

इसी कड़ी में आज विश्वकर्मा जयंती एवं अनंत चतुर्दशी के शुभ दिन पर क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं देते हुए डॉ रमन सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र विकास प्राधिकरण की निधि से 14 निर्माण कार्यों हेतु 63.80 लाख की अनुशंसा पर स्वीकृति प्रदान हुई है।

विदित हो कि डॉ रमन सिंह लगातार अपने क्षेत्र का दौरा कर महत्वपूर्ण मांगों पर त्वरित अनुशंसा कर रहे हैं इसी परिपेक्ष में आज 63.8 लाख रुपए की स्वीकृति 14 निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त हुई है, जिस पर सभी संबंधित ग्राम के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। सांकरा, खैरा-रवेली, धर्मापुर, तोरणकट्टा एवम ठाकुरटोला के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु इसी तरह से ठेकवा, बाकल, ककरेल, बैगाटोला, भेड़ीकला, के रंगमंच निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है, साथ ही निर्मला घाट निर्माण हेतु ककरेल में दो जगह एवं ठेकुआ में एक जगह की स्वीकृति प्राप्त हुई है, इस तरह 14 निर्माण कार्यों के लिए कुल 63.80 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# पालिका द्वारा नगर में स्वच्छता रैली माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया

- स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं : नपाधिकारी वारडेकर
- स्वच्छता को अपने आंचरण व स्वाभव में उतारे : नपाध्यक्ष नायर



**दल्लीराजहरा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)।नगर पालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 17 सितंबर को इस अभियान के तहत शहर के नागरिकों एवं पालिका कर्मचारीयों को स्वच्छता ही सेवा शपथ एवं स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मचारी द्वारा स्वच्छता रैली के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया द्य इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि स्वच्छता जागरूकता से अपने आसपास की जगह पर स्वच्छ बनाए, स्वच्छता अभियान से समुदाय को जोड़ें। मुख्य नगर पालिकाअधिकारी भूपेंद वारडेकर ने कहा कि स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी मानते हुए इसे अपने आंचरण स्वभाव में रखे और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाये व एवं साथ ही स्वच्छता को जन जागरण कर लोगों को भी जागरूक करें। सफाई व शौचालय का उपयोग करने के लिए प्रेरित करे स्वच्छता अभियान रैली में उप अभियंता भानु प्रकाश घोष ,समस्त पार्षद एल्डरमैन, नोडल अधिकारी सतीश चंद्राकर, सहायक नोडल अधिकारी पंकज चंद्राकर, घनश्याम शर्मा, एलन चंद्राकर, राजेंद्र साहू, विपिन बहेरा, इन्द्र कुमार यादव, अनंत साहू सुनील तारम, मनोज साहू, देव नारायण , शिवकुमार शर्मा, अभिजीत भगत , उमेश्वरी नेताम, हेमलता बघेल जिला समन्वयक रामगोपाल सिन्हा, संतोष साहू नगर पालिका के स्वच्छता दीदी एंड स्वच्छता कमांडो राष्ट्रीय शहरी अजीवका मिशन की महिला समूह, नगर पालिका दलीराजहारा के समस्त अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# चिखलाकसा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

- आम नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील: सीएमओ योगी
- एक पौधा अपने मां के नाम अवश्य लगाएं,उनकी सुरक्षा का ले दायित्व: नपाध्यक्ष मसिया




**डौण्डी/दल्लीराजहरा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। कार्यालय नगर पंचायत चिखलाकसा में सी एम ओ अरविंद नाथ योगी के मार्ग दर्शन में स्वच्छता शपथ,स्वछता रैली, कचरा संग्रहण में लगे गाड़ियों को हरी झंडी दिखाने एवं प्रभात फेरी कर ,एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमओ अरविंद नाथ योगी ने कहा की अपने घर आसपास साफ सफाई रखा करें व इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें शास्त्रों में भी उल्लेख है की जहां स्वच्छता का वातावरण होता है वहीं भगवान का वास होता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की अपने घर एवं अपने आसपास खाली स्थानों में पौधारोपण अवश्य करिये व उस पौधे का संरक्षण भी करियें। साथ ही आम नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील भी किये है। इस अवसर पर अध्यक्ष भीखी मसिया ने आम नागरिकों से रैली के माध्यम से कहा की स्वच्छता को लेकर समस्त समाज के प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी मनाते हुए इसे अपने आंचरण व स्वाभव में उतारे ,व एक पौधा अपनी मां व बेटी के नाम अवश्य लगाएं व पौधे को वृक्ष बनाते तक उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लें तभी हम आने वाले पीढ़ी को पर्यावरण की दृष्टि से एक सुदृढ़ वातावरण दे सकेंगे। उक्त कार्यक्रम मे सीएमओ अरविंद नाथ योगी अध्यक्ष भीखी मसिया उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम सय्यद इंजिनियर राकेश पाठक श्री राहुल पाषर्दगण सफाई कर्मचारी सफाई दीदी एवं समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर गाड़ाघाट मे हुआ विविध आयोजन




**खैरागढ़,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय संस्कृति और भाषा के समृद्ध इतिहास को जानने के लिये देश में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। शासकीय पॉलीटेक्निक खैरागढ़ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वंयसेवकों द्वारा गोद ग्राम गाड़ाघाट के शास.माध्यमिक एवं शास.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के साथ विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों के बीच अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें मुहावरों के अर्थ, पर्यायवाची शब्द, सुन्दर लिखावट प्रतियोगिता, इमला लेखन, चित्रकला, रंगोली एवं देशी खेलों का आयोजन शामिल रहा। विजेताओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। उक्त कार्यक्रम संस्था प्रमुख एसबी वराठे के निर्देशन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंशु प्रीति कुजूर एवं सहयोगी प्रकाश चंद खरे द्वारा सम्पन्न कराया गया। स्वयं सेवकों द्वारा कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के छात्रों को तकनीकी शिक्षा के पाठ्यक्रम एवं स्कोप के बारे में बताया गया। साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 26 ऐसे छात्र-छात्राएं जो मेरिट में है उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में दिशा-निर्देश देने के लिये पॉलीटेक्निक के रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा गोद लेने का संकल्प लिया गया। टीम भावना एवं आपसी सामंजस्य में एकजुट होने स्कूली छात्रों के लिए कितने भाई कितने खेल का आयोजन कराया गया। माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य मानस साहू सहित शिक्षकों की उपस्थित में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# हिन्दी के विस्तार की अनंत संभावनाएं: प्रेम कुमार पटेल

- विवि के हिन्दी विभाग के छात्रों ने मनाया हिन्दी दिवस
- गीत-संगीत के माध्यम से कविताओं की दी गई प्रस्तुति




**खैरागढ़,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव व अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल उपस्थित रहे। वहीं अध्यक्षता कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो.डॉ. मृदुला शुक्ल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.डॉ. राजन यादव, अधिष्ठाता दृश्य कला संकाय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. देवमाईत मिंज व सहायक प्राध्यापक संस्कृत डॉ. पूर्णिमा केलकर उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजन-वंदन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसके बाद इन्दु यादव, पलक कन्नौजे, पायल कन्नौजे व रीता कुंजाम के द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि प्रेम कुमार पटेल का स्वागत हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता दृश्यकला संकाय प्रो.डॉ. राजन यादव के द्वारा शॉल व श्रीफल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि किसी भी भाषा के प्रचार-प्रसार में राजनैतिक प्रभुत्व, व्यापार, सांस्कृतिक गतिविधि एवं तकनीकी विकास का विशेष योगदान होता है। हिन्दी के विस्तार की अनंत सभावनाएं है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति हमारी भाषा को सीखने में रूचि ले तो उनका सहयोग करना चाहिये जिससे हमारी भाषा का विस्तार होगा। प्रो. मृदुला शुक्ल ने हिंदी के विविध रूपों की चर्चा करते हुये कहा कि संस्कृति एक विशाल व्यापार है और उसका आधार भाषा है। हम अपनी भाषा से ही अपना पहचान बना पाते हैं। हमारी भाषा ही हमारा परिचय दे देती है कि हम कितने पानी में हैं। प्रो. डॉ. राजन यादव ने बताया कि महात्मा गांधी कहते थे कि जो देश गुलाम है वे आजादी के लिए अपनी भाषा को बचाये रखे और जो देश आजाद है वे अपनी आजादी को बचाये रखने के लिये अपनी भाषा को संवर्धित करें। डॉ. देवमाईत मिंज ने हिंदी की दशा और दिशा पर वक्तव्य देते हुये कहा कि भाषा जीवन का एक अनिवार्य अंग है। पत्र-पत्रिकाओं का हिन्दी के प्रचार प्रसार में विशेष महत्व है। अलग अलग भाषाओं के आने के बाद भी हिंदी कमजोर नहीं हुई। इस दौरान छात्रों ने निराला व बच्चन जी की कविताओं का गीत-संगीत के माध्यम से पाठ किया। कार्यक्रम में डॉ.आशुतोष चौरे, डॉ.चैनसिंह नागवंशी, डॉ. लक्ष्मी श्रीवास्तव, डॉ.सिंधु नायर, सुश्री अभ्रादिता बैनर्जी सहित शोधार्थीगण व छात्रगण उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 5 वर्षीय मासूम घायल



- प्राथमिक उपचार करने के बाद बालक को मेडिकल कॉलेज राजनंदगांव किया रिफर

**खैरागढ़,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के समीपस्थ ग्राम कुम्ही में 16 सितंबर सोमवार की रात्रि में 7 बजे के आसपास मोनेश निषाद गणेश पंडाल के पास प्रसाद लेने गया हुआ था तभी कुम्ही चौक के पास डोगरगढ़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए 5 वर्षीय मासूम मोनेश पिता चेतन निषाद ग्राम कुम्हीं को अपने चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बालक को 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गया, ग्रामीणों की सूझबुझ से मोनेश को सिविल अस्पताल खैरागढ़ में भर्ती कराया गया जहां प्राथिमक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मोनेश को जिला अस्पताल राजनांदगांव रेफर कर दिया है। चिकित्सकों ने बताया कि मोनेश के सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसको रेफर किया गया है। कार चालक घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। घायल बालक का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर शीतला माता मंदिर परिसर की सफाई कर स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ

**राजनांदगांव** 17 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छता लींग 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता प्रसंग पर स्वच्छता पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर आज जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों ने सिद्ध पीठ मॉ शीतला माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किये, सफाई के अंतर्गत बुढ़ा सागर के किनारे साफ सफाई कर झिल्ली पन्नी उठाया गया। वही एक पेड मॉ के नाम के लिये पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, छ.ग. बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख, छ.ग. राज्य भण्डार गृह निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, जिलापंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री भरत वर्मा, पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, पार्षद श्री ऋषि शास्त्री एवं निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने त्रिवेणी परिसर में विभिन्न प्रजाति ने पौधे रोपित किये।

स्वच्छता अभियान के प्रथम दिन साफ सफाई के अलावा स्वच्छता रैली निकाली गयी, रैली में कचरा संग्रहण में लगी गाड़ियों के साथ स्वच्छता दीदीयों ने जागरूकता रैली निकाली, रैली को श्री खूबचंद पारख जी एवं श्री मधुसूदन यादव जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के पूर्व श्री पारख जी ने निगम पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्वच्छता दीदीयों को स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाई कि हम स्वच्छता के प्रति सजग रहेगे, हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। हम स्वयं को एक स्वच्छ स्वस्थ्य और नवीन भारत के निर्माण एवं चल रहे स्वच्छता ही सेवा जन आंदोलन के लिये पुरी निष्ठा के साथ समर्पित करेंगे, जिसमें हम अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेकेंगे न ही किसी को फेकने देंगे। हम अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखेगे और नगर निगम की गाडी में ही डालेगे। हम यह भी शपथ लेते है कि सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेगे तथा शॉपिंग हेतु कपड़े से बनी थैली का ही प्रयोग करेंगे और अपने आस पास एवं शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे।



स्वच्छता अभियान में अपने संबोधन में श्री खुबचंद पारख जी ने अनंत चतुर्दशी एवं विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुये कहा कि आज स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ शीतला माता मंदिर से हो रहा है, प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने गंदगी नही करूंगा न करने दूंगा का नारा लेकर विगत 10 वर्ष से स्वच्छता आंदोलन चलाया, जिससे स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता भी आयी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अपनाना स्वस्थ रहने का सबसे बड़ा साधन है। आज एक पेड़ मॉ के नाम के तहत त्रिवेणी परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण बहुत जरूरी है।

पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव जी ने कहा कि मोदी जी की सोच के अनुसार पिछले कई वर्षो से स्वच्छता अभियान चल रहा है, जिसका अच्छा परिणाम आया, उसी प्रकार उनकी सोच एक पेड मॉ के नाम का भी अच्छा प्रतिसात मिल रहा है और लोग इससे जुडकर वृक्षारोपण कर रहे है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के लिये कारगर होगा। श्री नीलू शर्मा ने कहा कि माननीय मोदी जी ने स्वच्छता के लिये क्रांति लाये जिससे लोगों में जागरूकता भी आयी। उन्होंने सेवा के रूप में समर्पित किया और सेवा पखवाड़ा से लोग स्वच्छता से जुडे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने संबोधित करते हुये कहा कि आज स्वच्छता पखवाड़ा प्रारंभ हो गया है जो 2 अक्टूबर 2024 तक चलेगा, 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी की जयंती है, उन्होंने स्वच्छता अपनाकर, स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाये, इसी लिये उनकी जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा शासन द्वारा आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि शासन निर्देशानुसार साफ सफाई संबधित विभिन्न गतिविधियों में स्वच्छता जन जागरूकता, जनभागीदारी से तालाब सफाई अभियान,सार्वजनिक सामुदायिक शौचालयों की सफाई अभियान, नुक्कड नाटक, रैली, प्लास्टिक बैन व सोर्स पर ही कचरा पृथकीकरण, एक पेड मॉ के नाम, स्वच्छ विसर्जन कुण्ड, स्वच्छ फूड स्ट्रीट वेडर्स कार्यशाला, स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता, स्वच्छता मेराथन आदि गतिविधियॉ स्वच्छता पखवाड़ा में किया जाना है। हम सबकों स्वच्छता अपनाकर जनमानस में स्वच्छता का अलख जगाना है, उन्हें गीला सुखा कचरा अलग कर घर में ही कचरे का निपटान कर स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस देना है। लोगों को अभियान से जोडना है, तभी हमारा शहर स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त कर सकता है।

आज के शुभारंभ अवसर पर स्वच्छता के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव मिश्रा, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव के अलावा निगम के अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदी तथा सफाई मित्र उपस्थित थे।

# स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है: सांसद संतोष पाण्डेय

■ स्वच्छता ही सेवा अभियान: सांसद संतोष पाण्डेय ने कवर्धा में किया जिला स्तरीय स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम का शुभारंभ

**कवर्धा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत सांसद संतोष पाण्डेय ने आज पीजी कालेज स्थित भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी आडोटोरियम में जिला स्तरीय स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इससे पहले स्वामी करपात्री स्टेडियम में स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता शपथ का कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली स्वामी करपात्री जी स्कूल से निकलकर पीजी कालेज तक निकाली गई। सांसद श्री पाण्डेय ने उपस्थित सभी लोगों को आडोटोरियम में स्वच्छता शपथ और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। जिले को स्वच्छ रखने वाली स्वच्छता दीदीयों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता थीम पर अधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती देकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि यह समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता से न केवल हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ और स्वस्थ बनता है, बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को भी सुधारता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लें और अपने क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत करके एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस अभियान का उद्देश्य देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है, जिससे सभी नागरिकों को एक बेहतर जीवन जीने का अवसर मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने इस मिशन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई है और इसे एक जन आंदोलन का रूप दिया है, जिससे देश के हर कोने में स्वच्छता की लहर दौड़ी है। उन्होंने कहा कि आज हमारा शहर स्वच्छता दीदीयों की मेहनत से स्वच्छ और सुंदर है।

सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि इस अभियान से गांवों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। पहले जहां ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया जाता था, अब वहां के लोग भी स्वच्छता को प्राथमिकता देने लगे हैं। शौचालयों का निर्माण और कचरे के सही प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं गांवों में प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। इस अभियान से न केवल गांवों की स्वच्छता में सुधार हुआ है, बल्कि स्वास्थ्य समस्याएं भी कम हुई हैं, जिससे ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चालए जा रहे स्वच्छता अभियान से शौचालय के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि शौचालय के उपयोग से मौसमी बीमारियों में कमी आई है, यह एक सकारात्मक बदलाव है जो स्वच्छ भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है। इस अभियान ने लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया है और उन्हें अपने आस-पास को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया है।

जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में लाल किले से अपने पहले स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान स्वच्छ भारत अभियान'की घोषणा की थी। उन्होंने इसे महात्मा गांधी को समर्पित करते हुए कहा कि बापू का सपना था कि भारत एक स्वच्छ और स्वस्थ देश बने। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि भारत को खुले में शौच से मुक्त और स्वच्छ राष्ट्र बनाया जाए। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और विकसित समाज की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। उन्होनें प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा चलाएं जा रहे विभिन्न अभियानों को बताते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के बारे में बताया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर इस अवसर पर कवर्धा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, नितेश अग्रवाल, चन्द्रप्रकाश चन्दवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, पवन जायसवाल,सौरभ सिंह, अजय ठाकुर, कलेक्टर जनमेजय महोबे, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा सैकड़ों संख्या में स्कूली तथा कालेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सांसद पाण्डेय ने स्वच्छता और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

सांसद संतोष पाण्डेय ने ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी नागरिकों को स्वच्छता मिशन के तहत स्वच्छता और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। शपथ में स्वच्छ भारत अभियान और नशा मुक्त समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए लोगों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और नशे से दूर रहने का आग्रह किया। इस शपथ के माध्यम से उन्होंने समाज में स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया, साथ ही नशे के दुष्प्रभावों से बचने की प्रेरणा दी।

## स्वच्छता के प्रति जागरूक करने निकाली गई स्वच्छता रैली

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वामी करपात्री स्टेडियम में स्वच्छता रैली आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्कूली छात्राओं ने स्वामी करपात्री जी स्कूल से स्वच्छता रैली निकालकर स्वच्छता का महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस रैली के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने की जरूरत पर जोर देते हुए नारे लगाए और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली के माध्यम से स्वच्छता को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए समाज को साफ और हरा-भरा रखने की अपील की। रैली का उद्देश्य स्वच्छ भारत अभियान को मजबूती प्रदान करना और लोगों को अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था।

## सांसद सहित जनप्रतिनिधियों ने किया च्एक पेंड मां के नामज्ज पौधरोपण

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पीजी कॉलेज परिसर में हरीतिमा टीम द्वारा च्एक पेंड मां के नामज्ज अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद संतोष पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधिनियों ने पौध रोपण किया। सांसद श्री पाण्डेय ने पौधरोपण करते हुए कहा कि यह एक अद्भुत पहल है जो पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के प्रति सम्मान को बढ़ावा देती है। हरीतिमा टीम द्वारा च्एक पेंड मां के नामज्ज अभियान के तहत पौधरोपण करना एक प्रशंसनीय कदम है जो हमारे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और संरक्षण के लिए काम करता है।

# ध्वनि तथा जल प्रदूषण को रोकने नगरीय निकायों में उचित प्रबंधन करें: कलेक्टर

■ ध्वनि प्रदूषण को रोकने डीजे पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए कठोरता से कार्यवाही करने के दिए निर्देश



**कवर्धा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय द्वारा ध्वनि तथा जल प्रदूषण को रोकने के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुरूप करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि ध्वनि प्रदूषण को राकने के लिए डीजे साउण्ड, प्रेशर हार्न अथवा मल्टी टोन हार्न, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोर्ट, आफिस से 100 मीटर एरियल डिस्टेन्स पर लाउड स्पीकर बजने पर जारी निर्देशों के अनुरूप नियमानुसार कठोरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा पुलिस को संयुक्त रूप से कार्यवाही करने तथा अनुविभाग, तहसील,कस्बाई, तथा ग्राम स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर निर्देशों से अवगत कराने के लिए भी कहा है।

कलेक्टर ने कहा कि मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतो की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिसके फलस्वरूप न केवल जलीय जीव-जंतुओं की जान को खतरा उत्पन्न होता है, बल्कि जल प्रदूषण की स्थिति भी उत्पन्न होती है। उन्होंने गणेश उत्सव एवं दुर्गोत्सव पर्व पर जल स्त्रोतो को प्रदूषण से बचाने के लिए मूर्ति विसर्जन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुरूप करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि नदी और तालाब में विसर्जन के लिए विसर्जन पॉड, बन्ड, अस्थाई पॉड का निर्माण किया जाकर मूर्ति एवं पूजा सामग्री जैसे फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुएँ इत्यादि मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर ली जाए तथा इसका अपवहन उचित तरीके से किया जाए। जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो विसर्जन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल कपड़े, प्लास्टिक पेपर, आदि को सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में किया जाए। वेस्ट मटेरियल विसर्जन स्थल पर जलाना प्रतिबंधित होगा। मूर्ति विसर्जन स्थल पर पर्याप्त घेराबंदी व सुरक्षा की व्यवस्था हो। पूर्व से ही चिन्हांकित विसर्जन स्थल पर नीचे सिंथेटिक लाईनर की व्यवस्था की जाए तथा विसर्जन के उपरांत उक्त लाईनर, विसर्जन स्थल से हटाया जाये, जिससे कि मूर्ति विसर्जन के पश्चात् उसका अवशेष बाहर निकाला जा सके। बास, लकड़ियां पुर्नउपयोग की जावें एवं मिट्टी को भू-भराव इत्यादि में किया जायें। मूर्ति निर्माताओं को मूर्ति निर्माण के लिए लाईसेंस प्रदान करते समय मान्य एवं अमान्य तत्वों की सूची प्रदान की जाये। यह सुनिश्चित् किया जाए कि मूर्तिया केवल प्राकृतिक, जैव अपघटनीय, ईको फ्रेंडली, कच्चे माल से ही बनाई जाए। मूर्ति निर्माण में प्लास्टर ऑफ पेरिस, प्लास्टिक, धर्मोकोल और बेक्ट क्ले का उपयोग न किया जायें। मूर्ति के सजावट के लिए सुखे फुल संघटकों आदि का और प्राकृतिक रेजिन का इस्तेमाल किया जाए एवं मूर्ति की ऊँचाई कम से कम रखी जाए।

कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण के मामले में सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने कहा कि कोई भी वाहन पर साउण्ड बाक्स न बजे। वाहन में साउण्ड बाक्स मिलने पर साउण्ड बाक्स जब्त कर वाहन का रिकार्ड रखा जाए। जप्त साउण्ड बाक्स को मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद ही छोड़ा जाए। द्वितीय बार पकड़े जाने पर उस वाहन का परमिट निरस्त किया जाएगा तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश बिना उस वाहन को कोई भी नया परमिट जारी नहीं किया जाएगा। जब भी शादियां, जन्मदिनों, धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रमों में निर्धारित मापदण्डों से अधिक ध्वनि प्रदूषण होने पर अधिकारी जाए तो वे लोगों की भावना की कद्र करते हुए नम्रतापूर्वक उन्हें माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने को कहें। आयोजक के विरोध करने पर उसके विरूद्ध कोर्ट में कार्यवाही की जाए तथा इसके अतिरिक्त संबंधित अधिकारी आयोजक के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना का प्रकरण उच्च न्यायालय में दायर करें। लेकिन अगर ध्वनि प्रदूषण यंत्र, टेन्ट हाउस, साउण्ड सिस्टम प्रदायकर्ता या डी.जे. वाले का पाया जाता है तो उसे सीधे जप्त किया जाएगा। वाहनों में प्रेशर हार्न अथवा मल्टी टोन्ड हार्न पाया जाता है तो संबंधित अधिकारी तत्काल ही उसे वाहन से निकालकर नष्ट करेगा तथा रजिस्टर में दर्ज करेगा। अधिकारीगण इस संबंध में वाहन नम्बर के साथ मालिक तथा चालक का डाटा बेस इस रूप में रखेगा कि दोबारा अपराध करने पर वाहन जप्त किया जाए तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बिना जप्त वाहनों को नहीं छोड़ा जा सकेगा। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोर्ट, आफिस से 100 मीटर एरियल डिस्टेन्स पर लाउड स्पीकर बजने पर प्राधिकृत अधिकारी को ध्वनि प्रदूषण यंत्रों को जप्त करना होगा। बिना मजिस्ट्रेट की अनुमति से प्रदूषण यंत्रों को वापस नहीं किया जाएगा। द्वितीय गलती पर जप्त किये गये प्रदूषण यंत्रों को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश बिना वापस नहीं किया जाएगा।

# पोषण माह आयोजन एवं वजन त्यौहार का आयोजन



**कवर्धा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना कवर्धा अंतर्गत सभी सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्रों में एक सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर गांव के लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

कलेक्टर ने बाल विकास परियोजना के अधिकारियों को कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ खाने के महत्व के बारे में शिक्षित करना और उन्हें स्वस्थ वजन प्रबंधन के लिए प्रेरित करना है। पोषण माह हमारा लक्ष्य है, कि लोग स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और बीमारियों से बचें। राष्ट्रीय पोषण माह के शुभ अवसर पर वजन त्यौहार का आयोजन भी किया जा रहा है। गांव-गांव नारा लेखन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसका आयोजन 12 सितंबर से 23 सितंबर तक सभी केंद्रों में किया जाएगा। इसी कड़ी में परियोजना कवर्धा में आज सेक्टर के चयनित क्लस्टरों में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया, जिसमें रवेली सेक्टर के कान्हभैरा पंचायत में वजन त्यौहार आयोजन के साथ राष्ट्रीय पोषण माह की गतिविधि में पोषण रंगोली प्रदर्शनी कार्यक्रम रखा गया ग्रामीणजन महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित होकर वजन त्यौहार के आयोजन सहभागिता दिए।

# नगर पालिका कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल आज से

■ रायपुर में होगा हड़ताल, प्रदेश भर से जुटेंगे कर्मचारी

**कवर्धा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा नगरीय निकायों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है जिसके तहत अपनी माँगो को लेकर व संघ के आव्हान पर नगर पालिका के नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारी दिनांक 18 सितंबर से 20 सितम्बर तक 3 तीन दिवस तक रायपुर स्थित तुता मैदान में हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल अवधि में निकाय के कार्य बंद रखेंगे इसके बाद भी शासन द्वारा माँगे पूरी नहीं की जाती है तो सभी अधिकारी कर्मचारी अनिश्चित क़ालीन हड़ताल पर चले जाएँगे।

## माँगो को लेकर होगा प्रदर्शन

कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बद्रीराम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ से प्राप्त निर्देश के परिपालन एवं नगरीय निकाय की महासंघ बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार हड़ताल में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे।हड़ताल में जाने की सूचना नगर पालिका अध्यक्ष महोदय मनहरण कौशिक व मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू को सौंपा गया है

ये है प्रमुख माँगे- नगरीय निकायो में प्रत्येक माह 1 तारीख़ वेतन भुगतान ट्रेज़री के माध्यम से हो। नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद हो व 10 वर्ष सेवा पूर्ण करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण। नगरीय निकाय में अन्य विभाग की भाँति ओल्ड पेंशन लागू हो। नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों के मृत्यु उपरांत परिवारजनो को संभाग स्तर में रिक्त पदो पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करे। संभाग स्तर में रिक्त पद पर पदोन्नति की कार्यवाही शीघ्र किया जावे। छठवें एवम् सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि का भुगतान की स्वीकृति प्रदान किया जावे।

# कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने सहायक लेखाधिकारी नरेन्द्र कुमार राउतकर को किया तत्काल प्रभाव निलंबित

**कवर्धा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर महोबे ने सहायक लेखाधिकारी जनपद पंचायत बोडला नरेन्द्र कुमार राउतकर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

जारी आदेश के अनुसार सहायक लेखाधिकारी जनपद पंचायत बोडला नरेन्द्र कुमार राउतकर को एक लाख रुपए प्रार्थी से रिश्वत लेने के मामले में एन्टी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों के द्वारा 13 सितंबर 2024 को जनपद पंचायत बोड़ला से गिरफ्तार कर रिमांड में लेकर अपने अभिरक्षा में रखे जाने एवं गिरफ्तारी अवधि 48 घण्टे से अधिक होने के कारण छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 निलंबन नियम 9 (2) के तहत् एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित राउतकर को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी बड़े ही सादगी और शांतिपूर्वक ढंग से मनाया गया

**कवर्धा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन पूरी दुनिया धूम धाम से हर साल मनाया जाता है मोहम्मद पैगंबर साहब का जन्मदिन चौदह सौ. साल पहले मक्का मे जन्मे मोहम्मद साहब इन्शानियत और भाई चारा का पैगम लेकर दुनिया मे तशरीफ़ ले कर आये मोहम्मद साहब के मानने वाले पूरी दुनिया फैले है मोहब्बत के दम पर उन्होंने इस्लाम को पूरी दुनिया मे फैलाया इस महीने को बारह रबीउल का का महीना कहा जाता है ये महीना मुस्लिमो का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है इस महीने मे मुस्लिम धर्म के लोग इबादत करते है लंगर बाटते है घरो को और इबादतगाहो को सजाते है जुलुस के एक दिन पूर्व मस्जिदों मे परचम कुशाही की जाती है जिसे जामा मस्जिदों के इमाम फहराते है कवर्धा मे भी शहर की सभी धार्मिक स्थलों को सजाया गया जामा मस्जिद के इमाम ने परचम कुशाही की दूसरे दिन सुबह 11 बजे जुलुसे मोहम्मदी निकाल गया जो एकता चौक से हो कर सिग्नल चौक गुरुनानक गेट आजाद चौक महावीर स्वामी चौक ऋषभ देव चौक सीतल चौक क्रपात्री चौक यूनियन चौक राजमहल चौक अम्बेडकर चौक सिग्नल चौक होते हुवे एकता चौक मे समापन हुवा जहाँ सलातो सलाम के बाद अपने मुल्क हिंदुस्तान छत्तिसगढ़ और शहरे कवर्धा के लिए आपसी भाईचारा चैन अमन सुकून की दुवा मांगी गईं फ़ौरन बाद वृद्धा आश्रम जाकर फल वितरण कर बुजुर्गो से मुलाक़ात कर हाल चाल जाना तत पश्चात मुकबधीर स्कुल हस्टल जाकर बच्चों के साथ समय बिताये फल वितरण किया गया समाज के अध्यक्ष हनीफ खान ने प्रदेश के समस्त हिन्दू मुस्लिम सिख ईशाई को बधाई दी मुस्लिम समुदाय का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया हर साल की तरह इस साल भी बड़े खुशी और मसर्रत से मिलादुन्नबी को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में मनाया और शांति का पैगाम दीया। हम छत्तीसगढ प्रदेश के व कवर्धा जमात मुस्लिम ट्रस्ट के सभी मेंबर्स आशिफ खान सोहराब राजिक हामिद टेलर अफरोज खान खान इकराम खान फ़िरदौस दरगाह कमेटी के अध्यक्ष इकराम खान.इमरान.इब्राहिम. हारून मेमन आशिफ दादा मिया कब्रिस्तान कमेटी मुन्ना खान करीम खान. असलम.गुलजार.अमन ए हिंद कमेटी आबिद खान कादिर खान नाजिर खान इशाक अफ़रोज़ नम्मू ,गुलसाने रजा आरिफ मोनू खान तकिया पारा कमेटी बिचपारा कमेटी एवर ग्रीन महबूब नगर ऊर्जा पार्क लोहारा नाका शेख कालोनी आदर्श नगर डालडा पारा दर्री पारा कसाई मोहल्ला गंगा नगर छोटे कब्रिस्तान कमेटी बड़े कब्रिस्तान कमेटी अंजुमन जमात खाना सभी मदरसा शहर के तमाम कमेटी अध्यक्ष हनीफ अंजुम खान सचिव जुनैद हिंगोरा तोशिफ खान अफजल खान ने ज़िला प्रशासन नगर पालिका और खुसूसी पुलीस प्रशासन का शुक्रिया अदा करते हैं प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया गया। वहीं सभी जाति समुदाय के लोगों ने भी सहयोग किया।

# जशन ए ईद मिलादुन्नबी जुलूस शान्ति और सदभाव पूर्वक नगर में निकाला गया

**कुम्हारी,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। गरीब नवाज मस्जिद कमेटी वार्ड 12 डंगनिया तालाब पार कुम्हारी, और गौसिया मस्जिद कमेटी वार्ड 18 डी.एम.सी. तालाब पार कुम्हारी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर परवेज़ अहमद अंसारी गरीब नवाज मस्जिद कमेटी डंगनिया तथा गौसिया मस्जिद कमेटी वार्ड 18 डी.एम.सी. तालाब पार कुम्हारी अलाउद्दीन के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। दोपहर 2:00 बजे दोनों मस्जिदों से प्रारंभ होकर स्टेशन चौक ओवर ब्रिज, महामाया रोड, प्रभात चौक, संजय नगर वार्ड 6, गौरव पथ से कांजी हाउस नगर पालिका परिषद कुम्हारी रोड होते हुए स्टेशन चौक से गौसिया मस्जिद वार्ड 18 में शाम 4:30 बजे सलातो सलाम के बाद जुलूस का समापन किया गया। मार्ग में अनेक स्थानों में पानी, शर्बत आदि का वितरण किया गया। स्टेशन चौक ओवर ब्रिज के नीचे लंगर (प्रसाद) वितरण भी रखा गया। इस मौके पर गरीब नवाज मस्जिद कमेटी से इमाम मोहम्मद अबरार अहमद रिजवी ,परवेज अहमद अंसारी ,मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद अफजल, इमरान रिजवी ,ईद मोहम्मद ,जक्की भाई ,सरफराज ,शाहबाज, जहांगीर ,मोहम्मद शान, फैजान ,अली भाई ,असलम भाई ,सलाम भाई ,महफूज भाई ,न्याजुद्दीन, अशरफ भाई, फिरोज़ भाई, गौसिया मस्जिद से हाफिज रियाज साहब ,मंसूर अली, अलाउद्दीन, अत्ताउल्लाह, अकबर ,चंद पाशा, हामिद, असलम भाई, खटाल भाई, अब्दुल, गुलजार सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई मौजूद थे।



# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 74 वां जन्मदिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी में मनाया गया



**कुम्हारी,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74 वां जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत फल एवं बिस्किट का वितरण भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस मौके पर भाजपा कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, पार्षद श्रीमती रागिनी निषाद, विनोद बंजारे, ओंकार मार्कण्डेय, पी.एन दुबे, मिथिलेश यादव, सुजीत यादव, प्रणव श्रीवास्तव, अश्वनी देशलहरे, आशीष शुक्ला, सौरभ पाण्डेय, पुनेंद्र साहू, विकास सोनकर, उमाकांत साहू, फिंगेश्वर साहू, मुकेश साहू जी,श्री रामकुमार साहू, विवेक वर्मा, हिमांशु पांडेय, रोमन साहू, श्रीमती सुनीता कुर्रे, श्रीमती रीता पांडेय, श्रीमती गीता निर्मलकर, श्रीमती जूली सिंह द्वारा किया गया।

# श्रद्धा और भक्ति भाव से गणेश भगवान की मूर्ति का किया गया विसर्जन

**कुम्हारी,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्ण एवं शांतिप्रिय ढंग से श्री गणेश जी का विसर्जन खारुन नदी के तट पर पहुंचकर किया। अनेक मूर्तियां खारुन के जल में प्रवाहित की गई कई लोगों ने बड़े भाव विभोर होकर गणेश जी को विदाई दी और गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ की ध्वनि से सम्पूर्ण क्षेत्र गुंजित हो गया। ज्ञात हो कि खारुन नदी तट के दूसरे भाग में रायपुर से चंदनडीह तथा आसपास क्षेत्र से श्रद्धालु भक्त जनों द्वारा मूर्ति विसर्जित किया जाता है। नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन कुम्हारी की चाक चौबंद व्यवस्था से मूर्ति विसर्जन का काम अत्यंत शांतिपूर्ण तरीके से संम्पन्न हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से एस डी आर एफ की टीम खारुन तट पर तैनात थी ताकि किसी प्रकार की अप्रिय दुर्घटना से तत्काल निपटा जा सके इस बीच तट पर निरीक्षण में आए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने कहा कि नगर के समस्त जनों को तट पर किसी प्रकार की कठिनाई या कष्ट ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्थानीय थाना प्रभारी जे आर कुर्रे स्वयं व्यवस्था पर नजर बनाए हुए थे।



उल्टा पुल्टा

पत्नी- सुनो जी आपको आरती याद है न?
पति- हां... वो पतली सी, वही न?
इसके बाद भगवान की बाद में, पति की 'पूजा' पहले हुई।

## संपादकीय

### डीजे का जानलेवा शोर

देश भर की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी डीजे के इस्तेमाल से होने वाली समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसके चलते समाज अशांत हो रहा है, विवाद हो रहे हैं और लोग प्राण गंवा रहे हैं। स्वीकृत व निर्धारित स्तर से कहीं अधिक जोर से बजने वाले डीजे लोगों के लिये बड़ी समस्या बन रहे हैं। विभिन्न अवसरों पर इनका इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। इसके चलते लोगों की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। फिलहाल गणेशोत्सव चल रहा है। हजारों की संख्या में सार्वजनिक तौर पर जो प्रतिमाएं बिठाई जाती हैं, उनके आगमन से लेकर विसर्जन तक डीजे का कानफोड़ू संगीत लोगों की समस्या को बेतरह बढ़ा रहा है।

बलरामपुर जिले में संजय जायसवाल नामक एक युवक की ब्रेन हेमरेज से मृत्यु हो गयी। उसे किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं थी। यहां तक कि ब्लड प्रेशर भी नहीं था। चिकित्सकों का अनुमान है कि तेज आवाज में बजा डीजे उसके लिये जानलेवा साबित हुआ है। पहले उसे उल्टियां हुईं और अस्पताल में जब उसका सीटी स्कैन कराया गया तो उसके सिर के पिछले हिस्से में खून का थक्का होना पाया गया। पहले वह पूर्णत: स्वस्थ था लेकिन वह गणेश उत्सव में गया था जहां तेज वॉल्यूम में संगीत बज रहा था। माना जा रहा है कि इसी के चलते उसे ब्रेन हेमरेज हुआ है। इसे सभी को चेतावनी की तरह लेना चाहिये। आधुनिक तकनीकों से बने नये डीजे इतनी तेज आवाज़ में बजते हैं कि उसका असर हृदय पर पड़ता हुआ महसूस किया जा सकता है। बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को तो इससे अत्यधिक दिक्कत होती ही है, जिन्हें दिल की कोई बीमारी है, रक्त चाप सम्बन्धी समस्या है, सिर दर्द होता है या कानों की कोई बीमारी है- वे इस आवाज को झेल नहीं पाते। इसके अलावा हाल ही में दुर्ग जिले के नंदिनी क्षेत्र में डीजे को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गयी। विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया जिसमें 3 लोगों की जान चली गयी। दिल की बीमारी से जूझ रहे एक बुजुर्ग ने इससे परेशान होकर आत्महत्या कर ली।

तेज आवाज़ वाले डीजे के प्रति लोगों, खासकर युवाओं का क्रेज़ बढ़ता जा रहा है। वर्ष भर में तीन-चार ऐसे मौके अवश्य आते हैं जब सार्वजनिक त्यौहारों के रूप में डीजे संगीत का आयोजन होता है। गणेशोत्सव के अलावा दुर्गा पूजा, जन्माष्टमी, नवरात्रि आदि के अलावा अन्य अनेक मौकों पर डीजे का इस्तेमाल होता है। देखा तो यह भी जाता है कि डीजे के इंतज़ार में विसर्जन तक एक-दो दिन विलम्ब से किया जाता है। न सिर्फ वॉल्यूम के तौर पर बल्कि प्रशासन द्वारा निर्धारित समय सीमा का उल्लंघन करते हुए भी ये आयोजन पाये जाते हैं। सरकार को चाहिये कि डीजे सम्बन्धी सभी नियमों का कड़ाई से पालन कराए।

# खिलाड़ी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रदेश व जिले का नाम रोशन करें : गौरीशंकर

- राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का हुआ रंगारंग आगाज
- चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के आठ सौ से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे हुनर



**बलौदाबाजार,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को जांजगीर-चाम्पा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने किया। आउटडोर स्टेडियम मैदान बलौदाबाजार में आयोजित शुभारम्भ कार्यक्रम में खेल ध्वजारोहण, मशाल प्रज्जवलन, मार्चपास्ट एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखरी। इस अवसर पर खिलाड़ियों को नियमों का निष्ठा पूर्वक पालन करते हुए खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने खेल प्रतियोगिता उद्घाटन की विधिवत घोषणा की। उद्घाटन अवसर पर रग्बी एवं कुराश खेल स्पर्धा की शुरुआत की गई जिसमें अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश का सौगात दिया। प्रदेश निर्माण के बाद हमारी सरकार ने लगातार खेल सुविधाओं में विस्तार किया और अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाडियों को अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर देता है। खिलाडी उम्दा प्रदर्शन कर प्रदेश के साथ अपने जिले, गांव व माता पिता का नाम रोशन करें। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि इस शालेय खेल प्रतियोगिता में प्रदेशभर के खिलाडी भाग ले रहे हैं। इस आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। आज खेल के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए जिससे उनका सम्पूर्ण विकास हो सके। कार्यक्रम को पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया।

कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का बेहतर आयोजन करने का प्रयास किया गया है। खिलाड़ियों सहित कोच एवं अन्य सम्बंधित शिक्षको को भी बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है फिर भी किसी प्रकार की समस्या हो तो जरूर बताएं ताकि जल्द दूर किया जा सके।

जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने बताया कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचो संभाग के 840 खिलाड़ी एवं कोच शामिल हो रहे हैं।चार दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रग्बी बालक एवं बालिका 14 वर्ष, कुराश बालक एवं बालिका 14, 17, 19 वर्ष, फेन्सिग बालक एवं बालिका 14, 17, 19 वर्ष के 144 खिलाड़ी प्रत्येक संभाग से आये हुये है। रग्बी की प्रतियोगिताएं इसी आउटडोर स्टेडियम में, कुराश की प्रतियोगिताएं इसी इनडोर स्टेडियम में और फेन्सिग प्रतियोगिताएं नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित की जायेंगी। उद्घाटन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, डा. अजय राव, भारत स्काउट गाइड जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, टेसूलाल धूरंधर, खोडस राम कश्यप, पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, कृष्णा अवस्थी, नरेश केसरवानी, संकेत शुक्ला, डोमन वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, आलोक अग्रवाल, निलम सोनी, सुलोचना यादव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, खिलाडी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा विराजे, धूमधाम से विदा हुए गणपति



**महासमुंद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। विश्वकर्मा जंयती के अवसर पर पेंशन मजदूर संघ द्वारा स्थानीय अपना मार्केट में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति विराजित कर पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर खीर, पुड़ी का वितरण भी श्रद्धालुओं को किया गया। साथ ही हाईस्कूल मैदान में संगीत निशा का आयोजन किया गया। विश्वकर्मा पूजन के लिए कारीगरी व्यापार से जुड़े लोगों ने अपना कारोबार बंद रखा और अपने अस्त्र-शस्त्र की पूजा की जिसके कारण सभी स्थानों में कोई कार्य नही हुआ। कारीगरों ने पूजन उपरांत एक दूसरे को विश्वकर्मा जंयती की बधाई दी। इसी तरह बरोंडा चौक वन कार्यालय के पास मालवाहक संघ द्वारा भी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति विराजित पूजा अर्चना की गई। भगवान विश्वकर्मा का विसर्जन बुधवार को किया जाएगा। इसी तरह अनंत चतुर्दशी का पर्व भी नगर व अंचल में मनाया जा रहा है। घरों में विराजित छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन तालाब में किया गया। घरों में विराजित छोटी प्रतिमाओं को मोहल्ले के बच्चों महिलाओं ने पूजा अर्चना कर नाचते-गाते तालाब ले जाकर विसर्जन किया। बड़ी प्रतिमाओं के लिए तुमाडबरी बांध में विसर्जन करने के लिए नगर पालिका द्वारा नियत किया गया है। पालिका ने बांध के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था की है। नगर के महामाई, बंधवा, टामकी, सितली व नगर से लगे खरोरा तालाब में विसर्जन करने लोग छोटे-छोटे वाहनों से पहुंचते रहे। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तु जल्दी आ के जयकारे के साथ विदाई देते रहे। अनंत चौदस के पूर्व गणेश पंडालों में हवन पूजन किया गया। लोहिया चौक में विराजित गणेश प्रतिमा के पंडाल में हवन पूजन के बाद भंडारा रखा गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विधायक ओंकार साहू ने किया महानदी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन



**धमतरी,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। धमतरी विधायक ओंकार साहू नें विधायक निवास में विराजमान गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित किये गये रुद्रेश्वर महादेव मंदिर के पास महानदी में पूरी विधि विधान के साथ किया।

विधायक निवास में विराजमान गणेश जी 11 दिन तक पूजा अर्जना कर गणेश विसर्जन के पावन पर्व पर विधायक ओंकार साहू ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनायें दी है। साथ में विधायक निवास में विराजमान गणेश जी कि प्रतिमा का विसर्जन पूरे विधि विधान से रुद्रेश्वर महादेव मंदिर के पास महानदी जलाशय में किया और सर्व समुदाय के सुख समृद्धि कल्याण की कामना करते हुए विधायक ओंकार साहू नें विभिन्न गणेश पंडाल पर पहुंचकर आरती में शामिल हुए और गणेश समिति के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने गणेश समिति के संचालको को आग्रह किये प्रतिमा निगम द्वारा निर्धारित रूद्रेश्वर महदेव मंदिर रुद्री के पास महानदी जलसय या तालाब में ही करे जिससे किसी प्रकार की परेशानी न हो। घर व पंडालो में विराजे भगवान गणेश की धूमधाम से भक्ति के बाद आज से अनंत चतुर्दशी पर विधिवत हवन पूजन कर विसर्जन प्रारम्भ हो गया है, ऐसे में बच्चों को तालाब से दूर रखे। उन्होंने धमतरी निगम आयुक्त एवं पुलिस विभाग को भी प्रतिमा विसर्जन वाले स्थान पर सुरक्षा सहित समुचित उपाय करने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी उत्साहपूर्वक मनाया



**कटगी/बलौदाबाजार,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। आदर्श ग्राम पंचायत कटगी के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी बडे ही शानो-शौकत के साथ मनाया। बता दें पैगंबर ए इस्लाम का जन्मदिवस, जिसे ईद मिलादुन्नबी या बर्थडे ऑफ प्रोफेट कहा जाता है, मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो इस्लाम के संस्थापक और अल्लाह के आखिरी पैगंबर माने जाते हैं।

बता दे मुस्लिम समुदाय का मानना है कि उनके सबसे बड़े धर्मगुरु पैगंबर ए इस्लाम हमेशा सभी का ख्याल रखते थे और कभी भी किसी को बुरा नहीं कहा हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो तआला अलेही वसल्लम ने हमेशा सभी की भलाई के लिए सोचा उन्होंने मुस्लिम समुदाय को संदेश दिया के पड़ोसी का खास ख्याल रखो अर्थात पड़ोसी कोई भी हो सकता है हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी पड़ोसी हो सकते हैं किसी खास वर्ग का ख्याल रखना प्रोफेट मुहम्मद ने हीं कहा कोई भी हो उसे तकलीफ कठिनाई नहीं होनी चाहिए इस्लाम मजहब कभी भी किसी दूसरे मजहब को ठेस >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पीएम मोदी के ऐतिहासिक फैसलों से देश मजबूत हुआ : रोहित साहू



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान व दिव्यांग बच्चों को बांटे फल

**राजिम,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर मंगलवार को राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में दत्तात्रेय मंदिर एवं सांस्कृतिक भवन के समीप स्वच्छता अभियान चलाया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत की दिव्य संकल्पना को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जैसा यशस्वी प्रधानमंत्री मिलना देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश पूरी तरह सुरक्षित है। पीएम मोदी ने देश में ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को न सिर्फ मजबूत बनाया है बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की साख मजबूत की है। उनकी मजबूत इच्छा शक्ति की बदौलत ही आज आत्म निर्भर भारत का सपना साकार होता नजर आ रहा है। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में निश्चित ही भारत भविष्य में विश्वगुरू के रूप में स्थापित होगा, उनके द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से, लोगों को अपने आसपास के माहौल को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह न केवल देश को स्वच्छ बनाने में मदद करता है, बल्कि लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझाने और उसे अपनाने के लिए प्रेरित भी करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर ष्नेकी की कुटियाष् दिव्यांग आश्रम के बच्चों के साथ समय व्यतीत कर बच्चों को किया फ्ल वितरित

राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पुरे देश भर में सेवा पखवाड़ा के माध्यम से स्थायित्व चरण बनाए रखने 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम किया जाना है। तथा विधायक के नेतृत्व में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर ष्नेकी की कुटियाष् दिव्यांग आश्रम के बच्चों के साथ समय व्यतीत किया तथा उन सभी का कुशलक्षेम जानकर सबको प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन पर उपहारस्वरूप फ्ल का वितरण किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद महेश यादव, पार्षद गण पूर्णिमा चन्द्राकर, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 225 लीटर डीजल चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



धमतरी पुलिस, थाना भखारा एवं सायबर तकनीकी सेल द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही

**धमतरी,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम डोमा में 12 सितम्बर के रात्रि लगभग 2.30 बजे गुरूदेव पेट्रोल पम्प के पास पुराना धमतरी रायपुर रोड के किनारे खड़े हाईवा क्रमांक सीजी 05 एपी 5474 से अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा डीजल टंकी के ताला को तोडकर करीबन 225 लीटर डीजल चोरी करने के रिपोर्ट पर प्रार्थी टिकेश्वर साहू पिता पवन लाल साहू उम्र 34 साल साकिन डोमा थाना भखारा जिला धमतरी कि रिपोर्ट पर अप0 क्र0 162/2024 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था।

विवेचना के दौरान थाना भखारा एवं सायबर सेल धमतरी की द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की मदद से रास्ते के एवं पेट्रोल पम्प के सीसीटीव्ही के आधार पर एक टीयूव्ही वाहन से कुछ व्यक्ति के द्वारा डीजल निकालकर वाहन में फरार होने की फुटेज मिलने पर सीसीटीव्ही एवं तकनीकि जानकारी की मदद से ग्राम भरेंगाभाठा के दुकान के पास जय उलबही पेट्रोल पम्प के पास संदिग्ध परिस्थिति में खड़े टीयूव्ही महेन्द्र 300 वाहन जिसके पीछे का नंबर प्लेट नही होने पर पूछताछ करने के दौरान उक्त वाहन में सवार दो लोग भाग गये वहीं तीन लोग पकडे गये। जिन्होंने नाम पूछने पर अपना नाम मिथुन सोलंकी पिता शिवलाल सोलंकी उम्र 26 वर्ष साकिन नई आबादी दुपाड़ा पोस्ट दुपाड़ा तहसील मोयन बडोदिया दुपाड़ा जिला शाजापुर (म0प्र0), अरूण चमार पिता गोपाल चमार उम्र 19 वर्ष साकिन मकान नंबर 57 वार्ड 14 पोस्ट दुपाड़ा तहसील बड़ोदिया जिला शाजापुर (म0प्र0) और गणेश साव पिता शंकर साव उम्र 45 वर्ष साकिन केम्पर भिलाई शास्त्री नगर थाना छावनी भिलाई जिला दुर्ग का रहने वाला बताया। जो उक्त वाहन टीयूव्ही सिलवर कलर क्रमांक एमपी 42 सी 4664 में रखे 06 नग प्लास्टिक के जरिकेन नीला हरा रंग का 35 लीटर वाले में 210 लीटर रखे मिला। जिनके संबंध में उपरोक्त संदहियो से पुछताछ करने पर ग्राम डोमा के पेट्रोल पम्प में खडे हाईवा से डीजल चोरी करना बताये जिसे समक्ष गवाहों के जप्त कर तीनों आरोपियों को अपराध धारा का सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय पेश कर रिमांड पर भेजा जा रहा है। फरार आरोपी समीर एवं सहिद दोनों ग्राम दुपाडा जिला शाजापुर की पतासाजी की जा रही है। मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

जप्ती वाहन टीयूव्ही महेन्द्र 300 क्रमांक एमपी 42 सी 4664 कीमती 6,00,000 रूपये एवं 06 नग प्लास्टिक जरिकेन में रखे 210 लीटर डीजल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# तुमगांव में जनप्रतिनिधियों ने रैली निकाली व सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



**महासमुंद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत तुमगांव में शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया और एक पेड़ मां के नाम पर मोदी जी के जन्मदिवस पर पौधरोपण किया गया। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत रैली निकालकर आम नागरिकों को संदेश देते हुए भोरिंग चौक पर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पु पटेल, पार्षद गौतम सिन्हा, धर्मेन्द्र यादव, श्रीमती सरस्वती मृर्ति, नंदनी लक्ष्मण पटेल, अन्नपूर्णा निर्मलकर, गंगा प्रसाद तथा सीएमओ खीरसागर नायक, उपअभियंता खुलेश साहू, सह.राजस्व निरीक्षक नुकेश निषाद आफरिन अंजुम रिजवी, बोधराम, नारायण साहू, उमेश साहू, राजेश सोनी, केनरू किशन, कृष्णा कुर्रे, जितेंद्र जांगड़े समेत स्वच्छता दिदियों ने सहभागिता निभाई।

# विश्वकर्मा जयंती में शामिल हुए चोपड़ा



**महासमुंद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय अपना मार्केट में मेशन मजदूर संघ महासमुंद द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर भगवान विश्वकर्मा विराजित हुए। भगवान विश्वकर्मा पूजा के दौरान पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा उपस्थित रहे। डॉ चोपड़ा ने कहा विश्वकर्मा जयंती भारत में एक महत्वपूर्ण दिवस है, जो हर साल मनाया जाता है। यह दिन भगवान विश्वकर्मा को समर्पित है, जिन्हें हिंदू धर्म में निर्माण और सृजन का देवता माना जाता है, भगवान विश्वकर्मा को सोने की लंका के निर्माण करने का श्रेय दिया जाता है। विश्वकर्मा जयंती के दिन, लोग अपने औजारों और मशीनों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से अपने काम में सफ्लता और समृद्धि की कामना करते हैं। यह दिन उत्पादन और राष्ट्रीय समृद्धि के लिए एक संकल्प दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। विश्वकर्मा जयंती का महत्व न केवल भारत में है, बल्कि अन्य देशों में भी इसका प्रभाव है। इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य भगवान विश्वकर्मा को सम्मान देना और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना है। यह दिन हमें अपने कार्य में निष्ठा और समर्पण की महत्ता को याद दिलाता है। पूजा के दौरान पार्षद देवीचंद राठी, अपना मार्केट के व्यापारी गण, मेशन मजदूर संघ के पदाधिकारी और सदस्य गण मौजूद रहे।

# जैन समाज का पर्यूषण पर्व अनेक आयोजनों के साथ संपन्न



**बलौदाबाजार,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। जैन समाज द्वारा पर्यूषण पर्व का अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य के रूप में मनाया गया। बाहर से आये पंडित मनोज शास्त्री जी के अनुसार कामवासनाओं पर विजई प्राप्त कर इंद्रियों पर नियंत्रण कर समस्त विषयों से अनुराग त्याग कर परद्रव्यों से रहित निज शुद्ध आत्मा में रमना ही ब्रह्मचर्य है। आज अंतिम दिन श्री जी के सभी मूर्तियों को बाहर विराजमान किया गया। जिसमें दो शांति धारा करने का प्रावधान रखा गया जिसमें प्रथम शांति धारा का सौभाग्य इंद्र कुमार दिलीप विदित जी एवं परिवार नरेंद्र, सुरेश, अशोक, अनीश, प्रवेश, अक्षय, विराज को प्राप्त हुआ। श्रीजी की दूसरी शांति धारा करने का सौभाग्य कपूर चंद निर्मला देवी, सुधीर, अजीत, अमित, सुमित, एवं परिवार आयुष, सोहम, अरिहंत, रिदम जैन को प्राप्त हुआ।

जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि आज पर्यूषण पर्व का अंतिम दिन है और आज पूरा जैन समाज भक्ति मय और अति उत्साह में दिखाई दे रहा है। आज समाज की सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। साथ ही इंद्र कुमार, नरेंद्र, सुरेश, दिलीप, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अशोक ने बताया कि आज हमारे परिवार को एक साथ शांति धारा करने का सौभाग्य मिला मैं सभी को अनंत चतुर्दशी की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। साथ में कपूर चंद जैन, निर्मला देवी जैन, सुधीर जैन, अजीत जैन, अमित जैन, सुमित जैन ने बताया कि आज हमारा सौभाग्य है की अनंत चतुर्दशी के दिन हमें श्री जी के शांति धारा करने का सौभाग्य मिला। समाज के सचिव अमित जैन ने बताया कि आज ब्रह्मचर्य का दिन है यह आत्म शुद्धि का दिन कहलाता है। आज के दिन समाज के अधिकांश लोग उपवास एक आसान करते हैं उनकी मैं खूब-खूब अनुमोदना करता हूं। शाम की महा आरती करने का सौभाग्य श्रीमती पार्वती जैन, ऋषभ जैन, प्रशांत जैन, अजीत जैन, निष्कर्ष अचल मचल आशीर्वाद एवं परिवार को प्राप्त हुआ। आज के दिन श्री जी के प्रतिमा के सामने लाडू चढ़ाने का सौभाग्य श्रीमती राजकुमारी जैन, प्रवीण जैन, रवि जैन आदि अरनव जैन एवं परिवार को प्राप्त हुआ। आज के दिन श्री जी की माला की बोली जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन जी ने अपनी पोती तृषा जैन के लिए प्राप्त किया। एक दान करने का सौभाग्य जो गरीब बच्चों के लिए होता है विद्यादान वह आयुष जैन( सुधीर जैन जी) ने प्राप्त किया। आज पर्यूषण पर्व का अंतिम दिन के माहौल को जैन मंत्रो और धार्मिक गीत से गूंज रहा था।

## मां चण्डी देवी मंदिर कुरूद ज्योति स्थापना

**कुरूद,** 17 सितंबर। प्रतिवर्षानुसार मॉ श्री चण्डी देवी मंदिर कुरूद में दिनांक 03.10.2024 से12,10.2024 की अवधि में चार नवरात्र पर्व मनाया जावेगा। पर्व में मनोकमना ज्योति कलश (तेल) मंदिर में प्रज्जवलित किये जाते हैं!



# डीजे धूमाल प्रतिबंधित हुआ तो पारंपरिक बाजे गाजे और ढोल नगाड़ों के साथ निकली विसर्जन यात्रा

**गरियाबंद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और जिला प्रशासन की सख्ती का असर मंगलवार को गणेश विसर्जन के दौरान जमकर देखने को मिला। अचानक से डीजे धूमाल के उपयोग में प्रतिबंध लगाने के चलते भक्तजनों और समितियों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ विसर्जन यात्रा निकाली। बाजे गाजे और ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते भक्त गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल छिंद तालाब तक लेकर पहुंचे। जहां विधिवत पूजा अर्चना कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के बाद यह पहला अवसर तथा गणेश विसर्जन यात्रा बिना डीजे और धूमाल के निकली गई। वहीं डीजे और धूमाल में प्रतिबंध होने के कारण इस बार नगर में झांकी प्रतियोगिता का भी आयोजन नहीं हुआ। जिसके चलते समितियों मासूमी देखी गई। ज्ञात हो की जिले में बीते 15 वर्षो से लगातार जिला मुख्यालय में झांकी प्रतियोगिता का आयोजन होता रहा है। लेकिन कोर्ट के निर्देश और प्रशासन की सख्ती ने इस धार्मिक आयोजन के उत्साह में ही पानी फेर दिया। आश्चर्य की बात है की सुप्रीम कोर्ट के चार साल पुराने निर्देश का देश के अन्य राज्यों में कहीं असर नहीं दिखा। सभी जगह डीजे धूमाल की धूम रहीं।

इधर, विसर्जन के दौरान प्रतिबंध को लेकर समितियों ने अपना विरोध भी जताया। वाहन में अनेक पोस्टर चिपकाए थे। जिसमें इस निर्णय को लेकर कोर्ट और सरकार को आड़े हाथ लिया। एक समिति ने लिखा कि छत्तीसगढ़ में डीजे बंद है, लेकिन उससे जानलेवा शराब में प्रतिबंध नहीं। डीजे धुमाल बंद करना है तो शराब और नशीले





पदार्थ की बिक्री भी बंद करें। तो एक समिति ने लिखा कि प्रशासन भगवान से बड़ा हो गया है। वही एक अन्य समिति ने डीजे से लोगों की मौत होती है शराब से चमत्कार होता है का स्लोगन लिख रहा था। इसके अलावा सभी ने इंकलाब ज़िंदाबाद के नारे भी तख्ती में लिख रखे थे। दूसरी ओर विसर्जन के दौरान डीजे संचालकों के चेहरे में मायूसी की लहर देखने को मिली। वहीं बाजे गाजे वालों की किस्मत चमक गई। समिति वालों को खोज खाज के मन मर्जी किराया देकर उन्हें लाना पड़ा।

### गणपति बप्पा मोरिया.. नम आंखों से भक्तों ने बप्पा को विदाई दी

इसके पहले मंगलवार को भक्तों ने नम आंखो से गणपति बप्पा को विदाई दी। नगर में सुबह से नगर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था। नगर के विभिन्न चौक चौराहों और वार्डो में स्थापित गणेश मूर्तियां क्रमश एक एक बाजे गाजे के धुन में विसर्जन के लिए निकली। इस दौरान भक्त रंग और गुलाल उड़ाते और ढोल नगाड़े के थाप में जमकर थिरकते नजर आए। सभी ने तिरंगा चौक की परिक्रमा की। यहां जमकर आतिशबाजी की गई। जिसके बाद नगर के विभिन्न स्थानों में विराजित गणेश प्रतिमा का स्थानीय छिंद तालाब में विसर्जन किया गया। इसके अलावा घरों में भी विराजित प्रतिमा का छिंद तालाब में विसर्जन हुआ। नागा पालिका परिषद द्वारा विसर्जन हेतु क्रेन मशीन की व्यवस्था की गई थी। भक्तो गणेश जी अंतिम विदाई देने के पहले उनकी विधिवत पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि का आशिर्वाद मांगा।

**सिन्हा परिवार ने गणपति स्थपाना के पूर्ण किए 52वा वर्ष**

इधर, नगर के पुराना मंगल बजार स्थित सिन्हा परिवार ने भी छिंद तालाब में प्रतिमा विसर्जित की। मालूम हो कि सिन्हा परिवार द्वारा गणपति स्थापना का यह 52वाँ वर्ष था। विसर्जन के अवसर पर परिवार की बुजुर्ग महिला धरमीन बाई सिन्हा, बुद्धि देवी सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा, रेणुका सिन्हा, भारती सिन्हा, मोनिका सिन्हा एवं लीना वंदना सहित पूरा परिवार मौजूद था। परिवार ने कहा की 52 वर्ष पूर्व परिजनों ने इस परंपरा की शुरुवात की थी। आज हम सब उसे निभा रहे है।

इस अवसर पर नगर के तिरंगा चौक सिद्धिनायक, बाजार लाइन स्टार युवा गणेश, सिविल लाइन, संतोष मंदिर, हाई स्कूल मार्ग, पुराना मंगल बाजार, बजरंग चौक, यादव पारा, सुभाष चौक, डाक बंगला, शिक्षक नगर, रावणभाटा, शिव मन्दिर चौक, पुराण फॉरेस्ट नाका, पैरी कॉलोनी सहित विभिन्न वार्डों और चौक चौराहों में विराजित गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

## सार-संक्षेप

### स्व. बड़े भाई मयंक साहू के जन्मदिन पर प्रधान पाठक ने कराया न्योता भोज



**पलारी**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल पलारी में शनिवार को नव पदस्थ प्रधान पाठक रश्मि साहू ने अपने स्वर्गीय बड़े भाई मयंक साहू के जन्मदिन के मौके पर छात्र छात्राओं को हलवा खिलाकर न्योता भोज कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। रश्मि साहू ने विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आकर शिक्षा ग्रहण कर अपने भविष्य संवारने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, प्रधान पाठिका रश्मि साहू समस्त स्टाफ श्रीमति जया चेलक, श्रीमति नीधि सिरमौर, श्रीमति रीमा सेन, श्रीमति आलिया खान, भव्यदेव भगत, माधव आदि उपस्थित थे।

### ओबीसी सर्वे नगरीय क्षेत्र में प्रारंभ

**सरायपाली,** 17 सितंबर (देशबंधु)। नगरपालिकाक्षेत्र के अंतर्गत सभी 15 वार्डों में शासन के निर्देशानुसार ओ बी सी सर्वे 17 सितंबर से 20 सितंबर तककिया जाना है इसके लिए आज मंगलवार से सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है। नगर क्षेत्र में ओबीसी सर्वे का कार्य 20 सितंबर तक किया जायेगा। इस संबंध में सीएमओ दिनेश यादव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आज 17 सितंबर से 20 सितंबर4 दिनों तक नगर के सभी 15 वार्डों में ओबीसी का सर्वे किया जाएगा सर्वे कार्य प्रतिदिन सुबह 6 से संध्या 5 बजे तक किया जायेगा।सीएमओ दिनेश यादव ने सभी ओबीसी वर्ग के हितग्राहियों को सर्वे से संबंधित जानकारी वार्डो में भ्रमण कर रहे सर्वे टीम को दिए जाने की अपील की गई है।

### छग महतारी मंदिर में मनोकामना ज्योति क्लश पंजीयन शुरू

**कुरूद,** 17 सितंबर। जय मां काली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर कुरूद में कुंवार नवरात्रि दिनांक 03-10-2024 से 11- 10-2024 की तैयारी शुरू हो गई है, जो श्रद्धालुजन मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करना चाहते हैं वे मंदिर पुजारी महाराज व मंदिर कार्यालय में संपर्क कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर प्रबंधक सेवक साहू ने बताया तेल ज्योति कलश 801रू. राशि एवं घी ज्योति कलश 1201रू. राशि निर्धारित की गई है। संपर्क मोबाईल न. 8871305138 तथा मंदिर कार्यालय मोबाईल न. में फोन पे, गूगल पे के माध्यम से राशि जमा कर वाट्सअप से रसीद प्राप्त कर सकते है दीप प्रज्वलित शुभ मुहूर्त 11=30 बजे पर किया जाएगा! यह जानकारी प्रबंधक सेवक राम साहू ने दी।

## पंडरीपानी आंगनबाड़ी में वजन त्यौहार मनाया गया



**बिलाईगढ़**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आंगनबड़ी में धूमधाम से वजन त्यौहार मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश विश्वकर्मा पंच वार्ड क्र. 04 व जिला महामंत्री छ. म. स. जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, सुकलाल विश्वकर्मा पंच अध्यक्ष विश्वकर्मा लोहार समिति बिलाईगढ़, सेक्टर सुपरवाइजर कविता महिलाने, ग्राम पं.सचिव तुलसी निराला एवं ग्रामीण कामता टंडन नारायण यादव लखन साहू तुलसी जांगड़े उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सुरेश विश्वकर्मा ने छोटे छोटे बच्चों को अपने हाथों से झुनझुना खिलौना मिठाई वितरण किया इस वजह त्यौहार के कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जयंती साहू अंगार बाई जांगड़े खिकबाई कमल वर्षा पटेल नीरजा सोनवानी अमरीका साहू जानकी साहू व आंगनबाड़ी सहायिका सुमित्रा जांगड़े गायत्री साहू अनिता कमल आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं विधायक नंद

**सरायपाली,** 17 सितंबर( देशबंधु)। प्रदेश में लगातार हो रही हत्याओं और अपराधों में बढ़ोत्तरी पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। विधायक नंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन हो रही सामूहिक हत्याओं, चाकूबाजी, मारपीट के साथ महिलाओं के साथ हो रही अपराधों से प्रदेश की जनता सहम गई है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, गोलीबारी, गैंगवार की घटनाएं बढ़ गई है। पूरे प्रदेश में मॉब लिंचिंग की घटनाएं हो रही हैं। सुकमा में पुलिस के हवलदार सहित पांच लोगों की हत्या कर दी गई, गृह मंत्री के जिले कवर्धा में एसपी और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में एक उपसरपंच को जिंदा जला दिया गया। दो दिन पहले बलौदाबाजार जिले में टोनही बताकर 11 महीने के अबोध बच्चे सहित चार लोगों की हत्या कर दी गई कानून का डर अपराधियों पर खत्म हो गया है। प्रदेश का आम आदमी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। रोज-रोज हो रही बलात्कार और सामूहिक बलात्कार की घटनाओं से महिलाओं में भय समाया हुआ है। साय सरकार प्रदेश के नागरिकों को जीवन जीने के लिये भय मुक्त वातावरण देने में असफल साबित हुई है।

### खुलेआम हो रही हत्याओं से राज्य में भय का माहौल

विधायक नंद ने कहा 6 दिन पूर्व ही बलरामपुर में दिनदहाड़े 5 करोड़ की डकैती हुई लेकिन आज तक अपराधियों का पता नहीं लगा पाए। इसी तरह सरायपाली में भी बंदूक की नोक पर बस को लूटने की कोशिश की गई। ऐसे घटनाएं लगातार घट रही है जिससे प्रदेश का हर नागरिक अपने आप को असुरक्षित मान रहा है। विधायक चातुरी नंद ने मुख्यमंत्री साय और गृहमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए उनके इस्तीफे की मांग की गई है।

## स्वच्छता अभियान पर डाकघर में रैली एवं स्वच्छता का संकल्प



**पिथौरा,** 17 सितंबर। भारतीय डाक विभाग हमेशा की तरह इस वर्ष भी स्वच्छ भारत अभियान के तहत आज आरएमएस एवम् पी, एस, डी सहित मुख्य डाकघर एवं नगरीय डाक घरों की साफ सफाई कर स्वच्छता का संकल्प कर्मचारियों को दिलाया गया भारतीय डाक विभाग हमेशा की तरह डाक सेवा जन सेवा के संकल्प के साथ आम जनता के करीब है डाकघर में स्वच्छता का संदेश प्रभात फेरी और एक पेड़ मां के नाम का भी लगाया है कर्मचारियों के संकल्प और स्वच्छता के प्रति आम जनता को भी जागरूक करने में लगे हुए हैं शहरी एवं ग्रामीण डाकघर के कर्मियों के सहयोग से यह सेवा जमीनी स्तर पर भी की जा रही है।

## नगर में अपराध का ग्राफ बढ़ा चार हत्याओं का सुपारी किलर सिमगा के निकले, पुलिस बल की भारी कमी

**सिमगा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक के मुताबिक 13,सितम्बर की दोपहर में ढेका बाईपास नेशनल हाइवे पर सड़क किनारे एक युवक की लाश मिली थी उसकी गला रेतकर हत्या की गई थी वहीं पास का एक कमरा खून से रंगा हुआ था पिछले दो दिन से तोरवा पुलिस मृतक की पहचान देवेन्द्र बनर्जी पिता संतोष बनर्जी 27,साल ग्राम दुलदुला सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के रुप में करी यह भी पता चला कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर चार बच्चों के सांथ मायके पामगढ़ में रह रही है ।मस्तूरी पुलिस ने एडिशनल एस, पी, अर्चना झा को इसकी जानकारी दी ।इसके बाद तोरवा पुलिस ने रात में भैंसों में दबिश देकर मृतक की पत्नी अंजलि धृतलहरे 30,साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की कड़ाई बरतने पर वह टूट गई उसने बताया कि मृतक उसका पति था यह भी बताया कि उसने अपने प्रेमी सिमगा निवासी दीपक महिलेश्वर के सांथ मिलकर सिमगा के तीन युवकों को चार लाख रुपये की सुपारी देकर हत्या कराया है । उसकी निशान देही पर पुलिस ने रात को सिमगा में दबिश देकर उसके प्रेमी व सुपारी लेने वाले तीन युवकों को पकड़ लिया गया पूछताछ में सभी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है ।पुलिस ने हत्यारों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, बाइक, मोबाइल जब्त कर लिया है पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है ।मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि मृतक देवेन्द्र बनर्जी आदतन नशेड़ी था और आए दिन पत्नी अंजलि धृतलहरे के सांथ मारपीट करता था ।उसने त्रस्त होकर वह पति को छोड़कर बच्चों के सांथ अपने मायके में रह रही थी ।पति द्वारा शराब के नशे में मारपीट करने के कारण दूर का रिश्तेदारी में देवर दीपक महिलेश्वर उर्फ रवि उसकी देखभाल करता था इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गया ।दीपक अंजलि को चारों बच्चों के सांथ पत्नी बनाकर रखने को तैयार हो गया ।उसके बाद अंजलि अपने मायके में आकर रहने लगी और पुराना बस स्टेंड कश्यप कालोनी गली स्थित गायत्री हॉस्टल में वार्डन का काम करने लगी ।पकड़े गए सुपारी किलर आरोपियों के नाम दीपक महिलेश्वर उर्फ रवि पिता राजेश महिलेश्वर 25,साल टिहूपारा सिमगा जिला बलौदाबाजार, कमल महिलेश्वर पिता राजेश महिलेश्वर 21,साल टिहूपारा सिमगा जिला बलौदाबाजार, अनिल रजक पिता विनोद रजक 22,साल टिहूपारा सिमगा जिला बलौदाबाजार, विक्की लहरे उर्फ मक्खी पिता भरतलाल लहरे22,साल सिमगा जिला बलौदाबाजार ,अंजलि धृतलहरे पति स्व, देवेन्द्र बनर्जी 30,साल ग्राम दुलदुला सिमगा जिला बलौदाबाजार हैं ।गौरतलब है कि सिमगा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महानगरों की तर्ज पर लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है चाहे चंदेरी हत्याकांड का मामला हो या दुलदुला हत्याकांड का मामला हो या कचलोन हत्याकांड का मामला हो ,सफेद पोशों के संरक्षण में नगर में जुआ, सट्टा, अवैध शराब की बिक्री मारपीट, लड़ाई झगड़ा, वेश्यावृत्ति आम हो चुकी है कानून की कड़ाई से शक्ति और थाना में पर्याप्त पुलिस बल की नितांत आवश्यकता है जिससे कि आम नागरिक अमन चैन से जीवन यापन कर सके ।



## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ

**बिलाईगढ़,** 17 सितम्बर(देशबंधु)। नगर पंचायत बिलाईगढ़ में आज 17 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024 का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ नगर पंचायत बिलाईगढ़ के अध्यक्ष रामनारायण देवांगन द्वारा डोर टू डोर में लगे कचरा संग्रहण गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर उनके माध्यम से रैली के आयोजन के साथ किया गया। उपस्थित सभी लोगों द्वारा स्वच्छता शपथ लिया गया। उक्त कार्यक्रम में अन्य पार्षदगण सियाराम कहार, लखेश्वर देवांगन, भोजराम जयसवाल,पार्षद प्रतिनिधि श्यामलाल राकेश , मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार चौधरी, अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे। नगर में स्वच्छ विसर्जन कुंड का निर्माण किया गया है जिसके माध्यम से गणेश विसर्जन किया जा रहा है। इस तरह यह कार्यक्रम 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक मनाया जाएगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रम सम्मिलित हैं जैसे कि इंटर स्कूल प्रतियोगिता, स्वच्छ वॉल पेंटिंग एवं सिग्नेचर ड्राइव, स्वच्छ फुड स्ट्रीट वेंडर्स कार्यशाला, स्वच्छता मैराथन, वृक्षारोपण, स्वच्छता साइक्लाथन, वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी कार्यक्रम, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छ भारत फेस्ट आदि। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगर के विभिन्न तालाबों, उद्यानों, कार्यालयों, मैदानो में श्रमदान अभियान चलाया जाएगा। नगर में चयनित स्वच्छता लक्षण इकाई में श्रमदान कर वहां के सभी कचरे को हटाया जाएगा एवं सौंदर्यकरण का कार्य किया जाएगा । इस तरह दिनांक 02.10.2024 को इस कार्य का समापन किया जाएगा जिसे स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई कामगारों, स्वच्छता कर्मियों, सफाई मित्रों का सम्मान समारोह एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाएगा।



## प्रादेशिकी का शेष...

### विश्वकर्मा विराजे, धूमधाम...

महासमुंद के राजा के रूप में विराजित रामटाकीज काली मंदिर के पास गणेश पंडाल में पुडी खीर, आलू चने की सब्जी बांटी जा रही थी। अनेक स्थानों पर भी इसी तरह का आयोजन किया गया।

### विधायक ओंकार साहू ने किया...

के निर्देश दिए है।

विधायक ओंकार साहू ने कहा की धमतरी शहर में आस्था और उमंग के साथ गणेश पर्व का आयोजन की परम्परा रही है। गणेश उत्सव सामाजिक समरसता, भाईचारे, एकता के वातावरण को मजबूत करने तथा उल्लास और आनंद का अवसर है। विधायक ओंकार साहू नें शहर व गांव के विभिन्न गणेश पंडाल पहुँचे और आरती में शामिल होकर विघ्न विनाशक भगवान गणेश जी से क्षेत्रवासियों के मंगलमय जीवन और समृद्धि की कामना करते हुए सभी शुभकामनायें दिये।

शहर व गांव के विभिन्न पंडालो में दर्शन के लिए पहुंचे विधायक ओंकार साहू ने सभी गणेश समितियों से अपील किए है की प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा का ध्यान रखे। प्रतिमा विसर्जन निगम प्रसाशन द्वारा निर्धारित स्थान व तालाब में ही करे जिससे किसी प्रकार की समस्या न हो। गणेश जी की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान रुद्रेश्वर धमतरी विधायक ओंकार साहू, केशव साहू रुद्री सेक्टर अध्यक्ष, शुभम साहू, धर्मेंद्र पटेल, भूपेंद्र साहू, परसमणि साहू, साथ में बड़ी संख्या में क्षेत्र श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

### मुस्लिम समुदाय के लोगों...

पहुंचता नहीं है। एकता और भाईचारा इस त्योहार पर मुसलमान एकता और भाईचारे का प्रदर्शन करते हैं और समुदाय के बीच सौहार्द और शांति को बढ़ावा देते हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस त्योहार पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें नात, और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होते हैं। ईद मिलादुन्नबी को मनाने का तरीका विभिन्न देशों और समुदायों में अलग-अलग हो सकता है, लेकिन इसका मुख्य उद्देश्य पैगंबर मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद करना और अल्लाह की इबादत करना है।

### पीएम मोदी के ऐतिहासिक फैसलों...

ओमप्रकाश आडिल,भारत यादव,संजू साहू, योगेश साहू,पुरण यादव,सोमनाथ पटेल,शरद पारकर,देवकी साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी,बलराम यादव,लिकेश्वर साहू,रामजी साहू,राजेश धीवर,नेहरू साहू, विजय कण्डरा, लोकनाथ साहू, पन्नालाल साहू, किशोर साहू,सहित विभिन्न स्वच्छता समूह के कार्यकर्ता व भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### डीजल टंकी का ताला तोड़कर ...

कीमती 21000 रूपये कुल जुमला 6,21,000 रूपये है। इस कार्यवाही में थाना भखारा पुलिस एवं सायबर तकनीकी सेल का विशेष योगदान रहा।

## गणेश भगवान के भजनों में झूम उठा तिल्दा-नेवरा, आरू साहू ने बांधा समां



**खरोरा,** 17 सितंबर। गणेशोत्सव के पावन ? पर्व पर तिल्दा-नेवरा नगर में लाल बाग गुफा में लाल बाग के राजा श्री गणेश का दर्शन करने भक्तों की भीड़ लगी हुई है।

अनवरत ग्यारह वर्षों से विकास मित्र मंडल के अध्यक्ष व नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी के नेतृत्व में भगवान श्री गणेशोत्सव पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार रात्रि छत्तीसगढ़ की लाडली सुप्रसिद्ध गायिका आरू साहू ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समां बांधा। भक्ति गीत से सरोबार हजारों की संख्या में भक्तगण आरू साहू के सुमधुर गीतों से पैर थिरकाने में मजबूर हो गए। खचाखच भक्तों की संख्या से भरी मंच पर छत्तीसगढ़ की लाडली आरू साहू ने पूरा वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने विकास मित्र मंडल को लगातार धार्मिक सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए बधाई दी। इस दौरान सौरभ जैन, मनोज निषाद, विकाश सुखवानी, प्रियंक सोनी सतीश निषाद आदर्श, गोपाल एवं नागरिकगण उपस्थित रहे। रोजाना हजारों की संख्या में भक्तगण दर्शन लाभ ले रहे हैं।

लाल बाग के मनोरम झांकी में जहां हनुमान जी मुख्य द्वार पर पहरा दे रहे हैं, वहीं गुफा के अंदर कहीं भगवान श्री गणेश झुला झुल रहे हैं ,तो कहीं बप्पा को भगवान शंकर झुला झुला रहे हैं तो वहीं लाल बाग के राजा का दर्शन लाभ लेने के पश्चात बप्पा अपने हाथों से भक्तों को ? प्रसाद वितरण कर रहे हैं। इस मनोरम दृष्य् ने भक्तों का मन मोह लिया है। विकास मित्र मंडल के द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार अद्भुत गुफा का निर्माण किया गया है। जहां पर लाल बाग के राजा श्री गणेश विराजमान हैं ।

## नपं अध्यक्ष यशवर्धन की मांग पर विभिन्न कार्यों के लिए 1 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति



**पलारी,** 17 सितंबर। नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा के मांग पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद बी टी रोड का निर्माण कार्य हेतु नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने नगर के विकास के लिए अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा की मांग पर 1 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति प्रदान कर जल्द से जल्द कार्य को आगे बढ़ाने की बात कही है ।विदित हो की नगर पंचायत पलारी के लोगों की बहुप्रतिष्ठित मांग जो कई दिनों से लंबित था, जिसकी मांग आज पूरा हुआ ।जो की बी टी रोड का पूरे नगर जहां जहां आवश्यक है, उसकी स्वीकृत हो गई जिसमें बजरंग चौक से शनि देव मन्दिर खैया तालाब तक, 19.21 लाख नारद गुप्ता घर से शिशु मंदिर पानी टंकी तक 37.93 लाख, स्वर्ग द्वार से खईया तालाब तक 16.37 लाख, गार्डन से दतान रोड तक 31.19 लाख,मंगल आरामिल से दशहरा मैदान तक 35.12 लाख, पटेल समाज भवन सामुदायिक भवन 10.18 लाख। कुल 1 करोड़ 50 लाख की राशि स्वीकृत हुआ है। इस राशि की स्वीकृति मिलने पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव जी का नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा पार्षद ताजेंद्र कन्नोजे तुकेश्वरी वर्मा डाक्टर जाल सुभाष वर्मा रवि ध्रुव नूतन वर्मा सहित पार्षदो एवम नगर वासी राधे वर्मा भोला वर्मा योगेश वर्मा तुंगन वर्मा महेंद्र वर्मा डोमार वर्मा तुका वर्मा सहित नगर वासियों ने आभार व्यक्त किया है।

# त्रिवेणी संगम में बड़ी संख्या में पहुंच रही गणेश प्रतिमाएं, प्रशासन का नजरअंदाज



**नवापारा राजिम,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। गणेश विर्सजन के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण अंचल के लोग बड़ी संख्या में त्रिवेणी संगम महानदी पर गणेश विसर्जन के लिए आते हैं इस बार भी बड़ी संख्या में लोग 16 सितंबर से गणपति बप्पा के विसर्जन के लिए पहुंच रहे हैं. सबसे महत्वपूर्ण बात है कि विसर्जन के दौरान लोगों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को प्रशासन द्वारा नज़र अंदाज़ किया जा रहा है स पुलिस प्रशासन द्वारा नगर की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजन भी पिछले दिनों किया गया था किंतु क्या शांति समिति के बैठक में विसर्जन घाटों में सुरक्षा व्यवस्था का विषय आया या नहीं ये समझ से परे है।

सबसे गंभीर विषय यह है कि लोग गणेश विसर्जन को लेकर पूरे परिवार के साथ आते हैं जिसमे बच्चों से लेकर बड़े तक शामिल होते हैं वहीं नदी घाट जैसे संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का ना होना प्रशासन के ऊपर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है ? यहां पर विचारणीय पहलू यह है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा नेहरू घाट में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी नहीं की गई है। यहां पर यह बताना लाजिमी होगा कि राजिम कल्प कुंभ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मे लापरवाही होने की वजह से नदी में नहाते वक्त पानी में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई थी इस घटना के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई सबक नहीं लिया गया। इस प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था मे कमी से लगता है प्रशासन को किसी बड़ी घटना का इंतजार है।

आखिर इतने बड़े पैमाने पर गणेश विसर्जन को लेकर हजारों की संख्या लोग विसर्जन घाट पर आ रहें हैं घाट पर इतनी भीड़ से कहीं ना कहीं किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकता है तो आखिर कौन है ज़िम्मेदार।

## विधायक रोहित साहू ने किया संगम में गणपति बप्पा को विसर्जित



**राजिम।** गणेशोत्सव के विगत ग्यारह दिनों में हम सबको आशीर्वाद की छत्रछाया प्रदान करने वाले भगवान सिद्धिविनायक श्री गणेश जी की प्रतिमा का आज त्रिवेणी संगम विसर्जन घाट पर सजल नयनों से विसर्जन किया जा रहा है। राजिम विधायक रोहित साहू ने भी अपने निज निवास में विराजित गणपति बप्पा को विसर्जित करने संगम पहुंचे उनके साथ अंचल के सेकडो कार्यकर्ता भी साथ में थे। श्री साहू ने भगवान श्री गणेश जी से प्रदेशवासियों की खशी हावी, और सब का विकास के साथ अगले बरस जल्दी आने की कामना की।

## अमितेश शुक्ल नें त्रिवेणी संगम राजिम में किया गणेश विसर्जन

**राजिम।** आज अनंत चतुर्वेदी को पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल अपने परिवार के साथ रायपुर निवास में विराजित भगवान गणेश जी को राजिम के त्रिवेदी संगम में विसर्जन किया। श्रीशुक्ल नें रायपुर निज निवास में भगवान गणेश जी की विधिवत पूजा कर राजिम में गाजे बाजे के साथ अपने साथी कार्यकर्त्ताओ के साथ गणपति बाप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारा लगाते हुए विधिवत त्रिवेणी संगम पहुंचे और भगवान गणेश जी को विसर्जित किया। गणेश विसर्जन के बाद अपने पुरे परिवार के साथ भगवान राजीव लोचन और महमाया मंदिर दर्शन कर क्षेत्र की जनता के लिए खुशहाली की कामना किये।



# वरिष्ठजनों का सम्मान हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग : शिवरतन



**भाटापारा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, शहर के गणेश पंडालों का दर्शन करते हुए प्रेम प्रकाश नगर कालोनी में विराजमान विघ्नहर्ता श्री गणेश जी के महा-आरती, 56 भोग प्रसादी, वृद्धजन सम्मान एवं प्रतिभाशाली बच्चो के सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए..

बप्पा की महाआरती कार्यक्रम के बाद उपस्थित रहवासियों को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि वरिष्ठजनों का सम्मान हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। वरिष्ठजनों का सम्मान करना, उनकी बातों को हृदय में धारण करना हमारा महत्वपूर्ण कर्तव्य है। वरिष्ठजनों के पास जीवन का दीर्घ अनुभव होता है। उनका यह दीर्घ अनुभव किताबी पढ़ाई से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण व उपयोगी होता है, हमें उनके अनुभवों को ग्रहण करना चाहिए.

साथ ही बच्चो का सम्मान करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान करने से जहां बच्चों को अपनी क्षमताओं पर गर्व महसूस होता है वहीं वे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित होते हैं। साथ ही दूसरे बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, और वे भी बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि, सम्मान पाने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे वे जीवन में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साहसिक कदम उठाने में सक्षम होते हैं। साथ ही समाज में शिक्षा का महत्व बढ़ता है और भविष्य के लिए सक्षम और कुशल नागरिकों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास है कि, एक नए भारत के निर्माण के लिए देश के बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को बाहर लाया जाए। पढ़ाई के साथ साथ दूसरे क्षेत्रों में बच्चे देश का नाम रौशन करें।

उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, राकेश मंधान, दरवेश हबलानी, प्रेम गोविंदनी, योगेश अंनत, रंजीत दवानी, हरीश निहलानी, प्रकाश दुलानी, रोशन मिश्रा, राजा कामनानी, जैकी दवानी, प्रकाश ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में कालोनीवासी एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# ग्राम डोकरपाली में नवनिर्मित विश्वकर्मा भवन लोकार्पित



**बागबाहरा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डोकर पाली में नवनिर्मित विश्वकर्मा भवन का लोकार्पण छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ।

जैसे ही लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए विधायक द्वारकाधीश यादव का काफिला ग्राम डोकरपाली पहुंचा, राजमिस्त्री संघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के साथ राज्यामिस्त्रीयों के सार्वजनिक भवन च विश्वकर्मा भवनज का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस दौरान विधायक श्री यादव ने देश के नवनिर्माण पर राजमिस्त्रियों की भूमिका पर सारगर्भित व्याख्यान दिया।

इस दौरान प्रमुख रूप से शहजान पाशा, घनश्याम यादव नारद टीकाराम केशव दीवान गजानन दीवान भुवन यादव जगदीश दीवान पुखराज यादव सुनीता व्यवहार मिथलेश चौहान भागवत पटेल महावीर नवीन सहित राजमिस्त्री संघ के पदाधिकारी व सदस्य गणतथा बड़ी संख्या में माताएं बहने उपस्थित रही।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खोलने हेतु बैठक

**बागबाहरा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नवीन शाखा खोलने बाबत दिनांक 17 सितंबर रविवार को सहकारी समिति मुनागासेर क्षेत्र के ग्राम मुनगासेर में किसान नेता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में खड़ाहादरहा, सालडबरी, लक्ष्मीपुर, फिरकी, सोनदादर के किसान एवं ग्रामीण जन उपस्थित बैठक हुई। बैठक में किसानों ने 2 अक्टूबर को आमरण अनशन में बैठने का निर्णय लिया गया। उसी संबंध में बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जनपद सदस्य एवं समिति सदस्य सालिकराम चंद्राकार पूर्व जनपद सदस्य एवं सरपंच पारस सांखला समिति के पुर्व अध्यक्ष खीरसाय पटेल मोगरा पाली समिति अध्यक्ष खेमराज सिन्हा नरतोरी सरपंच घनश्याम चंद्राकर छुहिया सरपंच टोप सिंह ध्रुव मुनगासेर सरपंच खेलूं राम बरीहा सरपंच टेड़हीनारा चिंता सिन्हा जनपद सदस्य



रमेश चंद्राकार पूर्व जनपद सदस्य देवाक्रम साहू बोररीदादर पूर्व सरपंच मंगलूराम ध्रुव खेमड़ा समिति पूर्व अध्यक्ष कार्तिक राम चक्रधारी मोरध्वज चक्रधारी समिति सदस्य रामलाल साहू टिक लाल साहू पूर्व सरपंच खड़हादरहा खेदु राम ठाकुर वेदराम पटेल आंदोलन के सदसगण छन्नूसाहू साहू मुकेश चंद्राकर घनश्याम साहू धीरज चंद्राकार जनक्र साहू प्रकाश पटेल टिकराम खढ़िया आदि प्रमुख किसानों ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जिला सहकारी बैंक का नवीन शाखा जल्द प्रारंभ करने की मांग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन से किए हैं।यदि 2 अक्टूबर के पूर्व बैंक का नवीन शाखा शुरू नहीं किया जाता है तो 2 अक्टूबर की प्रस्तावित अनशन में बैठने के लिए हम बाध्य होंगे जिसकी समस्त जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी ज्ञात हो कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के स्वीकृत नवीन शाखा को लेकर गांव-गांव में किसानो की बैठक लेकर आमरण अनशन में बैठने समर्थन जुटाए जा रही है 18 सितंबर बुधवार को सरकारी समिति गंजार क्षेत्र के गांव की किसानों की बैठक बुलाई की गई है।

आज के बैठक में नाथूराम चंद्राकर विश्वनाथ राजेश धनीराम किशोर जितेंद्र नेहरू भगवानी तुलसीराम धनीराम ठाकुर बंसी हीरालाल मोर नाथूराम चक्रधारी बलिराम अर्जुन साहू झूमुख साहू नरेंद्र साहू लगन दास नेपाल प्राणु साहू नेहरू दास साधराम दुर्जन हीरालाल मदनलाल भुनेश्वर पटेल भगत ठाकुर रामजी चक्रधारी पृथ्वी साहू यादराम पुरैना होमलाल निराला वीर सिंह यादव भारत पटेल कपूर ठाकुर भूषण देवांगन संतराम साहू नील सिंह ध्रुव बुगल चक्रधारी सुखलाल दीवान कन्हैया ध्रुव माखन दीवान संतोष दीवान कृपाराम ध्रुव नंद दीवान हिरराम आदि किसान उपस्थित हैं।

# मगधा यादव समाज का नुवाखाई व स्नेह मिलन समारोह

**बागबाहरा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र केग्राम खल्लारी में मगधा यादव समाजका नवाखाई एवं स्नेह मिलन समारोहछत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव के मुख्य अतिथि मेंसंपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अध्यक्षतायादव समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सुंदर यादव ने की।वही विशेष अतिथि के रूप में मगधा यादव समाजके प्रदेश अध्यक्ष केनु राम ,प्रदेश उपाध्यक्ष मदन रावत प्रदेश महासचिव मनोज यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोष यादव महासमुंद जिला अध्यक्ष शरद हंसराज विराजमान रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत यादव समाज के आराध्य देव भगवान राधा कृष्ण की पूजा अर्चना से हुई।तत्पश्चात अतिथि स्वागत का दौर प्रारंभ हुआ जिसमें मगधा यादव समाज के पदाधिकारी ने विधायक




द्वारकाधीश यादव को पारंपरिक वेशभूषा धारण करते हुएविधिवत स्वागत किया।

तत्पश्चातस्नेह मिलन समारोह प्रारंभ हुआ साथ ही साथ महाविद्यालय स्तर पर समाज के जो विद्यार्थी अध्यनरत है उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया एवं 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में प्राइवेट सूची अर्जित करने वाले विद्यार्थियों कोभी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही खेल संगीत समाज सेवा में अग्रणीकार्य करने वाले सामाजिक जनों को भी सम्मानित किया गया।

वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव नेअपने उद्बोधन के दौरान यादव समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश संयोजक हरिशंकर यादव, पवन यादव प्रदेश संगठन मंत्री, कल्पना संतोष यादव जनपद सदस्य कसेकेरा, श्रीमती बिन्देश्वरी यादव पूर्व जनपद सदस्य ., राजेश यादव . ब्लाक सलाहकार, नवीराज जदु सभापति खरियार रोड, जोहन राऊत संपादक, नुआपुडा उडीसा, श्री दौलत राम यदु जी, प्राण यादव जीराम सिंह यादव एस राम यादव पवन सिंह, मंजू लता यादव कुबेर यादव भोजराम मनोहर, ओमप्रकाश, एक राम यादव दुर्गादीप दशरथ यादव महेश, धर्मराज यादव मनोहर यादवबरसाती यादवदशरथ यादव बगैर सिंह यादव अशोक यादव डंडाराम यादव भैया राम यादव घनश्याम यादव कांता प्रसाद यादव ओम प्रकाश यादव पवित्रो यादव लोचन यादव विश्वनाथ यादवशाहिद बड़ी संख्या में मगधायादव समाज केपदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित रहे।

# शान से निकला जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस, फहराया परचमे इस्लाम

**भाटापारा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश पर सोमवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी शहर में खुशियों के साथ मनाया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में व मस्जिदों में परचमे इस्लाम फहराया गया। इस दौरान नारा-ए-तकबीर अल्लाहू अकबर और नारा-ए-रिसालत या रसूल अल्लाह की सदा से आसमान गूंज उठा। शहर में जुलूस-ए-मुहम्मदी का जगह-जगह स्टॉल लगाकर इस्तकबाल हुआ। जुलूसे मुहम्मदी का आगाज़ दोपहर 2=30 बजे मुस्लिम जमात खाने से हटरी बजार, होते हुवे शहर थाने से जय स्तंभ चौक, राम सप्ताह, सदर बाजार। पूरे जुलूस के दौरान लोग च्सरकार की आमद मरहबा-आका की आमद मरहबाज की सदा बुलंद करते मुस्लिम जमात खाना पहुंचे! फिर परचमे इस्लाम फहराया फिर सलातो सलाम पढ़ा गया और दुआ मांगी गई। जुलूस में पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग रहा ! मगरिब की नमाज के बाद शाम 6=30 बजे से मर्द और औरतें में लंगर का प्रोग्राम था! जुलूस एवं लंगर प्रोग्राम में कमेटियों के ओहदेदार और बड़ी तादाद में समाज के लोग शिरकत फरमाए।



जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस-ए-मुहम्मदी का शहर में जगह-जगह स्टॉल लगाकर इस्तकबाल हुआ

# सांसद कमलेश जांगड़े ने विकसित भारत मोदी की संकल्पना थीम पर फोटो प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



**बलौदाबाजार,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। जांजगीर चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने आज जिला मुख्यालय में स्थित आउटडोर स्टेडियम में जनसंपर्क विभाग द्वारा 'विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का फीता काट कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी विजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सांसद जांगड़े सहित सभी अतिथियों ने विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि देश विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित फोटो प्रदर्शनी महज प्रदर्शनी नही बल्कि विकसित भारत परिकल्पना का आधार और नीव है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। देश के एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सबको देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी की संकल्प और परिकल्पना को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभानी होगी। श्रीमती जागंडे ने फोटो प्रदर्शनी के लिए जनसंपर्क विभाग को बधाई देते हुए योजनाओं को जानकरी देने फोटो प्रदर्शनी को सार्थक पहल बताया। फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक समाहित है। उक्त फोटो प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घंण्टे भी कम है बंदे में इतना दम है, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित विभिन्न उपलब्धियों की झलक है। फोटो प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

# प्राथमिक शाला भेंडरी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित

**राजिम,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन समग्र शिक्षा विभाग राज्य परियोजना के आदेशा अनुसार 14 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 17सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया।सभी बच्चों द्वारा प्रधानमंत्री का जन्मदिन हर्ष उमंग के साथ मनाया गया।संस्था के वरिष्ठ शिक्षक टीकूराम ध्रुव द्वारा स्वच्छता ही सेवा2024 का विषय ष्स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता पर विस्तार पूर्वक जानकरी दिया गया एवं व्यक्तिगत, सामुदायिक स्वच्छता बताया।स्वास्थ्य शरीर मे स्वास्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है हम सभी को ताजा एवं




**स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है : टीकूराम ध्रुव**

गरम भोजन करना चाहिए ,विभिन्न फलों को सेव, संतरा, अंगुर, केला,के अलावा मौसमी फलों का सेवन करना चाहिए ,कहा गया है कि जैसे खाओगे अन्न वैसा होगा मन।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिक्षक रेखराम निषाद ने बताया कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री में आम जनता में जागरूकता लाने घर घर शौचालय बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था घर घर नल लगाकर किया,गरीबो को रहने पक्का मकान,बैंक में खाता प्रारंभ कर हितग्राही मूलक कार्यो के पारिश्रमिक भुगतान सहित विभिन्न विकास कार्य किये जो आम जनता के लिए वरदान से कम नही।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लाल जी सिन्हा ने किया।

कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी शिक्षक प्रदीप कुमार साहू बाल केबिनेट के सनत साहू, सागर साहू, वेदांत सेन, पेशान्त साहू, खिलेन्द्र सेन, भावेश यादव, लुप्तांजली गोस्वामी, राधिका यादव, ठामेंश्वरी साहू, योगिता साहू सहित बच्चे उपस्थित थे।

# भक्तों ने नम आंखों से गणपति को दी विदाई



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम अमेरा सहित अंचल में विराजे गणेश भगवान का विसर्जन धूमधाम से किया गया। वहीं विघ्नहर्ता भगवान गणेश की घरों, मंदिर और पंडालों में सेवा करने के बाद मंगलवार को विदाई दी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई। पूरा माहौल गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से गूंज उठा।

# रावड़ में अन्नंत चौदस पर नंदी को सजा कर कराया भ्रमण

**राजिम,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम रावड में मंगलवार को आनंद चौदस के अवसर पर नंदी बैल को सजा कर गली भ्रमण कराया गया। जिसे देखने ग्रामवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी अनेक लोग अपने घरों घरों से सामने पूजा अर्चना कर आरती उतारे। नंदी को गली भ्रमण कराने में टोमन साहू कन्हैया यादव कनक साहू भागवत साहू राजकुमार साहू अवध निषाद भानुप्रताप साहू दिलीप साहू चंदू साहू सोमन साहू बल्ला पटेल ओमप्रकाश साहू रोशन साहू कमल देवांगन नंदू साहू थनेश साहू मनी धोबी उपस्थित थे.

